सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 42.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-353 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 04 जून 2024
26 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### चुनाव आयोग बोला : कश्मीर में जल्द शुरू होगी विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया

# हमने बदलते मौसम से सबक सीखा

**जवाब**

- शक का इलाज नहीं
- हमें लापता जेंटलमेन कहा गया
- देश में वोटिंग का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना



**नई दिल्ली।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अगली बार से लोकसभा चुनाव अप्रैल के अंत तक समाप्त हो जाएंगे। आयोग ने कहा कि हमने बदलते मौसम से सबक लिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि 2029 में अगला लोकसभा चुनाव अप्रैल के अंत तक खत्म हो जाएगा क्योंकि देश भर के कई राज्यों में तीव्र गर्मी के कारण मतदान में गिरावट आई है। बता दें कि इस बार आम चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून तक चले। इस दौरान उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में प्रचंड गर्मी का प्रकोप बना रहा। उत्तर प्रदेश और बिहार समेत अन्य राज्यों में चुनावी ड्यूटी में तैनात कई मतदान कर्मचारियों की गर्मी से संबंधित बीमारियों से मौत हो गई। राजीव कुमार ने कहा, हमने फेक न्यूज रोकी, लेकिन खुद पर होने वाले हमले नहीं रोक पाए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश के आरोपों का जवाब देते हुए कहा- शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं है। कांग्रेस नेता ने शनिवार को कहा था- शाह ने 150 कलेक्टरों को धमकाया है। पहली बार चुनाव के बाद होने वाली हिंसा रोकने के लिए संवेदनशील जगहों पर पैरामिलिट्री फोर्स तैनात रखने का फैसला किया गया है। आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसी जगहों पर यह फोर्सेस पोस्ट पोल वॉयलेंस रोकेंगी। ऐसा पहली बार हुआ है, जब ईसी लोकसभा चुनाव वोटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहा है। 1952 से लेकर अब तक के किसी भी लोकसभा चुनाव के दौरान आयोग ने वोटिंग के बाद और रिजल्ट के पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की है।

**चुनाव की प्रेस कॉन्फ्रेंस की अहम बातें**

- भारत ने लोकसभा चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत 64.2 करोड़ मतदाताओं की भागीदारी के साथ वैश्विक रिकॉर्ड बनाया।
- सीईसी राजीव कुमार ने सोशल मीडिया पर चुनाव आयुक्तों को लापता सज्जन कहे जाने वाले मीम्स पर कहा कि हम हमेशा से यहां थे, कभी गायब नहीं हुए।
- दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में 68,000 से अधिक निगरानी दल, 1.5 करोड़ पोलिंग एवं सुरक्षाकर्मी शामिल थे।
- 2024 के लोकसभा चुनाव कराने में करीब चार लाख वाहन, 135 विशेष ट्रेनें और 1,692 हवाई उड़ानों का इस्तेमाल किया गया।
- 2024 के आम चुनावों में केवल 39 पुनर्मतदान हुए, जबकि 2019 में 540 पुनर्मतदान हुए थे।
- जम्मू-कश्मीर में चार दशकों में सबसे अधिक मतदान हुआ, कुल मिलाकर 58.58 प्रतिशत और घाटी में 51.05 प्रतिशत मतदान हुआ।

## महंगाई की मारः अमूल-मदर डेयरी ने बढ़ाई दूध की कीमतें

**झटका**

- दूध अब 56 रुपये प्रति लीटर में मिलेगा
- आलू-टमाटर, दाल और अन्य सब्जियां महंगी



**नई दिल्ली।** चुनाव बीतते ही उपभोक्ताओं पर महंगाई की जोरदार मार पड़ी है। आज मदर डेयरी ने भी अपने दूध के दामों में प्रति लीटर दो रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। इसके पहले अमूल ने अपने दूध के दामों में बढ़ोतरी की थी। पिछले हफ्ते ही एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल दरों में पांच फीसदीत की वृद्धि कर दी थी, जिससे आम उपभोक्ताओं का सफर महंगा हो गया था। मदर डेयरी ने आज नए मूल्य जारी करते हुए बताया है कि टोंड दूध अब 54 रुपये प्रति लीटर की बजाय 56 रुपये प्रति लीटर में मिलेगा। गाय का दूध भी अब 56 रुपये प्रति लीटर की बजाय 58 रुपये प्रति लीटर में मिलेगा। फुल क्रीम दूध अब 66 रुपये प्रति लीटर की बजाय 68 रुपये प्रति लीटर और भैंस का दूध 70 रुपये की बजाय 72 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। इस सीजन में टमाटर और गर्मी में आने वाली सब्जियां अपेक्षाकृत कम दामों पर मिलती थीं, लेकिन इस बार सब्जियों के दामों में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। आलू के कम उत्पादन का सीधा असर इस सबसे प्रमुख सब्जी पर पड़ी है। आलू 30-35 रुपये में मिल रहा है, तो टमाटर भी 30 से 40 रुपये किलो मिल रहा है। दूसरी सब्जियां भी महंगी हुई हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अरहर दाल के मूल्य में पिछले 15 दिनों के बीच 50 रुपये प्रति किलो से ज्यादा की वृद्धि हुई है।

**लोकसभा चुनाव का परिणाम**

## सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती

- सबसे पहले आएगी डाक मतपत्र की बारी



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती मंगलवार को होगी। चुनाव आयोग (ईसी) के मुताबिक, सभी सात चरणों के लिए मतदान सुबह 8 बजे से शुरू होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने स्पष्ट किया कि सभी मतगणना केंद्रों पर डाक मतपत्रों की गिनती सबसे पहले शुरू होगी और उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा कि डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होने के आधे घंटे बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में दर्ज मतों की गिनती शुरू होगी। विपक्षी दलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को आयोग से मुलाकात कर मांग की थी कि डाक मतपत्रों की गिनती पहले शुरू होनी चाहिए और डाक मतपत्रों के नतीजे पहले घोषित किए जाने चाहिए। सीईसी ने कहा कि नियम स्पष्ट रूप से कहते हैं (नियम 54ए) कि डाक मतपत्रों की गिनती पहले शुरू होगी। देश के सभी केंद्रों पर यह पहले शुरू होगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। आधे घंटे के बाद हम ईवीएम गिनती शुरू करते हैं। इसलिए, तीन गिनती होती हैं जो एक साथ हो रहा है - यह 2019 के चुनावों में हुआ, यह उसके बाद हुए सभी विधानसभा चुनावों में हुआ। यह कल अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा (मतगणना) के मामले में भी हुआ क्या हम बदलाव नहीं कर सकते, क्योंकि यह नियमों के अनुरूप है।

## लश्कर कमांडर समेत दो आतंकवादी ढेर

**पुलवामा।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के निहामा इलाके में सोमवार सुबह आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। इनमें से एक लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर था। सुबह ही खबरें मिल रही थी कि मुठभेड़ स्थल पर लश्कर कमांडर रियाज डार घिर गया है। हालांकि, पुलिस ने अभी दोनों आतंकियों की पहचान की पुष्टि नहीं की है। इसकी प्रक्रिया जारी है। कश्मीर जोन पुलिस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी है कि सोमवार सुबह जिला पुलवामा के निहामा इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई। पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। घेरा सख्त होता आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में सुरक्षाबलों ने भी फायरिंग की, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गईय् दोनों ओर से गोलीबारी हुई। इसी बीच जिस घर में आतंकी छिपे हैं, उसमें आग भड़क गई। इसी बीच दो आतंकवादी मारे गए हैं।

## ब्रह्मोस के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को उम्रकैद की सजा

**आरोप**

- जासूसी करने के मामले में पाए गए दोषी



**नागपुर।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में ब्रह्मोस के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को आजीवन कारावास की सजा मिली है। नागपुर की एक अदालत ने सोमवार को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

जानकारी के अनुसार, उन पर आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) की धारा 3 और 5 के तहत आरोप लगाए गए हैं। इसके अलावा अग्रवाल पर 3000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। नागपुर की एक अदालत ने सोमवार को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। निशांत अग्रवाल को 2018 में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को ब्रह्मोस मिसाइल के बारे में जानकारी लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अग्रवाल ब्रह्मोस एयरोस्पेस में सीनियर सिस्टम इंजीनियर थे। यह डीआरडीओ और रूस के मिलिट्री इंडस्ट्रियल कंसोर्टियम (एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया) का संयुक्त उद्यम है, जो भारत की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल पर काम करता था, जिसे जमीन, हवा, समुद्र और पानी के नीचे से लॉन्च किया जा सकता है।

## अदालत का चुनाव आयोग को नोटिस जारी करने का निर्देश

**सुनवाई**

- धर्म-जाति के नाम पर वोट मांगने से जुड़ा मामला



**मद्रास।** मद्रास हाईकोर्ट ने सोमवार को एक याचिका पर सुनवाई की। याचिका में धर्म, जाति और भाषा के नाम पर वोट मांगने की प्रथा को रोकने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों और मानवाधिकार कार्यकर्ता के एक स्वतंत्र आयोग को नियुक्त करने की मांग की गई थी। न्यायालय ने चुनाव आयोग को याचिका पर नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आर महादेवन और न्यायमूर्ति मोहम्मद शफीक की खंडपीठ ने मामल की सुनवाई की। जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता राजेश अनवर महिमदोस ने एक जनहित याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के प्रवर्तन की निगरानी के लिए स्वतंत्र आयोग नियुक्त करने की मांग की है। याचिका में कहा गया कि धर्म, जाति और भाषा के नाम पर वोट मांगना गलत है। याचिका में महिमदोस ने मांग की कि चुनाव आयोग को निर्देश दिए जाएं कि संविधान की प्रस्तावना और मूल संरचना, सर्वोच्च न्यायालय के 2017 के फैसले और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 (3) के तहत भ्रष्ट आचरण के बारे में लोगों और जनप्रतिनिधियों को जानकारी देने के लिए एक प्रणाली भी तैयार की जाए।

**निवेशकों को बड़ा तोहफा**

## बाजार 2700 अंक उछला

**76,468**
**सेंसेक्स और**
**23,263**
**के स्तर पर निफ्टी बंद**



**निवेशकों ने 12 लाख करोड़ कमाए**

**नई दिल्ली।** एग्जिट पोल के अनुमानों के बाद शेयर बाजार ने रिकॉर्ड छलांग लगाई है। सोमवार को सेंसेक्स 2500 अंकों से अधिक की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। दूसरी ओर, निफ्टी 23250 के पार पहुंच गया। बैंक निफ्टी पहली बार 50000 के आंकड़े को पार कर गया।

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन रिकॉर्ड तेजी के बाद सेंसेक्स 2,507.47 (3.39 प्रतिशत) अंक उछलकर 76,468.78 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 733.21 (3.25 प्रतिशत) अंक मजबूत होकर 23,263.90 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। सोमवार को रुपये में भी डॉलर के मुकाबले पिछले पांच महीनों यानी दिसंबर 2023 के बाद की सबसे बड़ी छलांग दिखी। रुपया सोमवार को 28 पैसे या 0.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83.1425 रुपये पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र के दौरान रुपया 82.9575 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। सोमवार को सेंसेक्स के 30 शेयरों में 27 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। महज तीन शेयर ही लाल निशान पर बंद हुए। एग्जिट पोल में भाजपानीत राजग की भारी जीत की भविष्यवाणी के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 3 प्रतिशत से अधिक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए एग्जिट पोल में भाजपा नीत राजग की भारी जीत का अनुमान लगाया गया है। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,507.47 अंक या 3.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,468.78 अंक की नई ऊंचाई पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 2,777.58 अंक या 3.75 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,738.89 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा। दूसरी ओर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733.20 अंक यानी 3.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,263.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 808 अंक या 3.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,338.70 अंक के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक जैसे ब्लूचिप शेयरों में तेज तेजी से सेंसेक्स अब तक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

**एक साल में 22 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा सेंसेक्स**

## लालू का दावा, कहा चौंकाने वाला रिजल्ट देने जा रहा है इंडी गठबंधन

**प्रतिक्रिया**

- फिर से आ रही जनता की सरकार
- एक-एक वोट की गिनती सजगता के साथ करानी है



**पटना।** चार जून को लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आ रहा। इससे पहले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बड़ा दावा किया है। लालू प्रसाद ने कहा कि बिहार में और देश में फिर से जनता की सरकार आ रही है। इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से चौंकाने वाले रिजल्ट देकर जा रहा है। सारे मनोवैज्ञानिक प्रोपेगेंडा धरे के धरे रह जाएंगे, जनता के साथ मिलकर हम जनता की सरकार बनाएंगे। उन्होंने इंडी गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि हम सभी का यह दायित्व है कि हम जनता के मत की रक्षा कर सकें और झूठ के खिलाफ सत्य की इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचा सकें। तो साथियों होशियार रहना है, चौकन्ना रहना है, एक-एक वोट की गिनती सजगता के साथ करानी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर राजद सुप्रीमो ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव में आपने जिस तरह से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में जमकर मतदान किया। इसके लिए मैं आप सभी का हृदय से आभारी हूं। मैं आभारी हूं इंडी गठबंधन और राष्ट्रीय जनता दल के एक-एक कार्यकर्ता का जिसने चुनाव के दौरान भीषण गर्मी की परवाह किए बिना पूर्ण मनोयोग के साथ संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण को बचाने के लिए दिन-रात एक कर दिया। साथियों, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जो मुहीम हमने शुरू की थी उसको अभी मंजिल पर पहुंचाना बाकी है।

### नतीजे हमारी उम्मीद के मुताबिक ही होंगे : सोनिया



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के परिणाम चार जून को जारी किए जाएंगे। इससे पहले आए एग्जिट पोल्स में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की स्पष्ट बहुमत की सरकार बनने का अनुमान जताया गया है। इन पोल्स में विपक्षी गठबंधन को 150 के आसपास सीटें मिलने का दावा किया गया है। इस बीच कांग्रेस संसदीय समिति की अध्यक्ष सोनिया गांधी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि हमें इंतजार करना होगा। बस इंतजार करें और देखें। हमें पूरी उम्मीद है कि नतीजे एग्जिट पोल के नतीजों से बिल्कुल उलट होंगे।

## महिला आयोग ने संदेशखाली जाने के लिए चुनाव आयोग से मांगी अनुमति

**पड़ताल**

- महिला हिंसा की जांच करेगी टीम
- एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम पत्र लिखा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल का संदेशखाली लंबे समय से विवादों में हैं। इस बीच राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने संदेशखाली जाने की इजाजत मांगी है। लोकसभा चुनाव के बाद संदेशखाली में हुई हिंसा की जांच के लिए उन्होंने चुनाव आयोग से अनुमति मांगी है। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष रेखा शर्मा ने आचार संहिता के मद्देनजर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नाम एक पत्र लिखा है। पत्र में संदेशखाली और बंगाल के अन्य क्षेत्रों में हुए चुनावों के बाद महिलाओं के खिलाफ पुलिस की मनमानी और अत्याचार के बारे में चिंताओं को उजागर किया गया है। पत्र में शर्मा ने जोर दिया कि इन रिपोर्टों पर तत्काल ध्यान देना चाहिए। पत्र में कहा गया कि महिलाओं के अधिकारों के हनन और सुरक्षात्मक कानूनों के गैर कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों की निगरानी और जांच आवश्यक है। उन्होंने आयोग की टीम की यात्रा को आसान बनाने के लिए आचार संहिता से छूट का अनुरोध किया। बता दें, लोकसभा चुनाव के सातवें चरण की वोटिंग के दौरान पश्चिम बंगाल में भाजपा-टीएमसी समर्थकों के बीच हिंसा हो गई थी। कथित चुनाव गड़बड़ियों के आरोप में हिंसा हुई, जिसमें कई लोग घायल हो गए थे। बशीरहाट लोकसभा सीट के संदेशखाली में चुनावी गड़बड़ी के आरोप में टीएमसी और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प हुई। पुलिस को हालात काबू में करने के लिए लाठियों और आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा। भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा का आरोप है कि टीएमसी के गुंडों ने मतदाताओं को वोट डालने से रोक दिया। वहीं, टीएमसी ने आरोप लगाए कि पात्रा और भाजपा के गुंडों ने माहौल खराब करने की कोशिश की।

**तपिश** — चिलचिलाती गर्मी और लू के थपेड़ों से बेहाल लोग

## दिल्ली का पारा हाई : गर्मी के तेवर आज होंगे कड़े

**उमस**

- शाम को गिर सकती हैं राहत की बूंदें
- 44 डिग्री हो सकता है मौसम का तापमान



**नई दिल्ली।** राजधानी में लोग चिलचिलाती गर्मी और लू के थपेड़ों से बेहाल हैं। मंगलवार को आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे, लेकिन गर्मी के तेवर और कड़े होंगे। हालांकि, शाम व रात के समय हल्की बूंदा-बांदी होने की आसार है। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

इस दौरान अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक रहा। वहीं, सब केंद्रों में नरेला व नजफगढ़ इलाके का तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। सोमवार को लोग गर्मी से परेशान रहें। सुबह से ही उमस भरी गर्मी रही। दिन भर सूरज की तपिश ने और परेशान किया। सुबह से ही गर्म हवाएं चली, जिसने लोगों को लू का अहसास कराया। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक के साथ 44.6 दर्ज किया। वहीं, न्यूनतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अधिकतम आर्द्रता का स्तर 55 फीसदी रही। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। हल्की, शाम के समय धूल भरी आंधी चल सकती है। इसके साथ ही तेज सतही हवाएं 25 से 35 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चलने का अनुमान है। शाम व रात के समय हल्की बूंदा-बांदी होने के आसार है। इससे अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की आशंका है। जबकि न्यूनतम तापमान भी 31 डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना है।

### 46.8 डिग्री तापमान के साथ कानपुर रहा सबसे गर्म

**प्रयागराज दूसरा तो झांसी रहा तीसरे स्थान पर**

**लखनऊ।** नौतपा खत्म हो चुके हैं। इसके बाद भी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस रहने से झांसी प्रदेश का तीसरा सबसे गर्म जिला रहा। वहीं, न्यूनतम पारा 31 डिग्री सेल्सियस होने से सबसे गर्म रात रहने के मामले में झांसी का दूसरा स्थान रहा। झांसी में 25 मई से दो जून तक नौतपा के दौरान प्रचंड गर्मी पड़ी। इन दिनों में अधिकतम तापमान 49 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाने से मई की गर्मी के सारे रिकॉर्ड टूट गए। चिलचिलाती धूप, तेज लू ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। दो जून का नौतपा खत्म होने के बाद भी गर्मी में बहुत अधिक राहत नहीं मिली है। मौसम केंद्र लखनऊ के आंकड़े देखें तो सोमवार को कानपुर का अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश में कानपुर सबसे गर्म जिला रहा। वहीं, 45.4 डिग्री सेल्सियस पारा रहने से प्रयागराज दूसरा सबसे गर्म जिला रहा।

# नगरवासियों से लेकर ग्रामीणों तक को करना पड़ रहा काफी दिक्कतों का सामना

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी खीरी।** जल निगम के ठेकेदारों ने नगर से लेकर कई गांवों



में पाइप लाइन बिछाई है ग्रामीण से लेकर नगरवासी परेशान हो रहे है। सड़क खुदी होने के कारण कई लोग गिर के चोटिल हो चुके है। ऑटो भी पलट जाते है जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए मोहम्मदी नगर से लेकर गांवों में सड़कों की खोदाई तो कर दी, लेकिन उनकी मरम्मत ठेकेदार नहीं कर पा रहे है। पाटने के नाम पर मेड की तरह बना दी जिससे लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है कारण नगरवासियों से लेकर ग्रामीणों तक को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।गांवों में जल जीवन मिशन योजना चला रखी है और योजना के तहत ग्रामीणों को शुद्ध पानी उपलब्ध करा रहा है, लेकिन मोहम्मदी नगर में भी ठेकेदार पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क खोद देते है, लेकिन वहां लाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत करने की तरफ ध्यान नहीं दे रहे है। मरम्मत के नाम पर सिर्फ रोड पर मेड जैसी बना देते हैं जिससे नगर वासी काफी परेशान हैं कही बाइक तो कही ऑटो, साइकिल से कई लोग चोटिल भी हो चुके है।रात में अंधेरा होने के कारण हादसा का खतरा भी बना रहता है ठेकेदार की लापरवाही के चलते नही हो रही सड़क की मरम्मत इससे नगर के लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर में बारिश होने के बाद जलभराव की भी समस्या बनी रहती हैं जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है।

# मतगणना कार्मिकों का सम्पन्न हुआ द्वितीय रैण्डमाईज़ेशन



**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना कार्य के लिए जनपद लखीमपुर खीरी में नियुक्त किये गये प्रेक्षकों, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी महेंद्र सिंह की मौजूदगी में मतगणना कार्मिकों का विधानसभावार द्वितीय रैण्डमाईज़ेशन जिला सूचना विज्ञान केन्द्र में सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि ईवीएम की मतगणना हेतु 04 सदस्यीय टीम में 01-01 माइक्रो आब्ज़र्वर, गणना सुपरवाईज़र, गणना सहायक व चतुर्थ श्रेणी कार्मिक होंगे। डीएम ने बताया कि प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 14 गणना टेबल, एआरओ टेबल हेतु 02 व रिज़र्व में 03-03 टीमों को रखा गया है। इस प्रकार 08 विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 608 गणना कार्मिक लगाये गये है। जबकि पोस्टल मतपत्रों की गणना खीरी संसदीय क्षेत्र की 08 और धौरहरा संसदीय क्षेत्र की 06 टेबल पर होगी। इस कार्य के लिए 03-03 रिज़र्व 06 सहित 22 गणना टीमें गठित की गईं हैं।

# चुनाव नतीजों को लेकर बाजार में घुली मिठास, लड्डुओं और फूलों की बढ़ी बिक्री

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले की खीरी और धौरहरा लोकसभा सीटों पर मंगलवार को मतगणना होनी है। जिला प्रशासन ने मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली है। वहीं जीत के जश्न के लिए मिठाई का बाजार भी तैयार है। चुनाव नतीजों के चलते मिष्ठान भंडारों पर लड्डुओं की मांग बढ़ गई है। दुकानदारों ने लड्डू बनना शुरू कर दिए हैं। कई दुकानदारों को प्रत्याशियों ने एडवांस में लड्डू बनाने का ऑर्डर दे दिया है। इसके साथ कुछ प्रत्याशी अपने घरों पर भी लड्डू बनवाने की तैयारी कर रहे हैं। लखीमपुर बाजार के मिष्ठान भंडार विक्रेता कहते हैं कि चुनाव नतीजों को लेकर बाजार में तैयारी भी दिख रही है। ऑर्डर मिले हैं, लेकिन ज्यादातर जीतने वाले प्रत्याशी अपने आवासों पर ही लड्डू बनवाते हैं। 10 से 15 हजार कुंतल लड्डू की खपत होने की बात कही जा रही है। फूलों की डिमांड भी बढ़ी है। फूल विक्रेताओं को गेंदा फूल का ऑर्डर मिल गया है। 20 से 25 क्विंटल गेंदा की खपत होना मंगलवार को बताई जा रही है। लखीमपुर जिले की दोनों सीटों पर 23 प्रत्याशी मैदान हैं। इसमें दो बार के सांसद एवं केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दो बार की सांसद रेखा अरुण वर्मा के भाग्य का फैसला भी होना है। लखीमपुर के राजापुर मंडी में मतगणना होगी। डीएम और एसपी समेत अन्य अफसरों ने सोमवार को तैयारियों की समीक्षा की।

## पटाखों से तीन छप्परनुमा घरों में लगी आग

**लखीमपुर खीरी।** मझगईं बबौरा गांव में एक घर में बेटी की छठी को लेकर दागे गए पटाखों से तीन छप्परनुमा घरों में आग लग गई। जिसमें आठ बकरियों की मौत हो गई। 60 हजार रुपये की नकदी और घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देने की बात कही है।बबौरा निवासी मुन्नालाल के पड़ोसी सर्वेश के यहां बेटी की छठी मनाई जा रही थी। इस बीच एक पटाखा मुन्नालाल के छप्परनुमा घर पर गिर गया और उसकी चिंगारी से आग लग गई। जब तक कोई कुछ समझ पाता, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मुन्नालाल के पड़ोसी बोधे व दुन्ने के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया।तेज लपटों के बीच घिरे लोगों ने किसी तरह खुद को बचाया, लेकिन बकरियों को बाहर नहीं निकाल पाए। आठ बकरियां जिंदा जल गईं। 60 हजार रुपये की नकदी समेत अन्य सामान भी जलकर राख हो गया। ग्राम प्रधान भूमिसरन ने फायर ब्रिगेड को दी, लेकिन वह काफी देर से पहुंची। तब तक ग्रामीणों ने इंजन की मदद से पानी डालकर आग पर काबू पा लिया।

## बनवारीपुर उपकेन्द्र पर पहुंच कर किसानों ने किया हंगामा

**लखीमपुर खीरी।** बनवारीपुर उपकेन्द्र से जुड़े दर्जनों गांवो की बिजली चार दिन बाद भी नही बहाल हो सकी है। बिजली विभाग सुबह शाम सप्लाई दैने की बात करते करते चार दिन गुजार दिये हैं। किसानों की फसले तेज धूप व गर्मी के कारण सूखने लगी हैं। पांचवें दिन सूखी फसलों को देख कर किसानों के सब्र का बांध टूट गया।दर्जनों गांवों के किसान बनवारीपुर उपकेन्द्र पर पहुंच कर हंगामा करने लगे। लेकिन उपकेन्द्र पर एक कर्मचारी ही मौजूद था। जेई अमित कुमार के कार्यालय मैं ताला लटक रहा था। गांव सांडा निवासी किसान रंजीत यादव, हरजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, सर्व जीत सिंह, सफीपुर निवासी समरजीत सिंह, मलकीत सिंह, पिपरा मरौड़ा के छोटेलाल आदि किसानो का कहना है कि गुरुवार रात से हम लोगों को बिजली नहीं मिली, हमारी फसलें सूख रही हैं। मोबाइल फोन, डिस्चार्ज पड़े हैं। बिजली उपकरण शोपीस बनकर रह गये हैं। भीषण गर्मी मैं बगैर बिजली जीना मुहाल हो गया है। अधिकारी चार दिनों से सुबह, शाम बिजली देने का आश्वासन दैते आ रहे हैं। किसानों ने बताया कि एसडीओ पुलकित आर्य से बात करने के लिए फोन किया था। लेकिन एसडीओ ने पूरी बात किये बिना ही फोन काट दिया। अधिशासी अभियंता अमित कुमार ने बताया कि तेज आंधी तूफान से सबसे ज्यादा नुकसान देहात क्षेत्र में हुआ है। कर्मचारी व अधिकारी बराबर लाइन सही करने में लगे हैं। बहुत जल्द सप्लाई चालू कर दी जायेगी।

## शांति व्यवस्था भंग करने के आशंका पर गिरफ्तार कर भेजा चालान

**लखीमपुर खीरी।** सम्पूर्णानगर थाना प्रभारी निराला तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया की खजुरिया चौकी के अंतर्गत गोविंद नगर निवासी दो युवकों शुभम कुशबाहा व प्रवीण कुशवाहा को माहौल खराब करने, शांति व्यवस्था भंग करने के आशंका पर खजुरिया चौकी प्रभारी संजीव तोमर व मुख्य आरक्षी शैलेन्द्र शुक्ल द्वारा सीआरपीसी की धारा में गिरफ्तार कर चालान भेजा गया।

## 24 जूडोकाओं ने विभिन्न ग्रेड के लिए बैल्ट परीक्षा दी



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कायाकल्प जूडो अकादमी एवं लार्ड महावीर अकादमी के जूडोकाओं ने विभिन्न ग्रेड के लिए जमकर पसीना बहाया। इस दौरान 24 जूडोकाओं ने विभिन्न ग्रेड के लिए बैल्ट परीक्षा दी। अंतर्राष्ट्रीय रेफ़री दीपक गुप्ता ने सफल जूडोकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किये। सहारनपुर जिला जूडो एसोसिएशन के संस्थापक सचिव, अंतर्राष्ट्रीय रेफ़री व मुख्य प्रशिक्षक दीपक गुप्ता ने बताया कि मोरगंज स्थित कायाकल्प जूडो अकादमी एवं लार्ड महावीरा अकादमी के जूडोकाओं के लिए सहारनपुर जिला जूडो एसोसिएशन द्वारा बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 24 जूडोकाओं ने भाग लेकर विभिन्न ग्रेड के लिए बैल्ट परीक्षा दी। अंतर्राष्ट्रीय रेफ़री दीपक गुप्ता ने सफल जूडोकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किये। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले जुडोकाओ में ग्रीन बेल्ट 7वीं में रूहानी वाधवा व मान्या कपूर, 8 वी में ग्रीन बेल्ट हेतु आदित्य कौशिक व वंश जैन, 10वीं में ओरेंज बेल्ट हेतु अभय कौशिक, 11वीं में ओरेंज बेल्ट हेतु सार्थक उपाध्याय, उमंग वालिया, आर्यवीर कम्बोज, ध्रुव चौहान, 12वीं में ओरेंज बेल्ट हेतु अभय प्रताप सिंह, हम्माद रहमान व शाश्वत सिंह, 13वीं में येलो बेल्ट हेतु आरव सैनी, हरमन सरोहा, आरव सरोहा, श्रद्धा मित्तल व पीयूष वर्मा तथ 15वीं येलो बेल्ट हेतु तन्मय सिंघल, अनिरुद्ध सिंघल, ऊदीश भारद्वाज, राघव सैनी, रूद्र शर्मा शामिल रहे।

# नवनिर्मित जोनल ऑफिस में नगरायुक्त ने किया हवन पूजन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम परिसर स्थित जोनल ऑफिस में आज दोपहर नगरायुक्त संजय चौहान ने स्मार्ट सिटी व कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों के साथ हवन पूजन किया और सभी अधिकारियों एवं स्टाफको बधाई देते हुए उम्मीद जतायी कि नये परिवेश में कार्य करने का और बेहतर माहौल बनेगा। जोनल ऑफिस में ही कल मंगलवार से नगरायुक्त अपने ऑफिस का शुभारंभ करेंगे।

पंडित अशोक भारद्वाज ने वेद मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए निगम और बेहतर ढंग से जनसेवा कर सके इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना की।। पूजन में अपर नगरायुक्त एस के तिवारी, मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण व महाप्रबंधक जलकल बी के सिंह, स्मार्ट सिटी के नोडल अधिकारी सी बी सिंह, अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम व वी बी सिंह, नगर



स्वास्थय अधिकारी रमेश चंद गुप्ता, निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा, स्मार्ट सिटी के डीजीएम सिविल दिनेश सिंघल, डीजीएम वित्त मोहित कुमार, कंपनी सचिव शंकर तायल, परियोजना प्रबंधक जितेंद्र कुमार, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल वी वी गुरुंग, लेखाधिकारी राजीव कुशवाह, कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव, मीडिया कंसलटेंट डॉ.वीरेन्द्र आजम, अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा, कर अधीक्षक साहब सिंह व मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल व चंद्रपाल आदि मौजूद रहे।

स्मार्ट सिटी के तहत महानगर में चार जोनल ऑफिस बनाये गए है। इनमें से एक ऑफिस नगर निगम परिसर में बनाया गया है। निगम परिसर स्थित जोनल ऑफिस के प्रथम तल पर नगरायुक्त का कार्यालय और मीटिंग हॉल बनाया गया है।

नगरायुक्त ने हवन-पूजन के बाद कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक तरुण चतुर्वेदी व सहायक परियोजना प्रबंधक आकाश चौधरी को निर्देश दिए कि मीटिंग हॉल का शेष कार्य दो-तीन दिन में ही पूरा कराये ताकि प्रेजेंटेशन देखने के अलावा स्टॉफ मीटिंग आदि की जा सके। उन्होंने कहा कि निश्चय ही इससे कार्य करने का एक बेहतर माहौल बनेगा। उन्होंने आगंतुकों के लिए बैठने व पेयजल आदि की व्यवस्था के लिए भी निर्देश दिए।

# अन्तर्राष्ट्रीय चरस तस्कर समेत चार नशा तस्कर गिरफ्तार

## एसएसपी ने की पुलिस टीम को 25 हजार रूपये नगद पुरस्कार देने की घोषणा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना बिहारीगढ व मिर्जापुर पुलिस की संयुक्त टीम ने



एक अन्तर्राष्ट्रीय चरस तस्कर समेत नेपाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड व हरियाणा में अवैध चरस तस्करी करने वाले गैंग के 04 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 03 किलो 450 ग्राम अवैध चरस बरामद की है। एसएसपी ने नशा तस्करों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 25000 रूपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि थानाध्यक्ष बिहारीगढ़ विनोद कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना बिहारीगढ व थाना मिर्जापुर पुलिस की संयुक्त टीम ने एक अन्तर्राष्ट्रीय चरस तस्कर सहित नेपाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड व हरियाणा में चरस तस्करी करने वाले गैंग के 04 शातिर नशा तस्कर सलीम पुत्र हनीफ, नवाब पुत्र अब्दुल रहीम, रसालु पुत्र मजीद निवासीगण ग्राम मिर्जापुर पोल थाना मिर्जापुर व लियाकत पुत्र नूर निवासी ग्राम टोली थाना बेहट को ग्राम कोठडी बहलोलपुर के निकट धौला कुँआ चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से 03 किलो 450 ग्राम नाजायज चरस बरामद हुई। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि पूर्व में उपरोक्त गैंग के अन्य सदस्य जनपद सहारनपुर के थाना नानौता, मिर्जापुर व चिलकाना से चरस तस्करी के मामले में जेल जा चुके हैं। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना बिहारीगढ पर धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वह सभी नशा करने के आदि है। अपनी रोजमर्रा की जरुरतों व नशे की लत को पूरा करने के लिये हम सभी अवैध चरस भारी मात्रा में नेपाल से तस्करी कर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखण्ड राज्यों के सीमावर्ती इलाकों में चरस को अधिक कीमत में बेच देते हैं जिससे हमें अच्छा मुनाफा हो जाता है। बाद में मुनाफे को आपस में बराबर बराबर बॉट लेते है। गत् दिवस जब हम सभी चरस लेकर देहरादून बेचने जा रहे थे, तभी पुलिस टीम ने हमें पकड लिया। हम सभी पूर्व में भी चरस तस्करी के अपराध में कई बार जेल जा चुके है। अभियुक्त सलीम ने बताया कि कुछ माह पूर्व हमारा माल जनपद महाराजगंज उत्तर प्रदेश में एनसीबी की टीम ने पकड लिया था, जिसके मुकदमे में वह फरार चल रहा है।

# विश्वास और प्यार में भक्त के वशीभूत हो जाते है भगवान: देवी सुदीक्षा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** देवी सुदीक्षा महाराज ने कहा कि विश्वास और प्यार में भक्त से वशीभूत होकर भगवान नंगे पांव दौड़े चले आते हैं और भक्त की प्रत्येक समस्या को दूर कर उसको सुखों की प्राप्ति कराते है। देवी सुदीक्षा आज यहां श्री नीलकंठ धाम सेवा समिति शमशान घाट नुमाईश कैम्प में धर्म ध्वजा का ध्वजारोहण करने पहुंची थी। ध्वजारोहण के पश्चात आयोजित सत्संग को सम्बोधित करते हुए उन्होंने द्रोपदी प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए संगत को समझाया कि द्रोपदी के अटूट विश्वास पर भगवान को द्रोपदी की रक्षा करने आना पड़ा। उन्होंने कहा कि मनुष्य सुख में रहे या दुख में उसको हमेशा भगवान पर विश्वास बनाए रखना चाहिए। प्रभु विश्वास और प्यार के वशीभूत होते हैं इसलिए वह भक्त की रक्षा भी करते हैं। संस्था के अध्यक्ष कृष्ण लाल ठक्कर ने संगत से अगले 6 दिवस पर सभी से समय से आने का आह्वान किया। सत्संग कार्यक्रम का संचालन राजीव कालिया ने किया। इस दौरान महामंत्री राजकुमार जोली, कोषाध्यक्ष सुमित अरोड़ा, सूरज प्रकाश ठक्कर, भुवनेश गोस्वामी, अनिल रसवंत, विजय कालरा, संदेश खुराना, सुदर्शन कोचर, मदन लाल आहूजा, संजीव शर्मा, संजीत अरोड़ा, ओम प्रकाश, प्रेमनाथ, शिव गुम्बर, शिवकुमार राहुल, दर्शन लाल गुंबर, रोमी आहूजा, दीपक राजदेव, राजकुमार विज, चरणजीत तनेजा, रमेश छाबड़ा व राजकुमार नरूला आदि मौजूद रहे।

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मतगणना प्रेक्षकों का जनपद में आगमन

सहारनपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मतगणना प्रेक्षकों का जनपद में आगमन हो चुका है।

विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 04 सहारनपुर व 05 देवबन्द हेतु संकेत एस0 भोंडवे मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किये गये है। इनके साथ सूर्य नारायण मिश्र सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता लायजन आफिसर नियुक्त है। प्रेक्षक संकेत एस0 भोंडवे सर्किट हाउस के कक्ष संख्या 08 में ठहरे हुए है। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 01 बेहट व 03 सहारनपुर नगर हेतु डॉ.बी.आर. अम्बेडकर मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किये गये है। इनके साथ पंकज कुमार श्रीवास्तव असिस्टैन्ट कमिश्नर राज्य कर लायजन आफिसर नियुक्त है। प्रेक्षक डॉ.बी.आर. अम्बेडकर सर्किट हाउस के कक्ष संख्या 01 में ठहरे हुए है। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 06 रामपुर मनिहारान, 02 नकुड व 07 गंगोह हेतु पवन कुमार मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किये गये है। इनके साथ शैलेन्द्र कुमार आबकारी निरीक्षक लायजन आफिसर नियुक्त है। प्रेक्षक पवन कुमार सर्किट हाउस के कक्ष संख्या 09 में ठहरे हुए है। मतगणना के संबंध में सुझाव एवं शिकायत हेतु जनसामान्य दिये गये नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते है।

## चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुसार होगी निष्पक्ष मतगणना: जिलाधिकारी

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने कहा कि कल (आज) होने वाली मतगणना को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध किये गये है। किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वही भीषण गर्मी से निपटने के लिए सभी के लिए जलपान और खाने की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र आज यहां कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से मतगणना की तैयारियों को लेकर वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर 3 चक्र में पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। मतगणना नियत समय पर प्रारंभ कर दी जाएगी। मतगणना को शांति पूर्ण संपन्न कराये जाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। साथ ही डिजिटल डाटा को भी ट्रांसफर करना है। राउंड वाइज घोषणा की जाएगी, उसके लिए हमारा जो भी इंफ्रास्ट्रचर है, उसका पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा के लिए अलग-अलग मेज की व्यवस्था है। सहारनपुर लोकसभा में जनपद की पांच विधानसभा आती है जिसमें सहारनपुर नगर की विधानसभा में 33 टेबल राउंड पर गणना होनी है, जो की सर्वाधिक है। इसके अलावा नकुड़ और गंगोह विधानसभा की भी काउंटिंग यही होगी। यह दोनों विधानसभा लोकसभा में आती है। जब पांच विधानसभा की एक राउंड में गणना पूरी हो जाएगी तब एक चक्र की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का विजयी जुलूस निकलने पर प्रतिबंध है। धारा 144 को दृष्टिगत रखते हुए विजयी जुलूस नहीं निकालने दिया जाएगा।

## सैन्ट्रल वेयर हाउस को त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में बाटा: एसएसपी

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने लोकसभा समान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना के लिए मतगणना स्थल पर यातायात सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु लगाये गये पुलिस बल की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित आगन्तुक टीन शैड में एसएसपी डॉ.विपिन ताडा (कल) आज होने वाली मतगणना की सुरक्षा तैयारियों को लेकर पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। एसएसपी डॉ.विपिन ताडा ने लोकसभा समान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना हेतु मतगणना स्थल पर यातायात सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु लगाये गये पुलिस बल की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता रोड़ स्थित सैन्ट्रल वेयर हाउस को त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में बांटा गया है, जिसमें आउटर कोर्डन के प्रभारी पुलिस अधीक्षक नगर सहारनपुर, इनर व आइशोलेशन कोर्डन के प्रभारी पुलिस अधीक्षक यातायात रहेंगे।

# एनसीसी कैडेटों ने पीटी परेड व हथियार चलाने का किया अभ्यास

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** 83 यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों ने पीटी परेड के साथ-साथ हथियारों के प्रयोग करने का भी सफल अभ्यास किया। एच.ए.वी. इंटर कॉलेज में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन कैंप कमांडेंट कर्नल नवेंद्र सिंह मान सेना मेडल के नेतृत्व में प्रातः सभी कैडेट्स को पीटी परेड का अभ्यास कराया गया। तदोपरांत हथियारों से वाकफियत व उनका प्रयोग करने का तरीका सिखाया गया। डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल तनय कोठियाल ने मेरठ ग्रुप के समस्त एनसीसी केयर टेकरों के ऑनलाइन ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसमें डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल तनय कोठियाल ने इस ऑनलाइन प्रशिक्षण की उपयोगिता, आवश्यकता एवं लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। लेफ्टिनेंट डॉ.दुर्गेश राजमोहन ने चीफ ऑफिसर ब्रिजेश पुंडीर, लेफ्टिनेंट डॉ.मनीष जायसवाल, लेफ्टिनेंट गौरव शर्मा ने समस्त केयर टेकरों को उनके दायित्व एवं उनकी कार्यविधि व प्रक्रिया के बारे मे जानकारी दी। यह ऑनलाइन ऑफलाइन ओरिएंटेशन कार्यक्रम 03 से 16 जून तक चलाया जाएगा। इसमें मेरठ ग्रुप के विभिन्न विद्यालयों 33 केयर टेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट डॉ. मनीष जायसवाल ने व्यक्तित्व के विकास विषय पर कैडेट्स को संभाषण दिया गया। सूबेदार आले व हवलदार मनोज सिंह थापा ने आबस्टिकल ट्रेनिंग पगबाधा प्रशिक्षण का अभ्यास कराया। सूबेदार मेजर सरदूल सिंह, सूबेदार बहादुर आले, सूबेदार नक्षत्र सिंह, सूबेदार विनोद रावत, बीएचएम तरविंदर सिंह मान,हवलदार तरसेम, हवलदार कुलदीप, हवलदार विनोद थापा, हवलदार नरेश, हवलदार रविंद्र सिंह, हवलदार तरसेम सिंह, नायक विकास आदि ने कैडेट्स को फौजी सिखलाई की विस्तृत जानकारी दी।

# 'दबिस्ताने सहारनपुर' किताब का किया लोकार्पण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** परचम संस्था के तत्वाधान में डॉ.कुदसिया अंजुम अलीग की किताब दबिस्ताने सहारनपुर का लोकार्पण किया गया। डॉ.कुदसिया अंजुम ने कहा कि इस किताब को लिखने का मकसद देश दुनिया के सामने उन लेखकों को लाना और उनको जायज़ मुकाम दिलाना है जिनको दुनियां नहीं जानती।

अम्बाला रोड स्थित एक होटल में परचम संस्था के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में आसिफ शमसी ने नात पढ़ी। सबसे पहले किताब दबिस्ताने सहारनपुर का लोकार्पण अतिथियों के कर कमलों द्वारा किया गया। पुस्तक परिचय पूर्व प्रधानाचार्य जलाल उमर इस्लामिया इंटर कॉलेज ने कराते हुए कहा कि दबिस्ताने सहारनपुर एक साहित्यक दस्तावेज की हैसियत रखता है। शेर सुखन, साहित्य, पत्रकारिता आर्ट एंड कल्चर की दुनिया में सहारनपुर की प्रसिद्ध विभूतियों ने जो काबिले कदर कारनामे अंजाम दिए हैं, इनको लेखिका ने इस किताब में बड़े सुंदर अंदाज में पेश किया है। जामिया मिल्लिया इस्लामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल नई दिल्ली से पधारी डॉ.रखशंदा रूही मेहंदी ने कहा की वर्तमान में दबिस्ताने सहारनपुर किताब की अहमियत इस अर्थ में है कि अब लेखकों के इलमी व साहित्यक कारनामों को कलम बंद करने का किसी के पास समय नहीं है इस भागम भाग भरी जिंदगी में डॉक्टर अंजुम ने सहारनपुर के साहित्यिक आकाश पर चमकते सितारों की कहकशा को अपनी किताब में जमा कर लिया है। इस तरह से यह एक दस्तावेज की शक्ल में आने वाली नस्लों की रहनुमाई करेगा। इस अवसर पर डॉ.शमा अफरोज जैदी, लेखक हककानी अल कासमी, डॉ.अब्दुल बारी, असद रजा व जावेद खां सरोहा ने कहा कि वर्तमान समय में क्षेत्रीय भाषा व साहित्य के इतिहास को लिखने का रूझान परवान चढ़ा है। इससे ये उम्मीद बढ़ी है कि भविष्य में उर्दू अदब का साहित्य रचने वालों को



बहुत सहूलत होगी। इस दौरान अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मतलूब कुरैशी, डॉ.शाहिद जुबैरी, दानिश कमाल, आसिफ शमसी, उरूज अमजद, फरजाना शेख, नुसरत परवीन, निगहत खानम, करीम बानो, रफ्त फरजाना का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में तलत सारोहा, हारून साबिर, फैयाज नदीम, असलम, मोहसिन, मुस्तकीम, रोशन, बुशरा, इलियास, अनम रहमान, अजीम अनीस, तरन्नुम, अफसरा समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने की तथा संचालन जावेद सरोहा ने किया।

# गणना परिसर में प्रवेश के पश्चात गणना कार्मिक अभिकर्ता गणना पूरी होने के पश्चात ही जा सकेंगे

- गणना परिसर में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, केल्कुलेटर, ज्वलनशील सामग्री, मोबाइल आदि पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगे
- मतगणना के दौरान पंडाल से कोई भी कर्मी, एजेंट बाहर नहीं जा सकेंगे, अपरिहार्य कारणों से ए.आर.ओ. से अनुमति के बाद गणना पंडाल से जा सकेंगे बाहर : अविनाश

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गणना स्थल पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कम्प्यूटर, मोबाइल, लेपटाप को पूर्णतया प्रतिबन्धित किया गया है, गेट नम्बर-01 से अधिकारी, गणना कार्मिक, मीडियाकर्मी प्रवेश करेंगे, गेट नम्बर-03 से सभी विधानसभाओं के गणना अभिकर्ता को प्रवेश दिया जायेगा, जहां से गणना कार्मिक अपने निर्धारित विधानसभा के गणना पंडाल में पहुंचेंगे, गेट नं. 01, 03 पर तलाशी होगी और जिसके पास प्रतिबन्धित उपकरण, मोबाइल पाया गया तो उसे गेट पर बने क्लॉक रूम में जमा कराया जायेगा, प्रातः 06 बजे मंडी परिसर में ही कार्मिकों का तृतीय रेण्डमाईजेशन होगा, रेण्डमाईजेशन के बाद उन्हें विधान सभा में टेबल आवंटित होगी, प्रातः 08 बजे से पोस्टल-बैलेट मतपत्रों की गिनती राजपत्रित अधिकारियो द्वारा की जायेगी, आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए मतगणना पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी होगी। स्ट्रांग रूम से लेकर गणना पण्डाल तक ई.वी.एम. को कड़ी सुरक्षा घेरे में पहुंचाने की व्यवस्था की गयी है, स्ट्रांगरूम, गैंगवे, गणना पण्डाल के द्वार पर पर्याप्त फोर्स तैनात रहेगा, स्ट्रांगरूम से लेकर गणना पंडाल तक प्रत्येक गतिविधि सीसीटीवी कैमरे में कैद होगी, सीसीटीवी कैमरे 360 डिग्री पर कवर करेंगे, पूरा गणना पंडाल, परिसर सीसीटीवी की जद में रहेगा, वीडियोग्राफर भी निरतंर वीडियोग्राफी करेंगे। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने गणना स्थल कृषि उत्पादन मंडी समिति में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 की मतगणना प्रक्रिया की तैयारियों का जायजा लेते हुये दी। उन्होने बताया कि गणना अभिकर्ता अपनी-अपनी टेबल पर उपस्थित रहकर गणना प्रक्रिया पर नजर रख सकेंगें, गणना की प्रत्येक गतिविधि की निर्बाध वीडियोग्राफी होगीं, प्रत्येक गणना पंडाल में सीसीटीवी कवरेज के साथ ही 05 वीडियोग्राफर तैनात रहकर वीडियोग्राफी करेंगे। मतगणना को निष्पक्ष एवं पारदर्शी कराये जाने की मुकम्मल व्यवस्था की गयी है, गणना संबंधी प्रत्येक गतिविधि पूरी तरह पारदर्शी होगी। उन्होने गणना प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्मिको, एजेण्टो, अधिकारियो, पत्रकारों से कहा है कि वह समय से गणना स्थल पर पहुंचें ताकि प्रवेश में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। उन्होने बताया कि मतगणना हेतु प्रत्येक पंडाल में गणना हेतु 14-14 टेबल, 01 ए.आर.ओ. टेबल लगायी गयी हैं, पोस्टल वैलेट की गणना हेतु 12 एवं ई.टी.पी.बी. की गणना हेतु 22 टेबल लगायी गयी हैं। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि मतगणना हेतु सुरक्षा व्यवस्था की फुलप्रूफ व्यवस्था की गयी हैं, मतगणना क्षेत्र की सुरक्षा त्रिस्तरीय होगी, समस्त विधानसभा के गणना एजेण्ट स्टेडियम में वाहन खड़े करने के उपरान्त गेट नं.-03 से प्रवेश करेगें। उन्होंने प्रत्याशियों, विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा की गणना स्थल के आस-पास कहीं भी भीड़ एकत्र न होने दें, जनपद में धारा 144 लागू है, एक स्थान पर 05 से अधिक व्यक्ति एकत्र होना दण्डनीय अपराध है, सभी लोग धारा-144 का कड़ाई से पालन करें, जनता के फैसले को सभी प्रत्याशी स्वीकार करें, लोकतंत्र के उत्सव में कानून व्यवस्था हाथ में न लें।

# पंचायत घर खंडर में तब्दील, ग्रामीणों को ब्लॉक के लगाने पड़ते हैं चक्कर

अवधनामा संवाददाता



**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** सरकार आए दिन ग्रामीणों को बेहतर सुविधा देने के लिए नए-नए तरीके से काम कर रही है। भ्रष्ट अधिकारी भी नए-नए तरीके निकाल कर ग्रामीण जनता तक लाभ नहीं पहुंचने दे रहे हैं। ग्रामीणों की परेशानी को लेकर प्रत्येक ग्राम पंचायत में सरकार ने ग्राम पंचायत भवन का निर्माण कराया। जहां पर सरकार द्वारा आय जाति मूल जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा दी और पंचायत सहायक की भी नियुक्ति किये। लेकिन ग्राम पंचायत अधिकारी ही उनको ऐसी सुविधाएं देने से वंचित किए हुए हैं।

विकासखंड राजेपुर में कुछ ऐसे पंचायत घर अभी भी हैं जहां पर ना तो पंचायत सहायक बैठ रहा है और पंचायत घर भी खंडहर जैसा दिख रहा है। अगर देखा जाए तो ग्राम पंचायत तेरा अकबरपुर में पंचायत घर तो बना हुआ है जिसके गेट व अंदर बालू का लंबा ढेर लगा हुआ है। महमदगंज के पंचायत घर का नजारा ही अलग है। इन पंचायत घरो में प्रदेश सरकार द्वारा 1.75 लाख की सामग्री भी भेजी गई। जिसमें कार्यालय के लिए कुर्सी - 25 रुपये 25,000 हजार ऑफिस/कंप्यूटर मेज - 03 रुपये 6,000 हजार स्टील अलमारी/ रैक - 02 रुपये 17,000 हजार सोलर पैनल, दो बैटरी व इनवर्टर 01 के लिए रुपये 38,000 हजार दरी 02 रुपये 3,000 हजार पंखा आवश्यकतानुसार- 03 रुपये 6,000 हजार डेस्कटाप कंप्यूटर, यूपीएस, - 1 सेट रुपये 60,000 हजार मल्टीपरपज प्रिंटर व वेबकैम सीसीटीवी कैमरा व सहायक उपकरण 1 सेट रुपये 20,000 हजार आदि की सामग्री दी गई। प्रत्येक पंचायत घर के लिए पंचायत भवन में बैठने के लिए पंचायत सहायक की नियुक्ति की गई। जहां पर ना ही पंचायत सहायक बैठ रहा और न ही ग्राम विकाश अधिकारी। इस पर उच्च अधिकारी भी मौन साधे हुए हैं। ग्रामीणों को 20 किलोमीटर दूर दौड़कर विकासखंड राजेपुर में आकर अपनी समस्या का समाधान करवाना पड़ रहा है। परिवार रजिस्टर नकल के लिए पंचायत घर में नहीं बल्कि परिवार रजिस्टर नकल व मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए ब्लॉक ही दौड़ना पड़ रहा है। इससे साफ सिद्ध हो रहा है कि अधिकारियों की मिली भगत से यह पंचायत घर शोरूम बने खड़े हैं।

# एसबीआई के एटीएम को उड़ा ले गए चोर

**महमूदाबाद सीतापुर अवधनाम संवाददाता।** महमूदाबाद सर्किल क्षेत्र में



अज्ञात नकाबपोश बदमाशो ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की लगी एटीएम मशीन को ले जाने के लिए उखाड़ा। शीशा टूटने की आवाज सुनकर जागे स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर एटीएम मशीन बाहर छोड़ कर बदमाश भागे, सूचना पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए घटना की जानकारी करने में जुटी है। सदरपुर थाना क्षेत्र के गोड़ैचा चौराहे पर पुलिस चौकी से महज चंद कदमों की दूरी पर महमूदाबाद रेवसा मार्ग के किनारे अकरम खान की दुकानों में लगे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एटीएम मशीन के पास बीती रात करीब 01:30 बजे पांच से छः अज्ञात नकाबपोश बदमाश एक पिकअप से आए और पिकअप को बैक करके एटीएम मशीन के पास लगाया और एक पट्टे के सहारे एटीएम मशीन को पिकअप से बांध कर जोर से घसीटा,जिससे एटीएम मशीन उखड़ गई और शीशे के लगे गेट को तोड़ती हुई बाहर आ गई। गेट टूटने को तेज आवाज से आस पास के लोग जग गए,और शोर मचाने लगे जिस से एटीएम लूटने के इरादे से आए नकाबपोश बदमाशो ने शोर मचाने वाले व्यक्ति को गोली मार देने की धमकी भी दी। जिससे लुटेरे एटीएम मशीन को बाहर ही छोड़ कर पिकअप लेकर रेवसा की ओर भाग गए। थाना सदरपुर प्रभारी राकेश सिंह ने बताया है कि घटना के बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कंट्रोलरूम से फोन के जरिए उक्त घटना की जानकारी मिली थी मौके पर जाकर जांच पड़ताल की गई है,सीसीटीवी फुटेज के जरिए जल्द ही लुटेरों को पकड़ कर जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी।

## प्रो. एम.जे. वारसी का सीआईआईएल मैसूरु में व्याख्यान

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के भाषाविज्ञान विभाग के अध्यक्ष और लिंग्विस्टिक सोसाइटी ऑफ इंडिया (एलएसआई) के अध्यक्ष प्रोफेसर एम.जे. वारसी ने केंद्रीय संस्थान भारतीय भाषाएँ (सीआईआईएल), मैसूरु, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित 'भारतीय भाषाएं और एक भाषाई क्षेत्र के रूप में भारत' सम्मेलन में एक व्याख्यान दिया। 'भारत में भाषाई परिवारों में भाषाई विविधता और साझा भाषाई विशेषताएं' विषय पर बोलते हुए प्रोफेसर वारसी ने कहा कि भारतीय भाषाई परिदृश्य की असाधारण विविधता इसे दुनिया भर में सबसे अधिक भाषाई विविधता वाले देशों में से एक के रूप में स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि भारत की विविध भाषाई संरचना में मुख्य रूप से इंडो-आर्यन, द्रविड़, ऑस्ट्रो-एशियाई और तिब्बती-बर्मन भाषा परिवारों की भाषाएं शामिल हैं। अलग-अलग भाषाओं का एक लंबा और परस्पर जुड़ा हुआ इतिहास है, और वे सामान्य भाषाई विशेषताएं साझा करते हैं।

# मतगणना स्थल का आला अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण, सभी तैयारियां पूरी



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में गोरखपुर बांसगांव लोकसभा व संत कबीर नगर के खजनी विधानसभा की मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना आज होगी। इसके साथ ही भारत में नई सरकार के गठन की तस्वीर मंगलवार शाम तक पूरी तरह साफ हो जाएगी। आपको बता दें कि सोमवार को मतगणना के लिए बनाए गए मतगणना स्थल का एडीजी जोन डॉक्टर के एस प्रताप कुमार डीआईजी गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर आनंद कुलकर्णी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर ने निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताते चलें कि गोरखपुर लोक सभा बांसगांव लोकसभा व संत कबीर नगर के खजनी विधानसभा की मतगणना दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय पर कराई जाएगी जिसकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चुनाव नोडल अधिकारी संजय कुमार मतगणना सुरक्षा अधिकारी पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव मतगणना सुरक्षा अधिकारी पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेंद्र कुमार ने ड्यूटी में लगाए गए संबंधित जवानों के साथ पुलिस लाइन में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## सड़क पर जलजमाव को लेकर किया प्रदर्शन

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत भीटी रावत में



मस्जिद के पास सड़क पर जल जमाव को लेकर त्रस्त ग्रामीणों ने जिम्मेदारों के खिलाफ प्रदर्शन किया और जल जमाव से मुक्ति दिलाने की मांग किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी डा सईद बाबू रहबर ने कहा की भीटी रावत मस्जिद के पास जो सड़क टोला भरपुरवा काली मंदिर की तरफ जाती है। नाली का निर्माण न होने से ग्रामीणों के घर का गंदा पानी सड़क पर फैला रहता है। ग्रामीण इसी कीचड़युक्त सड़क से होकर गुजरते है। जल जमाव होने से इस भीषण गर्मी में संक्रमित बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। कई बार जिम्मेदारों से नाली निर्माण कराने की शिकायत किया गया। लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दिया है कि यदि इस समस्या का समय से निदान नहीं कराया गया तो ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होगे। प्रदर्शन करने वालो में अली हसन, अबरार, पिंटू, सुनील, राजेश, हाजी शौकत, आलमीन, कमरे आलम, सहाबुद्दीन, कमाल, शाहिद, जहीर हसन, फारूक, माजिद, अकबर सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## सड़क पर गिट्टी गिराकर ठेकेदार फरार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर-बुदहट टू लेन सड़क से उदादेवी चौराहा से अनन्तपुर गांव को जाने वाली सम्पर्क मार्ग पर ठेकेदार द्वारा करीब डेढ़ महीने से बड़ी गिट्टी डाल कर छोड़ दिया गया है, जिससे आने - जाने वाले राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि यह मार्ग करीब 600 मीटर लम्बी सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ही सी सी बनना है, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण सड़क पर बड़ी गिट्टी डाल कर छोड़ दिया गया है। सोमवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर खड़ा होकर रोष जताते हुए सड़क बनाने की मांग को लेकर प्रर्दशन किया। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई महेश कुमार ने बताया कि सड़क बनाने में ठेकेदार की घोर लापरवाही है। जल्द ही सड़क बनवा दिया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से विक्रम निषाद, मुराली, मुन्ना निषाद, कन्हैया निषाद, भिखारी, पिन्टू, अगरदी, रामा निषाद, सुदामा निषाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जीजा ने साले को चाकू मारकर की हत्या

**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** शहर कोतवाली क्षेत्र के चौकिया में जीजा ने अपने साले को सीने और पेट में चाकू घोंपकर हत्या कर दी। वारदात के बाद मौके से आरोपी फरार हो गया। जांच में यह बात सामने आई कि हत्यारोपी के भाई की बेटी की शादी में जीजा-साले दोनों साथ में शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई थी। शहर कोतवाली क्षेत्र के चौकिया निवासी राजेंद्र राम की बेटी नीतू की शादी रविवार की रात हो रही थी। करीब 11 बजे राजेंद्र राम के भाई श्रीराम (40) व इनके साले व बहलोलपुर थाना जंगीपुर निवासी मिथिलेश उर्फ गुड्डू (35) शादी में आए थे। आरोप है कि श्रीराम और मिथिलेश साथ में अपने घर के सामने शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों लोगों में कहासुनी हो गई। जिसपर श्रीराम घर में गया और चाकू लेकर आया, फिर मिथिलेश उर्फ गुड्डू के सीने और पेट में चाकू से वार कर मौके से फरार हो गया। ऐसे में मौके पर भगदड़ मच गई। मौजूद लोग घायल मिथिलेश उर्फ गुड्डू को आनन-फानन जिला अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। परिजन मृतक के शव को लाकर श्रीराम के घर पर रख दिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कोतवाली लाई। जहां मृतक मिथिलेश उर्फ गुड्डू के साले सुंदर कुमार निवासी बुजुर्गा थाना कोतवाली की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर ली। शहर कोतवाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# अन्तिम चरण की वोटिंग करवाकर लौट रहे होमगार्ड जवान की मौत

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम जमरेही सानी निवासी होमगार्ड जवान अंतिम चरण के चुनाव करवा कर अपने गृह जनपद वापस आ रहा था तभी रास्ते में तबीयत बिगड़ गई, इलाज के दौरान होमगार्ड जवान की मृत्यु हो गई। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम जमरेही सानी निवासी जितेंद्र कुमार उम्र 52 वर्ष रामपुरा कम्पनी के होमगार्ड जवान थे। होमगार्ड जवान की तारीख 22 मई को चुनाव करवाने के लिए रवानगी हुई थी।

पहले छठवे चरण का चुनाव प्रयागराज में करवाया । इसके बाद वहीं से सातवें चरण की वोटिंग करवाने के लिए गोरखपुर चले गये ।अन्तिम चरण की वोटिंग करवा कर मृतक होमगार्ड जवान घर के लिए लौट रहा था । रास्ते में औरैया आते आते अचानक जवान की हालत बिगड़ गई। साथ मे आ रहे जवानों ने आनन फानन में साथी जवान को औरैया अस्पताल में भर्ती करवाया । वहां डाक्टरों ने हालत गम्भीर देख, होमगार्ड जवान को मेडिकल कालेज सैफई के लिए रिफर कर दिया ।सैफई मेडिकल कालेज मे इलाज के दौरान जवान की मृत्यु हो गई । निधन की खबर सुनकर गांव मे सन्नाटा पसर गया।सभी शोक मे डूब गये।जवान की पत्नी और बच्चो का रो रो कर बुरा हाल हो गया। होमगार्ड जवान के 4 बच्चे है।बेटा नितिन उम्र 20 वर्ष, अनुज उम्र16 वर्ष, बेटी रानी उम्र18 वर्ष, राधा उम्र 13 वर्ष, पत्नी राजकुमारी उम्र 50 वर्ष, मृतक जवान के एक भी बच्चे की शादी नही हुई है। मृतक होमगार्ड जवान का पोस्टमार्डम करवाकर शव गांव घर जमरेही सानी लाया गया, जहां उसका अन्तिम संस्कार किया गया ।होमगार्ड जिला कमान्डेट राजेश कुमार,एडीसी कमल सचान, बीईओ बृजेश कुमार, धर्मेन्द्र अवस्थी, थानाध्यक्ष गोहन दिव्य प्रकाश तिवारी, थानाध्यक्ष रामपुरा अर्जुन सिह चौहान, पीसी होमगार्ड गोपी कुशवाहा, आदि होमगार्ड जवानों और पुलिस फोर्स के जवानों के द्वारा सलामी देकर ससम्मान जवान को अन्तिम विदाई दी गई ।इस मौके पर ग्राम प्रधान अनूप कुठौलिया समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## मनरेगा में हुए भ्रष्टाचार की खुली पोल

### जाँच करने पहुंचे खंड विकास अधिकारी



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** विकास खंड के ग्राम पंचायत अकबरपुरा में जाँच करने पहुंचे खंड विकास अधिकारी रमेश चंद्र शर्मा ने मनरेगा में हुए कार्य को फर्जी बताते हुए कहा कि कार्य ट्रैक्टर व अन्य उपकरण द्वारा करवाया गया है जोकि नियम विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि जाँच के बाद यह तय किया गया है कि इस अनियमित कार्य को श्रमदान घोषित कर दिया जायेगा। पूर्व में प्रार्थना पत्र देकर ग्रामीणों द्वारा शिकायत खंड विकास अधिकारी से की गयी थी कि ग्राम अकबरपुरा में तीन चकमार्गो पर कार्य महज कागजों में किया गया है जबकि धरातल पर कोई कार्य नही किया गया है। उक्त मामले को लेकर खंड विकास अधिकारी रमेश चंद्र शर्मा ने स्थलीय जाँच की जिसमें उन्होंने मौका मुअयाना किया तो उन्होंने पाया कि काम ट्रैक्टर व अन्य उपकरण द्वारा करवाया गया है जबकि मजदूरों द्वारा काम नही करवाया गया है। जबकि पूर्व में लगे उक्त आरोपों में सोशल मीडिया पर यह भी दर्शाया था कि मामले का उजागर होने पर उक्त तीनों चकमार्गो पर ट्रैक्टर व उपकरण द्वारा कार्य करवाकर पर्दा डाला जा रहा है। जिसकी शिकायत भी खंड विकास अधिकारी से की गयी थी ।इन सब प्रकरणों के अलावा एक मामला ऐसा भी आया जिसमें मृतक को काम का ऑफर किया गया जिसमें खंड विकास अधिकारी का कहना है कि जांच कर ली गयी है। ट्रैक्टर द्वारा काम करवाकर लीपा पोती की जा रही है।

## छावनी में तब्दील किया गया मतगणना स्थल

**फर्रुखाबाद।** लोकसभा चुनाव की चार जून को सातनपुर मंडी में 32 राउंड में मतगणना होगी। इसके लिए विधानसभा वार एआरओ सहित 15-15 टेबल लगाई जाएंगी। डाक मतपत्रों की गणना के लिए अलग से 13 टेबल लगाई जाएंगी। सबसे पहले विधानसभा क्षेत्र भोजपुर की मतगणना पूरी होकर परिणाम आएगा।सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से एक अपर पुलिस अधीक्षक, छः क्षेत्राधिकारी, 180 निरीक्षक उपनिरीक्षक, 900 दीवान व सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा दमकल की गाड़ी और एंबुलेंस भी मुस्तैद रहेगी। जनपद की लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र व पोस्टल बैलेट की मतगणना शहर की सातनपुर मंडी में चार जून को होगी। अलीगंज विधानसभा क्षेत्र की मतगणना जनपद एटा में की जाएगी। सातनपुर मंडी में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए एक-एक एआरओ की टेबल सहित 15-15 टेबल लगाई जाएंगी।

## हीटवेव से होमगार्ड सिपाही की मौत

**लखनऊ अवधनामा ब्यूरो।** साइकिल से डियुटी पर घर से जाते समय होमगार्ड



सिपाही की रास्ते में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ के दुबग्गा थाना अन्तर्गत कटौली गांव निवासी होमगार्ड चंद्र कुमार पुत्र स्व.रामलाल उम्र 47 वर्ष आज दोपहर एक बजे घर से निकल कर साइकिल से डियूटी जाने के लिए निकला था, रास्ते में जेहटा रोड पर झंखरबाग चौराहा से पहले हीट वेव के कारण गिर गया। जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने होमगार्ड को उठाया और पास के एक निजी अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि घर में मृतक की पत्नी सुमनदेवी,बेटा अजीत, सुजीत, सचिन और एक बेटी सालनी है जिसकी शादी हो चुकी है होमगार्ड चंद्र कुमार (47) 1 जून 2024 से 30 जून 2024 तक डिप्टी कलेक्टर राजस्व लखनऊ के यहां थी तैनाती और दोपहर 3 बजे से डियूटी थी।

## रमेश वाजपेई को अध्यक्ष, शिवम गुप्त को महामंत्री तथा शिवदास पुरवार को कोषाध्यक्ष चुना गया

**महमूदाबाद (सीतापुर) अवधनामा संवाददाता।** प्रसिद्ध मां संकटा देवी



धाम महमूदाबाद की प्रबंध समिति के गुप्त मतदान के द्वारा संपन्न हुए चुनाव में रमेश वाजपेई विरल को अध्यक्ष, शिवम गुप्त विक्रांत को महामंत्री तथा शिवदास पुरवार को कोषाध्यक्ष चुना गया।चुनाव अधिकारी अनूप सूरज द्वारा निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराए गए चुनाव में धाम समिति के 41 लोगों ने गुप्त मतदान किया। अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष के लिए हुए मतदान में समिति के सदस्यों को एक प्रिंटेड स्लिप पर अपनी पसंद के प्रत्याशी का नाम लिखकर मतपेटिका में डालना था। मतदान के बाद काउंटिंग कराई गई, जिसमें कुल 41 वोट पड़े। जिसमें से अध्यक्ष पद के लिए रमेश वाजपेई विरल को व महामंत्री के लिए शिवम गुप्त विक्रांत को पूरे के पूरे वोट मिले। कोषध्यक्ष के लिए शिवदास पुरवार को 33 वोट मिले। समिति के अन्य पदाधिकारियों के चयन व समिति के पुनर्गठन के लिए त्रिलोकी नाथ मौर्य, शिवम गुप्त, आरजे वर्मा, शिवदास पुरवार, अशोक नाग को अधिकृत किया गया। संरक्षक डॉ. एमणि मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर और मिठाई खिलाकर सभी सदस्यों ने बधाई दी। चुनाव के बाद बैठक को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि संकटा माई की कृपा और क्षेत्र वासियों, समिति के साथियों व जन प्रतिनिधियों के सहयोग से ही सब कुछ संभव हो पा रहा है। नारायण दास अग्रवाल, उमेश वर्मा, ज्ञानेश मिश्र, राजेंद्र वर्मा मुंशी, नरेंद्र पांडेय, मुन्ना त्रिपाठी, राजेंद्र राजपूत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पीलीभीत से जीते कोई भी... तीन दशक में पहली बार वरुण-मेनका के अलावा कोई दूसरा बनेगा सांसद

- जितिन प्रसाद दो बार रहे चुके हैं सांसद
- पीलीभीत में भाजपा की पकड़ रही मजबूत

अवधनामा संवाददाता



**पीलीभीत।** पीलीभीत में लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों की किस्मत का पिटारा खुलने में कुछ ही समय शेष है। इस संसदीय सीट पर वैसे तो सन 2004 के बाद से लगातार भाजपा का कब्जा रहा है, लेकिन इस बार भाजपा और इंडी गठबंधन का हिस्सा सपा के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है। कौन सांसद बनेगा, इसको लेकर सोमवार को चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। इस बार 10 प्रत्याशियों ने यहां से चुनाव लड़ा, लेकिन सीधी टक्कर भाजपा और सपा के बीच है। भाजपा के लिए नए चेहरे के माध्यम से सियासी गढ़ बचाने की चुनौती है तो सपा मुस्लिम और पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं के सहारे जीत के सपने संजोए है। इसके साथ बसपा प्रत्याशी भी दलित-मुस्लिम गठजोड़ के जरिये चुनौती दे रहे हैं। तीन दशक में यह पहला मौका है कि जब मेनका और वरुण गांधी की गैरमौजूदगी में चुनाव हुआ है। एक तरफ वर्ष 2004 में शाहजहांपुर से संसदीय सीट जीतकर सियासत में कदम रखने वाले भाजपा सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद हैं तो दूसरी ओर सपा सरकार में तीन बार विधायक और एक बार मंत्री रहे भगवत सरन गंगवार हैं। शाहजहांपुर के निवासी वर्तमान में भाजपा सरकार में लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद पहली बार कांग्रेस सरकार में वर्ष 2004 में शाहजहांपुर और फिर सन 2009 में धौरहरा (लखीमपुर खीरी) से सांसद और फिर मंत्री बने थे। उनके पास सड़क, परिवहन व पेट्रोलियम जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय रहे। वर्ष 2014 व 2019 के चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, जबकि वर्ष 2017 में भी तिलहर विधानसभा क्षेत्र से भी जीतने में विफल रहे। पीलीभीत लोकसभा सीट पर भाजपा की पकड़ मजबूत रही है। यहां सन 2009 में 50 फीसदी मत हासिल करने वाली भाजपा ने 2019 तक नौ फीसदी मतों का इजाफा किया। हालांकि सपा भी इस दौरान मतदाताओं के बीच पैठ मजबूत करने में सफल हुई। वर्ष 2009 में आठ फीसदी मत पाने वाली सपा ने वर्ष 2019 में बसपा के साथ गठबंधन कर 37 फीसदी मतदाताओं तक पहुंच बनाई। इससे पहले वर्ष 2014 में सपा ने अपने पुराने प्रदर्शन को सुधारते हुए 22 फीसदी मतदाताओं का समर्थन हासिल किया था। यहां सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ और वर्ष 2009 में 16 फीसदी मतदाताओं का समर्थन पाने वाली कांग्रेस 2019 में पूरी तरह से जनाधार विहीन हो गई। इससे पहले वर्ष 2014 में पार्टी 2.78 फीसदी मत पाने में सफल हुई थी। सपा के भगवत सरन गंगवार बरेली की नवाबगंज विधानसभा सीट से पांच बार विधायक रहने के साथ वर्ष 2003 की तत्कालीन सपा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री भी रहे हैं तो बरेली लोकसभा सीट पर वर्ष 2019 में पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार के खिलाफ भी चुनाव लड़ चुके हैं।

## दहगुवां अग्निकांड में मृतक मासूम बच्चे की मां का अपने पुत्र को अंतिम समय खाना न खिला पाने का ग़म

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** दहगुवां अग्निकांड में जिंदा 6 वर्षीय पुत्र की जलकर मौत में मृतक की मां का रो रो कर बुरा हाल है अपने बेटे को अंतिम समय खाना न खिला पाने को लेकर उसका ग़म बढ़ता जा रहा उसका जब भी रोते रोते बेहोश होने के बाद मुद्रा खुलती हैं तो वह इस कोतवाली बात को लेकर पुनः रो रो कर बेहोश हो जाती है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवां में लोकेंद्र सिंह के यहां मध्यप्रदेश के ग्वालियर जनपद के थाना आरोन निवासी परमाल पुत्र प्रताप मजदूरी का काम करता है। घर के पास ही वह अपनी पत्नी नीटू उर्फ गुड्डी देवी व चार बच्चों के साथ रह रहा है। सुबह वह खेत पर गया था। घर पर झोपड़ी में पत्नी बच्चों के साथ ही थी। दोपहर करीब साढ़े 11 बजे अचानक से झोपड़ी में आग लग गई। घास फूस की झोपड़ी में आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग लगी हुई देखकर झोपड़ी के अंदर नीटू उर्फ गुड्डी देवी बच्चों को लेकर बाहर की ओर भागी। लेकिन जलती हुई आग में उनका 6 वर्षीय बेटा दीपक और 8 वर्षीय बेटी निशा फंस गए। उधर, आग लगी देखकर परमाल और गांव के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। लोगों ने आग में झुलस गई निशा को किसी तरह बाहर निकाल लिया लेकिन वह दीपक को बाहर नहीं निकाल सके। आग में झुलसकर दीपक की मौके पर ही मौत हो गई। बेटे की मौत से रो रोकर बेहाल माता पिता को एसडीएम व सीओ ने सांत्वना दी तथा समझा बुझाकर शांत कराया। लेकिन इस घटना में सबसे बुरा मां नीटू का है वह आज भी एक ही बात को लेकर बार बार बेहोश हो रही कि उसके बेटे ने इस घटना के पहले उससे खाना की मांग अपनी मां से की थी। जिसको लेकर मां नीटू का रो रोकर बुरा हाल है।घटना के बाद से मां नीटू के आंखों के आंसू नहीं रूक पा रहे हैं। मां रो रो कर कहती है कि वह 5 महीने के बच्चे भूपेंद्र को दूध पिला रही थी।

# शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी ने तैयारियों का लिया जायजा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला निर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत जनपद में मतदान प्रक्रिया सकुशल सम्पन्न होने के उपरांत 04 जून 2024 को राजकीय इंटर कालेज अयोध्या में होने वाली मतगणना की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों का जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने जायजा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि मतगणना सम्बंधी समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। जनपद की पांचों विधानसभाओं की ईवीएम मतगणना 14-14 टेबलों पर होगी इसी के साथ ही प्रत्येक विधान सभा में वीवीपैट मतगणना हेतु एक-एक टेबल तथा एक-एक एआरओ टेबल लगाए गए हैं। जिन पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि अत्यधिक हीटवेब के दृष्टिगत मतगणना कार्मिकों, विभिन्न राजनैतिक दलों के मतगणना एजेंटों एवं मीडिया बन्धुओं हेतु बेहतर छाया/पंडाल की व्यवस्था की गयी है, प्रयाप्त संख्या में वाटर कूलर लगाये गये हैं, शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था की गयी है। आवश्यकतानुसार मोबाइल टॉयलेट लगाये गये हैं। मतगणना एजेंट एवं मतगणना कार्मिकों के अलग-अलग प्रवेश द्वार निर्धारित किये गये है। मतगणना एजेंट जीआईसी के मुख्य द्वार (उत्तरी गेट) से मतगणना स्थल में प्रवेश करेंगे। मतगणना के दौरान मीडिया कवरेज हेतु निर्धारित स्थान पर मीडिया दीर्घा बनाकर उनके बैठने हेतु पंडाल, कुर्सी मेज, पानी की व्यवस्था एवं लाइव प्रसारण हेतु टीवी आदि व्यवस्था की गई है।

# जनता ने मुझे अपनी तरफ से सांसद का सर्टिफिकेट दे दियाः अवधेश प्रसाद



**अयोध्या।** मतगणना के पहले इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने की प्रेसवार्ता, मीडिया के एग्जिट पोल पर उठाए सवाल, कहा ये सरकारी एग्जिट पोल है, बहुत पहले ही एग्जिट पोल की पोल खुल चुकी है, जनता ने मुझे दे दिया है सांसद का सर्टिफिकेट,प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा नौ चुनाव में जीत चुका हूं, इतना समर्थन इतना लगाव, इतना प्यार इतनी दुआएं इतनी प्रार्थनाएं पहली बार इस लोकसभा चुनाव में मुझे मिला है, जनता ने अपनी तरफ से मुझे सांसद का सर्टिफिकेट दे दिया है,ये पुरुषोत्तम भगवान राम की नगरी है, इस चुनाव पर सिर्फ हिंदुस्तान ही नहीं दुनिया के लोगों की निगाहें हैं,कल यहां के लोग इतिहास बनाएंगे,भाजपा का सफाया होगा, सफाई की शुरुआत अयोध्या से होगी, मैं जनता की उम्मीदो पर खरा उतरूंगा, जो सरकारी एग्जिट पोल आया है इसकी पोल पहले ही खुल चुकी है, 2012 में, पश्चिम बंगाल में और दिल्ली के चुनाव में इसकी पोल खुल चुकी है, कल जो रिजल्ट आएगा इसके लिए हमेशा के लिए सावधान हो जाएं नहीं तो ब्लैकलिस्टेड कर दिए जाएंगे। प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय, पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव सपा महिला जिला अध्यक्ष सरोज यादव व कई अन्य नेता मौजूद रहे।

# कौन बनेगा अयोध्या का सांसद, मंगलवार को उठेगा पर्दा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** आखिर चुनाव परिणाम को लेकर लोगों के इंतजार की घड़ियां समाप्त होने जा रही हैं। अयोध्या में मंगलवार को फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र की मतगणना प्रारम्भ होने वाली है। मतगणना के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। मतगणना राजकीय इंटर कॉलेज में प्रातः आठ बजे से शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलट की मतगणना होगी। इसके पहले कर्मियों को उनकी टेबल बताई जाएगी। मतगणना के लिए विधानसभा वार 14-14 टेबल लगाई गई है। मतगणना सीसीटीवी की निगरानी में होगी। इसमें खलल डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार व आईजी रेंज प्रवीण कुमार ने मतगणना स्थल का सोमवार को फाइनल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। मतगणना से फैजाबाद लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद ये पहला चुनाव होगा जब अयोध्या की जनता अपना सांसद चुन लिया है, अब बस मगगणना के उपरांत विजयी उम्मीदवार की घोषणा होनी है।

इसमें मुख्य रूप से भाजपा के लल्लू सिंह व इंडी गठबंधन के सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद आमने-सामने हैं। अयोध्या विधानसभा की 29 राउंड, बीकापुर व मिल्कीपुर में 30-30 राउंड, रुदौली में 27 राउंड व गोसाईगंज में 32 राउंड मतगणना होगी। लोकसभा क्षेत्र में 11 लाख 39 हजार 822 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

अब परिणाम आने पर देखना है कि अयोध्या मे तीसरी बार फिर से कमल खिलेगा या फिर साइकिल सदन तक पहुंचती है। मतगणना स्थल जीआईसी मैदान की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। जीआईसी मैदान के अन्दर व बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# निर्विरोध संपन्न हुआ राजकीय वाहन चालक संघ लोनिवि का चुनाव



**अयोध्या।** राजकीय वाहन चालक संघ लोक निर्माण विभाग का द्विवार्षिक अधिवेशन सोमवार को चालक संघ के संघ भवन में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता संरक्षक चंद्र कुमार मिश्रा व संचालन अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर अधिवेशन में कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके बाद जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। चुनाव कार्यक्रम संपन्न करने के लिए चुनाव अधिकारी के रूप में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एपी सिंह, सहायक चुनाव अधिकारी अमीन बेग, चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में क्षेत्रीय मंत्री अयोध्या मोहम्मद इरफान शामिल हुए। इस मौके पर राजकीय वाहन चालक संघ लोक निर्माण विभाग की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक चंद्र कुमार मिश्रा, सलाहकार राजेंद्र प्रसाद वर्मा, अध्यक्ष रवींद्र प्रताप सिंह ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामेश्वर शरण पाठक, उपाध्यक्ष श्याम बिहारी यादव, मंत्री राधेश्याम मौर्य, उप मंत्री सुशील कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री मायाराम ,संगठन मंत्री राम सजीवन, संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार, प्रचार मंत्री संजय वर्मा, कोषाध्यक्ष रामजी पाल, ऑडिटर अनिल कुमार द्विवेदी, कार्यालय सचिव रामदीन को चुना गया। इस मौके पर कार्यकारिणी के लिए निखिल कुमार द्विवेदी, प्रेम कुमार, रविंद्र कुमार पाठक ,अरविंद कुमार, मोहम्मद आलम, हरेन्द्र बहादुर सिंह व जयप्रकाश श्रीवास्तव को सदस्य चुना गया । चुनाव के पश्चात सभी पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी एपी सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।इसके बाद चुने गए पदाधिकारियों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।संगठन के सभी सदस्यों ने रवींद्र प्रताप सिंह के लगातार 10 वीं बार अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी और माला पहनाकर सम्मान किया। अधिवेशन का समापन जिला अध्यक्ष रविंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथियों एवं संगठन के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए किया।

## सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर जौनपुर के युवक की मौत

**मवई-अयोध्या।** रुदौली सर्किल के बाराबंकी अयोध्या रेलखंड के पटरंगा थाना क्षेत्र के रेलवे क्रासिंग नगरा के किलोमीटर संख्या 1021 पर जौनपुर जिले का निवासी एक युवक गिर कर चोटहिल हो गया जिसकी बाद में मौत हो गई। मामले की जानकारी पटरंगा रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर ने पटरंगा थाना की पुलिस को दिया।सूचना पर पहुंची पटरंगा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बाद पोस्मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।पटरंगा एसओ ओम प्रकाश ने बताया कि मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त चंद्र प्रकाश पुत्र कृपा शंकर डींग निवासी वीरपालपुर थाना खुटहन जनपद जौनपुर के रूप में हुई है।एसओ ने बताया जांच पड़ताल में पता चला है कि युवक सियालदह जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन से सुबह करीब सवा 10 बजे गिरा था।जिसके बाद उसकी मौत हो गई है।

# अवैध पोस्ता छिलका के साथ एक गिरफ्तार, बिना नम्बर की बाइक बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** तस्करों पर अंकुश लगाने को लेकर एसपी दिनेश कुमार सिंह ने जनपद से सभी थानों की पुलिस को तस्करों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिये है। इसी क्रम में थाना सतरिख प्रभारी ने अमर कुमार चौरसिया ने मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को 17 किलो 800 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका व एक बिना नम्बर की बाइक एवं एक मोबाइल फोन के साथ धर दबौचा है। थानाध्यक्ष अपनी पुलिस टीम उपनिरीक्षक गजेन्द्र राम खरवार, हेड कॉन्सटेबल सभाजीत कुमार और कॉन्सटेबल सूरज यादव, पवन कुमार यादव के साथ इलाके का गश्त कर रहे थे, तभी सूचना मिली कि एक व्यक्ति 17 किलो 800 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका लेकर कही जाने वाला है। जिसके बाद पुलिस टीम ने ग्राम चकसार के पास एक व्यक्ति बिना नम्बर की मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया। जिसपर पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा, तभी पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और उसके पास मौजूद पोस्ता छिलका के साथ एक पल्सर मोटरसाइकिल (बिना नम्बर प्लेट) और एन्ड्राइड मोबाइल फोन (रेडमी) एक बरामद कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त को खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

## विद्यालयों में अब अलग-अलग दिनों में अलग-थलग होगी प्रार्थना

**अयोध्या।** जिले के 1792 परिषदीय विद्यालयों में अब अलग-अलग दिनों में अलग-थलग प्रार्थना होगी। सोमवार से शनिवार तक के लिए क्या प्रार्थना होगी इसे तय कर दिया गया है। गर्मी की छुट्टियों के बाद इसे लागू किया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने इसे सभी परिषदीय विद्यालयों में कड़ाई से लागू करने के लिए निर्देश दिया है। शिक्षा विभाग के 2024-25 के एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार शिक्षण कार्य शुरू होने से पूर्व 15 मिनट प्रार्थना सभा करवाई जाएगी। इसमें प्रतिदिन अलग अलग प्रार्थनाएं होंगी। इसके तहत सोमवार को वह शक्ति हमें दो दयानिधे कर्तव्य मार्ग पर डट जाएं, मंगलवार को दया कर दान भक्ति का, हमें परमात्मा देना। बुधवार को ए मालिक तेरे बंदे हम, ऐसे हों हमारे करम, गुरुवार को सुबह-सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु, करते हैं ही शुरू आज का कम प्रभु, शुक्रवार को हर देश में तू, हर भेष में तू तेरे नाम अनेक तू एक ही है, शनिवार को इतनी शक्ति हमें देना दाता...प्रार्थना की जाएगी।

# एग्जिट पोल झूठे साबित होंगे, इंडिया गठबंधन सरकार बनायेगीः डॉ पुनिया

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** देश में इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनेगी 4 जून को सारे एग्जिट पोल झूठे साबित होंगे इण्डिया गठबन्धन 295 प्लस सीटें जीत कर सरकार बनायेगा 2024 का लोकसभा चुनाव जनता ने स्वयं लड़ा है इण्डिया गठबन्धन के नेताओं कार्यकर्ताओं की पल-पल पर निगाह है भाजपा दबाव बनाने का काम करेगी लेकिन मेरा मानना है कि प्रशासन दबाव में न आकर बिना भेदभाव के निष्पक्ष रूप से अपना काम करेगा। उक्त बातें कांग्रेस पार्टी की केन्द्रीय चुनाव संचालन समिति के सदस्य पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया ने आज अपने ओबरी आवास पर मतगणना के पूर्व इण्डिया गठबन्धन के नेताओं के साथ हुयी प्रेस वार्ता में पत्रकारों से रूबरू होते हुये कही पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से पूर्व सांसद रामसागर रावत विधायक फरीद महफूज किदवई, विधायक गौरव रावत, विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव पूर्व विधायक श्रीमती मीता गौतम नगर पालिका परिषद नवाबगंज के चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष मो0 हाफिज अयाज कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन इण्डिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया मौजूद थे। पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुये पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया ने कहा कि जो भी एग्जिट पोल टीवी चैनलों पर दिखाये जा रहे हैं वह सभी आधार हीन और भ्रामक है भाजपा सरकार में देश का सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न हुआ है और मौजूदा वक्त में देश में किसान, नौजवान, महिला आवाम विरोधी सरकार है जिसको हटाने के लिये जनता ने खुद चुनाव लड़कर वोट डाला है हमारी निगाह हर जगह पर है हमे पूरी उम्मीद है कि प्रशासन बिना भाजपा के दवाब में आये निष्पक्ष रूप से अपना काम करेगा। पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुये रामनगर के विधायक फरीद महफूज किदवई ने कहा कि देश मे दिखाये जा रहे एग्जिट पोल के नतीजे झूठे हैं पूरी दुनिया के एग्जिट पोल देश में इण्डिया गघबन्धन की सरकार बना रहे हैं विधायक सुरेश यादव ने कहा कि हमें हमारी जनता और अपनी मेहनत पर भरोसा है। विधायक गौरव रावत ने कहा कि बाराबंकी समाजवादियों का गढ़ है।

# काउंटिंग को लेकर भारी वाहनों का रूट डाइवर्जन

**महराजगंज।** लोकसभा चुनाव की मतगणना कलेक्ट्रेट परिसर मे आज होना है जिसके दृष्टिगत सुगम यातायात व्यवस्था संचालन हेतु। सभी भारी वाहन का रूट डाइवर्जन कर दिया गया हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया मतगणना मे भाग लेने वाले वाहनों के अलावा सिसवा घुघुली के तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन जिनको फरेन्दा के तरफ जाना हो वह वाहन शिकारपुर परतावल पनियरा, कैम्पियरगंज होकर फरेन्दा जायेगें। निचलौल के तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन जिनको फरेन्दा, गोरखपुर रोड़ की ओर जाना हो वह सिंदुरिया से शिकारपुर परतावल होकर जायेगें। चौक रोड से आने वाले सभी भारी वाहन जिनको फरेन्दा, गोरखपुर रोड़ की ओर जाना हो वह वाहन झंझनपुर से सिंदुरिया शिकारपुर परतावल होकर जायेगें। फरेंन्दा की ओर से आने वाले सभी भारी वाहन जिनकों निचलौल, चौक, सिंदुरिया, शिकारपुर जाना हो वह वाहन कैम्पियरगंज, पनियरा, परतावल, शिकारपुर, सिंदुरिया होकर जायेगें।

# कार्मिक शतप्रतिशत पारदर्शिता के साथ संपन्न कराए मतगणनाः डीएम सत्येन्द्र




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सोमवार को जीआईसी ऑडिटोरियम बाराबंकी में सामान्य लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना में लगे कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक आरआर दामोर व जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने मतगणना कार्मिको को संबोधित किया। सामान्य प्रेक्षक आरआर दामोर ने मतगणना कार्मिको को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मतगणना कार्मिक निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना सम्बन्धी सभी प्रोसीजर फॉलो करें और किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न होने पाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कार्मिको को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मतगणना कार्मिक मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करे और ध्यान पूर्वक मतगणना प्रक्रिया को सम्पन्न कराए। मतगणना के दौरान शतप्रतिशत पारदर्शिता बरती जाए। मतगणना में लगे एजेंट को सभी डेटा नोट कराते हुए मतगणना सम्पन्न करें। कोई भी समस्या आने पर एआरओ को तुरन्त सूचित करें। मतगणना प्रक्रिया में लगे सभी अधिकारी और कर्मचारी समय से मतगणना केंद्र नवीन मंडी परिसर पर पहुँचे जिससे मतगणना की प्रक्रिया समय से शुरू की जा सके।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन, जॉइंट मजिस्ट्रेट काव्या सी, एडीएम अरुण कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक इंद्रसेन, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनर आशीष पाठक द्वारा मतगणना कार्मिको को परीक्षण प्रदान किया गया।

# मतगणना स्थल नवीन मंडी नो वेहिकल जोन घोषित

**बाराबंकी।** नवीन मण्डी मतगणना स्थल क्षेत्र में कानून व्यवस्था/यातायात व्यवस्था बनाए रखने को लेकर 4 तारीख को रामनगर तिराहा, नवीन मण्डी परिसर को नो वेहिकल जोन घोषित किया गया है। मतगणना अभिकर्ता/मतगणना कर्मी एवं अन्य विशिष्ट ड्यूटियों हेतु जिला प्रशासन की ओर से जारी किए गए अनुमन्य पास/पहचान पत्र के अलावा किसी भी प्रकार के व्यक्ति का प्रवेश नही होगा और मण्डी परिसर के 200 मीटर दायरे में पूर्णतयः प्रतिबन्धित है। रामनगर तिराहा, चौपुला सहित नवीन मण्डी आउटर कार्डेन में लगातार सतर्क निगरानी हेतु 57 सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। पटेल तिराहा, नाका सतरिख,रामनगर तिराहा, मतगणना स्थल आदि का ड्रोन कैमरा से स्थलीय निरीक्षण किया गया है तथा मतगणना के दिन भी ड्रोन कैमरा से सतर्क निगरानी की जाएगी। निर्देशित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति अनावश्यक मतगणना स्थल की तरफ न जाए। यदि किसी भी व्यक्ति ने कानून व्यवस्था व शांति व्यवस्था में खलल डालने का प्रयास किया तो उसके विरुद्ध कठोरकार्यवाही की जाएगी।

# समाजवाद का असली प्रहरी थे जॉर्ज फर्नांडिसः राजनाथ

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट के तत्वावधान में सोमवार को पूर्व रक्षा मंत्री जार्ज फर्नांडीज की जयंती मनाई। इस मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए लोगों ने उन्हें कमजोरों, मजलूमों और मजदूरों का मसीहा बताया। जॉर्ज फर्नांडिस के साथी रहे समाजवादी चिंतक राजनाथ शर्मा ने उन्हें समाजवाद का असली प्रहरी बताया। कहा कि वे मजदूरों के जीवन उत्थान के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। मजदूरों और मजलूमों के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष किया। मजदूरों की भलाई के लिए आवश्यक है कि जार्ज फर्नांडीज के विचारों को अपनाते हुए उनके पद चिन्हों चलने की जरूरत है। श्री शर्मा ने कहा कि जॉर्ज फर्नांडिस मंगलुरु में हुए और जब वे रोमन कैथोलिक पादरी बनने का प्रशिक्षण ले रहे थे, तब उनका रुझान ट्रेड यूनियन राजनीति की ओर हुआ। 1967 के संसदीय चुनावों में मुंबई में एक कांग्रेसी दिग्गज पर आश्चर्यजनक जीत के बाद वे प्रसिद्धि में आए। 1974 में उन्होंने देशव्यापी रेलवे हड़ताल का आयोजन किया। इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा 1975 में लगाए गए आपातकाल के दौरान, जॉर्ज फर्नांडिस को सरकारी प्रतिष्ठानों और रेलवे पटरियों को उड़ाने के लिए ÷बड़ौदा डायनामाइट षड्यंत्र÷ के नाम से गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने जेल से ही 1977 का चुनाव लड़ा और बिहार के मुजफ्फरपुर निर्वाचन क्षेत्र से भारी मतों से जीत हासिल की। जॉर्ज फर्नांडिस आपातकाल के नायक बन गए। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने जॉर्ज फर्नांडिस की आवाज को हमेशा जिंदा रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक सरवर अली खान, जिला सहकारी विकास समिति के पूर्व निदेशक शिवशंकर शुक्ला, विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, सत्यवान वर्मा, अताउर्रहमान सज्जन, साकेत मौर्य, नीरज दूबे, अशोक जायसवाल, जमील उर रहमान, रामू वर्मा, विजय पाल गौतम, विनोद भारती आदि रहे।

# गड्ढे में गिरने से बालक की मौत

**मनकापुर, गोण्डा।** अबोध डेढ़ वर्षीय बालक की नल के पानी के लिए बने गड्ढे में गिरने से डूबकर मौत हो गयी। पिता की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। डुमिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्रामसभा बेनीपुर के मजरा बघमरवा में नंदन राजभर (40)के छः बच्चों में सबसे छोटा बेटा अंश उम्र करीब डेढ़ वर्ष की घर के सामने लगे सरकारी नल के बगल पानी के गड्ढे में डूबकर मौत हो गयी।मृतक अंश के पिता नंदन ने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूर है जो सुबह अपने काम पर जाने के लिए घर मे तैयार हो रहा था बेटा अंश घर के बाहर खेल रहा था नंदन की पत्नी लक्ष्मी देवी खेत गयी थी वापस आने पर अंश को घर के बाहर न देखकर आस पास तलाश करने लगी।घर के सामने लगे सरकारी नल के बगल बने पानी के गड्ढे में अंश डूबता हुआ दिखाई दिया पत्नी के शोर मचाने पर आसपास के लोगो ने पहुच कर अंश को बाहर निकाला तो उसकी मृत्यु हो चुकी थी।

# मतगणना को निष्पक्ष, सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा व पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा लोकसभा सामान्य



निर्वाचन चुनाव-2024 के मतगणना को निष्पक्ष, सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत मतगणना प्रक्रिया में लगे पुलिस अधिकारियों, जनपदीय पुलिस बल, पी0ए0सी0 व पैरामिलिट्री पुलिस बल (सी0ए0पी0एफ0) आदि को मतगणना स्थल नवीन गल्ला मण्डी समिति, इमिलिया गुरूदयाल बहराईच रोड गोण्डा में ब्रीफिंग/रिहर्सल/डीब्रीफिंग की गई। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतगणना को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने एवं चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था की पूरी तैयारिया कर ली गयी है। मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 05 प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, 25 निरीक्षक, 164 उ0नि0, 07 महिला उ0नि0 सहित करीब 1250 पुरुष एव महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है । जिनके पर्यवेक्षण हेतु 05 ष्ठ4स्क्स्तर के पुलिस अधिकारी लगाये गये है। तथा 02 अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी इस पूरी व्यवस्था के प्रभारी के रूप में लगाए गए हैं । इसके अतिरिक्त 02 कंपनी पी0ए0सी0 व 01 कम्पनी सी0ए0पी0एफ0 के जवानों की भी तैनाती की गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा ब्रीफिंग के दौरान उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारियों को उनकी ड्यूटी के बारे में विस्तार से बताया कि ड्यूटी के दौरान क्या करना चाहिए क्या नहीं करना चाहिए। ब्रीफिंग के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को समय से ड्यूटी पर पहुंचने तथा सभी पुलिसकर्मियों को मतगणना के दौरान पूरी गम्भीरता से अपनी ड्यूटी के निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। कोई भी पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी मतगणना टेबलों के पास न तो जायेगा और न ही ई0वी0एम0 को छुएगा। सभी अधिकारियो के नम्बर अपने पास रखने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित करने हेतु अवगत कराया गया।

समस्त कर्मियों को ड्यूटी के दौरान

# बाइक सवार की हुई मौत, चालक गंभीर रूप से घायल

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** बृजमनगंज थानाक्षेत्र के कोल्हई मार्ग पर लोहरसन पेट्रोल पंप के पास सोमवार दोपहर लगभग एक बजे बोलोरो गाड़ी एवं बाइक सवार मे आमने सामने से भीषण टक्कर हो जाने से बाइक सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घटना की सूचना बृजमनगंज को मिलते ही थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मृतक युवक एवं घायल युवक सीएचसी बृजमनगंज ले आयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक छद्दू पुत्र मंहगू 15 वर्ष अपने साथी विनय कुमार पुत्र वीरेंद्र 22 वर्ष निवासी नौडिहवा गुजरौलिया थाना बृजमनगंज के साथ मोबाईल का किस्त जमा करने जा रहा था जैसे ही बाइक चालक विनय ने पिकप से आगे निकलने की कोशिश की तभी सामने से आ रही बुलेरो से जोरदार टक्कर हो गई यह दुर्घटना इतना भीषण था कि बाइक सवार युवक छद्दू की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि बाइक चालक विनय गंभीर रूप से घायल हो गया।बृजमनगंज पुलिस ने ईलाज के लिए दोनों को सीएचसी बृजमनगंज ले आये जहां डाक्टरों ने छद्दू को मृत घोषित कर दिया तथा गंभीर रूप घायल विनय को ईलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया।घटना की सूचना सीएचसी पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है मृतक छद्दू के पिता मंहगू भट्ठा पर मजदूरी करते है थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा घटना स्थल से पिकप एवं बाइक को पुलिस कस्टडी में ले लिया गया है चालक फरार है।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किए अनुष्ठान



*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पंकज चौधरी की जीत सुनिश्चित करने तथा तीसरी बार भारत के पीएम नरेंद्र मोदी को बनाने के लिए पुरानी नौतनवा चौराहे के समीप स्थित श्री श्री माता काली के मंदिर में भारतीय जनता पार्टी के तमाम कार्यकर्ता, पदाधिकारियों के साथ पूजन हवन अनुष्ठान का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के जिला मंत्री सुधांशु वर्मा,मनोज जायसवाल,संस्कृत अग्रहरि, विनोद जायसवाल ,सुभाष यादव ,महेंद्र नाथ पांडे ,राधेश्याम यादव, अमित जायसवाल, शिव मद्धेशिया, विशाल वर्मा ,कृष्ण मोहन, राजेंद्र प्रसाद, उदयभान चौधरी ,सतीश जायसवाल, आशीष कुमार, सारंग जायसवाल ,प्रमोद जायसवाल, सुनील त्रिपाठी ,निखिल जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

अवधनामा



# भाजपा ने देश में सौहार्द व भाईचारा खत्म करने का कार्य किया: माता प्रसाद पांडेय

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सामाजिक रूप से भाजपा ने देश में सौहार्द बिगाडा व भाईचारा खत्म किया। जाति के खिलाफ जाति सम्प्रदाय के खिलाफ सम्प्रदाय को लड़वाने व संविधान द्वारा दिये गये आरक्षण को साजिशन खत्म करने के लिए बेरोजगारों से छल किया, पेपर लीक कराए, महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ाए, मणिपुर, हाथरस, महिला पहलवान, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक व आदिवासियों पर अत्याचार और सबसे खराब व्यवहार किये जाने की रिकॉर्ड बना।

उपरोक्त बातें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहीं। वह सोमवार को सपा कार्यालय पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आर्थिक रूप से इलेक्टोरल बाण्ड का ऐतिहासिक भ्रष्टाचार किया, इलेक्टोरल वाण्ड के माध्यम से पैसा कमाने के लिए मुनाफाखोरी को बढावा दिया जिसने महंगाई को बढाया। अपने फायदे के लिए भाजपा ने जनता पर बेतहाशा महंगाई थोप दी। नोटबंदी से व्यापार-कारोबार चैपट कर दिया। भ्रष्ट जीएसटी से छोटे दुकानदार तक को मंदी का शिकार बना दिया। किसानों की जमीन हडपनी चाही, काले-कानून लाने चाहे, खाद की बोरी की चोरी की, लाभकारी मूल्य नहीं दिया। 45 सालों की सबसे बडी बेरोजगारी में देश को धकेला। महंगाई से गरीब को और गरीब बना दिया। अमीरों के अरबों के लोन माफ किये लेकिन किसानों को ऋण के लिए आत्महत्या के लिए मजबूर किया। व्याज की दरें घटाकर मध्यम वर्ग की बचत को बेकार कर दिया, बैंकों में तरह-तरह के चार्ज और पेनल्टी से लोगों के खाते दीमक की तरह चट कर दिया है। नैतिक रूप से चंदे तक का पैसा खा गये, केयर फंड के नाम के आगे पीएम के नाम का

**भाजपा लोगों के शरीर-स्वास्थ्य से भी खिलवाड़ की दोषी है**

इस्तेमाल करके बाद में हिसाब देने से मना कर दिया, अपराधियों के कुकृत्यों पर परदा डाला। भाजपा लोगों के शरीर-स्वास्थ्य से भी खिलवाड़ की दोषी है। भाजपा ने बिना जाँचे परखे जानलेवा वैक्सीन लगवाई, कमीशन खाकर गलत दवाई को पास करके लोगों का जीवन खतरे में डाला। इसका सीधा असर जनता की सेहत पर पडेगा। भाजपा पीढ़ियों पर प्रहार की दोषी है। पत्रकार वार्ता में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के अलावा लोकसभा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी, विधायक सैय्यदा खातून, जिताध्यक्ष लाल जी यादव, नगर पालिका परिषद बांसी की अध्यक्ष चमन आरा, मो इद्रीश पटवारी आदि भी मौजूद रहे।

## अंतरजनपदी शातिर चोर गिरफ्तार

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** पखवाड़ा भर पूर्व घर के सामने से चोरी हुई बोलेरो को जलालपुर क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में मालीपुर पुलिस व स्वाट टीम ने तीन अंतर जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार किया , जिनके पास से एक अदद बोलोरो गाड़ी, दो गाड़ी के इंजन तथा एक अदद बोलेरो का कटा हुआ पार्ट बरामद हुआ । पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया। विदित हो कि शिक्षक सुभाष बिन्द निवासी रुदौली थाना खेतासराय जनपद जौनपुर जो बैरागल जूनियर विद्यालय में तैनात हैं और यह मालीपुर थाना क्षेत्र के मालीपुर धवरुआ रोड मनोज चौहान के यहां किराए के मकान में रहते थे, इनकी बोलोरो बीते 12 मई को घर के सामने से चोरी हो गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया था इसी बीच रविवार को मालीपुर थाना के उप निरीक्षक हवलदार सिंह यादव हमराही विनोद प्रचेता, अतपकुमार व अमर सिंह के साथ मोटरसाइकिल से क्षेत्र की देखभाल में लगे हुए थे। तभी मुखबिर ने सूचना दिया की एक स्लेटी रंग की बोलेरो में तीन व्यक्ति नेमपुर पुल के पास खड़ा किए हैं।

# पशु पक्षियों के पानी की व्यवस्था के लिए घर-घर बांटे गए बर्तन

## नन्ही सी चिड़िया अभियान अंर्तगत मिट्टी का बर्तन वितरित किया गया



दिशा वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष राहिब रिज़्वी ने सोमवार को घर घर मिट्टी का बर्तन बांटकर लोगों को जागरूक किया

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बेजुबान चिड़ियों को दाना पानी देने के उद्देश्य से सामाजिक संगठन दिशा वेलफेयर सोसायटी के बैनर तले एक नन्ही सी चिड़िया अभियान चलाया गया।

सोसायटी के अध्यक्ष राहिब रिज़्वी ने सोमवार को घर घर मिट्टी का बर्तन बांटकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने सभी से आवाहन किया कि दिशा वेलफ़ेयर सोसाइटी द्वारा चलाई जा रही नन्ही सी चिड़िया अभियान का हिस्सा बनें और इस भीषण गर्मी में अपने छतों पर बेजुबान पंछियों के लिए एक मिट्टी के बर्तन में पानी और एक मिट्टी के बर्तन में दाना अवश्य रखें। उन्होंने बताया कि हम सभी जागे और संकल्प लें और चर्चा के माध्यम से जन जन को जागरूक करे। इन मासूम पंछियों को बचाने का और इनके लिए दाने पानी की व्यवस्था करना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। गर्मियों में बेजुबान पशु, पंक्षी भूख और प्यास की वजह से न मरें ये हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया गौरैया सहित बहुत सारी चिड़िया इस समय विलुप्त होने के कगार पर हैं उनका संरक्षण किया जाना बहुत जरूरी है इसके लिए सभी को एक साथ मिलकर इस मुहिम में आगे आना चाहिए।

## मतगणना को लेकर यातायात रुट डायर्वजन

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मतगणना को लेकर यातायात रुट डायर्वजन किया गया है। प्रभारी यातायात ने बताया कि ऐसे बड़े तथा चार पहिया वाहन जो उसका, धानी की तरफ से आ रहे है तथा जिनको बर्डपुर, मोहाना व लोटन की तरफ जाना है, ऐसे वाहन पकड़ी तिराहा, सनई चौराहा, साड़ी व जमुआर घाट होते हुए अपने गन्तव्य को जायेगए। ऐसे बडे तथा चार पहिया वाहन जो बर्डपुर, मोहाना की तरफ से आ रहे है तथा जिनकों उसका, धानी व महराजगंज की तरफ जाना है ऐसे वाहन साड़ी तिराहा, सनई चौराहा व पकड़ी तिराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे तथा ऐसे वाहन जिनकों जनपद मुख्यालय, रोडवेज बस स्टैण्ड व रेलवे स्टेशन की तरफ जाना है, ऐसे वाहन स्वामी विवेकानन्द चौक, पेट्रोलपम्प तिराहा व सिद्धार्थ तिराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे। उक्त डायवर्जन आक्समिक सेवा वाहनों पर प्रभावी नहीं होगी।

## निर्बाध यातायात संचालन/ पार्किंग स्थल के लिए किया गया रूट व्यवस्था

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मतगणना के दृष्टिगत निर्बाध यातायात संचालन किये जाने हेतु किया गया है यातायात प्रबन्ध। मतगणना स्थल पर जाने वाले समस्त वाहन हाईडिल तिराहे से बेलहिया मोड़ व सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल होते हुये मण्डी स्थल के निकट बने पार्किंग स्थल 1, पार्किंग स्थल 2 व पार्किंग स्थल 3 मे वाहन खडा करेगें। पार्किंग नं0 1- मण्डी से दक्षिण व रोड से पूरब अधिकारीगण के वाहन हेतु पार्किंग व्यवस्था की गयी है। पार्किंग नं0 2- मण्डी से दक्षिण व रोड से पश्चिम प्रत्याशी, एजेण्ट के वाहन हेतु पार्किंग व्यवस्था की गयी है। पार्किंग नं0 3- मण्डी से दक्षिण व रोड से पश्चिम मतगणनाकर्मी एवं पुलिसकर्मी के वाहन हेतु पार्किंग व्यवस्था की गयी है। पार्किंग नं0 4- उपरोक्त पार्किंग के अतिरिक्त काशीराम आवास योजना के बगल के ग्राउंड मे भी पार्किंग की व्यवस्था की गयी है, जहां वाहन खड़ा करके मतगणना स्थल की तरफ जाने वाले एजेंट पैदल उसका मुख्य मार्ग पर स्थित नवीन मंडी मोड़ से जा सकते हैं। प्रभारी यातायात ने बताया कि उक्त रूट व्यवस्था, आक्समिक सेवा वाहनों पर प्रभावी नही होगा।

## मालीपुर चौराहे पर सुलभ शौचालय नहीं होने से यात्रियों को होती है दिक्क़त

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानी तहसील जलालपुर अंतर्गत मालीपुर चौराहे पर सुलभ शौचालय न होने के कारण आने जाने वाले यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ज्ञातव है कि मालीपुर चौराहा एक बड़ा चौराहा है और यहां रेलवे स्टेशन भी है अकबरपुर से शाहगंज तक तमाम सवारियां आती जाती हैं यदि यहां एक सुलभ शौचालय बन जाए तो आने जाने वाले यात्रियों को सोच की सुविधा हो जाए आए दिन राहगीर इस समस्या से जुड़ते हुए इधर-उधर सोच के लिए भटकते रहते हैं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता हरिहर प्रसाद यादव ने जिलाधिकारी अंबेडकर नगर से मालीपुर चौराहे पर एक सुलभ शौचालय बनवाने की मांग की है।

## मतगणना की सभी तैयारियां पूरी, रिजल्ट आज

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** आयुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या श्री गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक श्री प्रवीण कुमार, जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ द्वारा मतगणना 04 जून 2024 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत मतगणना स्थल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन,उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक समस्त सहायक रिटर्निंग आफिसर मौके पर उपस्थित रहे। इस दौरान आयुक्त महोदय तथा पुलिस महा निरीक्षक द्वारा विधानसभा कटेहरी, आलापुर, जलालपुर ,टांडा ,अकबरपुर मतगणना कक्ष तथा पोस्टल बैलेट कक्ष व मीडिया सेंटर का जायजा लिया गया तथा आयुक्त महोदय, पुलिस महानिरीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अवगत कराना है कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देश के क्रम में भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रत्येक फ्लोर पर एक अस्थाई अस्पताल स्थापित कर दिया गया है साथ ही साथ हर विधानसभा के मतगणना स्थल पर चिकित्सक की टीम नियुक्त भी कर दिया गया है।

# जिला इकाई का अधिवेशन एवं जिला कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** डिप्लोमा फार्मेसिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की जिला इकाई का अधिवेशन एवं जिला कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। सर्वसम्मति जिलाध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध हुआ। बाद में चुनाव अधिकारी ने निर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। नवनियुक्त पदाधिकारियों में सुनील कुमार चौबे एक बार पुनः जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए। जबकि पहली बार सत्येंद्र द्विवेदी जिला मंत्री के रूप में चयनित किए गए।

माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के सभागार में सोमवार को डिप्लोमा फार्मेसिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन के द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव में संगठन के प्रांतीय सचिव एवं पर्यवेक्षक प्रद्युम्न सिंह, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी एवं चुनाव अधिकारी आनंद सिंह, संगठन के मंडलीय अध्यक्ष एवं सह चुनाव अधिकारी नीरज सिंह की मौजूदगी में जिला कार्यकारिणी के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। इस दौरान सामूहिक रूप से सहमति जताया गया। बाद में चुनाव अधिकारी ने सभी पदों पर निर्विरोध पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की। इनमें सुनील कुमार चौबे जिलाध्यक्ष, जीसी शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राज कमल त्रिपाठी उपाध्यक्ष, सत्येंद्र द्विवेदी मंत्री, देवी प्रसाद श्रीवास्तव संगठन मंत्री, इरफान संयुक्त मंत्री, सीबी सिंह कोषाध्यक्ष, चंद्रभान तिवारी संप्रेक्षक के रूप में निर्वाचित घोषित किए गए। सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एके झा ने कहा कि संवर्ग के हितों को लेकर सदैव सजग रहना ही संगठन की सार्थकता को सिद्ध करता है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन संतकबीरनगर के जिलाध्यक्ष वीपी शर्मा ने कहा कि एकजुटता का प्रदर्शन करने से ही मांगों का निदान संभव

**सर्वसम्मति जिलाध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों का चयन हुआ निर्विरोध**

होगा। इसके लिए सामूहिक रूप से ताकत का एहसास कराना होगा। संचालन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक त्रिपाठी ने किया। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन के कार्यक्रम में संवर्ग के कार्यरत वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त साथियों को सम्मानित किया गया। इनमें वाईके द्विवेदी, शिवाकांत पांडेय, प्रमोद कुमार मिश्रा, अजय सिंह, अशोक मिश्रा, दूधनाथ तिवारी, ओपी चौधरी, शिवपूजन मणि त्रिपाठी थे। इस मौके पर नागेश पांडेय, मृत्युंजय पांडेय, अंकित त्रिपाठी, राकेश कुमार कर पाठक, त्रिलोकी नाथ त्रिपाठी, अशोक दुबे, दयानंद मणि त्रिपाठी, सूर्य प्रकाश पांडेय, उदयराज, संजय कुमार आदि उपस्थित थे। अंत में संगठन के जिला मंत्री रहे बी. नारायन के आकस्मिक निधन पर दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## 928 दिन के कठिन प्रशिक्षण के बाद अग्निवीर रंगरूट बने

**फर्रुखाबाद।** गौरवशाली भारतीय सेना में शामिल होना हर भारतीय युवा का सपना होता है किन्तु कुछ ही युवाओं का यह सपना पूरा हो पाता है। ऐसे ही 928 भाग्यशाली रिक्रूट के 31 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण के बाद भारतीय सेना की राजपूत बटालियन की पासिंग आउट परेड़ के बाद भारतीय सेना का अंग बने जिसमें सर्वोत्तम अग्निवीर सैनिक लक्ष्य गुर्जर को सर्वोत्तम कैड़ेट का मेडेल रेजिमेन्ट के कमान्ड़ेन्ट ब्रिगेडियर एच एस सन्धु ने प्रदान किया। परेड की सलामी राजपूत रेजिमेन्ट के कमान्ड़ेन्ट ब्रिगेड़ियर एच एस सन्धु ने ली। सलामी के बाद ब्रिगेड़ियर ने सैनिकों को सम्बोधित करते हुये अग्निवीर सैनिकों के साथ साथ उनके परिवारीजनों को मुबारकबाद दी। फतेहगढ़ कैन्ट के राजपूत रेजिमेन्ट के करिअप्पा परेड़ ग्राउन्ड़ पर सोमवार को एक भव्य वासिंग आउट परेड़ का आयोजन किया गया जिसमें शामिल 928 सैनिकों को भारतीय सेना में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## शिक्षक मोहम्मद अनवर को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के लिये किया गया चयन



**टांडा/अम्बेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** शिक्षाविद् एवं शिक्षक मुहम्मद अनवर खान को 9 जून को गालिब एकेडमी दिल्ली द्वारा आयोजित एक समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। टांडा कस्बे के रहने वाले अनवर खान एक प्रतिभाशाली शिक्षक के साथ-साथ कवि और शायर भी हैं। उनकी तमाम कविताएं और लेख कई किताबों में प्रकाशित हो चुके हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल ने अनवर द्वारा शिक्षा में किये गये नवाचार की सराहना की और प्रांतीय कहानी प्रतियोगिता में टीएलएम को सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्हें बरेली में उत्तर प्रदेश पारस रतन सम्मान 2024 से भी सम्मानित किया जा चुका है। शिक्षण और सीखने की दुनिया में उनकी कई सेवाओं को मान्यता देते हुए, राष्ट्रीय उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ ने उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित करने की भी घोषणा की है। लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए चुने जाने पर मोहम्मद अनवर खान को जावेद सिद्दीकी एडवोकेट, जमाल अख्तर, अनिल कुमार, अरशद कमाल, डॉ. फारुक, मजहर रब्बानी, फैजुल नूर अंसारी, सरफराज अहमद, नायाब अहमद, मौलाना शमशाद आदि ने बधाई दी है।

## एसडीएम और नगर पालिका की तत्परता से गाय को बचाया गया

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** मोहल्ला चुरखी बाल में छौलापुर रोड पर सुबह एक गाय नाले में गिर गई थी। नाले में गिरने की वजह से गाय के पैर में काफ़ी चोट आई थी। कुछ राहगीरों की मदद से गाय को निकाल कर ऊपर कर दिया गया था। लेकीन पैर में अधिक चोट लग जानें से गाय खड़ी नहीं हो सकती थी। धूप अधिक होने पर गाय बुरी तरह तड़प रही थी और वह मर्णासन्न अवस्था में पहुंच गई थी ।तभी यह जानकारी एस डी एम अतुल कुमार को लगी। उन्होने तुरंत नगर पालिका को और पशु चिकित्सक को तुरंत मौके पर पहुंचने को कहा। मौके पर पहुंचे नगर पालिका एस आई देवेंद्र सिंह ने गाय का उपचार कराया और उसको गौ शाला भेजा।

## स्ट्रांग रूम/मतगणना स्थल का आयुक्त ने किया निरीक्षण, दिया आवश्यक निर्देश

# मतगणना से संबंधित सभी तैयारियां कर ली गई हैं पूर्ण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सोमवार को स्ट्रांग रूम/मतगणना स्थल मण्डी समिति का आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह द्वारा आई.जी. बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज, जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेन्द्र कुमार के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा मतगणना के लिए विधानसभा वार बनाए गए टेबलों, मतगणना कार्मिकों तथा उम्मीदवारों के मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि मतगणना से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है विधानसभा वार 14 टेबलों पर ( कुल 70 टेबल ) मतगणना संपन्न कराया जाएगा पोस्टल बैलेट की मतगणना हेतु 9 टेबल बनाए गए हैं प्रत्येक विधानसभा में 1आरो टेबल भी बनाया गया है जहां से प्रत्येक राउंड की सूचना उपलब्ध कराई जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था एवं वाहनों की पार्किंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना स्थल पर वाहनों को जाने नहीं दिया जाएगा उसके लिए मतगणना स्थल के बगल में चिन्हित स्थल पर अधिकारियों/ कर्मचारियों, उम्मीदवारों, उनके मतगणना अभिकर्ता एवं मतगणना कार्मिकों के वाहनों को पार्क कराया जाएगा। मतगणना स्थल पर पर्याप्त मोबाइल टॉयलेट व पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मतगणना स्थल पर सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। मतगणना कार्मिकों को गेट नंबर 1 से एंट्री दी जाएगी तथा उम्मीदवारों, उनके मतगणना अभिकर्ता एवं मीडिया प्रतिनिधियों की एंट्री गेट नंबर 2 से कराई जाएगी। मतगणना का कार्य मा. प्रेक्षक की अनुमति एवं मतगणना अभिकर्ताओं की उपस्थिति में शुरू कराया जाएगा। आयुक्त अखिलेश कुमार सिंह ने निर्देश दिया कि मतगणना से संबंधित सभी कार्य भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार ही कराया जाए। मतगणना के समय भी आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी है जबतक इससे संबंधित भारत निर्वाचन आयोग का नोटिफिकेशन जारी नहीं हो जाता। मतगणना स्थल पर किसी भी प्रत्याशी की जीत होने पर किसी भी प्रकार का विजय जुलूस न निकलने दिया जाए। समस्त उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी निरन्तर निगरानी बनाए रखें। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चार पहिया वाहन चोरो के गैंग को पकड़ा

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** जिले की पुलिस को चार पहिया वाहन चोरों के गैंग को पकड़ने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। जिले के मालीपुर पुलिस टीम द्वारा थाना मालीपुर क्षेत्र अन्तर्गत हुई बोलेरो चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त 03 शातिर अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। थाना मालीपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान नेमपुर पुल के पास एक स्लैटी रंग की बोलोरो में तीन व्यक्ति को रोककर पूछताछ करने लगी और गाड़ी के कागजात मांगा तीनों युवकों ने कोई कागजात दिखा सके पुलिस के सवाल जबाब से टूट गए और चोरी की बोलेरो होने के बात काबुल किया उनके निशान देही पर पुल के नीचे एक बोलोरो कटी फटी पार्ट को बरामद किया जिसे बेचने के फिराक में है । पुलिस ने अंतर्जनपदीय शातिर चोर मो0 मशरुर उर्फ मशरुफ पुत्र महफूज निवासी लखमापुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर, मो0 ठन्नू पुत्र स्व0 फिटकरी निवासी हारिकापुरा थाना खुटहन जनपद जौनपुर, मो0 अदनान उर्फ सोनू पुत्र शहाबुद्दीन निवासी भरेठी थाना सराय ख्वाजा जनपद जौनपुर को पकड़ने में सफलता प्राप्त किया । बोलोरो व गाड़ी व 02 अदद इंजन बरामद किया ये लोग गाड़ी चुराकर ग्राहको को बेंच देते हैं। यदि ग्राहको को बेच नहीं पाते है तो छिपाकर उसको कटवा कर कबाड़ी को बेच देते है । मौके पर जो स्लैटी रंग की बोलोरो को तीनो शातिर चोरों ने जनपद जौनपुर थाना क्षेत्र नेवढिया के ग्राम बेनीपुर से चोरी किये थे। जिसका नं0 यूपी 65 एडब्ल्यू 7608 है जिसको छिपाने के लिए नं0 बदल कर नं0 यूपी 67 डी 1632 कर दिये है जिससे पकड़े न जा सके तथा बोलरो में रखे 2 अदद इंजन के सम्बंध स्पष्ट नही बता सके । तथा थाना क्षेत्र मालीपुर के मालीपुर क्रासिंग के पास से दि0 12/05/24 को बोलोरो चोरी कर उसको कटवा कर बाडी व कुछ पार्ट नेमपुर पुल के नीचे छिपा कर रखे है । जिन्हे बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे थे कि तब तक आप लोग पकड़ ही लिये। तीनो व्यक्तियो की निशान देही पर नेमपुर पुल के नीचे देखा गया तो एक अदद बोलोरो कटी- पिटी कुछ पार्ट बरामद किया।

# पूर्व में निर्मित अधिवक्ता भवन को तोड़कर नए निर्माणधीन अधिवक्ता भवन को लेकर अधिवक्ताओं में रोष

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील परिसर में विधायक निधि से अधिवक्ताओं के बैठने हेतु एक स्थान बनाया जा रहा है। पूर्व में सांसद निधि से बने अधिवक्ता भवन को तोड़कर नया अधिवक्ता भवन का जो निर्माण कराया जा रहा है वह उस पूरे एरिया में नही कराया जा रहा है, जिस पर पहले निर्माण था, बल्कि राजनीति के चक्कर में कुछ एरिया जान बूझकर तोड़कर खाली छोड़कर, शेष भूभाग में निमार्ण कराया जा रहा है, जो कि चर्चा का विषय बना हुआ है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाते हुए बताया कि पूर्व में सांसद निधि से 110 फिट लंबा और 15 फिट चौड़ा अधिवक्ता भवन निर्मित किया गया था जब कि मौजूदा समय में उसको तोड़कर केवल 100 फिट लंबा और 15 फिट चौड़ा अधिवक्ता भवन का

**पूर्व में बने अधिवक्ता भवन को तोड़ने से अधिवक्ता खुले आसमान या इधर उधर भटकने पर मजबूर**

निर्माण कराया जा रहा है। अधिवक्ताओं ने बताया कि जानबूझकर 10 फिट के स्थान को तोड़कर छोड़ दिया गया है।, जिससे अधिवक्ता खुले आसमान या इधर उधर बैठने को मजबूर हो गए हैं। पूर्व में सांसद निधि से बनाए गए अधिवक्ता भवन/शेड जहां पर नवनिर्माण नही कराया जाना था उसको ध्वस्त कराने और खाली छोड़ने का कोई औचित्य भी नही हैं। अधिवक्ता शक्ति प्रकाश ने बार एसोसिएशन डुमरियागंज के अध्यक्ष को पत्र देकर उचित कार्यवाही की मांग की हैं। अवर अभियंता वैभव सिंह ने बताया कि 100 फिट की स्वीकृति मिली है शेष भाग जो गलती से टूट गया है उसे बनवा दिया जायेगा।

## मानक विहीन बताते हुए पूर्व में निर्मित अधिवक्ता भवन के मलबे के उपयोग का लग रहा है आरोप

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील परिसर में विधायक निधि से अधिवक्ताओं के बैठने हेतु जो स्थान बनाया जा रहा है, अधिवक्ताओं ने निर्माण के कार्य को पूर्ण रुप से गुणवत्ता विहीन बताते हुए बार एसोसिएशन डुमरियागंज के अध्यक्ष को पत्र देकर उचित कार्यवाही की मांग की हैं, अधिवक्ता शक्ति प्रकाश ने पत्र देकर बताया हैं कि निर्माण के नींव पिलर की खुदाई कर ली जाए तो वह मानक विपरीत है वही पिलर में सरिया बहुत ही कम मात्रा में उपयोग हुआ है। अवर अभियंता से बात करने पर उन्होंने यह जवाब दिया कि कार्य मानक के अनुरूप है, जबकि निर्माण में चार सारिया डालकर पिलर खड़ा कर ढलाई कर दिया गया है। पहले में बने अधिवक्ता भवन को तोड़कर बनाया जा रहा है, यदि यह एक किनारे से बना होता और आगे की तरफ बढ़ते क्रम में बनता तो सभी अधिवक्ता बंधुओं को लाभ मिलता पर अवर अभियंता द्वारा जानबूझकर कुछ एरिया छोड़कर निर्माण कराया जा रहा है तथा अधिवक्ता भवन का निर्माण व्यक्तिगत लोगों को लाभ देने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। कार्यस्थल पर इनके द्वारा निर्माण के बाबत कोई भी डिस्प्ले बोर्ड/साइन बोर्ड अब तक नही लगाया गया है, जबकि जिम्मेदार की अनुपस्थिति में छत की ढलाई की जा चुकी है। इनके द्वारा पुराने अधिवक्ता भवन के ध्वस्त कराए जाने के उपरांत मिले ईट, रोड़े, सरिया आदि मलवे का इस्तेमाल नव निर्माण के प्लिंथ बीम के नीचे में कर लिया गया है। अधिवक्ता भवन के नव निर्माण में घोर अनियमिता की गई है जिसका ब्योरा दौरान जांच मौके पर दिखाया जायेगा। इस प्रकार से सरकारी धन का दुरुपयोग, बंदरबाट किया जा रहा है। अपने पत्र के माध्यम से निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराकर उस भवन को गुणवत्तापूर्ण व सही जगह पर निर्माण कराने का अनुरोध किया है, जिससे ज्यादा से ज्यादा अधिवक्ता बंधुओं को लाभ मिल सके।

## भाजपा प्रतिनिधिमंडल मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिला

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार शाम को मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश से जनपथ स्थित उनके कार्यालय में भेंट कर ज्ञापन सौंपा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य, श्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व प्रदेश चुनाव समिति के प्रमुख श्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहसंयोजक श्री जेपीएस राठैर, अखिलेश अवस्थी एड्वोकेट सम्मिलित हुए। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आशंका व्यक्त की कि समाजवादी पार्टी द्वारा 4 जून 2024 को मतगणना के दौरान दंगा व हिंसा कराने की साजिश की सूचनाएं मिली है।

सपा प्रमुख की प्रेस कांफ्रेस में कही गई बातों से सपा कार्यकर्ता उत्तेजित होकर अराजकता फैलाने की तैयारी कर रहे है। प्रतिनिधि मंडल ने आयोग से उपरोक्त बातों को संज्ञान में लेकर मतगणना के दौरान अराजकताया दंगा करने के उद्देश्य से जमावड़ा करने वाले विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं को रोकने व मतगणना को शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने हेतु सख्त निर्देश देने का अनुरोध किया।

## मोदी का एग्जिट पोल

मोदी की सोच और कार्यशैली मौलिक होती है। चुनाव का आखिरी दौर खत्म हो चुका है। पार्टियां विभिन्न एजेन्सियों द्वारा सम्पादित एग्जिट पोल टीवी पर देख रही है। तब मोदी ध्यान से जागृति अवस्था में दिल्ली पहुंचे और पार्टी के साथ उनकी पार्टी द्वारा तैयार एग्जिट पोल पर विचार विमर्श कर रहे है। मोदी का इरादा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है। उसी के अनुरूप अपना कार्यक्रम निर्धारित करने में लगे हुये है। अगर नतीजा जैसी उम्मीद है भाजपा के पक्ष में रहा तो 10 जून को शपथ ग्रहण समारोह होगा।

मोदी भाजपा मुख्यालय में वरिष्ट नेताओं और कार्यकर्ताओ के साथ कार्यकर्ताओं द्वारा तैयार किये एग्जिट पोल की समीक्षा में लगे हुये है। भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ पर उपस्थित रहकर मतदाताओं से फीडबैक ले रहे थे, उनकी बाडी लैग्वेज को पढ़ रहे थे। भाजपा के पोलिंग एजेन्ट अपनी सीटों का एग्जिट पोल पार्टी मुख्यालय भेज रहे है जहां उनकी एनलसिस चल रही है। अपने एग्जिट पोल के आधार पर पार्टी अपनी सरकार बनाने के लिये अवश्वस्त है। अब 4 जून का इन्तजार सीटो को जीतने को लेकर है। हालाकि लक्ष 370 का रक्खा है।

एग्जिट पोल के आधार पर पार्टी गैर एनडीए दलों से भी बात करेगी। वह चाहती है गैर कांग्रेसी दल एनडीए में शामिल हो जाय। इस क्रम में लोकसभा चुनाव के बाद जनता दल, अकाली दल, बसपा, अन्नाद्रमुक से भी बात करने की तैयारी में है। इसबार भाजपा का लक्ष बहुत बड़ा है। इसलिये अधिक से अधिक पार्टियों को अपने साथ रखने के लक्ष से काम कर रही है। आगे बढ़ रही है। अपने बलबूते पर सरकार बना सकने के लिये तो अवश्स्त है। पर इसबार बहुत बड़े लक्ष रखा उसे हासिल करने के राणनीति से आगे बढ़ रही है। इसके लिये ज्यादा से ज्यादा पार्टियों के सहयोग के लिये आतुर है। 2047 के बड़े लक्ष को ध्यान में रखकर मोदी प्रभावी नीति बनाने के लिये सबका हाथ सबका साथ मांग रहे है। सिर्फ सरकार बना लेने के लक्ष से बहुत ऊपर उठकर ही बड़ा लक्ष हासिल किया जा सकता है इसे मोदी भंली भाति समझ रहे है। उनके पार्टी नेता और सहयोगी उनकी लगन देख उत्साहित है। उत्साह का ज्वार निचले स्तर तक के कार्यकर्ताओं में भी हिलोरे मार रहा है। यह मोदी के नेतृत्व का चमत्कार है। सभी को यकीन है मोदी जो कहेगे उसे पूरा करेगे। अब शपथग्रहण समारोह के लिये शुभ दिन का निर्धारिण किया जा रहा है। मोदी, भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं को अग्रिम बधाई।

## सूरज का साक्षात्कार

**हरी राम यादव**

पिछले कुछ दिनों से जल, थल और नभ में सूरज की तपिश का तीव्र सिलसिला जारी है। पृथ्वी के थलचर, जलचर और नभचर प्राणियों में हाहाकार मचा हुआ है। जिधर देखो उधर गर्मी से परेशान मनुष्य आपस में एक ही बात कर रहे हैं - भइया बहुत गर्मी है, ऐसी गर्मी पहले कभी नहीं पड़ी। जीव - जन्तु, पशु - पक्षी प्यास और गर्मी के मारे परेशान होकर छाया और पानी की खोज में इधर उधर भाग रहे हैं। कहीं कहीं पर तो बंदर, तोते और कबूतर पेड़ों से बेहोश होकर नीचे गिर पड़ रहे हैं। छुट्टा जानवर और नीलगाय तो घरों के आगे आकर पानी के लिए मनुष्य की ओर याचना भरी दृष्टि से देख रहे हैं। बेचारे कुत्तों का बुरा हाल है। दिन भर जीभ निकाले गंदी नालियों के पानी में लोटकर अपनी गर्मी शांत कर रह हैं। मई के आखिरी कुछ दिनों में तो प्रमुख नदियों के श्मशान घाटों पर मानव शवों की लाइन लग गई थी और जून में तेज गर्मी से मरने वाले लोगों का सिलसिला जारी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने तो गर्मी के प्रकोप से जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 4 लाख की अनुदान राशि देने की घोषणा भी कर दी है।

गर्मी के आतप से परेशान प्राणियों को देखकर मुझसे न रहा गया। मैंने सोचा कि क्यों न गर्मी के उत्पादक सूरज से मिलकर इसके बारे में पूछा जाए कि आखिर वह ऐसा क्यों कर रहे हैं? ऐसा करने के पीछे उनकी मंशा क्या है? सूरज एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व हैं, उनसे मिलना इतना आसान भी नहीं है। यह बात अलग है कि जब मैं दैनिक अभ्यास के लिए खेल के मैदान में जाता था तो वह मुझसे रोज मिलते थे । लेकिन मेरा स्वास्थ्य खराब होने के बाद हमारी उनसे मुलाकात नहीं हो पायी है। अब तो उनसे मिलने के लिए पहले उनसे बात करनी होगी। किन्तु उनसे बात करना आसान काम नहीं है क्योंकि पृथ्वी से सूरज की दूरी लगभग 14, 96, 00, 000 किलोमीटर है और पृथ्वी की ओर तीव्र गति से आने वाले प्रकाश को यहां तक पहुंचने में 8.20 मिनट का समय लगता है।

आजकल मीडिया में चर्चित लोगों के साक्षात्कार का खूब चलन है। मेरे दिमाग में आया कि क्यों न सूरज जैसे प्रतिभाशाली व्यक्तित्व का साक्षात्कार किया जाए। सूरज का साक्षात्कार करने से मेरा व्यक्तिगत फायदा भी है। एक दिन में ही मेरा नाम चमक जायेगा। जब सोशल मीडिया में सूरज का धमाकेदार साक्षात्कार आयेगा तब फालोवर की संख्या अरबों में पहुंच जाएगी। लेकिन साक्षात्कार के लिए पहले सूरज से सम्पर्क करना होगा। मैं अपने घर में बिना किसी को कुछ बताए हुए घर से बाहर निकला और उस खेल के मैदान की ओर चल पड़ा जहां उनसे पहले मुलाकात होती थी। आसपास देखा तो वहां बहुमंजिली इमारतों के आसपास कोई आम, महुआ, नीम, पीपल, बरगद या जामुन का पेड़ नहीं दिखाई पड़ा। सड़क से कुछ दूर हटकर एक मदार का पेड़ नजर आया । मैं उसी के नीचे जाकर सूरज से संपर्क स्थापित करने के लिए बैठ गया। काफी कोशिश के बाद लगभग 15 मिनट बाद मेरे मस्तिष्क की तरंगें सूरज से मिलने में सफल हो गयीं। तरंगों के मिलते ही मैंने सूरज का अभिवादन किया। मुझे कई महीने बाद देखते ही वह मुस्कराये और कहा कि आपके बारे में मुझे पता चल गया था। मेरी किरणों ने मुझे सब बता दिया था। अब आप कैसे हैं? मैंने कहा मैं अब ठीक हूं। फिर उन्होंने कहा कि मेरे पास आपका आने का क्या प्रयोजन है? कोई लेखक, साहित्यकार और पत्रकार बिना किसी विशेष उद्देश्य के कम ही मिलते जाते हैं। बात सही थी, मैंने हां में सिर हिलाया।

मैंने कहा कि आजकल आपकी तेज धूप से पृथ्वी पर हाहाकार मचा हुआ है। हर जीव जन्तु परेशान है और आप रोज अपनी धूप में इजाफा करते जा रहे हैं। हमारे देश में कुछ लोग दबी जुबान से कह रहे हैं कि आप पैसे वालों से मिलकर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करके उनका फायदा करवा रहे हैं। आप गरीबों और जीव जंतुओं को सता रहे हैं। आपकी निष्ठुरता के चलते बेघर लोगों की जान जा रही है। आपसे दोस्ती के कारण आपके बारे में यह सब बातें सुनकर मुझे बहुत खराब लगा। मैंने सोचा कि आपसे मिलकर आपका एक साक्षात्कार कर लूं और पृथ्वी वासियों के सामने आपकी बात को रखूं ताकि लोगों के बीच कोई भ्रम न रह जाए। साक्षात्कार के लिए सूरज सहर्ष तैयार हो गये और बोले कि ऐसी कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि आप जो भी पूंछना है पूंछिए। मैंने कहा कि साक्षात्कार ऐसे नहीं होता। आप मुझे बताइए कि मैं आपको दुबारा कब मिलूं।आप मुझे मिलने का समय दीजिए । उन्होंने कहा कि अभी साक्षात्कार कर लीजिए। आप जो पूंछेगें मैं आपके प्रश्न का उत्तर दूंगा। मैंने कहा महोदय आप हमें मिलने का समय दे दीजिए। मैं भी साक्षात्कार के लिए सज-धज कर आऊंगा और आप भी सज-धज कर आइयेगा। मैं आपको अपने सवाल दे देता हूं। आप जबाब तैयार करके रखिएगा, ताकि आपकी गरिमा बनी रहे। मेरी इस बात पर मेरी ओर देखकर सूरज मुस्कराये। उन्होंने कहा - ऐसा क्यों? पहले तो ऐसा नहीं होता था। पहले तो साक्षात्कार करने वाले इतने टेढ़े मेढे और उलझाऊ सवाल करते थे कि दिन में ही अंधेरा नजर आने लगता था। क्या आज पत्रकारिता में यह सब होने लगा है? यदि ऐसा हो रहा है तो बहुत ग़लत बात है!

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

हमने इन चुनावों में देखा है कि केवल झूठे आश्वासनों से मतदाता को गुमराह करने के दिन अब लद गये है। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि विभिन्न विपक्षी दल अपने को, समय को, अपने भारत को, अपने पैरों के नीचे की जमीन को पहचानने वाला साबित नहीं कर पाये हैं। जिन्दा कौमें पांच वर्ष तक इन्तजार नहीं करतीं, उसने चौदह गुना इंतजार कर लिया है। यह विरोधाभास नहीं, दुर्भाग्य है, या सहिष्णुता कहें? जिसकी भी एक सीमा होती है, जो पानी की तरह गर्म होती-होती 50 डिग्री सेल्सियस पर भाप की शक्ति बन जाती है। देश को बांटने एवं तोड़ने वाले मुद्दे कब तक भाप बनते रहेंगे?

# जीत के नये मानक गढ़ती भाजपा और निस्तेज होता विपक्ष

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद आए कई एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एडीए) को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। इन सर्वेक्षणों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालते हुए पूर्व के सारे रिकार्ड को ध्वस्त कर देंगे। मोदी ने



ललित गर्ग

लोकसभा चुनाव में अपने प्रभावी एवं चमत्कारी प्रदर्शन से जनता का दिल जीता है और उनके देश-विकास के कार्यक्रमों पर जनता ने मोहर लगाई है। विपक्ष के लिये जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि मुस्लिम तुष्टीकरण, मुफ्त की रेवडियां बांटने, संविधान बचाने के भ्रामक ड्रामा एवं देश तोड़ने की सोच से ऊपर उठकर विपक्ष की भूमिका का सार्थक करें। कोई भी एग्जिट पोल चुनाव परिणाम तो नहीं होता, लेकिन बातों ही बातों में चुनाव परिणामों की ओर इशारे कर जाता है, जो अक्सर समय की कसौटी पर सही साबित होते आये हैं, वास्तविक नतीजे मंगलवार 4 जून को देर शाम तक प्राप्त हो पाएंगे। जिसमें भाजपा एक बार फिर सारे मिथक तोड़ते हुए दिखाई दे रही है। भाजपा की सफलता को इसलिए भी बड़ा माना जा रहा है क्योंकि उसने सारे विपक्षी दलों के गठबंधन एवं शक्ति को मात दी। भाजपा न केवल अपनी सरकार बचाते हुए दिख रही है बल्कि भारत को एक नये युग में ले जाने के लिये प्रतिबद्ध दिख रही है। निश्चित ही सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने के लिये भाजपा एक लहर बन चुकी है और इस लहर ने पूरे मुल्क के स्वाभिमान को एक नई ऊंचाई दी है।

अब भारत का मतदाता परिपक्व हो चुका है, उसे जाति, धर्म, सम्प्रदाय के नाम पर गुमराह नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र जिस रूप में सशक्त हो रहा है, उसी के अनुरूप राजनीतिक चरित्र को गढ़ना होगा, उसके प्रति भी राजनीतिक दलों को एहसास कराना होगा, जहां से राष्ट्रहित, ईमानदारी और नए मनुष्य की रचना, सशक्त अर्थव्यवस्था एवं विकास की तीव्र रफ्तार, खबरदार भरी गुहार सुनाई दे। कोई भी दल हो, अगर ये एहसास नहीं जागता है तो मतदाता दिखा देता है उनको शीशा, वही छीन लेता है उनके हाथ से दियासलाई और वही उतार देता है सत्ता का मद। कहने का मतलब सिर्फ इतना सा है कि देश की सियासी फिजां को बदलने में विपक्षी दलों को अधिक ईमानदार, जिम्मेदार एवं पारदर्शी होना होगा। विपक्ष दल अपनी जिम्मेदारियां से भागते हुए देश से ज्यादा दल को महत्व देने का परिणाम इन चुनाव में देख लिया है। भाजपा की तुलना में अन्य दलों पर दाग ज्यादा और लम्बे समय तक रहे हैं। इन दलों को न केवल अपने बेदाग होने के पुख्ता प्रमाण देना होगा, बल्कि जनता के दर्द-परेशानियों को कम करने का रोड मेप तैयार करते हुए अपना विपक्षी होने के धर्म को निभाना होगा, तभी वे आदर्श विपक्ष के हकदार बन सकेंगे।



हमने इन चुनावों में देखा है कि केवल झूठे आश्वासनों से मतदाता को गुमराह करने के दिन अब लद गये है। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि विभिन्न विपक्षी दल अपने को, समय को, अपने भारत को, अपने पैरों के नीचे की जमीन को पहचानने वाला साबित नहीं कर पाये हैं। जिन्दा कौमें पांच वर्ष तक इन्तजार नहीं करतीं, उसने चौदह गुना इंतजार कर लिया है। यह विरोधाभास नहीं, दुर्भाग्य है, या सहिष्णुता कहें? जिसकी भी एक सीमा होती है, जो पानी की तरह गर्म होती-होती 50 डिग्री सेल्सियस पर भाप की शक्ति बन जाती है। देश को बांटने एवं तोड़ने वाले मुद्दे कब तक भाप बनते रहेंगे? भाजपा को चुनौती देनी है तो विपक्षी दलों को अपना चरित्र एवं साख दोनों को नये रूप में एवं सशक्त रूप में प्रस्तुति देनी होगी। अन्यथा इन लोकसभा चुनावों की तरह आगे के जितने भी चुनाव होंगे उनके चुनाव परिणाम इसी तरह निराश करते रहेंगे।

इससे विचित्र और हास्यास्पद और कुछ नहीं कि कांग्रेस समेत अन्य इंडिया गठबंधन से जुड़े दल एक ओर जोर-शोर से यह दावा करने में लगे हैं कि उनके गठबंधन को लोकसभा चुनाव में 295 सीटें मिल रही हैं, सपा नेता अखिलेश उत्तरप्रदेश में 80 में 79 सीटों पर जीत का दावा किया, जब एग्जिट पोल ने उनके इन दावों की पोल खोल दी, आज घोषित हो रहे चुनाव परिणामों में भाजपा जब ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है तो विपक्षी दलों के नेता मतगणना में गड़बड़ी की निराधार आशंकाएं जताकर भ्रम फैलाने में लगे हैं। भ्रम फैलाने की इसी कोशिश के तहत कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने यह अनर्गल दावा किया कि मतगणना को प्रभावित करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने देश के 150 जिलों के जिलाधिकारियों को फोन किया है। उन्होंने यह बेतुका आरोप लगाते हुए यह समझा होगा कि इससे उन्हें एक फर्जी नैरेटिव खड़ा करने में मदद मिलेगी और उनकी हार पर पर्दा पड़ जायेगा। यह विडम्बना एवं विसंगति विपक्षी दलों को मजबूत करने की बजाय लगातार कमजोर ही कर रही है। वैसे भी भारत में जितने भी राजनैतिक दल हैं, सभी ऊंचे मूल्यों को स्थापित करने की, आदर्श की बातों के साथ आते हैं पर सत्ता प्राप्ति की होड़ में सभी एक ही संस्कृति को अपना लेते हैं। मूल्यों की जगह कीमत की और मुद्दों की जगह मतों की राजनीति करने लगते हैं। चुनावों की प्रक्रिया को ही नहीं, चुनाव मतगणना की प्रक्रिया को भी विपक्षी राजनैतिक दलों ने अपने स्तर पर भी कीचड़ भरा कर दिया है। ऐसा स्वकल्याण की सोचने वाला विपक्ष किस तरह लोक कल्याण के मुद्दों को बल देगा? बिना विचारों के दर्शन और शब्दों का जाल बुने यही कहना है कि लोकतंत्र के इस सुन्दर नाजुक वृक्ष को नैतिकता के पानी और अनुशासन की ऑक्सीजन चाहिए। जीत किसी भी दल को मिले, लेकिन लोकतंत्र को शुद्ध सांसें मिलनी ही चाहिए। कुल मिलाकर लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत से तो पार्टी के हौसले स्वाभाविक रूप से बढ़े। इसके अलावा मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस कमजोर होती दिखी, कमजोर ही क्या उसका तो लगभग सफाया ही होता जा रहा है। कांग्रेस के निष्प्रभावी केन्द्रीय नेतृत्व के कारण कांग्रेस के कई कद्दावर नेता अलग हो गए। उससे भी भाजपा की स्थिति मजबूत हुई है। इस बार कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी कमजोर पार्टी बनकर उभरी है। उसकी कमजोरी न केवल राजनीतिक स्तर पर बल्कि मानसिक स्तर पर स्पष्ट दिख रही है। कांग्रेसी एवं विपक्षी नेताओं की हरकतों से यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वे अपनी संभावित हार का ठीकरा चुनाव आयोग, मीडिया आदि पर फोड़ने की पूरी तैयारी कर चुके हैं। यही कारण है कि उन्होंने एक्जिट पोल के नतीजों को न केवल अस्वीकार कर दिया, बल्कि उन्हें भाजपा प्रायोजित भी करार दिया। एक्जिट पोल को लेकर कांग्रेस इतनी दुविधाग्रस्त थी कि पहले उसने टीवी चैनलों पर होने वाली चर्चा का बहिष्कार करने का फैसला किया और फिर फजीहत होती देखकर उसमें शामिल होने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि वह विश्वास के साथ कह सकते हैं कि लोगों ने राजग सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। क्योंकि लोगों ने हमारी सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड देखा है। हमारी सरकार के कार्यकाल में गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों के जीवन में गुणात्मक सुधार आया है। लोगों ने यह भी देखा है कि किस प्रकार भारत में सुधारों ने देश को पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बना दिया है।

# एक बार फिर मोदी सरकार

एग्जिट पोल के मुताबिक बिहार, झारखंड, राजस्थान और महाराष्ट्र में एनडीए को 29 सीटों का नुकसान संभव है। बंगाल में उलटफेर होता दिख रहा है। यहां भाजपा कुल 42 सीटों में से 26 से 31 सीटें मिलने के आसार हैं। ओडिशा, तेलंगाना में भाजपा दोगुनी सीटें बढ़ा सकती हैं। एग्जिट पोल के मुताबिक एनडीए गुजरात, एमपी, छत्तीसगढ़, हिमाचल, दिल्ली, उत्तराखंड, समेत 8 राज्यों की सभी सीटें जीत सकता है। कर्नाटक, यूपी जैसे बड़े राज्यों में पिछला प्रदर्शन दोहरा सकता है। दूसरी तरफ, इंडिया महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, राजस्थान और हरियाणा में मजबूत होता दिख रहा है। ओडिशा, तेलंगाना में भाजपा दोगुनी सीटें बढ़ा सकती हैं।

जी हॉ मतदाताओं की चुप्पी, मुद्दो से इतर चुनाव, कम मतदान के बावजूद एक बार फिर मोदी सरकार का नारा साकार होता दिख रहा है। अगले चौबीस घन्टे में अगली सरकार का फैसला हो जाएगा लेकिन इस बार के चुनाव परिणाम वाकई अप्रत्याशित माने जा रहे है। भारी दमखम के साथ मैदान में उतरा विपक्ष ढेर होता दिख रहा है। लोकसभा चुनाव के नतीजे से पहले एग्जिट पोल्स में मोदी तीसरी बार हैट्रिक लगाते नजर आ रहे हैं। एक पोल में तो 400 के पार तक पहुंच रही है। एग्जिट पोल के में एनडीए को 365 और इण्डिया को 145 सीटों का अनुमान है। अन्य को 32 सीटें मिल सकती हैं।



प्रेम शर्मा

इस बार भाजपा 2019 में मिली 303 सीटों का आंकड़ा पार कर सकती है। ऐसे में इस परिणाम को चौकाने वाला माना जा रहा है। हिंदी पट्टी के राज्य उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली में भाजपा को एकतरफा बढ़त का अनुमान बताया गया है। इन राज्यों की 90 प्रतिशत से ज्यादा सीटों पर भाजपा की जीत तय मानी जा रही है। एमपी की 29 सीटों में से भाजपा को 28 से 29 और वहीं राजस्थान में 25 सीटों में से 23 से 25 सीटें मिलने का अनुमान है। यानि यह बॉत तो तय है कि एनडीए नेताओं का हिन्दु कार्ड और दस किलो अनाज काम कर गया। जबकि इसके इतर विपक्ष सत्तारूढ़ भाजपा एवं उनके सहयोगियों की खामियों को भुनाने में फेल साबित हुआ। मैने अपने पिछले लेख में इस बॉत का जिक्र किया था कि 'सरकार तो आपकी ही लेकिन सवालों के साथ' ऐसे में एक बार फिर एनडीए का बहुमत हासिल करना बहुत से सवाल विपक्ष और जनता के सामने ला रहा है।

अब तक पोल के मुताबिक बिहार, झारखंड, राजस्थान और महाराष्ट्र में एनडीए को 29 सीटों का नुकसान संभव है। बंगाल में उलटफेर होता दिख रहा है। यहां भाजपा कुल 42 सीटों में से 26 से 31 सीटें मिलने के आसार हैं। ओडिशा, तेलंगाना में भाजपा दोगुनी सीटें बढ़ा सकती हैं। एग्जिट पोल के मुताबिक एनडीए गुजरात, एमपी, छत्तीसगढ़, हिमाचल, दिल्ली, उत्तराखंड, समेत 8 राज्यों की सभी सीटें जीत सकता है। कर्नाटक, यूपी जैसे बड़े राज्यों में पिछला प्रदर्शन दोहरा सकता है। दूसरी तरफ, इंडिया महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, राजस्थान और हरियाणा में मजबूत होता दिख रहा है। ओडिशा, तेलंगाना में भाजपा दोगुनी सीटें बढ़ा सकती हैं। यहां एनडीए को 21 सीटें मिलती दिख रही हैं, इसके अलावा इण्डिया को 3 सीटें मिल रही हैं। फिलहाल एनडीए के पास राज्य की सभी 25 सीटें हैं। 2019 में राज्य की 25 में से 24 सीटें भाजपा ने जीत ली थीं। एक सीट आरएलपी को मिली थी। कांग्रेस का राज्य से सफाया हो गया था। 29 सीटों वाले मध्य प्रदेश में एनडीए को 28-29 सीट मिलने जा रही



हैं। इसके अलावा इण्डिया को 0-1 सीट मिलने जा रही हैं। बिहार राज्य की 40 सीटों में से एनडीए को 29-33 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं 7-10 सीटें इस चुनाव में इण्डिया को मिलने जा रही हैं। इसके अलावा 0-2 सीटें अन्य के खाते में जा रही हैं।उत्तर प्रदेश में एग्जिट पोल के मुताबिक एनडीए को 68, कांग्रेस को 10 और अन्य को 2 सीटें मिलती दिख रही हैं। छत्तीसगढ़ में एनडीए को 10-11 सीटें मिलने का अनुमान है तो वहीं इण्डिया को 0-1 सीट मिलती दिख रही है। दिल्ली में एग्जिट पोल के मुताबिक बीजेपी को 6 और इण्डिया को 1 सीट मिलती दिख रही हैं। पश्चिम बंगाल में एग्जिट पोल के मुताबिक एनडी को 26, ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी को 15 और कांग्रेस-लेफ्ट को 1 सीट मिलती दिख रही हैं।हरियाणा में इस बार भाजपा को नुकसान होता दिख रहा है। एनडीए को 7 सीटें मिलती दिख रही हैं। जबकि, इण्डिया ब्लॉक को 3 सीटें मिल रही हैं। तमिलनाडु में भाजपा अभी शून्य पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे ज्यादा रैलियां यही की हैं। राज्य की 39 सीटों में से डीएमके को 16-18 सीट मिल सकती है। कांग्रेस को इस बार 6-8 सीट मिलने के आसार हैं। भाजपा को 5 से 7 मिल सकती है। एआईएडीएमके को 0-1 सीट मिलती नजर आ रही है। वहीं, अन्य के खातों में 8-10 सीटें जाती दिख रही हैं।जम्मू-कश्मीर की 5 सीटों में से भाजपा को 2 और नेशनल कॉन्फ्रेंस को 3 सीटें मिलती हुई दिख रही हैं। वहीं लद्दाख में भी कांग्रेस इस बार भाजपा पर बढ़त बनाती हुई दिख रही है। लद्दाख की एक सीट पर 2019 में जम्मू एवं कश्मीर में लोकसभा की 6 सीटें थीं। तब भाजपा ने 3 और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 3 सीटें जीती थीं। लद्दाख में 2019 में भाजपा ने एकमात्र सीट जीती थी। देश के 7 पूर्वोत्तर राज्य- अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा, नगालैंड-में कुल 25 सीटें हैं। सर्वे के मुताबिक इन 25 सीटों में से एनडीए को 16-21, इण्डिया को 3-7 और अन्य को 1-2 सीटें मिलने का अनुमान है। असम में 2019 में भाजपा को 9, कांग्रेस को 3, एआईयूडीएफ और निर्दलीय को एक-एक सीट मिली थी। कर्नाटक की 28 सीटों में एग्जिट पोल भाजपा को 18 से 22 सीटें मिलती दिख रही हैं। वहीं, कांग्रेस को 4 से 8 सीट मिल रही है। जबकि जेडीएस को 1 से 3 सीट मिलती दिख रही है। तेलंगाना में 17 सीटों में से बीजेपी को 7-10 सीटें और कांग्रेस को पांच से आठ सीटें मिलने का अनुमान है। बीआरएस और एआईएमआईएम के भी तीन से पांच सीटें जीतने की उम्मीद है। उत्तराखंड एनडीए को 4-5 सीटें, इण्डिया को 0-1 सीट और अन्य को 00 सीटें मिलती दिख रही हैं।ओडिशा भाजपा राज्य में जबरदस्त सीटें हासिल करने जा रही है। राज्य में लोकसभा की 21 सीटें हैं और एनडीए को इनमें 18-20 सीटें मिलती नजर आ रही है। सत्ताधारी बीजद को 0-2 सीटें मिल सकती हैं। वहीं इंडिया गठबंधन को एक भी सीट नहीं मिल रही है। पंजाबं की 13 में से 2 सीटें एनडीए गठबंधन और इंडिया ब्लॉक की कांग्रेस को 5 सीटें मिलने का अनुमान है। आप को 4 सीटें, शिरोमणि अकाली दल और अन्य को 2 सीट मिलने का अनुमान है। गुजरात की 29 सीटों भाजपा को मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य में भाजपा एग्जिट पोल में एक बार फिर से क्लीन स्वीप करती दिख रही है। हिमाचल एग्जिट पोल के मुताबिक बीजेपी को 3 कांग्रेस को 01 सीट मिलती दिख रही हैं। कुल मिलाकर जिस तरह से सर्व सामने आ रहे है वह इस बॉत का संकेत है कि एक बार फिर जनता ने ना-ना करके प्यार तुम्ही से कर बैठे गीत का इजहार मोदी सरकार के साथ किया है। ऐसे में अगर सर्व में कुछ उतार चढ़ाव आता है तब भी एक बार फिर देश में मोदी सरकार बनने जा रही है।

# क्या नई मोदी का पहला टारगेट पीओके पर कब्जा होगा?

योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान को निशाने पर लेते हुए कहा कि आज उसके लिए पीओके को भी बचाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद मोदी जी को तीसरे कार्यकाल पर बोलते हुए योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान को निशाने पर लेते हुए कहा कि आज पाकिस्तान के लिए पीओके को भी बचाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने दीजिए, अगले छह महीने के अंदर पाक अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा होगा।

देश का मिजाज और एग्जिट पोल की तस्वीर बता रही है कि लोकसभा चुनाव-2024 के लिए भी 'नरेंद्र मोदी' को फिर प्रचंड जनादेश मिल रहा है। तीसरी बार भी देश के प्रधानमंत्री के पद को नरेंद्र मोदी सुशोभित करेंगे। इस चुनाव में कश्मीर से कन्याकुमारी तक 'नरेंद्र मोदी' के खिलाफ इंडी अलायंस का गला फाडकर चिल्लाना कोई करिश्मा नही कर सका। इंडी



अशोक मधुप

अलायंस औंधे मुंह धड़ाम हो गया है। पूरे चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्षी इंडी गठबंधन का निशाना रहे । इंडी अलायंस ने गला फाड़- फाड़ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाए।देश की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दे भी उठाए।किंतु जनता का रूझान कहता है कि उसने इन सब को नकार दिया। प्रधानमंत्री का अबकि बार चार सौ सीट का दावा भले ही पूरा न हो किंतु ये निश्चित है कि केंद्र में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बना रही है।

इस बार सरकार के सामने भले की आंतरिक मुद्दा भ्रष्टाचार से निपटना हो किंतु इस बार भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति की भी परीक्षा होगी। अलग तरह की चुनौती उसके सामने होगी।इस चुनाव में भाजपा के नेताओं ने देश भक्ति को धार देने का प्रयास किया।प्रचार के दौरान पाकिस्तान अधिकृत कशमीर को मुक्त कराने का मुद्दा बार- बार उभारा गया। चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिपहसालार कहते घूमते रहे हैं कि सरकार बनी तो पाक अधिकृत कश्मीर पर भारत का कब्जा होगा। शहरी निकाय मंत्री कमल गुप्ता हरियाणा के रोहतक में व्यापारियों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में कहा कि कि आने वाले दो-तीन साल में किसी भी क्षण पाक अधिकृत कश्मीर भारत में शामिल हो सकता है। विदेश मंत्री जयशंकर ने भी एक बयान में पीओके को लेकर भारत के दावे को दोहराया था। चार अप्रैल को मीडिया से बात करते हुए जयशंकर ने कहा था, हम कभी भी ये स्वीकार नहीं करेंगे कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग नहीं है। सेरामपुर पश्चिम बंगाल में एक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद अशांत कश्मीर में शांति लौट आई है, लेकिन पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर अब आजादी के नारों और विरोध प्रदर्शनों से गूंज रहा है। उन्होंने कहा, सरकार द्वारा 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद कश्मीर में शांति लौट आई है। लेकिन अब हम पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विरोध प्रदर्शन देख रहे हैं। पहले यहां आजादी के नारे लगते थे, अब वही नारे पीओके में लगते हैं। पहले यहां पत्थर फेंके जाते थे, अब पीओके में पत्थर फेंके जाते हैं। उन्होंनें कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे ।

योगी आदित्यनाथ तो सबसे आगे बढ़ गए।



उन्होंने पाकिस्तान को निशाने पर लेते हुए कहा कि आज उसके लिए पीओके को भी बचाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद मोदी जी को तीसरे कार्यकाल पर बोलते हुए योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान को निशाने पर लेते हुए कहा कि आज पाकिस्तान के लिए पीओके को भी बचाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने दीजिए, अगले छह महीने के अंदर पाक अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा होगा। अब तक भारत विदेशों में बैठे भारत के आंतकियों की मौत पर चुप्पी साधे था।अपने पर आरोप लगने पर भारत का कहना था कि इनमें उसका हाथ नही है, किंतु योगी आदित्यनाथ ने कहा, ब्रिटेन के एक बड़े समाचार पत्र ने लिखा कि पाकिस्तान के अंदर पिछले तीन वर्ष के अंदर जितने बड़े दुर्दांत आतंकवादी थे, वे एक-एक करके मारे गए। मारने वालों में भारत की एजेंसी का हाथ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, भई अब जो हमारे दुश्मन है, हम उसकी पूजा थोड़ी करेंगे। कोई हमारे लोगों को मारेगा तो हम उसको पूजेंगे नहीं भई, हम भी वो ही करेंगे जिसका वो हकदार है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि हमें 400 सीट इसलिए चाहिए ताकि पीओके ले सकें। हिमंता बिस्वा सरमा ने दिल्ली में प्रचार करते हुए कहा कि कांग्रेस पूछती है कि 400 सीट क्यों चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस का शासन था तब हमें बताया गया था कि एक तरह से कश्मीर भारत में भी है पाकिस्तान में भी है। हमारी संसद में कभी इसकी चर्चा नहीं होती थी कि जो कश्मीर पाकिस्तान के साथ है वह पाक अधिकृत कश्मीर है। वहां लोग भारत का तिरंगा हाथ में लेकर आंदोलन कर रहे है पाकिस्तान के खिलाफ। उन्होंने कहा कि यह शुरुआत है। मोदी जी को 400 सीट मिलेगी तो पाक अधिकृत कश्मीर भी भारत का ही हो जाएगा और इसका आगाज हो चुका है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी कह चुके हैं कि जिस तरह से कश्मीर में शांति लौटी है और आर्थिक प्रगति हो रही है, पीओके के लोग खुद ये मांग करेंगे कि उन्हें भारत में विलय कर लिया जाए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कहा कि पीओके भारत का अंग था है और हमेशा रहेगा। भाजपा के सिपहसालार की पाक अधिकृत कश्मीर पर चुनाव प्रचार के दौरान कब्जे की बात करते रहे पर प्रधानमंत्री ने इस पर चुप्पी साधे रखी। किंतु कांग्रेस के मणिशंकर अय्यर, और जम्मू -कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला के ये कहा कि भाजपायी पाक अधिकृत कश्मीर पर कब्जे की बात कर रहे हैं। पाकिस्तान ने चूड़ी नही पहन रखी। पाकिस्तान के पास एटम बम है। अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मसले पर चुप्पी साधे थे। किंतु पाकिस्तान ने चूडी नही पहन रखीं, पर उन्होंने जरूर कहा कि कांग्रेसी और कुछ विपक्षी नेता कह रहे हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ी नही पहन रखीं तो उसे पहना दी जाएंगी। प्रधानमंत्री के इस कथन से साफ होता है कि उनके सिपहसालारों के पाक अधिकृत कश्मीर पर कब्जे की घोषणा उनकी अपनी नही है। यह कहीं केंद्रीय नेतृत्व में पक रहा है और सरकार बनने पर वह इस पर कार्रवाई कर सकता है। भारत के दावे को पाकिस्तान के कार्ट की हाल की इस कार्रवाई से और बल मिला है। इसमें पाकिस्तान ने स्वीकार कर लिया है कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) एक विदेशी क्षेत्र है। मशहूर कश्मीरी कवि अहमद फरहाद शाह के अपहरण मामले में इस्लामाबाद हाईकोर्ट में पाकिस्तानी सरकार ने इस तथ्य को स्वीकार कर लिया है। मशहूर कश्मीरी कवि और पत्रकार अहमद फरहाद शाह के अपहरण मामले में पाकिस्तान के अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल की ओर से शुक्रवार को यह कबूलनामा सामने आया। इस्लामाबाद की अदालत में अहमद फरहाद शाह के मामले की सुनवाई हो रही है। शाह का 15 मई को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने रावलपिंडी स्थित उनके घर से अपहरण कर लिया था। उनकी पत्नी ने इस संबंध में याचिका दायर की थी।

# सीबीएसई सचिव ने की जयपुरिया वार्षिक पुनश्चर्या प्रशिक्षण की सराहना

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सेठ आनंदराम जयपुरिया ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा 3 और 4 जून को लखनऊ में 'री स्किलिंग - अप स्किलिंगः जयपुरिया एनुअल रिफ्रेशर ट्रेनिंग-24' के तीसरे संस्करण का आयोजन किया गया। जयपुरिया समूह की ओर से हुई इस पहल की सीबीएसई के सचिव ने सराहना की है। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, शहीद पथ, लखनऊ के परिसर में अयोजित किया गया जिसका म उद्देश्य शिक्षा में व्यक्तिगत विकास और व्यावसायिक कौशल को एकीकृत करना सिखाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, हिमांशु गुप्ता, सचिव, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने किया इस अवसर पर अतिथि हरीश संदुजा, निदेशक स्कूल एवं आईटी, सेठ आनंदराम जयपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस, विशिष्ट अतिथि श्रीमती पूनम कोचिट्टी, प्रिंसिपल, सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, शहीद पथ, लखनऊ और अनिर्बान भट्टाचार्य, उपाध्यक्ष, पार्टनर स्कूल, सेठ आनंदराम जयपुरिया ग्रुप ऑफ स्कूल उपस्थित रहे।

समूह के स्कूल प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और भागीदारों सहित 300 से अधिक प्रतिभागियों ने इस 2-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया, जिसमे शिक्षकों ने अनुभवी एवं ख्याति प्राप्त शिक्षाविदों से नवीनतम शैक्षणिक प्रगति से अवगत होने के साथ आवश्यक कौशल प्राप्त किए जिससे वे उत्कृष्ट शिक्षण में सबसे आगे रहेंगे। हिमांशु गुप्ता ने कहा कि शिक्षक की युवा प्रतिभा को सही दिशा देने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षकों के व्यावसायिक विकास को अनिवार्य बनाती है। इस क्षेत्र में जयपुरिया एनुअल रिफ्रेशर ट्रेनिंग जैसी पहल प्रशंसा की पात्र है। हरीश संदुजा ने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में छात्रों को नई तकनीक द्वारा ज्ञान प्राप्त कराने और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए को शिक्षकों को भी नई तकनीकी कौशलों से युक्त किया जाना आवश्यक है।

# उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रही सुचार रूप से बिजली

अवधनामा संवाददाता

- पभोक्ता परिषद ने विद्युत नियामक आयोग के सामने रखें आंकड़े

**लखनऊ।** प्रदेश की बिजली कंपनियों की तरफ से 30 नवंबर 2023 को वर्ष 2024 -25 के लिए रुपया 101784 करोड की दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) को जहां विद्युत नियामक आयोग एक-दो दिन में स्वीकार करने जा रहा है क्योंकि उसके बाद बिजली दर की सार्वजनिक सुनवाई शुरू होगी दो दिन पहले विद्युत नियामक आयोग और पावर कारपोरेशन के बीच में टेक्निकल वैलिडेशन सेशन की बैठक हो चुकी है वही इसी बीच उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आज विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर एक जनहित प्रस्ताव सोप और कहा इस वर्ष प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में कमी होना चाहिए क्योंकि लंबे समय से प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर जो लगभग 33122 करोड रूपया सरप्लस निकल रहा है उसका हिसाब नहीं हुआ अब समय आ गया है विद्युत नियामक आयोग या तो एक साथ लगभग 40 प्रतिसत बिजली दरों में कमी करें या फिर अगले 5 वर्षो तक लगातार 8 प्रतिसत प्रत्येक वर्ष बिजली दरों में कमी करके प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का हिसाब बराबर करे क्योंकि प्रदेश का विद्युत उपभोक्ता इसको लेकर लंबे समय से आयोग आयोग से संवैधानिक निर्णय की अपेक्षा कर रहा है विद्युत उपभोक्ताओं की या सर प्लस धनराशि विद्युत नियामक आयोग द्वारा निकाली गई है इसलिए उसका हिसाब तत्काल कराया जाना जरूरी है।

# आतंकवाद का कोई धर्म नहीं, डटकर करें मुकाबला

अवधनामा संवाददाता



- हमें देश में भयमुक्त वातावरण बनाना होगा : प्रो. एमपी सिंह

**लखनऊ।** बदले की आग पूरी दुनिया को अंधा बना देती है। हिंसा को हिंसा से नहीं रोका जा सकता है। आतंकवाद एक बेवकूफी है। यह एक समूह है, जो अपनी ताकत से सभी को कंट्रोल करने की चाह रखता है। आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है। आतंकवाद केवल विनाश की भाषा समझता है। हमें उन सभी आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता से लामबंद होना है, जो हमारी शांति और एकता को तोड़ना चाहते हैं। हम सब एक हैं। हमें आपसी नफरत को भूलकर शांति और अमन का पैगाम देना चाहिए। नेशनल एंटी टेरोरिज्म डे का मुख्य उद्देश्य देश में होने वाले वाले हर प्रकार के आतकंवाद के खिलाफ मिलकर लड़ना है। ऐसा मानना है, तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के स्टुडेंट्स का। भाषण प्रतियोगिता में बीडीएस तृतीय वर्ष की वंशिका त्यागी, हृदेश और सुरेखा, बीडीएस फोर्थ ईयर के अभिलीन कौर, काश्वी और अपूर्वा, इंटर्न्स तूलिका और प्रतिक्षा ने प्रतिभाग किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। राष्ट्रगान के संग कार्यक्रम का समापन हुआ।

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिहं बोले, सिर्फ बंदूकों से ही आतंकवाद नहीं होता है। लोगों में डर पैदा करने के और भी बहुत से तरीके हैं जैसे- भाषा, नज़रें और किसी को छूने का तरीका। उन्होंने कहा, हमें देश में भयमुक्त वातावरण बनाना होगा। इसके लिए युवाओं को आगे आना होगा। किसी भी हिंसक गतिविधि से डरें नहीं और उसका संज्ञान लेकर सामना करें। प्रो. सिंह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में एनएसएस इकाई की ओर से नेशनल एंटी टेरोरिज्म् दिवस पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

# 'नेशनल टीचिंग कोशेन्ट' प्रतियोगिता में सीएमएस शिक्षिकाओं ने लहराया परचम




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की पाँच शिक्षिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सेन्टा टीचिंग कोशेन्ट टेस्ट (सेन्टा टी.क्यू.) में अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराकर लखनऊ का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता सेन्टर फॅार टीचर एक्रिडिटेशन (सेन्टा) के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें देश भर के हजारों विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी शिक्षकों को तीन मुख्य मानकों सब्जेक्ट एक्सपर्टाइज, क्लासरूम कम्युनिकेशन एवं एलीमेन्ट्स ऑफ वर्बल कम्युनिकेशन पर आँका गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस की शिक्षिका वर्षा सिन्हा ने मिडिल स्कूल साइंस, रिम्मी कोहली ने अर्ली चाइल्डहुड, शिवांगी मित्तल ने प्राइमरी मैथ्स, अनामिका श्रीवास्तव ने प्राइमरी मैथ्स एवं प्रियांशा चन्द्रा ने मिडिल स्कूल मैथमेटिक्स में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर शिक्षण प्रतिभा का परचम लहराया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इन सभी शिक्षिकाओं को हार्दिक बधाई दी है।

# देवी प्रसाद गौड़ डीग में किए जाएंगे सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** श्री हिंदी पुस्तकालय डीग राजस्थान के 98वें स्थापना दिवस पर आयोजित साहित्यकार सम्मान समारोह में मथुरा के वरिष्ठ साहित्यकार देवीप्रसाद गौड़ को उनकी ब्रजभाषा व्यंग्य की प्रविष्टि पर पुस्तकालय समिति द्वारा उनका सम्मान हेतु चयन किया गया है। उनकी विभिन्न प्रविष्टियों के लिए समिति द्वार उन्हें यह सम्मान चौथी बार दिया जा रहा है।

विभिन्न विधाओं में पन्द्रह पुस्तकों के रचयिता देवीप्रसाद गौड़ को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान सहित लगभग एक दर्जन से अधिक संस्थाएं सम्मानित कर चुकीं हैं। इस वर्ष बाल साहित्य न्यास नई दिल्ली ने भी इनकी कहानियों का चयन किया है। श्री हिंदी पुस्तकालय डीग के 98वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर 27 जुलाई को देवीप्रसाद गौड़ को 5100 रुपये की नकद राशि, अंगवस्त्रम, प्रशस्तिपत्र आदि से सम्मानित किया जाएगा।

# मोदी सरकार के पुनः जीत के लिए हनुमान चालीसा पाठ और हवन पूजन का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव की गिनती कल 4 जून को होगी वही इलाहाबाद हाईकोर्ट स्थित न्याय विद हनुमान मंदिर में इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता अशोक कुमार दुबे अपने साथी अधिवक्ताओं और अनयास एडवोकेटस एण्ड एडवोकेटस ए लॉ फर्म के निर्देश रॉबिन श्रीवास्तव ने भारत के आदर्श प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं शहर प्रयागराज के सम्भावित सांसद नीरज त्रिपाठी की लोकसभा चुनाव-2024 में भारी मतों से जय-विजय के लिए न्यायविद हनुमान मंदिर में हनुमानचालीसा पाठ के साथ ही हवन पूजन किया।

तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीत के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं और कर्मचारियों ने हनुमान चालीसा पाठ और हवन पूजन कर हनुमानजी से प्रार्थना किया कि देश मे पुनः मोदी सरकार बने और देश विकाश करे इसकी कामना की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य आयोजक अशोक कुमार दूबे, अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, मंजू सिंह, अधिवक्ता, उच्चन्यायालय इलाहाबाद एवं रॉबिन श्रीवास्तव, निदेशक, एडवोकेट्स एण्ड एडवोकेट्स, ए-ला फर्म एवं सह- आयोजक संतोष श्रीवास्तव, दिवाकर शुक्ला एवं मयंक सिन्हा और इलाहाबाद के विद्वान अधिवक्तागण, महाधिवक्ता कार्यालय के राज्य विधिअधिकारियों एवं कर्मचारिय उपस्थित रहे।

# स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरुक करने के लिए टीमें रवाना



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** विकास खण्ड बढ़पुरा के परिसर में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित संस्था विल्सन ग्रीन इंडस्ट्रीज प्रा0लि0अहमदाबाद द्वारा जल जाँच, ढ्ढश्वष्ट सामग्री वितरण, प्रदर्शनी आदि कार्यक्रमों के माध्यम से विकास खण्ड स्तर पर कार्यक्रम प्रस्तुत कर प्रत्येक ग्राम पंचायत को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में समस्त ग्रामीण जनमानस को कूड़ा-कचरा का उचित निपटान, डस्टविन के उपयोग, शौचालय के उपयोग पर जोर देते हुए गन्दगी फैलने से होने वाली बीमारियों के विषय में बताया समझाया गया और साथ ही साथ शुद्ध पेयजल के रख रखाव, उपयोगिता पानी के दोहन आदि विषय पर बताया समझाया गया। इसके पश्चात टीमों को खण्ड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी(प0)द्वारा हरी झण्डी दिखाकर ग्राम पंचायतों के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान खण्ड विकास अधिकारी व्रजविहारी त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी (प0) सुमीत कुमार, सचिव, पंचायत सहायक एवं विकास खण्ड कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी गण तथा कार्यदायी संस्था के डीपीसी मनोज कुमार, एडीसीपी शैलेश कुमार, रणधीर कुमार, रणजीत एवं टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# अधिकारी/कर्मचारीगणों को किया ब्रीफ



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना के दृष्टिगत जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा मतगणना ड्यूटी में लगे पुलिस एवं सुरक्षा बलों के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ नुमाइस पंडाल में सोमवार को ब्रीफिंग मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग के दौरान उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना को शान्ति व्यवस्था, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाये रखते हुये, मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न होने के तथा अफवाहों पर विशेष ध्यान देने के संबंध मे संबंधित को दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने बताया कि मतगणना परिसर मे बिना एन्ट्री पास किसी मीडिया कर्मी को प्रवेश नही दिया जायेगा तथा परिसर मे मोबाइल फोन ले जाना वर्जित रहेगा। मतगणना परिसर मे सीसीटीवी कैमरे एवं ड्रोन से निगरानी रखी जायेगी। भीषण गर्मी एवं हीट वेव के दृष्टिगत ठण्डे पानी का विशेष प्रबन्ध किया गया है साथ ही एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी है। इस दौरान अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारी /कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एग्जिट पोल के बहकावे में नहीं आएं कार्यकर्ता, रहें चौकन्ना

अवधनामा संवाददाता

**इंडिया गठबंधन**

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं से कहा कि एग्जिट पोल के बहकावे में नहीं आए और पूरी तरह से चौकन्ना रहते हुए अपना आत्मविश्वास बनाए रखें। मतगणना स्थल पर डटे रहे और जीत के अपने मूल मंत्र को याद रखे हुए जीत का प्रमाण पत्र लेकर ही संविधान लोकतंत्र और देश की जनता के साथ जीत का उत्सव मनाएं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पत्र में कहा है कि भ्रष्ट अधिकारियों की मिली भगत से भाजपा मतगणना में धांधली कर सकती है। इसका ध्यान रहे जो भाजपाई चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में कोर्ट द्वारा लगवाए गए केमरे के सामने धांधली करने का बेशर्म दूसाहस कर सकते हैं वह चुनाव जीतने के लिए कोई भी घपला घोटाला करने के लिए उतारू हो सकते हैं। इसलिए सजकता जरूरी है। इस पत्र को लेकर समाजवादी पार्टी व कांग्रेस की संयुक्त बैठक मुकुंद रिजॉर्ट कृष्णा नगर मथुरा में हुई। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ता पधिकारी और प्रत्याशी ईवीएम की निगरानी में एक प्रतिशत भी चूक ना करें। बैठक में इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ठाकुर अजीत सिंह, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि, समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव रणवीर सिंह धनगर, रवि यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष सपा सुभाष पाल, तनवीर अहमद, पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉ. अबरार हुसैन, वरिष्ठ नेता श्याम मुरारी चौहान, पूर्व कांग्रेस से सेवादल जिलाध्यक्ष मनोज गौड़, विपुल पाठक, राहुल अरोड़ा, जिलानी कादरी, प्रदीप सागर, धीरेंद्र धनगर, विभोर गौतम आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोल्ड वॉटर का सीएमएस ने किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** अतरौलिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फंसनिंग ओआरएस कॉर्नर एवं ड्रिंकिंग कोल्ड वॉटर का सीएमएस ने किया शुभारंभ। बता दे कि इन दिनों भीषण गर्मी व बढ़ते तापमान लू को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतरौलिया में सीएमएस डॉक्टर सलाउद्दीन खान के द्वारा फंशनिंग ओआरएस कॉर्नर एवं ड्रिंकिंग कोल्ड वॉटर की व्यवस्था मरीजो व उनके परिजनों के लिए सुनिश्चित कराई गई। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी व बढ़ते तापमान को देखते हुए अस्पताल में पहले से शुद्ध पेयजल बिजली पंखे कूलर की व्यवस्था मरीजो के लिए कराई गई थी लेकिन इन दिनों हीट वेव से मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है इसे देखते हुए अस्पताल परिसर में ओआरएस कॉर्नर एवं ठंडे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है साथ ही साथ आए हुए मरीजों को ओआरएस के पैकेट व गर्मी लू से बचाव के उपाय भी लोगों को बताये जा रहे हैं। तेज धूप में घर से बाहर न निकलने की सलाह दी जा रही है। प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी जा रही है। अस्पताल परिसर में ओआरएस कॉर्नर और ठंडे पानी की व्यवस्था होने से गर्मी में मरीजो को अब काफी राहत मिलेगी।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**आजमगढ़।** जनपद के बिलरियागंज थाना क्षेत्र के जयराजपुर गांव में विवाहिता की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मौत की सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर युवती की हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। जनपद के सिधारी थाना क्षेत्र के नरौली मोहल्ला निवासी शंभू दयाल सोनकर की बेटी रेनू सोनकर उम्र 24 वर्ष की शादी राहुल सोनकर पुत्र शिव प्रसाद सोनकर निवासी जयराजपुर थाना बिलरियागंज के साथ 2022 में हुई थी। ससुराल वालों के अनुसार आज 3 जून की सुबह रेनू का शव उसके कमरे में फांसी के फंद्दे से लटका हुआ मिला। परिजनों द्वारा इसकी सूचना बिलरियागंज थाने के साथ मायके पक्ष को भी जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष बिलरियागंज विनय कुमार सिंह तथा एसआई अनुज पांडे और एसआई उमाशंकर तिवारी अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों द्वारा शव को नीचे उतार कर पहले से रखा गया गया था। छानबीन के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बिना किसी दबाव के कार्मिक करें मतगणना: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

- प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे कार्मिकों के विरूद्ध होगी एफआईआर: सीडीओ
- मतगणना कर्मियों का आज हुआ द्वितीय प्रशिक्षण

**मथुरा।**पं. दीन दयाल उपाध्याय वेटरनरी विश्व विद्यालय के नंद भवन सभागार में 17 मथुरा संसदीय सीट की कल होने वाली मतगणना में लगे कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें जिलाधिकारी, सीडीओ व प्रशिक्षकों ने मतदान कर्मियों से कहा कि वे बिना किसी भी दबाव में अपना मतगणना का कार्य निष्पक्षता से करें।

प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा समस्त कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि वह निर्धारित समय प्रातः 06ः00 बजे मण्डी समिति परिसर में मतगणना स्थल पर अनिवार्य रूप से पहुँचें। वहां पहुंचकर सूचना पट पर प्रदर्शित मतगणना टेबिल की जानकारी प्राप्त कर निर्धारित विधान सभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुऐ अपने-अपने पण्डाल में निर्धारित मतगणना टेबल पर उपस्थित होकर मतगणना में दिये गये अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करना सुनिश्चित करें।

सीडीओ ने कहा कि सम्बन्धित कार्मिकों को निर्देशित किया जाता है कि यदि कोई कार्मिक अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित पाया जायेगा, तो उसके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुऐ दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

एडीएम वित्त योगानंद पांडेय, बीएसए सुनील दत्त, सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर प्रीति जैन आदि अधिकारी उपस्थित थे।

# हीट एक्शन डे पर नीमा की बैठक में लू लपट से बचने के उपाय बताएं

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** नीमा संगठन की बैठक का आयोजन डा.एस.पी.पाठक की अध्यक्षता व डा.दीपक चौबे के संचालन में किया गया। बैठक में डा.एस.पी.पाठक ने लू लगने लापट से बचने के उपाय बताएं। उन्होंने कहा कि अत्यधिक गर्मी के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को सुरक्षित रहने, सावधानी बरतने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए हर साल 2 जून को हीट एक्शन डे मनाया जाता है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अत्यधिक गर्मी से गंभीर स्वास्थ्य जोखिम हो सकते हैं, जिसमें हीट से थकावट और हीटस्ट्रोक शामिल हैं। गर्मी के संभावित खतरों से निपटने के सरल तरीकों जैसे प्यास न लगने पर भी पानी पीते रहना, छाया में रहना तेज धूप और गर्म हवाओं में निकलने से बचें। डा.अमिताभ पाराशर ने कहा यदि किसी कारण तेज गर्मी में घर से बाहर निकलना पड़े तो नींबू पानी या इलेक्ट्रॉल पीकर निकलें। शरीर में फ्लूइड की मात्रा को पूरा करने के लिए सिर्फ ताजे पानी पर निर्भर ना रहें. बल्कि ठंडा दूध और नारियल पानी जैसे देसी पेय जरूर पिएं। सोडा, कोल्ड ड्रिंक, कॉफी और चाय से जितना हो सके दूर रहें। ये शरीर में पानी की मात्रा को कम करने काम करती है. इससे लू लगने की आशंका बढ़ जाती है। पेय पदार्थो का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें। जैसे छाछ, लस्सी, नींबू पानी, आम का पना जैसे पेय पदार्थ फायदेमंद रहते हैं। बेल का शरबत गर्मी से बचने के लिए बेल का सेवन लाभकारी होता है। अक्सर गांव व बजार में जगह-जगह बेल का शरबत मिल जाता है। जिसमें पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी के साथ-साथ फाइबर बहुत ज्यादा मात्रा में होता है। बेल का शरबत पीने से शरीर ठंडा रहता है। और लू से बचाव होता है। पानी की बोतल साथ लेकर चलें और प्यास को बर्दाश्त ना करें। कभी भी भूखे पेट धूप में या गर्म हवाओं में न जाएं। कार्यक्रम में डा.एम.एस.तोमर, डा.राजेश शर्मा, डा.अमिताभ पाराशर, डा.राजेंद्र साहू, डा.रामगोपाल साहू, डा.अनूप श्रीवास्तव, डा.विवेक सक्सेना, डा.अरविंद झा, डा.स्वामी प्रसाद लोधी, डा.सुदीप श्रीवास्तव, डा.अवनी कड़ंकी, डा.सत्येंद्र मालिया, डा.राहुल झा, डा.नवदीप रावत, डा.रवि सोनी, डा.शैलेंद्र जैन, डा.नितिन द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## सफाई कर्मचारी को मारपीट कर किया घायल

**टूंडला।** एक सफाई कर्मचारी ग्राम पंचायत नगला अमान में सफाई का कार्य कर रहा था। तभी दो लोगों ने गाली गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया। जिसकी तहरीर पीड़ित ने थाने में दी है। पवन कुमार पुत्र रनवीर सिंह निवासी उत्तम नगर सैलई थाना रामगढ़ फिरोजाबाद ने दी तहरीर में बताया कि ग्राम पंचायत मजरा नगला अमान में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात है। मेरे साथ सचिव के दो प्राइवेट कर्मचारी योगेश यादव व केपी यादव पुत्रगण पूरन सिंह निवासी नगला अमान थाना नारखी आए और सफाई कार्य को लेकर मेरे साथ गाली गलौज करने लगे। जब गाली देने से मना किया तो मेरे साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। पीड़ित ने थाना नारखी में तहरीर दी है।

## बस ने कार में मारी टक्कर, चालक गंभीर घायल

**टूंडला।** नारखी रोड पर गांव हिम्मतपुर के निकट एक बस ने कार में टक्कर मार दी। जिसमें कार का चालक घायल हो गया। जिसको अस्पताल में भर्ती कराया है। सोमवार की सुबह गांव हिम्मतपुर के निकट एक प्राइवेट बस जो नारखी की ओर से आ रही थी। टूंडला की ओर से जा रही कार में टक्कर मार दी। जिसमें कार चालक अमन गोस्वामी पुत्र गरीश गोस्वामी निवासी बछगांव गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को फिरोजाबाद भेजा गया लेकिन उसकी हालत चिंताजनक होने के चलते उसका आगरा रेफर किया है।

## कर्मचारीगण संग ब्रीफिंग कर आवश्यक निर्देश दिए

**फिरोजाबाद।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की होंने वाली मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराने एवं चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी फिरोजाबाद एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा पुलिस लाइन में जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक नगर / ग्रामीण, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थाना प्रभारी एवं पुलिस / प्रशासिनक अधिकारी / कर्मचारीगण संग ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# क्षेत्रीय खाकी व वन विभाग अधिकारियों की मौन स्वीकृति के चलते वन माफियाओं के हौसले बुलंद

■ नोटों की गड्डियों की चमक के चलते आंखें मूंदे हुए हैं जिम्मेदार

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** जनपद के बिलग्राम थाना क्षेत्र वन विभाग व पुलिस की लापरवाही के चलते क्षेत्र में वन माफियाओं का धड़ल्ले से चल रहा आरा क्षेत्रीय खाकी व वन विभाग के आला अफसरो की मौन स्वीकृति के चलते वन माफियाओ के हौसले लगातार बुलंद होते ही जा रहे हैं क्षेत्रीय समाचार पत्रों में प्रमुखता से खबरें प्रकाशित करने के बावजूद क्षेत्रीय खाकी व वन विभाग वन माफियाओं पर शिकंजा नहीं कस पा रहा है। प्रशासन भी वन माफियाओं से लेनदेन कर इस तरफ अनदेखी कर रहा है। जबकि हर वर्ष सरकार व प्रशासन हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण अभियान चलाता है! इस पर सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। विभिन्न संस्थाएं भी लगातार जागरूक करते हुए पौधरोपण कर रही हैं, जिससे हमारा क्षेत्र व देश हरा भरा रहे और प्रकृति संरक्षण का सपना साकार हो लेकिन जब रक्षक ही बन जाए भक्षक तो उनसे पर्यावरण सुरक्षा की उम्मीद बेईमानी के सिवा कुछ नहीं है वन संरक्षण और उसकी सुरक्षा को लेकर संबंधित विभाग ही खाऊ कमाऊ नीति के चलते लापरवाही बरत रहे हैं। हरदोई जनपद बिलग्राम थाना क्षेत्र में खुले आम आए दिन वन माफिया तांडव करते नजर आ रहे हैं लेकिन क्षेत्रीय खाकी सब जानने के बावजूद भी अंजान बनी हुई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस तथा वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों तथा वन माफियाओं से



ठीक ठाक मोटी रकम लेकर ही बिलग्राम पुलिस व जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों ने अपनी मूक सहमति दे रखी है। यदि ऐसा नहीं होता तो मीटरों दूर तक आवाज करने वाले इलेक्ट्रिक आरा की आवाज सुनाई देने के बावजूद भी अवैध कटान को क्यों नहीं रोका जा रहा है.?? जब तब शिकायत होने या मीडिया में खबरें प्रकाशित होने के बाद वन विभाग खाना पूर्ति करके मामले को रफा दफा कर देता है अब बड़ा सवाल यह है कि इस बार भी पुलिस तथा विभाग के द्वारा बिलग्राम कस्बे के बाबा मंशा नाथ इंटर कॉलेज के पीछे खड़े प्रतिबंधित हरे पेंडो को लकड़कट्टों ने आरा धड़ल्ले से चलाकर काट डाले है इस संबंध में जब वन विभाग के जिम्मेदार से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किया तथा बीते दिनों बिलग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम अलीगढ अन्दर नगर पालिका बिलग्राम (मोहल्ला मैदानपुरा कस्बा बिलग्राम) बीते दिनों लगभग 15 वर्ष पुराना नीम के पेड़ को लेकर प्रमेश तिवारी पुत्र स्व. हरिशंकर तिवारी ने बिलग्राम कोतवाली में तहरीर दी थी कि उसे शक है कि उसका नीम का पेड़ कादिर पुत्र शाकिर निवासी मोहल्ला मैदानपुरा कस्बा बिलग्राम ने अवैध रूप से काट लिया है।अब देखना होगा कि चोरी से बिना किसी अनुमति के नीम के पेड़ को लेकर कार्यवाही की जाती है या फिर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा या फिर वन माफियो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा, यह तो आने वाला समय ही तय करेगा विदित हो कि बिलग्राम थाना क्षेत्र में वन विभाग व पुलिस की मिलीभगत से हरियाली पर आरा चलाया जा रहा है। जब कोई शिकायत करता है तो वन विभाग द्वारा लकड़कट्टों के ऊपर मुकदमा लिखाने के बजाय जुर्माना कर मामले को रफा दफा कर दिया जा जाता है!

# भूख से तड़प-तड़प कर सड़कों पर मर रहे गोवंश

■ हर महीने लाखों का चारा खा जाते है अधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम।** प्रदेश में गायों की बदहाल स्थिति को देखते हुए सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने ये फैसला लिया है कि कोई भी गाय अब भूख से नहीं मरेंगी। इसी को देखते हुए प्रदेश सरकार ने गौशालाओं का निर्माण कराया ताकि कोई भी गौवंश बेसहारा न घूमे। गौशालाओं का निर्माण होने के बाद गायों को गौशालाओं में रखा गया। सरकार द्वारा गौशालाए खोली गयी। लेकिन बिलग्राम कस्बे की ट्रिपल इंजन सरकार गौशाला एवं गायों के नाम पर सूबे के मुखिया के आदेशों का मजाक बना रखा है जबकि आमतौर पर बिलग्राम कस्बे की सड़कों पर छुट्टा मवेशी देखे जा सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को बिलग्राम कस्बे में आर्यावर्त बैंक के पास एक छुट्टा मवेशी की भूख से तड़प तड़प कर मौत हो गई सूचना मिलने पर ट्रिपल इंजन सरकार एवं पालिका के जिम्मेदारो के द्वारा कर्मचारियों से आनन-फानन में गाय को उठाकर किसी अन्य स्थान पर गडवा दिया गया है। जिन गायों को भगवान श्रीकृष्ण अपने आप से भी ज्यादा प्यार और दुलार करते थे आज उन्ही की गाय भूख से तड़प तड़प कर अपनी जान दे रही है। सरकार के द्वारा करोड़ों रूपये गायों के ऊपर खर्च किये गए ताकि गायों की भूख को दूर किया जा सके। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा प्रदेश में पशु आश्रय के नाम से गौशालाओं का निर्माण कराया गया ताकि बेसहारा गौवंश भूखा इधर उधर न भटके लेकिन आज भी गाय चारे के तलाश में भटक रही है। अब सोचने वाली बात यह है कि बिलग्राम कस्बे के आसपास सड़कों पर छुट्टा मवेशी पकड़ने की जिम्मेदारी किसकी है। आखिर ट्रिपल इंजन सरकार के मुखिया इस जिम्मेदारी से क्यों बचते नजर आ रहे हैं। आखिर सूबे के मुखिया के आदेशों की कब तक उन्हीं की ट्रिपल इंजन सरकार धज्जियां उडाती रहेगी।

# प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राज कुमार सिंह द्वारा आज दिनाँक 03.06.2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को जनपद मुख्यालय व समस्त तहसीलो में 13 जुलाई 2024 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु हरी झंडी दिखाकर जनपद न्यायालय परिसर से रवाना किया उन्होंने आमजनमानस से अपील की कि 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने विवादों को निस्तारित कराकर अवसर का लाभ उठायें । इस अवसर पर अध्यक्ष परमानेंट लोक अदालत सुनील कुमार मिश्रा, अपर जिला जज-प्रथम श्रीमती प्रीती श्रीवास्तव, अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत हेमेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिला जज/सचिव भूपेन्द्र प्रताप, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लाल बहादुर गौड़, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह, स्मिता गोस्वामी, अपर सिविल जज जू0डि0 श्रेयांश श्रीवास्तव, महामंत्री अधिवक्ता संघ महेन्द्र प्रताप सिंह, लीगल एड डिफेंस काउंसिल अधिवक्ता, अन्य अधिवक्तागण, वादकारी व कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मतगणना में डाटा फीडिंग को लेकर हुआ प्रशिक्षण



**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मतगणना की डाटा फीडिंग में लगे हुए अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने दायित्वों का पूरी तरह से निर्वहन सुनिश्चित करें। डाटा फीडिंग में विशेष सतर्कता रखी जाये। अपडेट वर्जन का कंप्यूटर ही प्रयोग में लाया जाये। प्रत्येक मतगणना हॉल के अंदर खान पान आदि की व्यवस्था के लिए एक नायब तहसीलदार की ड्यूटी लगायी जाये। प्रशिक्षण जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा द्वारा दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आज होगा 7 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला



सोमवार को प्रेक्षक एवं जिलाधिकारी मतगणना की व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते हुए।

वहाज अली निहाल

■ नई मंडी में होगी वोटो की गिनती

**इटावा।** लोकसभा क्षेत्र में पड़े वोटो की गिनती मंगलवार को सुबह शुरू हो जाएगी इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इटावा लोकसभा क्षेत्र में सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं और इन सभी के भाग्य का फैसला आज मंगलवार की दोपहर बाद तक हो जाएगा मतगणना 8ः00 बजे से शुरू होगी हालांकि कर्मचारियों को सुबह 7ः00 बजे ही बुलाया गया है। इटावा नई मंडी में तीन विधानसभा क्षेत्र की गिनती की जाएगी इनमें जिले की जसवंतनगर इटवा तथा भर्थना सीट शामिल है। इनमें से जसवंत नगर सीट मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में शामिल है इसलिए जसवंतनगर की मतगणना के आंकड़े मैनपुरी में भेजे जाएंगे। इटावा तथा भरथना की विधानसभा सीटों के आंकड़े इटावा लोकसभा क्षेत्र में जोड़ेंगे इटावा लोकसभा क्षेत्र में शामिल दो विधानसभा क्षेत्र औरैया तथा दिबियापुर की गिनती औरैया में तथा सिकंदरा की गिनती कानपुर देहात में होगी। नई मंडी में मतगणना की पूरी तैयारी कर ली गई है इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर दी गई है वेरिकेटिग लगा दी गई है तथा पंडाल भी बना दिए गए हैं इनमें कर्मचारी तैनात करके उन्हें प्रशिक्षण भी दे दिया गया है।

### अलग-अलग लगेंगे पंडाल

**इटावा।** लोकसभा क्षेत्र में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र की वोटो की गिनती के लिए अलग-अलग पंडाल लगाए जाएंगे। इटावा नई मंडी में इटावा भरथना तथा जसवंत नगर में बड़े वोटो की गिनती होगी इन तीनों के लिए अलग-अलग पंडाल लगेंगे। सभी पंडाल में 14-14 टेबल लगेंगे इन पर गिनती की जाएगी इसके साथ ही एक टेबल आर ओ तथा एक टेबल ए आर ओ की लगाई जाएगी राजनीतिक दलों ने भी अपनी मतगणना एजेंट नियुक्त कर दिए हैं।

### पोस्टल बैलट के लिए अलग पंडाल

**इटावा।** लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी पांच विधानसभा क्षेत्र में जो भी पोस्ट वॉलेट डाले जाएंगे उनकी गिनती एक साथ इटावा जिला मुख्यालय पर होने वाली मतगणना में की जाएगी इसके लिए नई मंडी में एक अलग पंडाल लगाया जाएगा। इस पंडाल में पोस्टल बैलट की गिनती की जाएगी।

### अन्य व्यवस्थाएं भी पूरी

**इटावा।** मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं जिससे कर्मचारियों तथा एजेंटों को कोई कठिनाई न हो यहां पानी बिजली की व्यवस्था भी की गई है। साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। आज मंगलवार को नई मंडी के आसपास के क्षेत्र में रूट डायवर्जन किया गया है किसी भी अनावश्यक व्यक्ति को नई मंडी की ओर नहीं जाने दिया जाएगा।

## जर्मनी कृष्ण भक्त की मृत्यु हार्ट अटैक से, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा

**वृंदावन (मथुरा)।** कोतवाली क्षेत्र के इस्कान मंदिर एमवीटी गेस्टहाउस के समीप स्थित साधना कुंज आवासीय अपार्टमेंट में को जर्मनी के कृष्ण भक्त का शव संदिग्धावस्था में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट विदेशी भक्त की मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। बतादें कि जर्मन निवासी 47 वर्षीय एलन टाइफिनबैच इस्कान के समीप साधना कुंज अपार्टमेंट में शनिवार को आकर ठहरा था। अपार्टमेंट के स्वामी मधुकांत दास मिश्रा के अनुसार रविवार की सुबह उन्होंने युवक का कमरा खुला देखा तो अंदर देखने पर युवक जमीन में पड़ा था। अर्द्धनग्न अवस्था में पड़े युवक के समीप जूस की बोतलें भी पड़ी थी और शरीर पर कुछ नीले निशान भी दिखाई दे रहे थे। मधुकांत दास मिश्रा ने इसकी जानकारी इस्कान प्रबंधन को दी। इस्कान प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को संरक्षण में लेकर कमरे की जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृत्यु संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

## बच्चों ने भाजपा नेता पर की टिप्पणी, नेता ने कर दी मारपीट

**मथुरा।** थाना हाइवे के अंतर्गत अशोका सिटी में रविवार देर रात नामजदों ने एक परिवार के लोगों के साध मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इसका वीडियो वाइरल होने पर पुलिस ने मामला संज्ञान में लिया। पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। मारपीट करने का आरोप भाजपा नेता पर है।

बताते चलें कि अशोका सिटी निवासी साहिल खत्री के बच्चे और भाजपा नेता के बच्चे एक स्कूल में साथ-साथ पढ़ते हैं। आरोप है कि विगत दिन बच्चों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। इसमें भाजपा नेता के बारे में कोई टिप्पणी कर दी। आरोप है कि इसकी जानकारी होने पर रविवार देर रात करीब एक बजे भाजपा नेता ने अपने साथियों के साथ अशोका सिटी पहुंच साहिल खत्री को बुलाकर गाली गलौज की। इसका विरोध करने पर मारपीट की गई। इसे देख उसे बचाने आये उसके परिवारीजन और बच्चियों के साथ भी मारपीट की। कॉलोनी में देर रात हुए हंगामे से दहशत फैल गयी। इसके वीडियो वाइरल हो गये। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि अशोका सिटी में मारपीट का वीडियो सामने आया है। इसमें कुछ लोगों द्वारा मारपीट किया जाना प्रतीत होता है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# तेज धूप में कर्तव्य निभा रहे पुलिस कर्मियों को दी गई राहत सामग्री किट



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा हीट वेव के दृष्टिगत समस्त पुलिस बल को सावधानी बरतने हेतु जारी की गयी एडवाइजरी के क्रम में सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा जनपदीय पुलिस बल को दिशा निर्देश दिये गये एवं पिकेट डियूटी स्थलों/चौराहों पर स्वयं जाकर ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को ओआरएस, इलेक्ट्रॉल, ठण्डी पानी की बोतल व ग्लूकोन डी राहत सामग्री किट वितरित की गयी एवं सभी कर्मियों को गर्मी एवं लू से बचने के उपायों से अवगत कराया गया साथ ही उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को हीट स्ट्रोक, गर्मी, तेज धूप एवं लू से बचने के उपायों से अवगत कराया गया साथ ही स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण के प्रति सचेत रहने हेतु भी निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर अमित कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहा।

# मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा उ प्र द्वारा सरकारी अधिसूचना जारी की गई वह हर स्तर पर व्यापारी विरोधी है, इसके विरोध में सोमवार को उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा और इस अध्यादेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गयी। मुख्यमंत्री उ.प्र.को संवोधित ज्ञापन मे कहा गया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश के द्वारा दिनांक 07.05.2024 को अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें उनके द्वारा एक ही परिसर में समान ब्रांड नेम अथवा भिन्न ब्रांड नेम के पान मसाला व तंबाकू के निर्माण पैकिंग भंडारण विक्रय एवं विक्रय पर 1 जून 2024 से रोक लगाई गई है। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के विनियम 2.3.4 में



स्पष्ट है की पान मसाले में तंबाकू मिलकर नहीं बेचा जा सकता है, परन्तु पान मसाले व तंबाकू को अलग-अलग पैकिंग में बेचने पर कोई रोक नहीं है। समस्त उत्तर प्रदेश में रिटेल के छोटे दुकानदार, घरेलू आवश्यकताओं के सभी प्रकार के सामान एक ही परिसर में बेचकर समाज को सभी आवश्यक वस्तु उपलब्ध कराने का कार्य हजारों साल से करते आ रहे है। बाजार में मौजूद स्टॉक को समाप्त करने का समय नहीं दिया गया है। ऐसा आदेश व्यापारी उत्पीड़न व भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। इस आदेश के लागू होने से प्रदेश सरकार को भी राजस्व की भारी हानि होगी। अतःआपसे अनुरोध है कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश के आदेश संख्या 2513 दिनांक 7 मई 2024 को समाप्त किए जाने के आदेश पारित करने की कृपा करें। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश वर्मा, महिला प्रदेश मंत्री सुशीला राजावत शहर अध्यक्ष संजय वर्मा, जिलामहामंत्री रिषी पोरवाल, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, महिला अध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब, अशोक जाटव, मुख्तार अहमद, राहत हुसैन रिजवी, जिला सचिव सैय्यद लकी, जैनुल आबदीन, धर्मेंद्र यादव, सिकंदर वारसी, अंजू यादव, नीती तिवारी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# केएम की फायरबिग्रेड टीम ने आग से बचाव का किया रिहर्सल

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भीषण गर्मी के चलते आग लगने की घटनाओं सामने आ रही है, अपनी तैयारियों को और सशक्त करने के उद्देश्य से केएम विश्वविद्यालय की फायरबिग्रेड टीम ने एक मॉकड्रिल किया। जिसमें फायर आफीसर ने आग से बचाव के टिप्स मॉकड्रिल द्वारा समझाएं। विदित रहे कि पूरे प्रदेश में प्रचंड गर्मी के चलते आग लगने की घटना घटित हो रही है, कहीं एससी ओवर हीट होने से फट रहे है तो कहीं शार्ट सर्किट से आग लग रही है। केएम में अग्निशमन यंत्र पूरे विवि सहित हॉस्पिटल में लगे है। आज केएम हॉस्पिटल के अग्निशमन आफीसर मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि वार्ड सहित कहीं पर भी अचानक



आग लग जाए तो घबराएं नहीं स्वयं को सुरक्षित करते हुए इसकी सूचना संबंधित कर्मचारी व अधिकारी को दें। केएम विवि के कुलाधिकारी किशन चौधरी ने बताया कि आग लगने की घटनाएं रोजाना देखने को मिल रही है, क्योंकि मथुरा में जबरदस्त गर्मी है जिसके चलते तापमान बढ़ने से अस्पताल में आग लगने परव उससे निपटने के लिए पूरी तरह केएम हॉस्पिटल तैयार है। अग्निशमन यंत्र वार्डो और ओपीडी, ऑपरेशन थियेटर, आईसीयू समेत विवि और अस्पताल में सभी जगह लगे हुए है, सिलेण्डर और एससी व शार्टसर्किट से आग लगने पर बचाव प्रशिक्षण पिछले 15 दिन से लगातार जारी है जिसको लेकर आज मॉकड्रिल किया गया है। जिसमें सभी सिक्योरिटी गार्डो ने सहभागिता दिखाई है।

# योगी सरकार पत्रकारों के लिए बनाए योजनाएं

अवधनामा संवाददाता

■ सभी पत्रकारों को मिले सुरक्षा कवचः दिनेश आचार्य

**मथुरा।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद मथुरा के कोषाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार दिनेश आचार्य ने उत्तर प्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर पत्रकारों के लिए कल्याणकारी योजनाएं प्रदेश में लागू करने की मांग की। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद निरंतर पत्रकारों के सम्मान और सुरक्षा का मुद्दा उठाते रही है। जनपद के वरिष्ठ पत्रकार दिनेश आचार्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करते हुए पत्र द्वारा सूचित किया कि पत्रकार निरंतर सरकार के पक्ष को जनता के सामने रखता रहा है जिसका परिणाम देखने को भी मिल रहा है कि अभी तक लोकसभा चुनावों के जितने भी एक्जिट पोल सामने आए है उनमें भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलने आसार नजर आ रहे हैं। निश्चित रूप से ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश सरकार के काम काज के आधार पर है पर सरकार के कार्यो का लेखा जोखा जनता तक सही रूप मै पहुंचाने का काम पत्रकारों द्वारा किया गया इस आधार पर पत्रकारों की भूमिका को भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। पत्रकार केवल सरकार से सुरक्षा और सम्मान की मांग करता रहा है। अगर सुरक्षा की गारंटी पत्रकारों को भी मिल जाय तो पत्रकार और भी बेहतर तरीके अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते रहेंगे। साथ ही राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के कोषाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार दिनेश आचार्य ने सरकार से पत्रकारों को परिवार सहित बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, और पत्रकारों के परिवार को फ्री शिक्षा उपलव्ध कराने की मांग की है।

# चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3: फाइनल मैच में चौरेला टीम बनी विजेता

अवधनामा संवाददाता

■ खेल को जीवन में उतारना चाहिए। खिलाड़ी पूरी लगन, मेहनत और ईमानदारी से खेलें- डॉ.कैलाश

**इटावा, पंचनद।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 का फाइनल मुकाबला रविवार को भिंड और चौरेला टीमों के बीच खेला गया। जालौन, इटावा और भिंड सीमा के बीहड़ों में स्थित चौरेला ग्राउंड पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉ.कैलाश यादव ने फीता काटकर फाइनल मैच में खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि खेल को जीवन में उतारना चाहिए। खिलाड़ी पूरी लगन, मेहनत और ईमानदारी से खेलें।

चौरैला टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भिंड टीम निर्धारित 15 ओवर भी नहीं खेल पाई। भिण्ड टीम 13.4 ओवर में 74 रन पर आल आउट हों गई। भिण्ड टीम के खिलाड़ी अवनीश ने सर्वाधिक 2 छक्का सहित 14 रन का योगदान दिया।

चौरेला टीम के खिलाड़ी विनीत और शिवम ओझा ने 3-3 विकेट झटके। जवाब में उतरी चौरेला टीम 13 ओवर में 7 विकेट के नुकसान से 75 रन बनाकर जीत हासिल की। चौरेला टीम को एक-एक रन के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। चौरेला



टीम के खिलाड़ी पुनीत ने सर्वाधिक 4 चौके सहित 19 रन का योगदान दिया। चौरेला खिलाड़ी आशीष 18 रन बनाने के साथ 2 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 का 16 दिवसीय समापन समारोह में अतिथि के तौर पर पधारे वरिष्ठ कथाकार ए.असफल ने कहा कि चौरेला गांव कुख्यात दस्यु सरगना जगजीवन परिहार के नाम से जाना जाता था लेकिन अब यह गांव खेल गांव बन चुका है। यहां खेल का आयोजन लगातार सुचारू रूप से चलाया जाए।

सूरजरेखा त्रिपाठी एडवोकेट ने कहा कि चंबल आश्रम, हुकुमपुरा में आयोजित दूसरे सीजन की पहले भी गवाह बन चुकी हूं। खिलाड़ियों की कोई जाति नहीं होती। आप चंबल अंचल के स्वतंत्रता संग्राम के रणबाकुरों की याद में मैच खेल रहे हैं। इतिहासकार देवेंद्र सिंह चौहान ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि चौरेला ग्राउंड की पिच पर आप पूरी शिद्दत के साथ खेलें। चंबल में सच के लिए बगावत की परम्परा रही है। चाहे जो भी कुर्बानी देनी पड़े। चंबल संग्रहालय की तरफ से विजेता चौरेला टीम को चंबल घाटी के आदि विद्रोही लालजू सिंह स्मृति ट्राफी के साथ 11000 रुपए नगद राशि और सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र से नवाजा गया। उपविजेता भिंड टीम को क्रांतिवीर दौलत सिंह कुशवाह स्मृति ट्राफी के साथ 8000 रुपए की नकद राशि, टीम के सभी खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र दिया गया। 16 दिवसीय चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले चौरेला टीम के खिलाड़ी विनीत को क्रांतिवीर जीता चमार स्मृति मैन आफ द सीरीज ट्राफी प्रदान की गई।

एम्पायर की भूमिका राम दुबे और प्रदीप भदौरिया ने निभाई। स्कोर बुक में दर्ज करने का काम देवेंद्र सिंह और सचिन परिहार ने किया। स्कोर बोर्ड पर लिखने का काम दीपक परिहार ने किया। लाइव कमेंट्री अशोक दुबे और फ़ोटो-वीडियो डॉक्यूमेंट आदिल खान ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन चंबल क्रिकेट लीग संस्थापक डॉ.शाह आलम राना ने किया।

# जैंत शेरगढ़ मार्ग पर जल्द तैयार होगा महाराणा प्रताप भवन

अवधनामा संवाददाता

**चौमुहां (मथुरा)।** जैंत से शेरगढ़ जा रहे महाराणा प्रताप मार्ग पर अब जल्द ही महाराणा प्रताप भवन बनकर तैयार होगा। जिसके लिए सामलिया एग्रो रिजॉर्ट के चेयरमैन व समाजसेवी ठाकुर यशवीर सिंह राघव ने महाराणा प्रताप भवन के लिए एक बीघा जमीन दान दी है। उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्य पर महाराणा प्रताप सेवा सदन के पदाधिकारी व सवर्ण समाज ने सराहना करते हुए भूरी भूरी प्रशंसा की है। सोमवार को उन्होंने बेशकीमती जमीन का दानपत्र देकर महाराणा प्रताप सेवा सदन के अध्यक्ष ठाकुर सुजान सिंह के नाम सौंप दी। समाजसेवी ठाकुर यशवीर सिंह राघव ने बताया कि जनपद में कहीं भी महाराणा प्रताप भवन नहीं है। जहां सामाजिक कार्यक्रम किए जा सकें। महाराणा प्रताप जी के स्वाभिमान, सिद्धांत व आचरण को जीवंत रखने व समाज के लोगों को परस्पर जुड़े रहने की भावना से उन्होंने महाराणा प्रताप भवन के लिए एक बीघा जमीन दान दी है। महाराणा प्रताप सेवा सदन के अध्यक्ष ठाकुर सुजान सिंह ने कहा कि जल्द ही जैंत शेरगढ़ रोड पर जिले का भव्य महाराणा भवन बनकर तैयार होगा। जिसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं। ठाकुर सियाराम प्रधान सेक्रेटरी, ठाकुर हेमराज सिंह कोषाध्यक्ष, राजू गुप्ता, ब्रज मोहन पाण्डेय, जगदीश राघव, डॉ. नवल सिंह संरक्षक, ठाकुर रामजीलाल आदि ने सराहना की है।

# बड़ा लक्ष्य हासिल करने के लिए हमारे पास आवश्यक कौशल और आत्मविश्वास है : राशिद खान



अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम अनुकूल परिणाम पाने के लिए गेंदबाजों पर निर्भर नहीं है और उनके बल्लेबाजों ने बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए आवश्यक कौशल और आत्म विश्वास विकसित कर लिया है। अफगानिस्तान अपने विश्व स्तरीय स्पिनरों पर निर्भर रहता है लेकिन अब उसके पास रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान और अजमतुल्लाह उमरजई जैसे आक्रामक बल्लेबाज भी हैं। राशिद ने टी20 विश्व कप में युगांडा के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा,''यह अतीत की बातें हैं जब हमारे बल्लेबाज थोड़ा संघर्ष करते थे और हमारे गेंदबाज मैच जीतने में अहम भूमिका निभाते थे।

उन्होंने कहा,''बाद में हमारी टीम में कुछ युवा खिलाड़ी आए और उन्होंने अफगानिस्तान के लिए खेलने का मौका पाने के लिए कड़ी मेहनत की। इसके बाद उन्होंने दुनिया भर की लीग में खेलना शुरू किया जिससे वह बेहतर होते गए। राशिद ने कहा कि जीत दर्ज करने के लिए प्रतिभा, कौशल और सही मानसिकता का होना जरूरी है। उन्होंने कहा,''हमारी बल्लेबाजी ऐसी है जिसे देखकर हम कह सकते हैं कि अगर लक्ष्य 200 रन का है तो उसे भी हासिल किया जा सकता है। राशिद ने कहा 'हमारे पास उस तरह की क्षमता, कौशल और प्रतिभा है, जिससे हम लक्ष्य का पीछा करते हुए (सब कुछ) व्यक्त कर सकते हैं। टी20 क्रिकेट पूरी तरह से मानसिकता पर आधारित है। जब तक आपके पास हम ऐसा कर सकते हैं की मानसिकता और विश्वास हो तो फिर कुछ भी संभव है।

## विराट कोहली ने रचा इतिहास, इस मामले में की फुटबॉलर नेमार की बराबरी

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को विश्वभर में क्रिकेट के हर फॉर्मेट में शानदार बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। यही वजह है कि उनके फैन फॉलोइंग भी बहुत बड़ी मात्रा में है। अब कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपने पहले मैच भारत और आयरलैंड मुकाबले से पहले इतिहास रच दिया है। कोहली अब ट्विटर पर 18वें सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले व्यक्ति बने गए हैं। विराट कोहली ने भारत के एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जिनके ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलोअर्स हैं। कोहली के इस समय ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वाले व्यक्ति एलन मस्क हैं जो खुद एक्स के मालिक हैं। जबकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विराट कोहली ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले टॉप 20 व्यक्तियों में शामिल दो एशियाई हैं। विराट कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप में अब तक खेले 27 मैच की 25 पारियों में 1141 रन बनाए हैं।

# पैट कमिंस का सामान हुआ चोरी, मैक्सवेल और स्टार्क की फ्लाइट हुई लेट

ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम अब बारबाडोस पहुंच गई है, जहां उसे टी20 वर्ल्ड कप 2024 का अपना पहला मुकाबला खेलना है। पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल आईपीएल 2024 के प्लेऑफ्स के मैचों को देखकर ऑस्ट्रेलिया लौटे थे और अब वहां से वेस्टइंडीज पहुंचे हैं। हालांकि, इस बीच ऑस्ट्रेलिया के कैंप से एक खबर आई है कि पैट कमिंस का लगेज ही चोरी हो गया है।

बता दें कि, बुधवार को ऑस्ट्रेलिया को अपने टी20 वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत करनी है, जहां टीम को ओमान से भिड़ना है। क्रिकेटडॉट कॉमडॉट एयू की रिपोर्ट की मानें तो ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान ने सिडनी और कैरिबियन के बीच दो दिन यात्रा में बिताए और उनकी पत्नी बेकी ने बताया कि रास्ते में कमिंस का कुछ सामान भी खो गया था। हालांकि, बाद में उन्हें वो चीजें वापस मिल गई थीं।



मार्कस स्टोइनिस वॉर्मअप मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ नहीं खेल पाए थे, क्योंकि उनका क्रिकेट बैग त्रिनिदाद नहीं पहुंच सका था। वहीं, ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल स्टार्क की फ्लाइट डिले हो गई, जिसके कारण वे देर से बारबाडोस पहुंचे। ऐसा एक या दो नहीं, बल्कि कई क्रिकेटर्स के साथ हुआ है। श्रीलंका के ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा ने भी इस पर निराशा जाहिर की थी। श्रीलंका, साउथ अफ्रीका और आयरलैंड के कई खिलाड़ियों ने लगेज को लेकर कंप्लेंट की है। इस बार कुछ ज्यादा ही दिक्कत खिलाड़ियों को हुई है।

आईसीसी का ये पहला ऐसा इवेंट होगा, जहां खिलाड़ियों को इतनी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आईसीसी को भी निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि न्यूयॉर्क में बने नए स्टेडियम में भारतीय खिलाड़ियों के किट बैग बाहर ही रखे हुए थे। इसको लेकर बोर्ड ने शिकायत भी की थी। हालांकि, मामले को जल्द सुलझा लिया गया था।

# खिताब बचाने उतरेंगी भारत के सात्विक और चिराग की जोड़ी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करके अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेगी। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।



इस सत्र में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने चार प्रतियोगिताओं के फाइनल में प्रवेश किया जिनमें से वह फ्रेंच ओपन और थाईलैंड ओपन जीतने में सफल रहे। थॉमस कप में हालांकि इंडोनेशिया और चीन के खिलाफ वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके अलावा वह ऑल इंग्लैंड ओपन और पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन में शुरू में बाहर हो गए थे। सात्विक और चिराग पिछले साल इंडोनेशिया ओपन जीतकर सुपर 1000 टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। वे अब पिछले सप्ताह की गलतियों में सुधार करके पिछले साल का प्रदर्शन दोहराने की कोशिश करेंगे। उनका पहला मुकाबला मलेशिया के मैन वेई चोंग और काई वुन टी से होगा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू पर भी दबाव होगा जो पेरिस ओलंपिक से पहले आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगी। मलेशिया ओपन के फाइनल में पहुंचने से उनका मनोबल बढ़ा होगा लेकिन खिताबी मुकाबले में चीन की वांग झी यी के खिलाफ 11-3 से आगे होने के बावजूद हारना चिंताजनक है। आन से यंग, चेन यू फी, अकाने यामागुची और कैरोलिना मारिन जैसी चोटी की खिलाड़ी मलेशिया ओपन में नहीं खेली थी लेकिन वे इंडोनेशिया ओपन में चुनौती पेश करेंगे और ऐसे में सिंधू के लिए राह आसान नहीं होगी।

सिंधू अगर पहले दौर में चीनी ताइपे की वेन ची सू को हरा देती है तो फिर उन्हें मारिन का सामना करना पड़ सकता है जिनसे वह पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल में हार गई थी। पुरुष एकल में भारत की निगाह एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन पर टिकी रहेगी। लक्ष्य जापान के कांता सुनेयामा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर उनका सामना मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त विक्टर एक्सेलसेन से हो सकता है जिनसे वह पिछले सप्ताह हार गए थे। इस सत्र में स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझने वाले प्रणय पहले दौर में हमवतन प्रियांशु राजावत से भिड़ेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और किरण जॉर्ज भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। पहले दौर में श्रीकांत का सामना चिको ऑरा ड्वी वार्डोयो से जबकि जॉर्ज का चीन के वेंग होंग यांग से होगा।इ महिला युगल में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी तनिषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल लाई की जोड़ी के खिलाफ करेगी। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की एक अन्य भारतीय जोड़ी का सामना चीनी ताइपे की चेंग यू पेई और सुन यू हिंग से होगा।

# नॉर्वे शतरंज : अलीरेजा से हारे प्रज्ञाननंदा, कार्लसन को एकल बढ़त

भारत के भाई बहन की जोड़ी आर प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट छठे दौर में हार का सामना करना पड़ा जबकि मैग्नस कार्लसन ने खराब फॉर्म में चल रहे डिंग लिरेन को हराकर 12 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली। अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने हमवतन हिकारू नाकामुरा को हराकर छह खिलाड़ियों के बीच डबल राउंड रॉबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में कार्लसन को बढ़त हासिल करने में मदद पहुंचाई।



प्रज्ञाननंदा को क्लासिकल मैच में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ थोड़ा संघर्ष करना पड़ा लेकिन वह इसके बाद आर्मगेडन टाईब्रेकर में हार गए। उनकी बहन वैशाली को चीन की विश्व महिला चैंपियन वेनजुन जू से हार का सामना करना पड़ा। अब जबकि चार दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब शीर्ष पर काबिज कार्लसन के बाद नाकामुरा का नंबर आता है जिनके 11 अंक हैं जबकि प्रज्ञाननंदा 9.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

अलीरेजा आठ अंकों के साथ चौथे और कारूआना 6.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं जबकि चीन के डिंग लीरेन अब तक केवल 2.5 अंक ही बना पाए हैं। महिलाओं के वर्ग में वेनजुन जू और अन्ना मुजिचुक ने वैशाली की जगह बढ़त हासिल कर ली है। वेनजुन जू और मुजिचुक दोनों के समान 10.5 अंक हैं जबकि वैशाली उनसे आधा अंक पीछे है। मुजिचुक ने चीन की टिंगजी लेई को आर्मगेडन टाईब्रेकर में हराया। लेई सात अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

वह भारत की एक अन्य खिलाड़ी कोनेरू हंपी से दो अंक आगे हैं। हंपी को आर्मगेडन में स्वीडन की पिया क्रैमलिंग के हाथों एक और हार का सामना करना पड़ा। क्रैमलिंग के 4.5 अंक हैं और वह तालिका में सबसे निचले स्थान पर है।

# मिस्टर एंड मिसेज माही ने रिलीज के तीन दिन के भीतर कमाए 17.12 करोड़ रुपये



राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर अभिनीत फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही ने अपने रिलीज के शुरुआती तीन दिन में 17.12 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस फिल्म का निर्देशन शरण शर्मा ने किया है और यह जी स्टूडियोज और धर्मा प्रोडक्शन्स द्वारा बनाई गई है। 'रोमांटिक स्पोर्ट्स ड्रामा' फिल्म शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इसे दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली।

धर्मा प्रोडक्शन्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंच एक्स पर बॉक्स ऑफिस पर फिल्म के प्रदर्शन के बारे में जानकारी साझा की है। निर्माता ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है कि फिल्म ने अपनी रिलीज के तीन दिन के भीतर घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 17.12 करोड़ रुपये की शुद्ध कमाई की है। मिस्टर एंड मिसेज माही में जाह्नवी कपूर ने महिमा की भूमिका निभाई है। वह एक डॉक्टर है जिसका पति महेंद्र (राजकुमार राव द्वारा अभिनीत किरदार) उसमें क्रिकेट खेलने की प्रतिभा को पहचानता है और उसके सपनों को पूरा करने के लिए उसका प्रशिक्षक बन जाता है।

# अभिनय ही नहीं राजनीति में नीतीश भारद्वाज ने बनाई अपनी पहचान, श्रीकृष्ण से है खास कनेक्शन

आज यानी की 02 जून को टीवी शो महाभारत में भगवान कृष्ण का किरदार घर-घर में फेमस हुए नीतीश भारद्वाज अपना 61वां जन्मदिन मना रहे हैं। बता दें कि नीतीश ने श्रीकृष्ण का रोल इतनी शिद्दत से अदा किया कि लोग उनको श्रद्धाभाव के साथ देखने लगे। तो कुछ लोग उनको सच में श्रीकृष्ण मानने लगे।

बता दें कि खास बात यह है कि नीतीश भारद्वाज का जन्म भी उसी रोहिणी नक्षत्र में हुआ, जिस में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। नीतीश ने सिर्फ अभिनय ही नहीं बल्कि राजनीति में भी अपना नाम बनाया है। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर नीतीश भार्वाज के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

महाराष्ट्र के मुंबई में 02 जून 1963 को नीतीश भारद्वाज का जन्म हुआ था। उन्होंने अपनी पढ़ाई-लिखाई पूरी करने के बाद बतौर वेटरनरी सर्जन अपने करियर की शुरूआत की थी। लेकिन इस नौकरी में उनका मन नहीं लगता था। वहीं उन्होंने साल 1991 में मोनिषा पाटिल से शादी की। लेकिन यह शादी साल 2005 में खत्म हो गई। जिसके बाद नीतीश ने साल 2009 में स्मिता से विवाह किया। नीतीष अभिनय की दुनिया में अपना नाम बनाना चाहते थे, इसके लिए उन्होंने मराठी थिएटर करना शुरू कर दिया।



थिएटर करने के दौरान ही नीतीश की किस्मत का सितारा चमकना शुरू हो गया था। इसी दौरान उनको बीआर चोपड़ा की महाभारत में श्रीकृष्ण का रोल निभाने का मौका मिला। जिसके बाद नीतीश घर-घर में भगवान श्रीकृष्ण के तौर पर फेमस हुए। वहीं खुद नीतीश भारद्वाज भी खुद को इस रोल के लिए भाग्यशाली मानते हैं।

आपको बता दें कि महाभारत में काम करने के बाद नीतीश का जादू कुछ इस कदर चला कि जब भी श्रीकृष्ण के रोल के लिए अभिनेता की जरूरत होती, तो जहन में सबसे पहले नीतीश का नाम आता। अभिनेता को कई बार श्रीकृष्ण का रोल निभाने का मौका मिला। नीतीश भारद्वाज ने मन में है विश्वास, गीता रहस्य श्री कृष्ण और विष्णु पुराण आदि सीरियल में श्रीकृष्ण का रोल निभाया है।

टीवी इंडस्ट्री के अलावा नीतीश भारद्वाज ने बड़े परदे पर भी अपने अभिनय की छाप छोड़ी है। अभिनेता ने कई मराठी फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाई है। इसके अलावा अभिनेता ने मलयालम सिनेमा में भी काम किया है। वहीं अगर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की बात करें तो नीतीश ने फिल्म केदारनाथ और मोहनजोदारो में भी अभिनय किया है।

इसके अलावा नीतीश भारद्वाज ने राजनीति में भी अपनी पहचान बनाई है। साल 1996 में उन्होंने भाजपा के टिकट पर जमशेदपुर से चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में उन्हें जीत हासिल हुई थी। इसके बाद साल 1999 में नीतीश ने राजगढ़ लोकसभा सीट से मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ा था। लेकिन इस चुनाव में उनको हार का सामना करना पड़ा था।

# पिटबुल और कैटी पेरी ने बांधा सुरों का समा, जान्हवी-शिखर के रोमांटिक पल कैमरे में कैद



अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन का दूसरा राउंड खत्म हो चुका है, जो बेहद शानदार था। अंबानी और मर्चेंट का प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन 29 मई को इटली के एक लग्जरी क्रुज पर शुरू हुआ था। इस सेलिब्रेशन का सबसे चर्चित इवेंट ला डोल्से वीटा रहा, जिसमें हॉलीवुड के मशहूर स्टार पिटबुल और कैटी पेरी ने परफॉर्म कर समा बांधा। इन दोनों के अलावा बॉलिवुड सिंगर गुरु रंधावा ने भी स्टेज पर धुनों से मेहमानों का मनोरंजन किया।

सोशल मीडिया पर अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन से कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में, पिटबुल और कैटी पेरी स्टेज पर अपने हिट ट्रैक गाते नजर आ रहे हैं। एक अन्य वीडियो में, अभिनेता शाहरुख खान अपनी पत्नी गौरी खान के साथ बैठकर प्रदर्शन का आनंद लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके बेटे अबराम भी उनके बगल में बैठे नजर आ रहे हैं। एक अन्य वीडियो में, शाहरुख खान, गौरी खान, अबराम के साथ अभिनेता रणबीर कपूर को खड़े देखा जा सकता है।

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन से अभिनेत्री जान्हवी कपूर और उनके बॉयफ्रेंड शिखर पहारिया का एक रोमांटिक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में, जान्हवी अपने बॉयफ्रेंड को खाना खिलाती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री और उनके बॉयफ्रेंड के ये रोमांटिक पल सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बने हुए हैं। इसके अलावा इटली से सारा अली खान, अनन्या पांडे, शनाया कपूर और सुहाना खान की भी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

## रवीना टंडन ने नशे में बुर्जुर्ग महिला से की मारपीट? वायरल हो रहे वीडियो की क्या है सच्चाई

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन शनिवार रात को हुई एक घटना के बाद विवादों में घिरी हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, अभिनेत्री के ड्राइवर पर मुंबई में लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप लगा है, जिसकी वजह से सोशल मीडिया पर रवीना की जमकर आलोचना हो रही है। इतना ही नहीं इस दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में, अभिनेत्री भीड़ से खुद को बचाती नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं अभिनेत्री को लोगों से मारपीट न करने की गुहार लगाते हुए भी सुना जा सकता है।



सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो भीड़ में मौजूद एक व्यक्ति द्वारा रिकॉर्ड की गयी है। वीडियो में, एक महिला अभिनेत्री पर उसपर हमला करने का आरोप लगाती नजर आ रही है। पीड़िता को तुम्हें जेल में रात बितानी पड़ेगी, मेरी नाक से खून बह रहा है कहते सुना जा सकता है। मोहम्मद नाम के एक व्यक्ति ने कथित पीड़ितों की पहचान अपनी माँ, बहन और भतीजी के रूप में की है। बता दें, अभिनेत्री और उनके ड्राइवर पर एक बुजुर्ग महिला सहित तीन महिलाओं पर हमला करने का आरोप लगा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रवीना के साथ हुई ये घटना मुंबई के कार्टर रोड पर रिजवी कॉलेज के पास की है। पीड़ितों में से एक ने दावा किया है कि रवीना अपने ड्राइवर का बचाव करने के लिए नशे की हालत में कार से बाहर आई और एक बुजुर्ग महिला सहित तीन महिलाओं उन्होंने हमला किया। हालांकि, बताया जा रहा है कि अभिनेत्री की कार से किसी को कोई चोट नहीं लगी।

# हिट मशीन के नाम से फेमस हैं मणिरत्नम, फिल्मी दुनिया से जुड़ने के लिए बदला था नाम

आज यानी की 02 जून को बॉलीवुड के फेमस डायरेक्टर मणिरत्नम अपना 68वां जन्मदिन मना रहे हैं। मणिरत्नम को इंडस्ट्री में हिट मशीन भी कहा जाता है। वर्तमान समय में बॉलीवुड का हर सितारा इनकी फिल्म में काम करना चाहता है। खुद अभिषक बच्चन मणिरत्नम की फिल्मों को अपने करियर का टर्निंग प्वाइंट मानते हैं। बता दें कि यह इंडस्ट्री में अपना नाम बदलकर आए थे। तो आइए जानते हैं इनके जन्मदिन के मौके पर फेमस डायरेक्टर मणिरत्नम के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...



तमिलनाडु के मदुरै में 02 जून 1956 को मणिरत्नम का जन्म हुआ हुआ था। इनका असली नाम गोपाल रत्नम सुब्रमण्यम है। फिल्मों में आने के लिए इन्होंने अपना नाम बदलकर मणिरत्नम रख लिया। मणिरत्नम की गिनती आज दिग्गज निर्देशकों में होती है। मणिरत्नम के खास दोस्त रवि शंकर एक फिल्म बना रहे थे। इस फिल्म का नाम अनु पल्लवी अनु था। इस फिल्म को बनाने के लिए रवि शंकर ने मणिरत्नम से मदद मांगी और उनसे स्क्रीन प्ले लिखने के लिए कहा। तब मणिरत्नम ने शानदार स्क्रीन प्ले लिखा और इस तरह से उनके फिल्म करियर की शुरूआत हुई। इस फिल्म में बॉलीवुड के एवरग्रीन अभिनेता अनिल कपूर ने मुख्यभूमिका निभाई थी। इस फिल्म को कर्नाटक के स्टेट अवॉर्ड से नवाजा गया।

हिंदी फिल्मों के निर्देशन की बात करें तो मणिरत्नम ने फिल्म दिल से अपने करियर की शुरू की। इसके अलावा उन्होंने इंडस्ट्री को गुरु, रावण और बॉम्बे जैसी कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। बता दें कि मणिरत्नम ने अब तक अपने फिल्मी करियर में करीब 26 फिल्मों का निर्देशन किया है। इसके साथ ही उनको 6 बार नेशनल अवॉर्ड पद्मश्री से नवाजा गया है। मणिरत्नम को बतौर निर्देशन असली पहचान उनकी तमिल फिल्म माउंगा रंगम से हासिल हुई थी। वही उन्होंने साल 1987 में फिल्म लायकन बनाई। इस फिल्म में कमल हासन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत बड़ी हिट साबित हुई थी। जिसके बाद इंडस्ट्री में मणिरत्नम की मांग दिन प्रति दिन बढ़ती चली गई। उनको लीक से हटकर फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है।

अवधनामा



# नीरव मोदी और विजय माल्या, जो वर्तमान में यूके में

## जांच एजेंसियों की नाकामी के चलते फरार हुए नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी

**सुनवाई**

**कोर्ट ने लगाई फटकार**

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने 30 मई को एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की, जिसने देश के कुछ सबसे बड़े वित्तीय घोटालों को लेकर जाँच एजेंसियों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। स्पेशल जज एम.जी. देशपांडे ने प्रिवेंशन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट (पीएमएलए) के तहत एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी देश से भाग पाए क्योंकि जाँच एजेंसियाँ उन्हें समय पर गिरफ्तार करने में नाकाम रहीं।



यह टिप्पणी एक आरोपी द्वारा अपनी यात्रा की शर्तों में छूट माँगने के आवेदन पर सुनवाई के दौरान आई थी। आरोपी का कहना था कि उसे काम के सिलसिले में विदेश यात्रा करनी पड़ती है। इसके जवाब में, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विशेष अभियोजक सुनील गोंसाल्वेस ने कहा कि अगर इस तरह की यात्रा को अनुमति दी जाती है तो नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। जज ने गोंसाल्वेस के इस दलील पर कहा कि मैंने इस तर्क का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया और मुझे यह नोट करना जरूरी लगा कि ये सभी लोग जाँच एजेंसियों की विफलता के कारण भाग पाए क्योंकि वे समय पर गिरफ्तारी नहीं कर पाईं।

नीरव मोदी और विजय माल्या, जो वर्तमान में यूके में रह रहे हैं, को मुंबई की अदालतों ने भगोड़े आर्थिक अपराधी (एफईओ) घोषित किया है। मेहुल चोकसी वर्तमान में डोमिनिका में है और ईडी ने उसे एफईओ घोषित करने के लिए आवेदन दिया है।

इस मामले में, जज देशपांडे के सामने आवेदन करने वाला व्यक्ति, व्योमेश शाह, 2022 के मनी लॉन्ड्रिंग मामले का आरोपी है। शाह को ईडी द्वारा दायर आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद अदालत ने तलब किया था। 7 जून, 2022 को अदालत में पेश होने के बाद, शाह को कुछ शर्तों के साथ जमानत पर रिहा कर दिया गया था, जिसमें व्यक्तिगत बंधन और जमानत देने जैसी शर्तें शामिल थीं। शाह पर लगाई गई शर्तों में से एक यह भी थी कि वह बिना अदालत की अनुमति के देश नहीं छोड़ सकता है।

शाह ने इसी शर्त में बदलाव करने के लिए आवेदन दिया था, यह तर्क देते हुए कि उसके काम के लिए ग्राहकों और काम की तलाश में विभिन्न देशों की यात्रा करना जरूरी है, और हर बार अदालत की अनुमति लेना व्यावहारिक नहीं है।

आवेदन पर विचार करने के बाद, जज देशपांडे ने आवेदन को मंजूर कर दिया। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि वह वह नहीं कर सकती जो ईडी करने में विफल रहा। जज ने कहा, ईडी मूल रूप से ऐसे व्यक्तियों को बिना किसी रोक-टोक के विदेश यात्रा करने, सबूतों में छेड़छाड़ करने और बाधा डालने, भागने के खतरे, शिकायतों के निपटान और इस प्रक्रिया में सहायता करने जैसे डर के बिना जाने देता है, लेकिन पहली बार जब ऐसा व्यक्ति अदालत के सामने पेश होता है तो अदालत के सामने ये सभी दलीलें और आपत्तियां अचानक सामने आती हैं। इसलिए, इस अदालत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि अदालत वह नहीं कर सकती जो ईडी करने में विफल रहा है।

# दिल्ली-हरियाणा में पानी को लेकर जंग

## 5 जून को सरकारें करेंगी आपातकालीन बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पीने के पानी के बढ़ते संकट को लेकर अतिरिक्त पानी की मांग वाली दिल्ली सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि %अपर यमुना रीवर बोर्ड' (यूवाईआरबी) की एक आपात बैठक पांच जून को बुलायी जाए ताकि दिल्ली में पानी की कमी की समस्या से उचित तरीके से निपटा जा सके। उच्चतम न्यायालय दिल्ली सरकार की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है जिसमें उसने जल संकट से निपटने के लिए राष्ट्रीय राजधानी को हिमाचल प्रदेश द्वारा उपलब्ध कराया जाने वाला अतिरिक्त पानी छोड़े जाने का हरियाणा को निर्देश देने का अनुरोध किया है।

न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की



अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि केंद्र तथा दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने इस पर सहमति जतायी कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मुद्दे से निपटने के लिए यूवाईआरबी की एक बैठक बुलायी जाए।

पीठ ने कहा, सुनवाई के दौरान सभी पक्ष सहमत हुए कि दिल्ली के नागरिकों के समक्ष पानी की कमी की समस्या का ऐसा समाधान होना चाहिए जिसमें सभी पक्षों के अधिकतम हित पूरे होते हो।''

उसने कहा कि वकील %%सहमत हो गए हैं कि इस याचिका में उठाए मुद्दों का समाधान करने के लिए पांच जून को अपर यमुना रीवर बोर्ड की एक आपात बैठक होनी चाहिए और सभी अन्य संबंधित मुद्दों को गंभीरता से लिया जाए ताकि दिल्ली के नागरिकों के लिए पानी की कमी की समस्या का उचित तरीके से समाधान किया जा सके।''

पीठ ने कहा कि इस मामले पर अगली सुनवाई छह जून को होगी जिसमें बोर्ड की बैठक और समस्या को हल करने के लिए पक्षकारों द्वारा उठाए सुझावात्मक कदमों पर जानकारी दी जाएगी।

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी द्वारा दायर याचिका में केंद्र, हरियाणा की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार और हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को पक्षकार बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि जीवित रहने के लिए पानी तक पहुंच आवश्यक और बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है।

**क्विक न्यूज़**

### भूकंप के तेज झटकों से थर्राया जापान, थम गई बुलेट ट्रेन की रफ्तार

**तोक्य।** जापान के मध्य भाग में सोमवार को 5.9 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे पूरा क्षेत्र हिल गया। भूकंप सुबह 6.31 बजे (भारतीय समय सुबह 3-01 बजे) आया और इसका केंद्र नोतो प्रेद्वीप था। जापान मौसम एजेंसी के मुताबिक, इस भूकंप से सुनामी की कोई चेतावनी नहीं दी गई। नोतो प्रेद्वीप में पिछले जनवरी में भी एक विनाशकारी भूकंप आया था, जिसमें 230 से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई थी। इस भूकंप के बाद से क्षेत्र में छोटे-छोटे आफ्टरशॉक आते रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, फिलहाल किसी भी नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन वे अभी भी जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। पहले भूकंप के लगभग 10 मिनट बाद इसी क्षेत्र में 4.8 तीव्रता का एक और छोटा भूकंप आया। परमाणु संयंत्र बंद एनएचके के मुताबिक, क्षेत्र में स्थित कशीवाज़ाकी-कारिवा परमाणु संयंत्र के संचालक ने नुकसान की जांच करने के लिए संचालन बंद कर दिया है। जापान प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर के किनारे स्थित है और यहां चार बड़े टेक्टॉनिक प्लेट एक दूसरे से टकराते हैं।

### बीएससी की परीक्षा में कम मार्क्स मिलने से निराश स्टूडेंट ने की खुदकुशी

**कोल्हापुर।** देश में स्टूडेंट्स की खुदकुशी की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। अब ऐसे ही एक घटना महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के शिरोली दुमाला गांव में हुई है। जहां एक स्टूडेंट ने परीक्षा में कम मार्क्स आने पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक स्टूडेंट का नाम पृथ्वीराज पाटिल है है। इसने अपने घर में लगे फैन से रस्सी बांधकर खुदकुशी की। रविवार रात को यह घटना हुई। जानकारी के मुताबिक़ पृथ्वीराज यह शिवाजी पेठ के एक कॉलेज में बीएससी सेकंड ईयर में पढ़ रहा था। सेमेस्टर में कम मार्क्स मिलने के कारण वो पिछले एक हफ्ते से निराश था। इसको लेकर उसके परिजनों ने उसको समझाया भी, लेकिन निराश पृथ्वीराज के मन में

# ओडिशा में भीषण गर्मी और लू का कहर, 72 घंटे में 99 लोगों की मौत

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** देश के अधिकांश राज्य भीषण गर्मी की चपेट में है। ओडिशा में जानलेवा गर्मी का कहर दिख रहा है। ओडिशा में भीषण गर्मी की चपेट में आकर 72 घंटे में 99 लोगों की मौत हुई है। इन सभी मामलों में से सनस्ट्रोक से 20 लोगों की मौत की पुष्टि पोस्टमार्टम और जांच के आधार पर की गई है। गर्मी के इस सीजन में मौत का आंकड़ा 140 के पार पहुंच चुका है। ओडिशा समेत कई राज्यों हालात गंभीर हैं।

राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले शुक्रवार से अब तक भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के कारण 99 लोगों की मौत होने का संदेह है। बयान में बताया गया कि पोस्टमार्टम और प्रशिक्षण के बाद 20 लोगों की मौत सनस्ट्रोक से होने की पुष्टि की गई। इसमें कहा गया कि बाकी मामलों में जांच जारी है।

बयान में कहा गया कि इससे पहले सनस्ट्रोक के कारण 42 संदिग्ध मौत के मामले दर्ज किए गए थे तथा उनमें से छह मामलों में भीषण गर्मी के प्रकोप की वजह से मृत्यु की पुष्टि हुई थी और अन्य की मौत अन्य कारणों से हुई। अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश मौत बोलांगीर, संबलपुर, झारसुगुड़ा, क्योंझर, सोनपुर, सुंदरगढ़ और बालासोर जिले में दर्ज की गईं।

मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना और विशेष राहत आयुक्त सत्यव्रत साहू ने रविवार को जिलाधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जिला प्रशासन को लू संबंधी परामर्श को लागू करने तथा एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए। जिलों को यह भी कहा गया कि वे अनुग्रह राशि की मंजूरी के लिए तापघात से हुई प्रत्येक संदिग्ध मौत के मामले में पोस्टमार्टम कराना सुनिश्चित करें।

अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक मौत का सही कारण जानने के लिए स्थानीय राजस्व अधिकारी और स्थानीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा संयुक्त जांच भी की जानी चाहिए।

# अमित शाह और नीतीश कुमार की हुई बातचीत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा मंगलवार को होने वाली है। इससे पहले देश की राजधानी दिल्ली में राजनीतिक हलचल लगातार जारी है।

दिल्ली दौरे पर आए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना रवाना होने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ फोन पर लंबी बातचीत की है। इससे पहले नीतीश कुमार ने सोमवार को दिन में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की थी। पीएम आवास पर प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात और इसके कुछ घंटे बाद ही भाजपा के रणनीतिकार एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ फोन पर हुई नीतीश कुमार की बातचीत को मंगलवार को होने वाली काउंटिंग और चुनावी नतीजों के बाद बनने वाली सरकार के गठन के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



अमित शाह के साथ फोन पर हुई बातचीत से कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर पीएम मोदी और नीतीश कुमार के बीच 35 मिनट से ज्यादा देर तक बातचीत हुई।

यह बताया जा रहा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएम मोदी और अमित शाह, दोनों नेताओं को राज्य में हुए लोकसभा चुनाव के संभावित नतीजों के बारे में जानकारी दी।

इस मुलाकात और बातचीत को 2019 में लोकसभा चुनाव के बाद घटे घटनाक्रम के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि नीतीश कुमार स्वयं इस बार 2019 का इतिहास दोहराना नहीं चाहते हैं।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन का हिस्सा होने और बड़ी जीत मिलने के बावजूद नीतीश कुमार केंद्र में मंत्रिमंडल के गठन को लेकर नाराज हो गए थे।

भाजपा और जेडीयू दोनों ही इस बार 2019 के प्रकरण को दोहराने से बचना चाहते हैं इसलिए यह माना जा रहा है कि शीर्ष स्तर पर हुई इस मुलाकात और बातचीत के दौरान बिहार एवं देश के राजनीतिक हालात, एग्जिट पोल के अनुमान और मंगलवार को आने वाले चुनावी नतीजों के साथ-साथ एनडीए गठबंधन में भविष्य में नीतीश कुमार की भूमिका और केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार बनने वाली सरकार के मंत्रिमंडल में जेडीयू की भागीदारी को लेकर भी चर्चा हुई हो सकती है।

# आप नेता संजय सिंह ने एग्जिट पोल को बताया अविश्वसनीय और हास्यास्पद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले सामने आए एग्जिट पोल ने सियासी हलचल तेज कर दी है। आप नेता संजय सिंह ने एग्जिट पोल पर मचे सियासी बवाल पर एक प्रेस वार्ता की है।

संजय सिंह ने एग्जिट पोल के आंकड़ों को अविश्वसनीय और हास्यास्पद बताया। उन्होंने कहा कि यह एग्जिट जनता के बीच नहीं, बल्कि बीजेपी कार्यालय में तैयार किए गए हैं, जिनका लोगों के राजनीतिक हितों से कोई सरोकार नहीं है।

%आप' नेता ने कहा, पिछले कुछ दिनों से जिस तरह भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा एग्जिट पोल के आंकड़ों का लड्डू बनाकर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है, उसे लेकर आज मैं पूरी स्थिति स्पष्ट कर देना चाहता हूं। बीजेपी मतगणना को प्रभावित करने की भी कोशिश कर रही है। एग्जिट पोल को किसी प्रमाण की जरूरत नहीं है। यह खुद ही अपने आपको गलत साबित करता हुआ नजर आ रहा है और इस मामले में एग्जिट पोल तैयार करने वाली जितनी भी एजेंसियां हैं, उनको धन्यवाद देना चाहूंगा। उन्होंने खुद ही देश के सामने खुलासा कर दिया कि मेहरबानी कर हम पर भरोसा मत कीजिए। अगर आप ऐसा करेंगे, तो आप खुद को ठगा हुआ महसूस करेंगे।

उन्होंने आगे कहा, एग्जिट पोल करने वाली एजेंसियां खुद ही अपनी नाकामी स्वीकार रही है और क्यों कर रही है, क्योंकि इन लोगों ने खुद ही अपने एग्जिट पोल को हास्यास्पद बना दिया है। इन लोगों ने एग्जिट पोल को अविश्वसनीय बना दिया है और देश की जनता को खुद ही बता दिया कि कभी-भी एग्जिट पोल पर भरोसा मत करना और ऐसा भारत के एग्जिट पोल के इतिहास में पहली बार घटित हुआ है।

# इंडोनेशियाई पुलिस ने 226 कुत्तों को तस्करी से बचाया, बूचड़खाने ले जाए जा रहे थे

एजेंसी

**इंडोनेशिया।** सेंट्रल जावा के कलिकांगकुंग सेमारंग टोल गेट पर इंडोनेशियाई पुलिस ने शनिवार रात एक ट्रक को पकड़ा, जिसमें 226 कुत्तों को तस्करी कर बूचड़खाने ले जाया जा रहा था। कुत्तों के मुंह और पैर बंधे हुए थे, जिन्हें वध के लिए ले जाया जा रहा था।

इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ट्रक से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार किया। सेमारंग पुलिस के मुख्य आयुक्त इरवान अनवर ने बताया कि ट्रक के चालक दल को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच चल रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि संदिग्धों पर पशुपालन स्वास्थ्य कानूनों के तहत आरोप लगाए जाएंगे, जिसके तहत उन्हें अधिकतम पांच साल की जेल की सजा हो सकती है। एनिमल्स होप शेल्टर इंडोनेशिया के अध्यक्ष



क्रिश्चियन जोसुआ ने तस्करी की इस भयावह योजना का खुलासा करते हुए बताया कि खरीदार सड़क किनारे कुत्तों को पकड़कर पिकअप ट्रकों में डाल देते थे। कुत्तों की कीमत उनकी साइज के आधार पर 50,000 रुपये से लेकर 250,000 रुपये (लगभग 3.45-.17.24 अमेरिकी डॉलर) तक थी, जबकि मांस की कीमत लगभग 40,000 रुपये (2.76 अमेरिकी डॉलर) प्रति किलोग्राम थी।

## पुर्तगाल में बेजा एयर शो के दौरान दो विमानों की टक्कर में एक पायलट की मौत

**लिस्बन।** पुर्तगाल में एक हवाई शो के दौरान दो विमानों की हवा में भिड़ंत हो गई, जिससे कम से कम एक पायलट की मौत हो गई। यह घटना हवाई शो देख रहे लोगों के सामने घटी और इस हृदय विदारक घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में दो विमान हवा में एक दूसरे से टकराते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना के तुरंत बाद विमान जमीन पर गिर गए। इस घटना में कम से कम एक पायलट की मौत हो गई। अभी तक इस दुर्घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है. जांच शुरू हो गई है और अधिकारियों द्वारा मामले की जांच की जा रही है. यह दुर्घटना हवाई शो में सुरक्षा की गंभीर चिंता जागृत करती है। हवाई शो में सुरक्षा का ध्यान रखना बहुत ज़रूरी है ताकि ऐसी घटनाएं न हो पाएं।

### मालदीव में इजरायली नागरिकों का प्रवेश प्रतिबंधित, इजरायल ने देश छोड़ने को कहा

**माले।** मालदीव की सरकार ने गाजा पर हमले के विरोध में इजरायली नागरिकों का देश में प्रवेश प्रतिबंधित करने का फैसला किया है, जिसके बाद इजरायल सरकार ने अपने नागरिकों के लिए सलाह जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल ने मालदीव में रह रहे अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह दी है।इजरायल के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अगर मालदीव में रह रहे नागरिकों को कोई समस्या हुई तो उनकी सहायता करना मुश्किल होगा। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने रविवार को आपातकालीन कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया कि मालदीव इजरायली पासपोर्ट पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून में बदलाव भी करेगा।मालदीव के गृह मंत्री अली इहुसन ने बताया कि कानून में बदलाव के लिए एक कमेटी बनाई गई है, जो तेजी से काम करेगी।

# पाकिस्तानी सेना में अल्पसंख्यक समुदाय की पहली महिला वन-स्टार जनरल

एजेंसी

**रावलपिंडी।** पाकिस्तानी सेना में एक ईसाई महिला अधिकारी को ब्रिगेडियर के पद पर पदोन्नत किया गया है। वह अल्पसंख्यक समुदाय से वन-स्टार जनरल रैंक तक पहुंचने वाली पहली महिला बन गई हैं। रविवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

द न्यूज ने बताया, सेना चिकित्सा कोर में सेवारत हेलेन मैरी रॉबर्ट्स उन अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्हें चयन बोर्ड ने ब्रिगेडियर और पूर्ण कर्नल के रूप में पदोन्नत किया।

उन्होंने 26 वर्षों तक आर्मी मेडिकल कोर में पैथोलॉजिस्ट के रूप में काम किया है।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने उन्हें पाकिस्तानी सेना में योग्यता और राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व का एक और



जीवंत उदाहरण करार दिया।

ब्रिगेडियर रॉबर्ट्स से पहले, मेजर जनरल निगार जौहर ने जून 2020 में लैंगिक बाधाओं को तोड़ते हुए लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर पदोन्नत होने वाली देश की पहली महिला अधिकारी बनकर पाकिस्तान सेना की पहली महिला सर्जन जनरल बनीं थीं।

पिछले साल रावलपिंडी के क्राइस्ट चर्च में क्रिसमस समारोह के दौरान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने पाकिस्तान के विकास में ईसाई समुदाय की भूमिका की सराहना की थी। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और परोपकार के साथ-साथ राष्ट्रीय रक्षा को बढ़ावा देने में इनके योगदान का हवाला दिया था।

प्रधानमंत्री मुहम्मद शहबाज शरीफ ने रॉबर्ट्स को उनकी पदोन्नति पर बधाई दी।

उन्होंने कहा, ब्रिगेडियर रॉबर्ट्स, पाकिस्तानी ईसाई समुदाय की सदस्य हैं और उन्होंने यह प्रतिष्ठित पद हासिल करने वाली अल्पसंख्यक पृष्ठभूमि की पहली महिला बनकर इतिहास रच दिया है।

उन्होंने रॉबर्ट्स की कड़ी मेहनत और समर्पण की प्रशंसा की। पीएम ने कहा, इससे यह भी साबित हो गया कि पाकिस्तानी महिलाएं किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर सकती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, पूरे देश को ब्रिगेडियर रॉबर्ट्स और अल्पसंख्यक समुदायों से उनके जैसी हजारों मेहनती महिलाओं पर गर्व है, जो देश की सेवा कर रही हैं।

# बेशाम में हुए हमले से हमारा कोई संबंध नहीं: तालिबान

एजेंसी

**स्लामाबाद।** अफगानिस्तान के बेशाम शहर में चाइनीज इंजीनियरों को ले जा रही बस पर मार्च में आतंकी हमला हुआ था। तालिबान का कहना है कि उसका इस हमले से कोई संबंध नहीं है। साथ ही हमले की जांच में तालिबान ने पाकिस्तान की मदद से भी इनकार कर दिया है।

काबुल ने कहा, 26 मार्च को हुए आतंकी हमले से हमारा कोई संबंध नहीं है, जिसमें पांच चाइनीज इंजीनियर मारे गए थे।

अफगान तालिबान ने बेशाम हमले की चल रही जांच में मदद के लिए इस्लामाबाद के अनुरोध को भी ठुकरा दिया है। अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने कहा, पाकिस्तान काबुल और बीजिंग के बीच दरार पैदा करने का प्रयास कर रहा है। बेशाम में हुए हमले का अफगानिस्तान से कोई लेना-देना नहीं है। पाकिस्तान को अपनी सुरक्षा खुद सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन के



नागरिकों को निशाना बनाना पाकिस्तान का मामला है। इसका अफगानिस्तान से कोई लेना-देना नहीं है। पाकिस्तान द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट चीन और अफगानिस्तान के बीच अविश्वास पैदा करने की कोशिश है। हमने बार-बार इसका खंडन किया है।

पाकिस्तान ने कहा था कि अफगान प्रशासन जांच को आगे बढ़ाने के लिए इस्लामाबाद के साथ सहयोग करने और काम करने के लिए तैयार है। पाक के इस बयान के 24 घंटे के भीतर काबुल ने यह प्रतिक्रिया दी।

इससे पहले, पाकिस्तान के आंतरिक सचिव मोहम्मद खुर्रम आगा तालिबान प्रशासन के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का मैसेज लेकर काबुल गए थे।

राजनयिक सूत्रों ने पुष्टि की कि आगा ने अफगानिस्तान के अंतरिम उप गृह मंत्री मोहम्मद नबी ओमारी के साथ बैठक की। पाकिस्तान ने चीन के इंजीनियरों पर हमले के संदर्भ में सबूत साझा किए।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने भी एक बयान जारी कर कहा कि अफगान पक्ष जांच के लिए सहमत हो गया है। उसने जांच को आगे बढ़ाने और इसके निष्कर्ष तक पहुंचाने के लिए पाकिस्तान के साथ मिलकर काम करने को कहा है। बयान में कहा गया, अफगान पक्ष ने पाकिस्तान समेत अन्य देशों के खिलाफ किसी भी आतंकवादी गतिविधि के लिए अपनी धरती के उपयोग को रोकने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पाकिस्तान का दावा है कि बेशाम हमले में शामिल संदिग्धों की पहचान कर ली गई है। दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए सबूत काबुल के साथ साझा किए गए हैं।

पाकिस्तान विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच ने शुक्रवार को इस मामले में काबुल की प्रतिबद्धता की पुष्टि की थी।

# इजरायल हमास को गाजा पर शासन जारी रखने की अनुमति नहीं

## गाजा में हमास को हटा कर वैकल्पिक शासन व्यवस्था लागू करेगा इजरायल

एजेंसी

**यरूशलम।** इजरायली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने कहा है कि इजरायल गाजा पट्टी में हमास को हटा कर एक वैकल्पिक शासन व्यवस्था के बारे में सोच रहा है।

नेगेव रेगिस्तान के शहर बीर शेबा में इजरायली सेना के दक्षिणी कमान मुख्यालय के दौरे के दौरान गैलेंट ने रविवार को कहा कि इजरायल हमास को गाजा पर शासन जारी रखने की अनुमति नहीं देगा।

रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा, हम हमास को खत्म कर देंगे और एक अलग शासन निकाय स्थापित करेंगे।

मंत्री ने कहा कि रफा में ऑपरेशन चल रहा है। गाजा पट्टी को मिस्र से जोड़ने वाली ऑक्सीजन ट्यूब को हम नष्ट कर रहे हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि हम हमास के अस्तित्व को मिटा देंगे।

उधर मिस्र ने रफा क्रॉसिंग के फिलिस्तीनी हिस्से से इजरायल के हटने की आवश्यकता पर जोर दिया है।



मिस्र, अमेरिका और इजरायल के प्रतिनिधिमंडलों की काहिरा में एक बैठक हुई जिसमें मिस्र और गाजा पट्टी के बीच रफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने पर चर्चा की गई ताकि राहत सामग्री पहुंचाई जा सके।

बैठक के दौरान, मिस्र के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि गाजा में राहत सामग्री और मानवीय सहायता के प्रवेश को रोकने के लिए इजरायल पूरी तरह जिम्मेदार है। इसने कहा कि कम से कम 350 सहायता ट्रक रोजाना पहुंचाने की जरूरत है।

यह क्रॉसिंग, बीमार और घायल लोगों को इलाज के लिए गाजा से बाहर ले जाने और गाजा में मानवीय और राहत सहायता पहुंचाने का मुख्य प्रवेश द्वार है। इसे 7 मई को बंद कर दिया गया था।

उधर इजरायल के पूर्व में दक्षिण-पूर्वी लेबनानी गांव हौला पर इजरायली हवाई हमले में दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। सूत्रों ने रविवार को बताया कि इजरायली लड़ाकू विमान ने चार हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों से हौला में एक घर पर बमबारी की, जिसमें चार नागरिक घायल हो गए और दो लोग मारे गए।

सूत्रों ने बताया कि इजरायल ने सीमा क्षेत्र के पूर्वी और मध्य क्षेत्रों में सात कस्बों और गांवों पर 11 हवाई हमले किए और दक्षिणी सीमा क्षेत्र में 13 गांवों और कस्बों पर 70 गोले दागे।

इस बीच, लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने अल-सम्माका, अल-रामथा, किर्यत शमोना, अल-अबाद और अल-मर्ज सहित कई इजरायली स्थलों पर हमला किया।

### मेक्सिको में पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गईं क्लाउडिया शिनबाम, 60 प्रतिशत वोट हासिल किए

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के इतिहास में पहली बार देश को महिला राष्ट्रपति मिली हैं। 61 वर्षीय क्लाउडिया शिनबाम ने 58 से 60 प्रतिशत मत हासिल कर जीत हासिल की है। रिपोर्ट के मुताबिक, शिनबाम ने अपनी मुख्य प्रतिद्वंद्वी और व्यवसायी जोचिटल गाल्वेज पर 30 प्रतिशत से अधिक की बढ़त बनाई है।शिनबाम 1 अक्टूबर को अपने मार्गदर्शक, निवर्तमान राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर का स्थान लेंगी। उन्होंने जीत के बाद अपने भाषण में कहा कि वह मतदाताओं को निराश नहीं करेंगी। राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने से पहले शिनबाम मेक्सिको सिटी की मेयर थीं। वह 2018 में पहली महिला मेयर बनीं और 2023 तक पद पर रहीं। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव के लिए पद छोड़ दिया।लोपेज ओब्रेडोर 2018 से सत्ता में हैं। वह मेक्सिको के संविधान के तहत दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव नहीं लड़ सकते थे। मेक्सिको राष्ट्रपतियों को 6 साल के एकल कार्यकाल तक सीमित करता है।मैक्सिको में मेयर को प्रभावशाली राजनीतिक पदों में मानते हैं। शिनबाम के यहूदी नाना-नानी नाजियों से बचकर बुल्गारिया से मैक्सिको आए थे। उनके दादा-दादी लिथुआनिया से थे।शिनबाम के माता-पिता दोनों ही वैज्ञानिक थे। शिनबाम ने ऊर्जा इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने से पहले भौतिकी का अध्ययन किया था।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के लिए किया हवन पूजन



अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिले के बक्शा थाना क्षेत्र के सुजियामऊं में स्थित श्रीमहाकाली मंदिर परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुनः भाजपा सरकार बनाने के लिए हवन-यज्ञ किए। सुजियामऊं निवासी युवा भाजपा नेता आशुतोष कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने वाराणसी से भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र मोदी और जौनपुर से भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह समेत देश भर में भाजपा गठबंधन के चार सौ पार के लिए विधिवत हवन-यज्ञ पूजन किया गया। वहीं आशुतोष उपाध्याय ने बताया कि मोदी के अयोध्या, काशी व विंध्यवासिनी कारिडोर के भव्य निर्माण से विकसित भारत की गारंटी आदि विषयों को लेकर मोदी को पुनः प्रचंड बहुमत मिलने के लिए हवन-यज्ञ पूजन कर प्रार्थना किया गया।

आचार्य वरुणेन्द्र मिश्र शास्त्री व रुद्रेश पाठक ने विधिवत पूजन कार्यक्रम सम्पन्न कराया। कार्यक्रम का आयोजन सुनील कुमार उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वामी श्यामजी महाराज ,देवदत्त उपाध्याय, चंद्रमणि उपाध्याय, सेक्टर संयोजक, आशीष पांडेय, अंबुज पाठक, बूथ अध्यक्ष अर्धपुर कृष्ण कुमार पाण्डेय, शिवम शर्मा बूथ अध्यक्ष सादनपुर, बूथ अध्यक्ष भटपूरा अनुज तिवारी, विदितनरायण उपाध्याय, राम प्रसाद सिंह व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो घायल

जौनपुर (शाहगंज)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बड़ागांव पुलिया के समीप बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार सरपतहां थाना क्षेत्र के सवायन गांव निवासी 35 वर्षीय गोरेलाल पुत्र पतिराम राजभर व 30 वर्षीय संजय कुमार पुत्र तिडीराम शाहगंज से बाइक से घर जा रहें थे कि बड़ागांव पुलिया के समीप तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दे इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गोरेलाल की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# मतगणना की तैयारियां पूरी, भाजपा की नियत पर भरोसा नहीं: सपा

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। लोकसभा चुनाव 2024 के मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर सपा ने आज प्रेस वार्ता मे भाजपा की नियत पर सवाल खड़ा करते हुए लोकतंत्र और संविधान की मर्यादा के लिये चौथे स्तम्भ मीडिया जगत को भी मदद मे आगे रहने की अपील किया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के निर्देश पर स्थानीय सपा नेताओं ने पत्रकार वार्ता करके गत 2 जून रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा सोसल मीडिया पर जारी बयान और आशंका का हवाला देते हुए कहा कि मीडिया का एक वर्ग एग्जिट पोल के बहाने देश की जनता को गुमराह कर रहा है।सपा ने आरोप लगाया कि ऐसा भाजपा के इसारे पर किया जा रहा है। जबकि जमीनी हकीकत से परे है। सपा नेताओं ने कहा कि इण्डिया गठबंधन के मतगणना अभिकर्ता पूरी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त हैं और पुरे मुस्तैद रहकर मतगणना कराएँगे।बैलेट पेपर की गणना पहले कराएँजाने की भी मांग की है।

सपा ने कहा है कि जनपद कि सभी बारहों विधानसभाओं मे गठबंधन के सक्रिय और जागरूक कार्यकर्त्ता जिसमें अधिवक्ता, शिक्षक एवं सेवा निवृत्त सैनिक आदि शामिल हैं मतगणना अभिकर्ता के रूप मे हर सीट पर तैनात रहेंगे। मतगणना की शुरुआत मे फार्म 17सी का मिलान कराने एवं पड़े मतों का मिलान करने के बाद ही आगे मतगणना कराने के लिये तैयार होने के विशेष निर्देश भी अभिकर्ता को दिये गए हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष गण अनिल यादव, पप्पूलाल निषाद, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, हाकिम लाल बिन्द, संदीप पटेल, गीता शास्त्री, पूर्व विधायक मुजतबा सिद्दीकी, संदीप यादव मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर, राजू पासी, इंजी जगदीश यादव आदि सहित कई वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे।

## मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का डीएम ने लिया जायजा

जौनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड द्वारा सामान्य प्रेक्षक 74-मछलीशहर के0 लीलावती की उपस्थिति में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी में बने मतगणना स्थल पर मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों को अंतिम रूप दिए जाने का जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा मतगणना कक्षों में जाकर काउंटिंग के लिए लगने वाली टेबल, बैरीकेडिंग, बाहर वाहनों की पार्किंग, मीडिया सेंटर आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पेयजल सुरक्षा व्यवस्था सहित आवश्यक चीजों की पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी /रिटर्निंग ऑफिसर मछलीशहर साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामअक्षयबर चौहान, एआरओ, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## जेल से छूटने के बाद रिटायर्ड फौजी ने ट्रेन से कटकर दी जान

प्रयागराज। घूरपुर थाना क्षेत्र के सारंगापुर गांव के सामने से निकली मुंबई-हावड़ा रेलमार्ग पर सोमवार की सुबह एक वृद्ध ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। उनकी पहचान सरंगापुर निवासी शिवमूरत तिवारी (80) के रूप में हुई। वह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। सूचना पर पहुंची घूरपुर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवमूरत तिवारी मूल रूप से करैली थाना क्षेत्र के करेहदा गांव के रहने वाले थे। वे भारतीय सेना में कार्यरत थे। लगभग बीस वर्ष पूर्व फौज से रिटायर होने के बाद से अपने ससुराल घूरपुर क्षेत्र के सारंगापुर में आकर बस गए थे। उनके दोनों बेटे राजीव तिवारी और राना तिवारी भी सेना से रिटायर हो चुके हैं। मृतक शिवमूरत तिवारी अपनी ही बहू अंजू पत्नी राजीव तिवारी की हत्या के आरोप में जेल जा चुके थे। आरोप है कि गत एक दिसंबर 2016 की सुबह उन्होंने पारिवारिक विवाद में अपनी लाइसेंसी बंदूक से बहू को गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# ईवीएम में बंद जनता के मत से होगा कुंभ नगरी के विकास का फैसला

- मतगणना के लगाए गए 544 कर्मचारी,168 टेबल में होगी मतगणना
- मतगणना की सभी तैयारियां पूरी, किए गए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। प्रयागराज की फूलपुर, इलाहाबाद और भदोही लोकसभा सीटों की मतों की मतगणना की सभी तैयारियां प्रशासन ने पूरी कर ली हैं। मुंडेरा मंडी धूमनगंज में बनाए गए मतगणना स्थल में सुरक्षा व्यवस्था से लेकर रूट डाइवर्जन तक रोड मैप जारी कर दिया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए गर्मी के बचाव और पेय जल की व्यवस्था भी पूरी हो चुकी है। प्रयागराज की तीन लोकसभा सीटों के लिए मुंडेरा मंडी धूमनगंज में सुबह आठ बजे से मतगणना का कार्य शुरू होगा। डीएम प्रयागराज नवनीत सिंह चहल के मुताबिक विधानसभा क्षेत्रवार कुल 168 टेबल पर मतगणना होगी जिसके लिए 504 कर्मचारी लगाए गए हैं। पोस्टल बैलेट के लिए अलग से 40 कर्मचारी लगाए गए हैं। हर टेबल पर तीन-तीन कर्मचारी तैनात किए गए हैं। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। पोस्टल बैलेट की गणना आरओ काउंटर के पास होगी। सबसे कम 27 तथा सबसे ज्यादा 32 राउंड तक मतगणना चलेगी। जिस विधानसभा क्षेत्र में कम मत हैं वहां कम तथा जहां ज्यादा मत हैं वहां अधिक राउंड तक गिनती होगी।दोपहर तीन बजे तक सभी नतीजे आने की उम्मीद है। पहली बार चुनाव रुझानों का प्रदर्शन और परिणामों की जानकारी करने के लिए मतगणना स्थल में चार स्थान पर डिजिटल डिस्प्ले पैनल लगाए गए हैं। प्रेक्षक कैंप, दोनों रिटर्निग आफिसर की टेबल के पास, मीडिया कैंप में यह डिस्प्ले होगा। प्रयागराज की फूलपुर, इलाहाबाद और आंशिक रूप से भदोही लोक सभा की सीटों के लिए शहर की मुंडेरा मंडी धूमनगंज में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना सकुशल एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस आयुक्त ने रमित शर्मा ने बताया कि मतगणना स्थल की सुरक्षा को बाह्य एवं आंतरिक सुरक्षा घेरों में विभाजित किया गया है। मतगणना क्षेत्र को तीन जोन में बांटा गया है जिसमे पैरामिलिट्री, पीएसी और स्थानीय पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन, सेटेलाइट फोन, कैलकुलेटर, कोई इलेक्ट्रानिक गैजेट, ज्वलनशील पदार्थ जैसे माचिस, लाइटर, बीड़ी, सिगरेट तथा किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का लाना प्रतिबंधित है। मतगणना का परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशी और प्रतिद्वंदी को पुलिस अधिकारी मतगणना स्थल से उनके निवास स्थान तक सुरक्षित स्कोर्ट से ले जाएंगे। मतगणना के दिन जीटी रोड पर वाहनों की नो इंट्री रहेगी। मुंडेरा मंडी में वोटों की गिनती होगी, ऐसे में उस रूट के वाहनों को दूसरे मार्ग से डायवर्ट करके भेजा जाएगा। इसके साथ ही मुंडेरा मंडी और धूमनगंज के आसपास की बाजार बंद रहेगी। ट्रैफिक पुलिस की ओर से नो इंट्री और %रूट डायवर्जन की व्यवस्था बनाई गई है, जिसे चार जून की सुबह पांच बजे से लागू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही मतदान कर्मी और सुरक्षाकर्मियों समेत अन्य लोगों के वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी बनाई गई।

### गर्मी से बचाव के लिए हर पंडाल में की गई व्यवस्था

प्रयागराज। मतगणना स्थल में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा भीषण गर्मी से बचाव के लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं। गर्मी से बचाव के लिए हर पंडाल में बड़े कूलर की व्यवस्था की गई है। हाईस्पीड पैड्सटल फैन भी लगाए गए हैं। पेयजल की व्यवस्था की गई है। मतगणना स्थल में दो एंबुलेंस भी ऐतियातन मौजूद रहेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### दाह संस्कार में आये युवक की नदी में डूबने से मौत

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के पचहटिया स्थित अंत्येष्टि रामघाट पर डूबे युवक का शव अगले दिन घाट से थोड़ा आगे झाड़ियों में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्यवाही में जुटी रही। जानकारी के अनुसार मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के पाली सुबासपुर निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र संकठा प्रसाद गांव के ही किसी के अंतिम संस्कार में सम्मिलित होकर रामघाट आए थे। दाह संस्कार के पश्चात स्नान आदि क्रिया करते समय नदी के मध्य पहुंच गए जहां गहराई में जाकर डूब गए। डूबते देख घाट पर शोर शराबा मच गया। घाट के तैरने वाले कुछ युवक नदी में कूद गए लेकिन नरेंद्र का कोई थाह पता नहीं चल सका। सूचना पर 112 नंबर पुलिस पहुंच गई। इधर शीतला चौकियां चौकी प्रभारी निखिलेश तिवारी भी सिपाहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये। गोताखोर व अन्य तैराक शव की खोजबीन में जुटे रहे। देर रात तक शव नहीं मिला। सोमवार को कुछ लोगों ने शव को झाड़ियों में फंसा देखा तो पुलिस को सूचना दी। चौकी प्रभारी निखिलेश तिवारी ने बताया कि शव मिला है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने से चलना दूभर

जौनपुर। नगर के शाहगंज रोड स्थित हरखपुर से ईशापुर जाने वाली सड़क पर बीच रास्ते में नगर पालिका ट्यूबवेल के पास घरों का गंदा पानी सड़क पर बहने से मोहल्लेवासियों व राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका कर्मचारियों की लापरवाही व नाली का साफ सफाई न होने के कारण नाली के जाम हो जाने से आये दिन घरों का गंदा पानी सड़क पर आ जाता है जिससे लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहल्ले के सभासद का लोगों की परेशानियों से कोई मतलब नहीं। ऐसे में लोगों ने नगर पालिका परिषद का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

### मतगणना स्थल का निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



आजमगढ़। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग आर्य द्वारा दिनांक 04 जून को होने वाले मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए एफसीआई बेलइसा एवं एफसीआई चकवल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्धारित स्थानों पर बैरिकेटिंग, छाया हेतु टेन्ट एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री परीक्षित खटाना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 श्री आजाद भगत सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आईएन तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक नगरध्ग्रामीण सिहत संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नेशनल किक बॉक्सिंग में जनपद के किकबॉक्सिंग प्रतिभागियो ने लहराया परचम



आजमगढ़। बूढ़नपुर तहसील क्षेत्र के किकबॉक्सिंग के खिलाड़ियों ने नेशनल किक बॉक्सिंग शिवाजी स्पोर्ट कंपलेक्स बाड़े वाली पुने महाराष्ट्र में आयोजित 21 मई से लेकर के 27 मई चौंपियनशिप प्रतिभा किया किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सिद्धि सिंह ने गोल्ड मेडल पाकर अपने प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया। वहीं आर्यन गुप्ता ब्रांज मेडल प्राप्त किया मनीष को पांचवा स्थान प्राप्त हुआ इशांत को भी पांचवा स्थान प्राप्त हुआ। वहीं नेशनल ओपेन कराटे चौंपियनशिप में प्रतिभा करने वाले खिलाड़ियों ने प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया आदर्श कुमार ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। शिवांशी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। लकी को भी सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। इस प्रकार आजमगढ़ के एक दर्जन से अधिक खिलाड़ियों ने मैच की ट्रॉफी जीत कर इतिहास रचने का काम किया इन खिलाड़ियों द्वारा बेहतर प्रदर्शन किए जाने पर इनका बूढ़नपुर में प्रथम आवागमन पर भव्य स्वागत किया गया। आजमगढ़ की टीम ने नेशनल किक बॉक्सिंग और कराटे में बेहतर प्रदर्शन किया खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के दम पर प्रदेश का जिले का कीर्तिमान स्थापित हुआ। इस अवसर पर महेश सिंह अभिनव वर्मा स्नेहा पटेल अंश यादव दीपांशु अभिनय निषाद समीर अभिनव सहित अनेक खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया।

# पूर्वोत्तर से खिला कमल अब पूरे देश में कमल खिलाएगा: राजेश केसरवानी




- भाजपाईयों ने अरुणाचल प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने की खुशी मनाई

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र को मिठाई खिलाकर अरुणाचल प्रदेश में लगातार प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार भाजपा सरकार बनने की बधाई देते हुए खुशी मनाई। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा अरुणाचल प्रदेश की जीत तो सिर्फ झांकी है अभी पूरी पिक्चर देश को देखना बाकी है। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्पों की जीत है और कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत है। अभी तो सिर्फ अरुणाचल प्रदेश में जीत का कमल खिला है और अब पूरे देश में कमल खिलने जा रहा है। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने मुट्ठीगंज में भाजपा मुट्ठीगंज मंडल के कार्यकर्ताओं को जीत की मिठाई खिलाकर बधाई दी और कहा कि पूर्वोत्तर से खिला कमल अब पूरे देश में कमल खिलाकर देश को विकसित एवं समृद्धि राष्ट्र बनाएगा। जीत की खुशी मनाने वालों में प्रमोद मोदी, नीरज केसरवानी, अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, कमलेश केशरवानी, गौरव गुप्ता, चंद्रशेखर ओझा, विपुल मित्तल, प्रियेश सिंह, राकेश जैन, राकेश भारती ,प्रशांत शुक्ला, दीप द्विवेदी, कुलदीप मिश्रा,भोला सिंह, अवनीश तिवारी सुमित, राघवेंद्र ,दिलीप, आदि मंडल अध्यक्षगण रहे।

## छानबीन नें मिले माफिया अतीक के दो और फ्लैट मिले

प्रयागराज। अतीक अहमद की अपराध से अर्जित संपत्तियों की तलाश में जुटी कमिश्नरेट पुलिस ने उसकी बेशकीमती दो अन्य संपत्तियां तलाशी हैं। उसके दो फ्लैट मिले हैं, जिनकी कीमत तीन करोड़ है। फिलहाल, फ्लैट से जुड़े दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जानकारी एकत्र करने के बाद इन दोनों को भी गैंगस्टर एक्ट में कुर्क किया जाएगा। यह दोनों फ्लैट खुल्दाबाद के लूकरगंज स्थित एक अपार्टमेंट में स्थित हैं। पुलिस का पता चला है कि अपार्टमेंट बनने की शुरुआत में ही अतीक ने दो फ्लैट अपने नाम बुक करा लिए थे। फिलहाल, यह नहीं स्पष्ट हो पाया है कि इसके लिए माफिया ने कितने रुपये चुकाए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों ही फ्लैट जब बुक कराए गए तो इनकी कीमत महज 15-15 लाख रुपये थी। यह बात भी सामने आई है कि दोनों ही फ्लैट कुछ समय के लिए किराये पर भी उठाए गए।

# महापौर ने एसआरएन अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए दिए 20 कूलर



अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। महापौर गणेश केसरवानी ने रविवार को स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में जनरल वार्ड के मरीजों को 20 कूलर दिया। इससे मरीजों और तीमारदार को इस भीषण गर्मी में राहत होगी। इस अस्पताल में दूर-दूर से मरीज इलाज के लिए आते हैं। महापौर ने इस मौके पर डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टॉफ को संबोधित करते हुए कहा कि स्वरूप रानी नेहरू हॉस्पिटल के डॉक्टरों का जीवन गरीबों की सेवा के लिए समर्पित है।

महापौर ने कहा कि डॉक्टर दिन-रात मरीजों का इलाज करते हैं लेकिन समाज के अंदर आज भी इलाज को लेकर दोयम दर्जे की धारणा बनी हुई है उन्हें लगता है कि आज भी सरकारी अस्पतालों में इलाज नहीं होता। लोग प्रथम इलाज के लिए पहले प्राइवेट हॉस्पिटल में जाते हैं और अपनी खून पसीने की कमाई इलाज में खर्च कर देते हैं।

जब उनके पास पैसा खत्म हो जाता है तो सरकारी अस्पताल में आते हैं। तब तक मरीज की हालत बहुत खराब हो जाती है। अगर पहले लोग इस अस्पताल में आ जाएं तो आम लोगों का पैसा भी बचता है और मरीज की जिंदगी भी बच जाती है।

## नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ

फूलपुर,आजमगढ़। मुंडेश्वर नाथ महादेव मन्दिर परिसर में मुख्य अतिथि अयोध्या हनुमान गढ़ी मन्दिर के महन्त श्री राजू दास महराज के नेतृत्व में पुजारी अनिल जी महराज के देखरेख में नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं संगीतमई श्री मद भागवत कथा श्री पुरुषोत्तम शरण जी महराज श्रीधाम वृन्दावन, कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा फूलपुर के पश्चिमी छोर पर स्थित गढवा मन्दिर के कुंवर नदी तट से कलश में तीन किमी कलश यात्रा कुंवारी कन्याओं, सुहागिन महिलाएं व साधु संत के साथ निकाली गई। जेष्ठ माह की तपती धूप पर आस्था भारी दिखी। हाथी घोड़े, गाजे बाजे ब महादेव की जीवन्त झांकी के साथ नंगे पांव गढवा मन्दिर से कलश यात्रा शबाना आजमी रोड, मेनरोड, होते हुए मुड़ियार रोड, रेलवे क्रासिंग, ईदगाह के रास्ते मुंडेश्वर नाथ महादेव मन्दिर परिसर स्थित यज्ञ स्थल पहुंची।

# पत्नी के मायके में रहने की जिद ने ली पति की जान

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। मायके में रह रही पत्नी के घर न आने की जिद के चलते 35 वर्षीय सपन दुबे ने रविवार की रात्रि फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सोमवार की सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पेड़ से लटकते हुए शव को नीचे उतार कर आवश्यक कार्यवाही के बाद मोर्चरी हाउस भेज दिया। जानकारी के अनुसार बसगित निवासी निवासी सपन दुबे पुत्र विजय दुबे की पत्नी अपने पति के नशे की लत से अजीज होकर अपनी एक बेटी और बेटे के साथ मायके में रह रही थी, सपन दुबे झारखंड रहकर प्राइवेट काम करता था। इस समय वह घर आया था और पत्नी को घर आने के लिए लगातार दबाव बना रहा था लेकिन पत्नी द्वारा आने से इनकार किए जाने से क्षुब्ध रविवार की रात घर के ठीक सामने पीपल के पेड़ में पत्नी की साड़ी द्वारा फांसी लगाकर पेड़ के नीचे स्थित कुएं में लटक गया, सुबह किसी ने फांसी के फंदे पर उसे लटकते हुए देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची और शव को नीचे उतारकर आवश्यक कर मोर्चरी हाउस भेजवा दिया। ग्रामीणों का कहना है की सपन दुबे को नशे की बुरी लत थी जिसके चलते पति-पत्नी में आए दिन मारपीट, झगड़ा और विवाद हुआ करता था इसी से आजीज होकर पत्नी मायके चली गई थी। इंस्पेक्टर कृष्णकुमार गुप्ता ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# देशभर में भ्रामक एग्जिट पोल के दिखा इंडिया गठबंधन के मनोबल गिराने का प्रयास

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। समाजवादी पार्टी लोकसभा आजमगढ़ से सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने जिला मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया के साथियों से बात करते हुए कहा कि पहली बार ऐसा हो रहा है कि चुनाव आयोग कुल पड़े मतों की संख्या को सार्वजनिक नहीं किया। जिला निर्वाचन अधिकारी से समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल मिलकर मतगणना में पारदर्शिता बरतने की मांग की तथा आपत्तियों का तत्काल निस्तारण करने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि देशभर में भ्रामक एग्जिट पोल के माध्यम से इंडिया गठबंधन के मनोबल गिराने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन हम मतगणना को लेकर पूरी तरह से तैयार हैं क्योंकि हमें व्यवस्था पर विश्वास नहीं है। चुनाव आयोग पूरी तरह से दबाव में है। चुनाव आयोग से यही अपील है कि कल मतगणना में कोई व्यवधान न हो इसके लिए जो चुनाव को लेकर गाइड लाइन है उसका निष्पक्षता के साथ ईमानदारी पूर्वक पालन किया जाय। कल जनता का पोल सामने आयेगा और इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनेगी। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते हैं देश के युवाओं को पेपर लीक से अग्निवीर से बेरोजगारी से छुटकारा मिलेगा, जनता को महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी। देश और प्रदेश की जनता को तमाम दुश्वारियां से निजात मिलेगी। चुनाव में अपना आशीर्वाद देने के लिए उन्होंने क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि मतगणना में जिन कार्यकर्ता साथियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है उनसे मतगणना में विशेष सावधानी बरतने की अपील किया। उन्होंने कहा कि वोटों की हिफाजत के लिए कमर कसकर तैयार रहने की जरूरत है। धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि अन्य राष्ट्रों की तरह भाजपा सरकार का अगला कदम मीडिया को बैन करने का था लेकिन जनता लोकतंत्र को बचाने के लिए आगे आ गई। प्रेस के साथियों से उन्होंने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी भूमिका निभाने का भी आवाहन किया। उक्त अवसर पर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, संग्राम यादव, एचएन पटेल, नफीस अहमद, पूर्व मंत्री रामाश्रय विश्वकर्मा, निवर्तमान जिला अध्यक्ष हवलदार यादव, रामदुलार राजभर, पार्टी प्रवक्ता अशोक यादव, दीपचंद विशारद, राजेश यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता साथी मौजूद रहे।

# मीलों पीछा कर बालू सन् लायक पर फायरिंग, आधा दर्जन गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। झलवा इलाके में देर रात बालू की सप्लाई को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने बालू ठेकेदार पर हमला बोल दिया। जान बचाकर भागने पर फॉर्च्यूनर समेत तीन गाड़ियों से पीछा किया और रास्ते में फायरिंग भी की। हमलावर पीछा करते हुए शिवकुटी में ठेकेदार के घर तक पहुंच गए। वहां पुलिस ने घेराबंदी कर फॉर्च्यूनर सवार छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो कारों में सवार उनके साथी भाग निकले। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभिषेक यादव (30) गोविंदपुर का रहने वाला है और बालू का ठेकेदार है। उसने पुलिस को बताया कि झलवा निवासी साहिल भी बालू का कारोबार करता है और उसे कई बार धमका चुका था। कहता था कि वह उसके इलाके में बालू की सप्लाई न करे। शनिवार रात 12 बजे के करीब वह अपने एक साथी के साथ बालू गिराने झलवा में गया था। आरोप है कि वहां साहिल अपने एक अन्य साथी संग बाइक से आया और विवाद करने लगा। साथ ही फोन कर अपने कई साथियों को भी बुला लिया जो लाठी-डंडों से लैस थे। यह देख अभिषेक व उसका साथी कार से भागने लगे जिस पर साहिल व उसके साथियों ने तीन कारों से उनका पीछा कर लिया। साथ ही फोन कर चौफटका के पास अपने अन्य साथियों को भी बुला लिया, जिन्होंने रास्ते में बाइक रखकर उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके बाद भी ठेकेदार नहीं रुका तो कार पर फायरिंग की। इसके बाद ठेकेदार भागते हुए गोविंदपुर स्थित अपने घर पहुंच गया और डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही हमलावर भागने लगे। इस पर शिवकुटी थाने के पास घेराबंदी कर फॉर्च्यूनर सवार छह लोगों को पकड़ लिया गया। जबकि, बलेनो व एक अन्य कार सवार हमलावर भाग निकले। पकड़े गए लोगों को थाने लाकर पूछताछ की गई। जिसमें उन्होंने अपना नाम साहिल, इसरार, समद, अब्दुल्लला, अरशद व अमित कुमार निवासी झलवा को पकड़ लिया। इसके बाद तहरीर पर हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। एसीपी श्वेताभ पांडेय ने बताया कि छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके साथियों की तलाश की जा रही है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ - 226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 56245485 | Supply, erection and commissioning of Microprocessor based control and fault diagnostic system with remote monitoring and analysis (MPCS) for 25 KV AC Electric locomotives as per RDSO specification No. ELRS/SPEC/MPC-FDS/0001 Rev-3, April 2013 with latest amendment with all accessories including central and backup data logging & processing system. | 20 Set | 01.07.2024 |

निविदा शर्तें:1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

निविदा नोटिस सं.: ईपीएस/56/2024

ईमेल पता: dycmmcb15@gmail.com 1644/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# देश का कोयला उत्पादन मई में 83.91 मिलियन टन पर पहुंचा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** देश का कोयला उत्पादन मई में 83.91 मिलियन टन (एमटी) (अनंतिम) तक पहुंच गया है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि में 76.18 एमटी की तुलना में 10.15 फीसदी अधिक है। इस दौरान कोयला कंपनियों के पास कुल कोयला स्टॉक 96.48 मीट्रिक टन है। वहीं, सीआईएल के पास पड़ा कोयला स्टॉक 83.01 मीट्रिक टन है, जबकि कैप्टिव और अन्य कंपनियों के पास 8.28 मीट्रिक टन है।

कोयला मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि मई 2024 में कोयला का उत्पादन 83.91 मिलियन टन (एमटी) रहा है। कोयला का उत्पादन पिछले वर्ष की समान अवधि में 76.18 एमटी की तुलना में 10.15 फीसदी ज्यादा है। इस अवधि में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने 64.40 एमटी (अनंतिम) कोयला का उत्पादन किया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान उत्पादित 59.93 एमटी की तुलना में 7.46 फीसदी अधिक है।

मंत्रालय के मुताबिक इसके अलावा मई में कैप्टिव और अन्य संस्थाओं द्वारा कोयला का उत्पादन 13.78 मीट्रिक टन (अनंतिम) रहा है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की 10.38 मीट्रिक टन की तुलना में 32.76 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। इसी तरह मई के लिए भारत का कुल कोयला प्रेषण 90.84 मीट्रिक टन (अनंतिम) तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की 82.32 मीट्रिक टन की तुलना में 10.35 फीसदी अधिक है।

कोयला मंत्रालय के मुताबिक मई के दौरान सीआईएल ने 69.08 मीट्रिक टन (अनंतिम) कोयला भेजा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की 63.67 मीट्रिक टन तुलना में 8.50 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है।

# ऑस्ट्रेलिया सरकार के स्टडी ऑस्ट्रेलिया आंत्रप्रेन्योरशिप चैलेंज के विजेताओं की घोषणा

**नई दिल्ली।** द ऑस्ट्रेलियन ट्रेड एण्ड इनवेस्टमेंट कमीशन (ऑस्ट्रेड) ने स्टडी ऑस्ट्रेलिया आंत्रप्रेन्योरशिप चैलेंज (एसएईसी) 2024 के विजेताओं की घोषणा की है। इन विजेताओं में मानव भारती इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, नई दिल्ली प्रथम, बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल, हैदराबाद प्रथम रनर अप और स्वराज इंडिया पब्लिक स्कूल, कानपुर की टीम को दूसरा रनर अप घोषित किया गया। एसएईसी 2024 दो हफ्ते का एक रोचक एवं मिचित आयोजन था। इसमें भारत के 11वीं कक्षा के कुछ सबसे मेधावी विद्यार्थी एक साथ आये थे। इन विद्यार्थियों ने बहुविषयक टीमों में काम करते हुए तकनीक से सक्षम समाधान बनाये। एसएईसी के दो थीम थे- ग्लोबल नेट जीरो गोल्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस। विद्यार्थियों ने इन्हीं थीमों पर दुनिया की असल समस्याएं हल करने वाले



समाधान दिये। एसएईसी 2024 में भारत के प्रमुख संस्थानों के विद्यार्थियों की 33 टीमों ने भाग लिया। हर टीम ने तीन मिनट का एक वीडियो पिच बनाया। इसका मूल्यांकन एसएईसी पुरस्कार के प्रायोजकों ने किया और पाँच फाइनलिस्ट्स चुने गये। विद्यार्थियों को और भी सहायता देने के लिये हर टीम टीम को ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा एवं व्यवसाय जगत से एक मेंटर मिला। मेंटर ने उनके वीडियो पिचेस का मार्गदर्शन किया और भविष्य के शैक्षणिक एवं पेशेवर प्रयासों के लिये नेटवर्किंग के मौके बताये। पाँच फाइनलिस्ट्स ने 31 मई को नई दिल्ली के इम्पीरियल होटल में उपस्थित होकर अपने आइडिया दिये। मानव भारती इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, नई दिल्ली के 5 विद्यार्थियों की टीम ने पहला पुरस्कार जीता। इनमें से हर एक को ऑस्ट्रेलिया के 16,000 एयूडी का ब्लेंडेड लर्निंग इंटरनेशनल (बीएलआई) डिजिटल स्कॉलरशिप मिला। इसके द्वारा वे बिजनेस में डिप्लोमा कर सकते हैं और ऑस्ट्रेड ने हर एक को आईपैड भी दिया। इस डिजिटल छात्रवृत्ति से विद्यार्थी ऑस्ट्रेलिया में बीएलआई की भागीदार यूनिवर्सिटीज में क्रेडिट्स पाएंगे। किसी ऑस्ट्रेलियन संस्थान में डिग्री की पढ़ाई करना उनके लिये आसान हो जाएगा। विजेता टीम का प्रोजेक्ट ग्लोबल नेट जीरो गोल्स से जुड़े थीमों पर था। उनका प्रश्न इस पर केन्द्रित था कि 'वे मिट्टी के संरक्षण के लिये टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं। बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल, हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे 5 विद्यार्थियों की टीम को एसएईसी 2024 का फर्स्ट रनर-अप घोषित किया गया। इस टीम के हर विद्यार्थी को स्टडी एनएसडब्ल्यू द्वारा 3000 एयूडी की स्कॉलरशिप मिली। इससे वे न्यू साउथ वेल्स (एसएसडब्ल्यू) में अपनी पढ़ाई शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा, टीम के हर विद्यार्थी को 10000 रुपये का गिफ्ट कार्ड ऑस्ट्रेलिया की मैक्वारी यूनिवर्सिटी से मिला, जिससे उद्यमिता की यात्रा में उन्हें सहायता मिलेगी।

# दो हजार रुपये के 97.82 फीसदी नोट बैंकिंग सिस्टम में आए वापसः आरबीआई

**मुंबई (हि.स.)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि दो हजार रुपये मूल्य वर्ग के 97.82 फीसदी नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। अब सिर्फ 7,755 करोड़ रुपये के नोट अभी भी लोगों के पास चलन में हैं, क्योंकि 2000 रुपये मूल्य का नोट अभी भी वैध है।

आरबीआई ने बताया कि 19 मई को कारोबार की समाप्ति पर बाजार में चलन में मौजूद 2000 रुपये मूल्य वर्ग के नोट का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 31 मई को कारोबार की समाप्ति पर बाजार में सिर्फ 7,755 करोड़ रुपये के नोट रह गए हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इस प्रकार 19 मई तक चलन में मौजूद 2000 रुपये मूल्य के 97.82 फीसदी नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं।

रिजर्व बैंक के मुताबिक 19 मई, 2023 से दो हजार रुपये के बैंक नोट को बदलने की सुविधा आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। इससे पहले 7 अक्टूबर, 2023 तक दो हजार रुपये के नोट को जमा करने या बदलने की सुविधा देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। रिजर्व बैंक के निर्गम कार्यालय 9 अक्टूबर, 2023 से व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं।

इसके अलावा लोग अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए देश के किसी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में भारतीय डाक के माध्यम से 2000 रुपये के नोट भेज रहे हैं। दो हजार रुपये के नोट बदलने के लिए आरबीआई के 19 क्षेत्रीय कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में स्थित हैं।

आरबीआई ने 19 मई, 2023 को दो हजार रुपये मूल्य वर्ग के नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी।

# राजेश चंदिरमानि ने कॉमवीवा के सीईओ का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** ग्राहक अनुभव एवं डेटा मोनेटाइजेशन सॉल्यूशंस में विश्व की अग्रणी कंपनी कॉमवीवा ने आज घोषणा की कि राजेश चंदिरमानि ने सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक का पदभार ग्रहण किया है। उनकी नियुक्ति 1 जून, 2024 से प्रभावी है। संयोग से नेतृत्व परिवर्तन ऐसे समय में हुआ है जब कॉमवीवा ने कारोबार में 25 वर्ष पूरा करने की उपलब्ध हासिल की है और कंपनी के तौर पर यह उपलब्धि इंटेलिजेंट सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म्स में विश्व की अग्रणी कंपनी के तौर पर आगे बढ़ने की इसकी प्रतिबद्धता परिलक्षित होती है। कंपनी नवप्रवर्तन और उत्कृष्टता के साथ एक बड़ी यात्रा शुरू कर रही है।



राजेश ने मनोरंजन माओ मोहापात्रा के सेवानिवृत्त होने के बाद यह महत्वपूर्ण भूमिका संभाली है। मोहापात्रा ने इस कंपनी में अपना उल्लेखनीय कार्यकाल मई, 2024 के अंत में पूरा किया। सेवानिवृत्ति के बाद माओ कॉमवीवा के बोर्ड में गैर कार्यकारी निदेशक के तौर पर सेवा देते रहेंगे। राजेश का कॉमवीवा में तीन दशकों से अधिक समय का शानदार ट्रैक रिकॉर्ड रहा है जहां उन्होंने कंपनी के सभी क्षेत्रों में कारोबार फैलाने और नई पहल करने में अपना नेतृत्व प्रदान किया। कॉमवीवा में शामिल होने से पूर्व, राजेश टेक महिन्द्रा में वरिष्ठ पदों पर रहे जहां उन्होंने ब्रिटेन, यूरोप, पश्चिम एशिया, अफ्रीका, एशिया प्रशांत, जापान और भारत में बाजार का रणनीतिक विस्तार करने वाली इकाई में संचार, मीडिया एवं मनोरंजन (सीएमई) विभाग का नेतृत्व किया। उनके नेतृत्व में ग्लोबल डिजिटल बिजनेस ने नई ऊंचाइयों को छूआ जहां उन्होंने टेक महिन्द्रा के लिए क्लाउड, डेटा एवं एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सुरक्षा एवं ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजीज़ में परिवर्तनकारी पहल की। राजेश की रणनीतिक ताकत से भी वृद्धि को बल मिला क्योंकि उन्होंने एपीएसी एंटरप्राइस कारोबार की रणनीतिक कारोबार इकाई का नेतृत्व करते हुए सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण विस्तार किया।

उल्लेखनीय रूप से टेक महिन्द्रा के लिए यूरोप कारोबार के प्रमुख के तौर पर उनका पांच वर्ष के कार्यकाल को सभी यूरोपीय देशों में एंटरप्राइस एवं दूरसंचार कारोबार को बढ़ाने में एक परिवर्तनकारी भूमिका के तौर पर याद किया जाएगा जिससे एक दूरदृष्टा नेतृत्वकर्ता के तौर पर

राजेश का स्वागत करते हुए कॉमवीवा के निदेशक मंडल के चेयरमैन अतुल सोनेजा ने कहा, सीईओ के तौर पर राजेश की नियुक्ति कॉमवीवा के लिए एक रणनीतिक उत्थान है जो टिकाऊ वृद्धि एवं नवप्रवर्तन को लेकर हमारी प्रतिबद्धता दर्शाती है। उनके गहरे अनुभव और दूरदृष्टि वाले नेतृत्व के साथ हमें भरोसा है कि वह कॉमवीवा को एक नई ऊंचाई पर ले जाने में समर्थ होंगे।

# रेडबस ने चुनाव परिणाम घोषणा के दौरान 'सीट गारंटी' की पेशकश

**लखनऊ।** दुनिया का सबसे बड़ा ऑनलाइन बस टिकटिंग प्लेटफार्म रेडबस चुनाव परिणाम घोषणा के दौरान 'सीट गारंटी सेल' की पेशकश कर रहा है। 31 मई से 4 जून के बीच टिकट बुक करने वाले यात्रियों को सेल के दौरान बस और ट्रेन टिकट बुकिंग पर 24% तक की बचत होगी। ट्रेन यात्रियों के लिए सीट की अनुपलब्धता या अनिर्धारित सीटें आम समस्याएं हैं और रेडबस अपने रेडरेल सीट गारंटी फीचर के माध्यम से इस मुद्दे को हल कर रहा है, जो इस फीचर को चुनने वाले उपयोगकर्ताओं को गारंटी के साथ ट्रेन टिकट या उनकी कीमत का 3 गुना रिफंड देने का वादा करता है। पल्लवी चोपड़ा, सीएमओ रेडबस ने अपनी टिप्पणी में कहा, हमने अपने क्रिएटिव पार्टनर लियो बर्नेट के साथ मिलकर एग्जिट पोल और चुनाव परिणामों की घोषणा को ध्यान में रखते हुए एक मजबूत प्रासंगिक टोन वाली मार्केटिंग रणनीति विकसित की है। एक ऐसी स्थिति में जहां हर सीट का महत्वपूर्ण महत्व है, हम अपने ग्राहकों को याद दिलाने में प्रसन्न हैं कि रेडबस के साथ उनका सीट आरक्षण निस्संदेह सुनिश्चित है। सीट गारंटी सेल हमारे सुरक्षित और विश्वसनीय यात्रा व्यवस्थाओं को प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिससे हर यात्री शांति के साथ यात्रा कर सके। चुनावी मौसम को ध्यान में रखते हुए, रेडबस एक प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत करता है इस बार सबकी सीट पक्की। यह शब्द का खेल राजनीतिक संदर्भ के साथ एक मजबूत संबंध स्थापित करता है, जिससे रेडबस के साथ सीट आरक्षण की सुविधा और विश्वसनीयता पर जोर दिया जाता है।

# दावणगेरे शुगर कंपनी लिमिटेड ने 45 केएलपीडी तक किया अपनी क्षमता का विस्तार

**नई दिल्ली।** चीनी, सस्टेनेबल पॉवर और इथेनॉल सॉल्यूशन में अग्रणी कंपनी दावणगेरे शुगर कंपनी लिमिटेड (डीएससीएल) ने अपनी डिस्टिलरी और ऑपरेशन का विस्तार किया है। अनाज डिस्टिलरी की क्षमता में 45 केएलपीडी की वृद्धि कंपनी ने 45 केएलपीडी अनाज की एक यूनिट को 54 करोड़ रूपये के एक प्रोजेक्ट से जोड़कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। बैंकों के साथ फाइनेंशियल टाई अप पूरा हो चुका है और लगभग रु 2 करोड़ का निवेश सिविल कार्यों में किया गया है। मशीनरी सप्लायर के साथ बातचीत पूरी हो गई है। यह कंपनी और स्थानीय कृषि समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हो रही है। इस विस्तार से अब कंपनी साल के 330 दिनों तक स्वतंत्र रूप से संचालित हो सकेगी, जिससे एक स्थिर और मजबूत प्रोडक्शन साइकिल तय होगी।

डीएससीएल के एमडी श्री गणेश ने कहा, हम स्थानीय किसानों के साथ अपने सहयोग को गहरा और मजबूत करने के लिए उत्साहित हैं। उनकी गुणवत्ता वाली फसलें इथेनॉल उत्पादन की आधारशिला हैं, और यह विस्तार हमें और अधिक रोजगार पैदा करने, स्थानीय आय को बढ़ाने और साल भर हमारे उच्च मानकों को बनाए रखने की अनुमति देता है। यह विस्तार न केवल डिस्टलरी की उत्पादन क्षमता को बढ़ाता है बल्कि किसानों को उनकी उपज के लिए एक विश्वसनीय बाजार भी देता है। यह पारस्परिक रूप से संबंध एग्रीकल्चर लैंडस्कैप के लिए लाभदायक होता है साथ ही यह कृषि क्षेत्र को समृद्ध करने का वादा करता है, जो सभी शामिल लोगों के लिए स्थिरता और विकास के नए अवसर प्रदान करता है। डीएससीएल सिर्फ गन्ना की खेती करने के लिए ही नहीं, बल्कि इसकी वृद्धि और तरीकों में क्रांति लाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। हमारी प्रमुख पहलों में से एक यह है कि जो मौजूदा गन्ना उत्पादन क्षेत्रों और पारंपरिक रूप से गन्ने की खेती से जुड़े नहीं हैं उन 15000 एकड़ के क्षेत्रों तक गन्ने की फसलों को बढ़ावा देना और उनका विकास करना शामिल है। जिन क्षेत्रों में गन्ना उत्पादन नहीं होते उनमे विस्तार करने और कंपनी के लिए पर्याप्त कच्चा माल तो मिलता ही है साथ ही बल्कि स्थानीय किसानों के लिए सामाजिक-आर्थिक लाभ भी प्राप्त होते हैं।

# नीरू होम लाइफ स्टाइल प्रदर्शनी में जमकर हुई खरीददारी



**लखनऊ।** नीरू होम द्वारा एक लाइफस्टाइल प्रदर्शनी सोमवार, 3 जून 2024 को स्पाइसी बाइट रेस्तरां, हजरतगंज, लखनऊ में सुबह 11:00 बजे से रात 8:00 बजे तक प्रदर्शित की गई।

प्रदर्शन में लिनन, सूट, कॉर्ड सेट, घर की सजावट और आवश्यक वस्तुएं, क्रॉकरी और कटलरी और बहुत कुछ जैसे घरेलू सामानों की एक श्रृंखला शामिल थी।

प्रदर्शनी में दुबई के क्रॉकरी सेट ,मुरादाबाद के सजावटी सामान, वाराणसी की साड़ियां, और लखनऊ की चिकनकारी की साड़ियां व सलवार सूट आकर्षण का केंद्र रहे।

लखनऊवासियों को खरीदारी करके और गर्मी से राहत पाकर खुद को बहुत अच्छा लगा है।इस अवसर पर लखनऊ फ़िल्म फोरम की अध्यक्ष रेनुका टंडन ,फिक्की फ्लो की चेयरपर्सन विभा अग्रवाल,साहिबा तुलसी, और माधुरी हलवासिया मौजूद थीं।

# मैक लखनऊ के अलीगंज केंद्र का हुआ भव्य उद्घाटन

**लखनऊ।** सोमवार को मैक लखनऊ के अलीगंज केंद्र का भव्य उद्घाटन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस केंद्र का उद्घाटन



एनओएमईएस प्रेजिडेंट, श्री मदन गोपाल शर्मा जी द्वारा किया गया 7 इस मौके पे मैक लखनऊ व कानपुर के निदेशक श्री रमन शर्मा और मैक के निदेशक श्री माधव ओझा भी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में मैक के छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और गणमान्य व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

रमन शर्मा, मैक लखनऊ व कानपुर के निदेशक ने कहा, ÷हम मैक लखनऊ अलीगंज केंद्र के उद्घाटन से बहुत उत्साहित हैं। मैक अपने छात्रों को उत्कृष्ट प्लेसमेंट का अवसर भी प्रदान करता है। मैक के पूर्व छात्र दुनिया भर के प्रमुख एनीमेशन और मल्टीमीडिया स्टूडियो में सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं। मैक (माया एडवांस्ड एकेडमी ऑफ क्रिएटिविटी) को गर्व है कि वह नोम्स नाथमल ओझा मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी की पहल के तहत अपने आठवें केंद्र के साथ अपने प्रभाव का विस्तार कर रहा है। एनीमेशन और मल्टीमीडिया प्रशिक्षण में हमारी उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता ने उद्योग में 11500 से अधिक छात्रों को सफलतापूर्वक स्थान दिलाने में मदद की है।÷

मैक एप्टेक का एक मीडिया और मनोरंजन शिक्षा ब्रांड है7 मैक लखनऊ अलीगंज केंद्र अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। यहां छात्र एनीमेशन, वीएफएक्स, गेमिंग, ग्राफिक डिजाइन, वेब डिजाइन और मल्टीमीडिया जैसे विभिन्न विषयों में उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। मैक में उद्योग के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित अनुभवी शिक्षकों की एक टीम है। वे छात्रों को नवीनतम तकनीकों और उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं से अवगत कराते हैं, ताकि वे रोजगार बाजार में सफलतापूर्वक प्रवेश कर सकें।

मैक अपने छात्रों को उत्कृष्ट प्लेसमेंट का अवसर भी प्रदान करता है। मैक के पूर्व छात्र दुनिया भर के प्रमुख एनीमेशन और मल्टीमीडिया स्टूडियो में सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं।

उद्घाटन समारोह के बाद, 4 जून को बड़े मंगल को भंडारा भी आयोजित किया जाएगा।

# एग्जिट पोल के रुझानों से शेयर बाजार का जोश हाई, ऑल टाइम हाई पर सेंसेक्स और निफ्टी

## सेंसेक्स ने इंट्रा-डे में लगाई 2,777 अंक की छलांग

**नई दिल्ली (हि.स.)।** एग्जिट पोल के रुझानों से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार ने आज जोरदार जोश का प्रदर्शन किया। शेयर बाजार ने आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग का रिकॉर्ड बनाने के साथ ही ऑल टाइम हाई लेवल और अंत में ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का भी नया रिकॉर्ड बनाया। आज के कारोबार के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 3.50 प्रतिशत तक उछलने में सफल रहे। सेंसेक्स इंट्रा-डे में 2,777 अंक से अधिक और निफ्टी 808 अंक की उछाल लेने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 3.39 प्रतिशत और निफ्टी 3.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

खास बात यह है कि करीब 3 साल बाद शेयर बाजार इतनी जोरदार तेजी का गवाह बना है। आज दिनभर के कारोबार के दौरान बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ कारोबार करके हरे निशान में बंद हुए। पीएसयू बैंक, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, इंफ्रास्ट्रक्चर, रियल्टी, मेटल, ऑयल एंड गैस, पावर और यूटिलिटी सेक्टर के शेयरों में बंपर तेजी दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 3.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.05 प्रतिशत की उछाल के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 426.31 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 412.12 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 14.19 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,115 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,351 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,615 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 149 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,321 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,496 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 825 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 27 शेयर बढ़त के साथ और 3 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 36 शेयर हरे निशान में और 14 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

# एसबीसी एक्सपोर्ट लिमिटेड ने अपने एक्सपोर्ट वॉल्यूम को बड़ाने के लिए एक्सपांशन योजना बनाई

**बढ़ावा**

**बाज़ार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने और इनोवेटिव ग्रोथ राह को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए**

**लखनऊ।** एसबीसी एक्सपोर्ट्स लिमिटेड, ग्लोबल ट्रेड के क्षेत्र में एक अग्रणी फोर्स, ने आज अगले 5 वर्षों के लिए एक्सपेंशन के व्यापक ब्लूप्रिंट के साथ अपने ट्रेजेक्टरी गति मार्ग में एक रोमांचक छलांग लगाने की घोषणा की है। बाज़ार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने और इनोवेटिव ग्रोथ राह को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कंपनी ने रिटेल, फ्रेंचाइज़िंग और एक्सपोर्ट्स के क्षेत्र में वेंचर करने की योजना का खुलासा किया है, जो वैश्विक प्रमुखता की ओर अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। अपने मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर, क्वॉलिटी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और उपभोक्ता जरूरतों की गहरी समझ का लाभ उठाते हुए, कंपनी अपनी बहुमुखी एक्सपेंशन स्ट्रेटजी के साथ कॉमर्स के लैंडस्केप को रीडिफाइन करने के लिए तैयार है। कंपनी की अगली 5 साल के स्ट्रेटिजिक प्लान फ्रेंचाइज़ मॉडल के माध्यम से विस्तार करने, ऑनलाइन बिक्री को बढ़ावा देने, रिटेल स्टोर्स स्थापित करने, एक्सपोर्ट बढ़ाने और नई सरकारी परियोजनाओं को सुरक्षित करने पर केंद्रित है। एसबीसी एक्सपोर्ट्स लिमिटेड, ग्लोबल ट्रेड के क्षेत्र में एक अग्रणी फोर्स, ने आज अगले 5 वर्षों के लिए एक्सपेंशन के व्यापक ब्लूप्रिंट के साथ अपने ट्रेजेक्टरी गति मार्ग में एक रोमांचक छलांग लगाने की घोषणा की है। बाज़ार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने और इनोवेटिव ग्रोथ राह को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कंपनी ने रिटेल, फ्रेंचाइज़िंग और एक्सपोर्ट्स के क्षेत्र में वेंचर करने की योजना का खुलासा किया है, जो वैश्विक प्रमुखता की ओर अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। अपने मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर, क्वॉलिटी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और उपभोक्ता जरूरतों की गहरी समझ का लाभ उठाते हुए, कंपनी अपनी बहुमुखी एक्सपेंशन स्ट्रेटजी के साथ कॉमर्स के लैंडस्केप को रीडिफाइन करने के लिए तैयार है।

कंपनी की अगली 5 साल के स्ट्रेटिजिक प्लान फ्रेंचाइज़ मॉडल के माध्यम से विस्तार करने, ऑनलाइन बिक्री को बढ़ावा देने, रिटेल स्टोर्स स्थापित करने, एक्सपोर्ट बढ़ाने और नई सरकारी परियोजनाओं को सुरक्षित करने पर केंद्रित है।

अपनी विस्तारित विस्तार योजना के एक भाग के रूप में, कंपनी गारमेंट्स और मैन पावर की सप्लाई के लिए नए गवर्नमेंट प्रोजेक्ट्स को सुरक्षित करने, अपने सरकारी संबंधों को मज़बूत करने और संबंधित मंत्रालयों और विभागों के अंदर अपने नेटवर्क का विस्तार करने, प्रतिस्पर्धी प्रस्तावों के साथ सरकारी कॉन्ट्रैक्ट के लिए टेंडर और बोलियों का जवाब देने पर ध्यान देगी।

# हाउस ऑफ अभिनंदन लोधा ने न्यूयार्क, दुबई और दिल्ली-एनसीआर ऐतिहासिक कार्यक्रमों के अयोध्या का प्रकाश पूरे विश्व में फैलाया

**नई दिल्ली।** दुबई, न्यूयार्क एवं दिल्ली एनसीआर में भव्य कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ एचओएबीएल ने अयोध्या के उज्जवल भविष्य में पूरे विश्व की सहभागिता को आमंत्रित करते हुए राष्ट्रगौरव के प्रतीक के रूप में अयोध्या की अपार क्षमता का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को अपनी विरासत से जोड़ने का महत्व प्रदर्शित किया गया और पूरे विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में अयोध्या की पहचान स्थापित की गई।

पूरे विश्व में ये कार्यक्रम केंद्र और राज्य सरकार की योजना के अनुरूप हैं, जिसका उद्देश्य अयोध्या को विश्व के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। महत्वपूर्ण स्थानों पर अयोध्या की समृद्ध विरासत का प्रदर्शन करके एचओएबीएल ने शहर के महत्व और यहाँ मौजूद वृद्धि की क्षमता पर बल दिया है।

इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों




में एक दुबई में 150 मीटर ऊँचे दुनिया के सबसे बड़े फ्रेम, दुबई फ्रेम में डिस्प्ले शामिल है। दुबई फ्रेम दुबई की सबसे प्रतिष्ठित संरचनाओं में से एक है, और यह अतीत एवं वर्तमान के बीच के एक सेतु का प्रतिनिधित्व करता है। इसलिए यह एक इमर्सिव ऑग्मेंटेड रियलिटी डिस्प्ले के माध्यम से अयोध्या की परंपरा एवं इसके भविष्य के बारे में विश्व को सूचित करने के लिए एक उपयुक्त स्थान है, वहीं टाईम्स स्क्वैयर, न्यूयार्क सिटी में एक वीडियो डिस्प्ले और ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन द्वारा न्यूयार्कवासियों को अयोध्या की विरासत के बारे में बताते हुए पूरे विश्व के लोगों को अयोध्या की भव्यता से अवगत कराया गया। इनके साथ ही दिल्ली-एनसीआर में एक भव्य ड्रोन-शो से पूरा आकाश जगमगा उठा, जिसने अयोध्या के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व का प्रदर्शन करते हुए प्रगति के इनोवेशन एवं परंपरा का प्रदर्शन किया। अभिनंदन लोधा, चेयरमैन, द हाउस ऑफ अभिनंदन लोधा ने कहा, ''अयोध्या के वैभव को विश्व के मंच पर पेश करना हमारे लिए गर्व की बात है। विश्व के महत्वपूर्ण स्थानों पर अयोध्या की विरासत और आध्यात्मिक महत्व का प्रदर्शन करके हम भारतीय समुदाय को उनकी बुनियाद से जोड़ रहे हैं। यह वैश्विक लॉन्च भारतीय समुदाय को यहाँ प्लॉट खरीदने का एक और अवसर प्रदान कर रहा है, जो जनवरी, 2024 में पिछली बार इस अवसर से चूक गए थे क्योंकि 1.6 मिलियन वर्गफीट के प्लॉट्स पेश किए जाने के 48 घंटों में ही ग्राहकों द्वारा पूरे खरीद लिए गए थे। हम पूरे विश्व में मौजूद भारतीयों को अयोध्या में जमीन में निवेश करने के लिए आकर्षित करते हैं, जिससे एक ऐसी विरासत का निर्माण हो सकेगा, जो इतिहास का सम्मान करते हुए एक उज्जवल भविष्य का निर्माण करे।

# बहुत हुआ गुणा-गणित अब रिजल्ट की बारी

## दोपहर तक पता चलेगा कुशीनगर का किंग कौन


प्रमुख दलों के प्रत्याशी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान संपन्न हो चुका है। आज चार जून को वोटों की गिनती होगी। प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के लिए सोमवार की रात कयामत की रात थी। मंगलवार को किस्मत का पिटारा खुला रहेगा। हालांकि, उससे पहले फैसले की घड़ी ने प्रत्याशियों की नींद उड़ा रखी है। लोग अपने-अपने हिसाब से जीत का समीकरण तय कर रहे हैं। मतगणना से पूर्व प्रेक्षक, डीएम, एसपी

**मतगणना आज, अफसरों ने मतगणना से पूर्व स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण**

व सीडीओ ने निरीक्षण कर पर्याप्त पुलिस तैनात करने का निर्देश दिया। बता दें कि कुशीनगर संसदीय सीट के लिए प्रमुख दलों समेत कुल नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े थे। जिसमें भाजपा से विजय कुमार दुबे जो दूसरी बार चुनाव लड़ रहे है। सपा गठबंधन से अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह, बसपा से शुभ नारायण चौहान व आर एस एस पी के प्रमुख स्वामी प्रसाद अपना भाग्य आजमा रहे है। 1 जून को मतदान संपन्न होने के बाद समर्थक व कार्यकर्ता हार जीत का गुणा भाग लगा रहे थे। मतगणना आज चार जून को पडरौना स्थित उदित नारायण पीजी कालेज में होगी। दोपहर तक स्थिति साफ हो जाएगी कि देश की सबसे बड़ी महापंचायत संसद में जनता किसको भेजती है और किसको सर जीत का सेहरा बांधती है। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि मतगणना को लेकर पारदर्शिता बरती जा रही है। इसके लिए स्ट्रांग रूम से मुख्य गेट तक सीसी टीवी कैमरा लगाया गया है। मतदान के दिन भी टीवी स्क्रीन लगाई जाएगी, ताकि मतगणना की जानकारी होती रहे। मतगणना के दिन सुबह सात बजे तक मतगणना एजेंटों को पहुंचना है। कुशीनगर लोकसभा सीट के अलावा देवरिया लोकसभा क्षेत्र के तमकुहीराज और फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना भी होगी। मतगणना स्थल पर प्रत्याशी दो वाहन से जा सकेंगे। एक वाहन में प्रत्याशी होगा, दूसरे वाहन का प्रयोग मतगणना एजेंट के लिए नाश्ता और खाना लाने में होगा।


मतगणना स्थल का निरीक्षण करते प्रेक्षक, डीएम व एसपी

### सुबह सात बजे खुलेंगे स्ट्रांग रूम, मोबाइल पर पाबंदी

मतगणनाकर्मी सुबह छह बजे यूएन कॉलेज में पहुंच जाएंगे। इसके बाद सात बजे सभी प्रत्याशी और उनके एजेंट की मौजूदगी में ईवीएम बाहर निकालने के लिए स्ट्रांग रूम का खोला जाएगा। 15 मिनट तक गैस की आशंका के चलते कोई भी कर्मचारी स्ट्रांग रूम में प्रवेश नहीं करेगा। सुबह आठ बजे वैलेट पेपर की मत पेटिकाएं और पोस्टल बैलेट गणना टेबल पर पहुंचेगी।

## प्रेक्षक और डीएम ने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का किया निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना को सकुशल संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना हेतु नामित प्रेक्षक डॉ एन युवराज प्रेक्षक शालिनी दुहान जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में बने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था तथा मतगणना की तैयारियों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षकगणों ने विधानसभावार मतगणना हेतु बनाए गए अलग-अलग कक्षों में पहुंचकर मतगणना हेतु सभी व्यवस्थाओं एवं संसाधनों का बारीकी से निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षकगणों ने मतगणना परिसर में बेरिकार्डिंग काउंटिंग हाल में कंप्यूटर प्रिंटर, इंटरनेट आदि की व्यवस्था सीसीटीवी कैमरा पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था विद्युत सुरक्षा व अग्निशमन यंत्र की पर्याप्त उपयोगिता डॉक्टर व एंबुलेंस की उपस्थिति मतगणना हेतु एजेंट मतगणना कार्मिक सीलिंग करने वाले कार्मिकों को उपलब्ध कराए गए पास की स्थिति सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर पार्किंग सहित अन्य बिंदुओं का गहनता से निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्र अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** वन विभाग की ओर से रेंज स्तर पर विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जायेगा। पर्यावरण दिवस की थीम धरती पर हरियाली बढ़ाने के साथ वन्य जीवों की सुरक्षा और संरक्षा पर केंद्रित होगी। जिले में वर्तमान समय में वन क्षेत्र लगभग 2051 हेक्टेयर है। जल और जंगल दोनों कम होने से तमाम वन्य जीव लुप्त हो गये हैं। वन्य जीवों की सुरक्षा और वन आवरण बढ़ाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद हरे पेड़ों की अवैध कटान कम नहीं हो रही है। वहीं विभिन्न समाज सेवी संगठन पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम की तैयारी में लगे हैं।

### भगवान की बाललीला का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता

**भेंटुआ (अमेठी)।** क्षेत्र के सेमरा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को पांचवें दिन पं गंगा सागर तिवारी ने कृष्ण बाल लीला माखन चोरी व गोवर्धन पूजा के प्रसंग का कथा में वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कृष्ण ने बृजवासियों को मूसलाधार बारिश से बचाने के लिए सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उंगली पर उठाकर रखा और गोप-गोपिकाएं उसकी ओट में सुखपूर्वक रहे। भगवान ने गोवर्धन को नीचे रखा और हर वर्ष गोवर्धन पूजा करके अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी। तभी से यह उत्सव अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा। इसके बाद कथा व्यास ने श्रीकृष्ण भगवान के माखन चोरी की कथा सुनाई। कथा सुनकर प्रभु भक्त भाव विभोर हो गए। इस मौके पर यजमान बाबूलाल तिवारी हरिराम पांडे, चंद्रिका प्रसाद जगत नारायण हरिशंकर अवधेश तिवारी राम मणि त्रिपाठी कामता मणि श्यामममणि दीपक तिवारी आदि मौजूद रहे।

### एएमयू गर्ल्स स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी गर्ल्स स्कूल ने पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस के तहत क्विज और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं सहित कई प्रतिस्पर्धी कार्यक्रम तथा विशेष सभा का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल सुश्री आमना मलिक ने सुश्री अलका अग्रवाल के साथ कार्यक्रमों का मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण किया। विशेष सभा में क्रमश सकीना रुमान रिजवी और परी वार्ष्णेय द्वारा अंग्रेजी और हिंदी भाषण दिए गए। कुलसुम, प्राची शर्मा और इफ्फत ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार साझा किया। दूसरा और तीसरा पुरस्कार क्रमशः हुदा शमीम और परी वार्ष्णेय को मिला। फरजीन फातिमा और इल्मा ओवैस सिद्दीकी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। सुश्री तजीन फातिमा और इरशाद खान ने प्रश्नोत्तरी का निर्णय लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार इफ्फत को मिला।

### एएमयू वीसी ने यूनानी चिकित्सा संकाय की पत्रिका का विमोचन किया

**अलीगढ़।** अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय की कुलपति, प्रोफेसर नईमा खातून ने यूनानी चिकित्सा संकाय जर्नल, 'यूनानी मेडिक्स' का विमोचन किया, जो वर्तमान में यूनानी चिकित्सा में उपयोग किए जाने वाले नवीन दृष्टिकोणों की गहन चर्चा को दर्शाता है और उच्च गुणवत्ता वाले मूल शोध पत्र और समीक्षाएँ प्रदान करता है तथा आधुनिक और शास्त्रीय, जो सिद्धांतों और प्रथाओं की खोज और समन्वयन का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रो. खातून ने पत्रिका को पुनर्जीवित करने और उच्च प्रभाव कारक पत्रों और लेखों के साथ इसे एक नए रूप में लाने के लिए संपादकीय बोर्ड के प्रयासों की सराहना की। यूनानी चिकित्सा संकाय के डीन और मुख्य संपादक प्रोफेसर उबैदुल्लाह ने कहा कि वर्तमान में इस क्षेत्र में कुछ अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाएं हैं और कई मूल्यवान शोध कार्य प्रकाशन न होने के कारण लोगों तक नहीं पहुंच पाते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जर्नल एएमयू के शिक्षकों और विद्वानों के शोध पत्रों और लेखों को प्रकाशित करने वाला एक नियमित फीचर बन जाएगा।

## अरुणाचल विधानसभा में भाजपा को मिला जनादेश ऐतिहासिक: सीपी सिंह



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** अरुणांचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुरवा चौराहा स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर एक-दूसरे को मिठाई खिला खुशी व्यक्त किया। इस दौरान देवरिया लोकसभा संयोजक सी.पी.सिंह सैथवार ने कहा कि जब नीयत साफ, नीति सही और हौसले बुलंद होते हैं, तो नतीजे भी सही मिलते हैं। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिला जनादेश ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा की प्रेमा खांडू सरकार ने अरुणाचल में सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र पर काम किया, इसलिये जनता ने अपना भरपूर आशीर्वाद दिया। भाजपा सरकार के विकास का एजेंडा गांव, गरीब, किसान, मजदूर, किसान सभी के सशक्तिकरण को सदैव समर्पित रहा है। जिसके परिणामस्वरूप अरुणाचल में भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में आयी है। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में भाजपा को मिला जनादेश यह बता रहा है कि 4 जून की सुबह लोकसभा चुनाव के मतगणना के साथ एक नयी किरण लेकर आयेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार विकसित भारत के संकल्प के साथ देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। इस दौरान अम्बिकेश पाण्डेय, शिवेश पाण्डेय, दीपक श्रीवास्तव, अखिलेश मिश्रा एडवोकेट, प्रिंस चतुर्वेदी, विवेक शाही, बृजेश कुमार, राहुल कुमार आदि रहें।

## सलमान खान पर हमले का प्लान बनाने वाला आरोपी कुशीनगर का निकला

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** फिल्म अभिनेता सलमान खान पर हमले की साजिश में मुख्य भूमिका में रहकर पूरी कहानी रचने वाले कुशीनगर के धनंजय सिंह का नाम जरूर आया है, लेकिन उसकी गांव में पहचान विनम्र और शांत स्वभाव के युवक की है जो कोई सलमान के हमले की साजिश में धनंजय का नाम सुन रहा है, वह हैरान हो जा रहा है। धनंजय को नवी मुंबई पुलिस ने एक दिन पूर्व हमले की साजिश रचने के मामले में गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच व मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उसका लॉरेंस विश्नोई गैंग से कनेक्शन निकलकर भी सामने आ रहा है। वह सलमान खान पर हमले को लीड कर रहा था। वहीं, मामले की प्रारंभिक जांच में धनंजय का पाकिस्तान से भी कनेक्शन मिला है। कुशीनगर जिले के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के पकड़ी गोसाई गांव के तपे सिंह के पुत्र धनंजय सिंह का नाम सलमान खान पर हमले की साजिश में मुख्य भूमिका में सामने आया है। धनंजय सिंह अपने एक और नाम अजय कश्यप से पहचान रखता है। इस उपनाम को गांव में कोई नहीं जानता है। किसान के बेटे के रूप में पहचान रखने वाले धनंजय को गांव में काफी शांत और विनम्र स्वभाव के लिए जाना जाता है। धनंजय की मां आशा संगिनी हैं तो पिता किसान हैं। गांव वालों के मुताबिक धनंजय करीब छह-सात वर्ष पहले से ही मुंबई आता-जाता रहता है। एक नियमित अंतराल पर वह घर आकर एक सामान्य आदमी की तरह सबसे बातचीत और विनम्रता का व्यवहार करता था और फिर शहर वापस लौट जाता था। लेकिन उसके इस कारनामे की भनक तक लोगों को नहीं लगी। गांव में जिसने भी धनंजय सिंह की मुंबई में गिरफ्तारी की खबर सुनी, वह स्तब्ध रह गया। कोई इस बात को मानने को तैयार नहीं था कि वह ऐसा भी कर सकता है। गिरफ्तारी की सूचना के बाद परिजन मुंबई पहुंच गए हैं।धनंजय सिंह को मुम्बई पुलिस ने सलमान खान पर हमले की साजिश रचने के मामले में गिरफ्तार किया है। और बताया जाता है कि उसका अंतरराष्ट्रीय गिरोह से कनेक्शन भी है। जबकि कुशीनगर के किसी थाने में उसके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। एसओ अनिल सिंह ने बताया कि स्थानीय थाने में उस पर कोई केस दर्ज नहीं है। उसकी पहचान एक अच्छे इंसान के तौर पर थी।

### अस्पतालों में बढ़े मरीज जानलेवा हुई गर्मी

**अमेठी।** गर्मी के मौसम में इस समय अस्पतालों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लगभग हर परिवार में लोग उल्टी दस्त से पीड़ित हैं। ग्रामीण अंचल में झोलाछाप डॉक्टर इस समय चांदी काट रहे हैं। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेटुआ में मरीजों की संख्या अधिक रही ओपीडी में लगभग 200 से अधिक मरीज देखे गए। डॉ अभिमन्यु वर्मा ने मरीजों का इलाज व परीक्षण किया उन्होंने गर्मी के मौसम में लोगों के स्वास्थ्य के सुधार के तरीके भी बताएं। उन्होंने बताया कि इस समय गर्मी बेकाबू है। लोग बड़ी संख्या में बीमार हो रहे हैं। गर्मी लू से बचने के लिए धूप में ना निकले बहुत आवश्यकता पड़ने पर छाते का प्रयोग करें और फुल आश्तीन के कपड़े पहन कर ही बाहर निकले। तरल पदार्थ का सेवन करें तली भुनी खाद्य पदार्थों से बचें। जिससे स्वास्थ्य ठीक रहेगा। उन्होंने कहा कि इस समय को के साथ तेज गर्मी पड़ रही है। पेट दर्द उल्टी दस्त होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। वहीं अमेठी में ओपीडी की संख्या लगभग 250 से अधिक रही।

## विकास कार्यो की बदौलत सांसद प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा की जीत सुनिश्चित: दुबे

अवधनामा संवाददाता



**सलेमपुर।** भाजपा सलेमपुर लोकसभा मीडिया प्रभारी अजय दूबे वत्स ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि भाजपा प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा भाजपा सरकार में हुए विकास कार्यो की बदौलत मंगलवार को जीत सुनिश्चित कर हैट्रिक लगायेंगे। सलेमपुर भाजपा कार्यकर्ता जीत का जश्न मनाने को आतुर है। देश का लोकसभा चुनाव सात चरणों में समाप्त हो चुका है। अब पूरा देश चुनाव परिणाम का बड़ी बेसब्री का इंतजार कर रहा है। आने वाले कुछ ही घंटों में चुनाव नतीजे सबके सामने होंगे। इस बीच एग्जिट पोल में भाजपा सरकार को बहुमत मिलने का पूर्वानुमान जताया गया है। एग्जिट पोल के अनुमानों से बीजेपी की जीत सुनिश्चित होती नजर आ रही है। जिससे भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित नजर आ रहे है। सलेमपुर में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से जीत की तैयारियां भी शुरू कर दी गई। सांसद रविन्दर कुशवाहा के विकास के मायने को समझना हो तो सड़को की दशा देख लीजिए। यहां चमचमाती सड़कों का जाल बिछा है। हर कोई रफ्तार भर रहा है। सरकार ने गरीबों के घरों में शौचालय बनवाए हैं। किसान सम्मान निधि योजना का लाभ किसानों को मिल रहा है। सांसद रविन्दर कुशवाहा का चुनाव जीतने के बाद विकास ही मुख्य प्राथमिकता है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा जो सड़कें स्वीकृत हैं एवम उसका शिलान्यास हो चुका है। जल्द ही कार्य प्रारंभ होंगे।

### मतगणना कार्मिकों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

## डाक मत पत्रों की मतगणना सबसे पहले शुरू की जाएगी: मुख्य विकास अधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में 4 जून 2024 को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी जिसे सकुशल संपन्न कराने के लिए सोमवार को मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना हेतु नामित प्रेक्षक डॉ एन0 युवराज प्रेक्षक शालिनी दुहान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में मतगणना कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रेक्षकगणों ने मतगणना कार्मिकों से कहा कि आप लोग पूरी गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर लें जिससे मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की समस्या ना हो गर्मी के दृष्टिगत अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए मतगणना को सकुशल संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि मतगणना से संबंधित हर एक बिंदु को अच्छी तरह समझ लें। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर मोहम्मद असलम सुजीत कुमार अभिजीत कुमार देवेश शर्मा प्रदीप श्रीवास्तव मोहम्मद हरीश हाशमी के द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिया गया। जिसमें उन्हें ईवीएम पोस्टल बैलेट के साथ ही ईटीपीबीएस की मतगणना के बारे में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि डाक मत पत्रों की मतगणना सबसे पहले शुरू की जाएगी एवं 30 मिनट के पश्चात ईवीएम से प्राप्त मतों की गणना प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं पोस्टल बैलेट आदि का प्रशिक्षण पूर्ण मनोयोग से प्राप्त कर लें ताकि मतगणना के दिन किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। प्रशिक्षण में बताया गया की मतगणना संबंधी उपलब्ध कराए गए प्रारूप के समस्त कलम स्पष्ट शब्दों में साफ-साफ भरे जाएं मतगणना सामग्री को चेक कर लें यदि कोई कमी हो तो पूर्ण कर लें प्रदर्शित होने वाले रिजल्ट को इस प्रकार से खड़े होकर दिखाएंगे की उपस्थिति मतगणना एजेंट अच्छी तरह से देख व नोट कर सके, मतगणना पर्यवेक्षक द्वारा बोलकर भी रिजल्ट बताया जाएगा यदि आवश्यकता हो तो रिजल्ट बटन को दोबारा दबाकर रिजल्ट दिखाएं।

## चार जून को देश नकारात्मक शक्तियों से आजाद होने जा रहा है : अखिलेश यादव

अवधनामा ब्यूरो



- **भाजपा के झूठे राष्ट्रवाद ने देश को नुकसान पहुंचाया**
- **बेरोजगारों से छल किया पेपर लीक कराए**

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम घोषित होने से एक दिन पहले मीडिया को संबोधित करते हुए दावा किया कि 4 जून को देश नकारात्मक शक्तियों से आजाद होने जा रहा है,इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल पर बयान दिया और मुद्दों के सहारे मोदी सरकार के कार्यकाल पर सवाल उठाए।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के झूठे राष्ट्रवाद ने देश को नुकसान पहुंचाया। सामाजिक रूप से देश का सौहार्द्र बिगाड़ा। भाईचारा खत्म किया,जाति से जाति और संप्रदाय से संप्रदायों को लड़वाया और संविधान द्वारा दिए गए आरक्षण को साजिशन खत्म करने की कोशिश की गई। अखिलेश यादव ने कहा बीजेपी सरकार ने बेरोजगारों से छल किया,पेपर लीक कराए। देश के लिए आगे बढ़कर लड़ने वालों के लिए अपने मंत्रियों से जानबूझकर अपशब्द कहलवाए। उन्होंने कहा मणिपुर हाथरस, महिला पहलवान, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासियों के खिलाफ अत्याचार और सबसे खराब व्यवहार किए जाने का रिकॉर्ड बनाया। श्री यादव ने कहा भाजपा ने आर्थिक रूप से इलेक्टोरल बॉन्ड का ऐतिहासिक भ्रष्टाचार किया,इसके जरिए पैसा कमाने के लिए मुनाफाखोरी को बढ़ावा दिया जिसने महंगाई को बढ़ाया भाजपा ने अपने फायदे के लिए जनता पर महंगाई थोप दी उन्होंने कहा नोटबंदी से व्यापार चौपट कर दिया,भ्रष्ट जीएसटी से छोटे दुकानदार को मंदी का शिकार बना दिया। श्री यादव ने कहा भाजपा ने किसानों की जमीन हड़पनी चाही,काले कृषि कानून लाए,खाद की बोरी की चोरी की,लाभकारी मूल्य नहीं दिया और देश को अब तक की सबसे बड़ी बेरोजगारी में धकेल दिया। उन्होंने कहा महंगाई से गरीब को और गरीब कर दिया,अमीरों के अरबों के लोन माफ कर दिए लेकिन किसानों का ऋण नहीं माफ किया,उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया और ब्याज की दरें घटाकर मध्यमवर्ग की बचत को बेकार कर दिया।

### मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जे.एन. मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग द्वारा एक मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता 'आर्टे एनाटोमिया' का आयोजन किया गया। हिमाली सिंह, अफशा नाज और तलबिया खानम की टीम को प्रथम पुरस्कार मिला, जबकि जय जादुन, अभिषेक जादुन और तनुज शर्मा की टीम को दूसरा और सानिया इम्तियाज, मेहनाज मेहताब और नाजरा अमान की टीम को तीसरा पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए, मुख्य अतिथि प्रोफेसर मोहम्मद खालिद (अध्यक्ष, रेडियो-डायग्नोसिस विभाग) ने विजेताओं को बधाई दी और मेडिकल छात्रों से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से ऐसी पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लें और यदि उन्हें केवल भागीदारी के रूप में कोई पुरस्कार नहीं मिलता है तो निराश न हों। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धी घटनाओं में व्यक्ति को जीवन में आने वाली चुनौतियों के प्रति लचीला बनाता है।

## क्या बीजेपी हैट्रिक लगाएगी या कांग्रेस 2009 का इतिहास दोहरा पाएगी ?

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** लोकसभा चुनाव की मतगणना का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। बीजेपी हैट्रिक लगाएगी या कांग्रेस 2009 का

- **सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में 98 टेबलों पर होगी मतगणना**

इतिहास दोहराएगी ये आज 4 जून को साफ हो जाएगा। मंगलवार को निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना कराने की गरज से प्रशासन ने सारी तैयारी पूरी कर ली है। कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र के लिए सुबह 8 बजे से पडरौना नगर में स्थित उदित नारायण इण्टर व डिग्री कालेज में मतगणना शुरू होगी।

पोलिंग बूथ के हिसाब से राउंड की संख्या अलग-अलग हो सकती है। इस तरह सातों विधानसभा को मिलाकर कुल 98 टेबल पर मतगणना होगी। इसके लिए प्रत्येक टेबल पर चार मतगणना कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। रविवार को डीएम उमेश मिश्रा व एसपी धवल जायसवाल ने मतगणना स्थल पर बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया तथा वहा रखी गई सभी ईवीएम का जायजा लिया।

### सीसीटीवी कैमरों के निगरानी में होगी गिनती

शनिवार को मतदान के बाद देर रात तक पडरौना के उदित नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज और पीजी कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम जमा की गई। इन्हें सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षाकर्मियों की निगरानी में रखा गया है, जो अब 4 जून मंगलवार को मतगणना के दिन खुलेंगी।

### देवरिया के दो विधानसभा की गिनती होगी डिग्री कालेज में

पडरौना, खड्डा, रामकोला, हाटा और कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना उदित नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज तथा देवरिया लोकसभा क्षेत्र में आने वाले फाजिलनगर एवं तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र की मतगणना उदित नारायण डिग्री कॉलेज में होगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 14 टेबल लगाए गए है और हर टेबल पर चार-चार मतगणना कार्मिक तैनात किए गए। इनमें मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक, मतगणना ऑब्जर्वर और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल है। इस तरह मतगणना मे कुल 392 कार्मिक आन ड्यूटी है, जबकि इसके दस प्रतिशत कर्मचारी रिजर्व में है जिनकी आवश्यकता पड़ने पर मतगणना में इनकी ड्यूटी लगाई जाएगी। कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र के पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए सात टेबल लगाए जाएंगे, जबकि फाजिलनगर व तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के पोस्टल बैलेट गणना के लिए देवरिया भेज दिया गया है।

### पांच-पांच वीवीपेट मशीन की पर्ची का होगा मिलान

काउंटिंग के दौरान प्रत्येक विधानसभा कक्ष में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। मतगणना स्थल के चारों कोनों में कैमरे लगाए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा मे पांच-पांच वीवीपेट मशीन से पर्ची मिलान किया जायेगा।

# मेडिकल कॉलेज में हीटवेब से निपटने की समस्त व्यवस्थाएं मौजूद

**सुबह शाम नियमित मैं इमरजेंसी से लेकर समस्त वार्डो की करूंगा निरीक्षणः नोडल डॉ.ओपी चौधरी**

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** मामला गंभीर हो इससे पहले स्वास्थ विभाग ने कील-कांटे सही करते हुए हीटवेब से दो-दो हांथ करने के सारे इंतेजाम करते हुए एक्सपर्ट डाक्टरों की टीम बनाकर 24 घंटे उपलब्धता अनिवार्य कर दिया है। स्वास्थ विभाग के नोडल/ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी सुबह-शाम स्वशासी राजकीय महाविद्यालय के इमरजेंसी का दौरा करेगें। वार्ड में ईलाज करवा रहे मरीजों से मुलाकात करते हुए उनके उपचार के संबध में जानकारी लेगें। औचक निरीक्षण पर नोडल/ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी पहुंचे।ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों को निर्देशित करते हुए कहाकि मरीजों के उपचार में लापरवाही क्षम्य नही होगी।डॉ.चौधरी द्वारा इमरजेंसी में दवाओं का स्टाक चेक किया गया।मौके पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.लालजी,जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ.एसके गोयल, वरि.फीजिशियन डॉ.एसी गुप्ता,ईएनटी सर्जन डॉ.एएन तिवारी सहित डाक्टर व स्टाप मौजूद रहे।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने बताया की हीटवेब मरीजों के लिए 20 बेड सुरक्षित की गई है।दवाएं प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। विशेषज्ञ डाक्टरो को एलर्ट पर रखा गया है। नोडल/सीएमओ डॉ.चौधरी ने कहाकि मैं स्वयं सुबह,शाम इमरजेंसी में ईलाज के लिए आए मरीजों का हाल जानने के लिए दौरा कर रहा हूं।उन्होनें कहाकि अफवाहों पर ध्यान न देकर स्वास्थ विभाग द्वारा की जा रही अपील पर अमल करें।हालात पूरी तरह से काबू में है।स्वास्थ मोहकमा पूरी व्यवस्था के साथ आमजनता की सेवा में लगा है।



वही मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ. एसके गोयल ने कहाकि जिला अस्पताल की इमरजेंसी से लेकर समस्त वार्डो में दवा और स्टाफ की 24 घंटे उपलब्धता है। मैं स्वयं प्रातः से देर रात्री तक लगातार वार्डो में पहुंचकर मरीजों व उनके परिजनों से मिलकर उपचार की जानकारी करता रहता हूं। उन्होनें कहाकि मरीजों को किसी भी प्रकार की समस्या हो रही है तो हमसे सीधे संपर्क कर सकते है।

## प्रेक्षकों ने डीएम व एसपी के साथ किया गल्ला मण्डी परिसर का भ्रमण

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना प्रक्रिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किये गये प्रेक्षकों अनिल राज राय, अमनदीप बंसल व सुश्री रूपाश्री के0 ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला व अन्य अधिकारियों के साथ नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर का निरीक्षण कर मतगणना हेतु विधानसभावार की गई तैयारियों का जायज़ा लेते हुए व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, ग्रामीण के डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मतगणना स्थल के आसपास ड्रोन कैमरों से रखी जाएगी नजर

अवधनामा संवाददाता

**मतगणना के दौरान उपद्रव करने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही**

**शिकोहाबाद।** लोकसभा चुनाव के मतदान की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद मंगलवार सुबह आठ बजे से मतगणना प्रारंभ हो जाएगी। मतगणना को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कर रहा है। मंडी समिति के आसपास के इलाके में ड्रोन कैमरों से सुरक्षाव्यवस्था पर पैनी नजर रखी जाएगी।

सोमवार को एडीएम विषू राजा चौहान, सीडीओ नेहा जैन, एसडीएम आदेश सिंह सागर ने मंडी समिति का निरीक्षण किया। इस दौरान मतगणना की तैयारियों के लिए बनाए गए आरओ और एआरओ टेबिल को चेक किया। मतगणना कार्मिकों से बात की। इस दौरान कार्य में किसी प्रकार की कोई रुकावट ना आए, इस लिए मंडी समिति में लगाए गए बाईफाई (इंटरनेट) की स्पीड को चेक किया। काउंटिंग और सुरक्षा के साथ अन्य कार्य में लगे कर्मचारियों से वार्ता की। उन्होंने विधान सभा बार लगे सभी तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिये। मंडी परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस बार मतगणना निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मंडी परिसर के समीप क्षेत्र की ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। जिससे किसी भी उपद्रवी को आसानी से चिंहित कर उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा सके। इस संबंध में एसडीएम और सीओ प्रवीन कुमार ने कोतवाली में मंडी समिति के आसपास के घर वालों को बुला कर मीटिंग की और उन्हें सख्त निर्देश दिये।

# तीन सगे भाइयों सहित चार को तीन साल कैद

**क्रॉस केस के सभी आरोपित बरी, कुड़वार के धरावां गांव में 16 साल पहले हुई थी घटना**

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** प्राण घातक चोट पहुंचाने वाले तीन सगे भाइयों सहित चार को एडीजे जलाल मोहम्मद अकबर ने तीन साल कैद व पांच हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।घटना 16 साल पहले कुड़वार थाने के धरावां गांव में हुई थी. इस मामलें के क्रॉस केस में सारे आरोपित बरी कर दिए गए है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता विजय शंकर शुक्ल ने बताया कि 18 जुलाई 2008 को सुबह आठ बजे रसीद अहमद अपने बेटों के साथ खेत में घास निकाल रहे थे उसी गांव के एजाज अहमद उनके भाई कफील व सुहेल तथा ममेरे भाई जमील ने लाठी व कुदाल से सबको मारा. जिससे रसीद, हफीज, अनीस व ईशतीयाक को चोट लगी. गंभीर रूप से घायल इशतीयाक को सीधे कुड़वार अस्पताल लें जाया गया जहाँ से पहले जिला अस्पताल फिर मेडिकल कॉलेज में इलाज हुआ. पुलिस ने रसीद के प्रार्थनापत्र पर एन सी आर लिखा. और तीन दिन बाद जमील कि तरफ से भी रसीद व उनके बेटों मुन्ना, अनीस व इश्तीयाकके विरुद्ध एन सी आर लिख लिया. मेडिकल कॉलेज में हुए इलाज के आधार पर एसपी के आदेश से रसीद के मुकदमें प्राण घातक चोटों की धारा बढ़ाई गई लेकिन दोनों मामलों में विवेचक ने हल्की धारा में आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया. अभियोगी के निजी अधिवक्ता जीतेन्द्र श्रीवास्तव ने आपत्ति किया तो मजिस्ट्रेट ने प्राण घातक धाराओं में संज्ञान लिया जो उच्च न्यायालय तक सही ठहराया गया। मुकदमा चला तो अभियोजन की ओर से सात गवाह परीक्षित कराये गए. दोनों पक्ष की बहस सुनने व पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जज ने एजाज कफील सुहेल व जमील को दोषी ठहराया और उच्च न्यायालय में अपील दायर करने तक जमानत पर रिहा कर दिया है।

## गल्ला मण्डी में प्रवेश हेतु निर्धारित किये गये गेट

**बहराइच।** नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति के गेट संख्या 01 से सभी अधिकारीगण व विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 287-पयागपुर के गणना कर्मी प्रवेश करेंगे। गेट संख्या 02 से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 282-(अ.जा.) बलहा, 283-नानपारा, 284-मटेरा व 285-महसी, 286-बहराइच व 288-कैसरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गणना कर्मी तथा अन्य विविध ड्यूटी में तैनात समस्त कार्मिक तथा मीडिया कर्मी प्रवेश करेंगे। गेट संख्या 03 से 56-(अ.जा.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच के प्रत्याशियों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 282-(अ.जा.) बलहा व 286-बहराइच के गणना अभिकर्ता प्रवेश करेंगे। इसी प्रकार गेट संख्या 04 से 283-नानपारा, 284-मटेरा व 285-महसी, 287-पयागपुर व 288-कैसरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गणना अभिकर्ता प्रवेश करेंगे। यह जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि बलहा, मटेरा व महसी में 27-27, नानपारा में 26, बहराइच व पयागपुर में 30-30 तथा कैसरगंज में 29 चक्रों में मतगणना कार्य सम्पन्न होगा।

# जिला प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कल 8 बजे से होगी मतगणना

अवधनामा संवाददाता

**पैरामिलिट्री फोर्स, पीएसी की कम्पनियां सहित भारी संख्या में तैनात रहेगा पुलिस बल**

**डीएम एसएसपी ने प्रत्याषियों व उनके प्रतिनिधियों के साथ फिर से बैठक कर शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की की अपील**

**किसी ने भी कानून व्यवस्था बिगाडने की कोषिष की तो गुण्डा एक्ट, गैंगस्टार लगाकर भेजा जाएगा जैल**

**फिरोजाबाद।** मण्डी समिति शिकोहाबाद में पुलिस व जिला प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कल 4 जून को प्रातः 8 बजे से जनपद की सभी पांचो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना प्रारम्भ होगी। मतगणना को निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आज सोमवार को पुलिस लाइन प्रांगढ में सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को ब्रीफिंग की गयी। ब्रीफिंग के दौरान जिलाधिकारी रमेश रंजन ने 2022 के विधानसभा चुनाव में हुए उपद्रव की घटना को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी तरह मुस्तैद करते हुए कानून व्यवस्था बिगाडने वालों से कडाई से निपटने के निर्देश दिए। मतगणना विधानसभा वार मतगणना चक्रों के अनुसार होगी, जिसमें विधानसभा जसराना में गणना चक्रों की संख्या 32 रहेगी, इसी प्रकार से टूण्डला में 31, फिरोजाबाद में 30, शिकोहाबाद में 28 व सिरसागंज में 27 चक्रों की संख्या रहेगी। एक चक्र की गणना में लगभग 10 मिनट का समय लगेगा इस प्रकार से एक घटें में 6 चक्र की गणना पूरी होने की सम्भावना होगी। मतगणना में अलग से माइक्रो ऑब्जर्वरस भी तैनात रहेंगे जो प्रेक्षक महोदय के निर्देशन में कार्य करेंगे। प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक मतगणना माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है, इसका मुख्य कार्य अपनी मेज पर निष्पक्ष मतगणना की देख रेख करना होगा। मतगणना माइक्रो ऑब्जर्वर प्रत्येक चक्र में अलग-अलग प्रपत्र पर रिपोर्ट तैयार कर प्रेक्षक महोदय को उपलब्ध कराएगें और मतगणना के अंत वह प्रेक्षक की आज्ञा के अनुसार ही मतगणना स्थल से प्रस्थान करेंगे। ब्रीफिंग के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने सभी पुलिस फोर्स को निर्देश दिए कि किसी को भी कानून व्यवस्था बिगाडने नही दी जाएगी और कानून व्यवस्था खराब करने वालों से कडाई से निपटा जाएगा इसके लिए लाठी चलानी पडे तो चलाई जाएगी। एसपी ग्रामीण व एसपी सिटी ने पूरी वेरिकेटिंग से लेकर त्रिस्तृतीय सुरक्षा व्यवस्था के बारें में विस्तार से बताया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी विषु राजा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कृति राज, सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र सिंह सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला कारागार में निरुद्ध कैदी की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत --

**सुल्तानपुर।** जिला कारागार में निरुद्ध विचाराधीन कैदी शुभम वर्मा की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।उक्त युवक फरवरी 2024 से जेल में बंद था।जेल अधीक्षक ने बताया कि उक्त कैदी 306,323,506, 504 के तहत जेल में बंद था।मृतक शुभम वर्मा मानसिक रोगी था,जिसका जेल में उपलब्ध संसाधनों से इलाज करवाया जा रहा था।जेल में ज्यादा तबियत खराब होने पर रविवार को जेल प्रशासन द्वारा जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया था। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मृतक शुभम वर्मा मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के भटिया बढौना गांव का रहने वाला था।उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### सिविल इंजीनियर की सड़क हादसे में हुई मौत

**सुल्तानपुर।** नगर के जेल मोड पर रहने वाले नूर मोहम्मद उर्फ गुड्डू के भाई (साहबान) जो की रायबरेली में इंजीनियर के पद पर थे। देर रात रायबरेली में सड़क हादसे में मौत हो गई।दुखद घटना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का उनके घर पर तांता लगा हुआ है।

### आम के पेड़ से गिर कर कैलाश हुए घायल

**करौंदीकला, सुल्तानपुर।** आम के पेड़ से गिर कर कैलाश घायल हो गए। यह दुर्घटना कैलाश रजक पुत्र रामलाल रजक निवासी भटौता तुलसी पट्टी थाना करौंदीकला के साथ हुई। जो आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़े थे। पेड़ से गिर कर घायल हो गए जिससे पैर और शरीर में गंभीर चोट आई है।

### समाजवादी पुरोधाजॉर्ज फर्नांडिज साहब अमर रहे



**सुल्तानपुर।** प्रखर समाजवादी पुरोधा रहे जॉर्ज फर्नांडीज साहब पूर्व रक्षा मंत्री भारत सरकार अटल बिहारी वाजपेई सरकार के संरक्षक और संस्थापक थे।वे देश और दुनिया के शोषित पीड़ित जनके आंदोलनके प्रबल समर्थक भी थे।आपातकाल का आपने प्रबल विरोध किया था, जिसमें उत्पीड़न के कारण आपके सगे भाई की मृत्यु भी हो चुकी थी और आप जेल से ही मुजफ्फरनगर का चुनाव जीते थे। हमारा सौभाग्य है कि हमने जॉर्ज साहब के नेतृत्व में काम किया है। प्रदेश अध्यक्ष प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जदयू उ प्र ओमप्रकाश उपाध्याय ने जॉर्ज साहब की जन्म दिवस समारोह के अध्यक्षता अंबेडकर मार्केट स्थित कैंप कार्यालय पर करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दिया। जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि जॉर्ज साहब जैसा महापुरुष दोबारा नहीं होगा। उनके दिखाएं रास्ते पर चलकर हमको पीड़ित मानवता की सेवा में स्वयं को समर्पित करना है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप जॉर्जसाहब राजग संस्थापक रहे हैं,जिनकी बदौलत आज नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तीसरे कार्यकाल की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है।

### मतगणना कार्मिकों का सम्पन्न द्वितीय रैण्डमाईज़ेशन



**बहराइच।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना कार्य के लिए जनपद बहराइच में नियुक्त किये गये प्रेक्षकों अनिल राज राय, अमनदीप बंसल व रूपाश्री के0, जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर की मौजूदगी में मतगणना कार्मिकों का विधानसभावार द्वितीय रैण्डमाईज़ेशन जिला सूचना विज्ञान केन्द्र, बहराइच में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डीएम मोनिका रानी ने बताया कि ईवीएम की मतगणना हेतु 04 सदस्यीय टीम में 01-01 माइक्रो आब्ज़र्वर, गणना सुपरवाईज़र, गणना सहायक व चतुर्थ श्रेणी कार्मिक होंगे। डीएम ने बताया कि प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 14 गणना टेबल, एआरओ टेबल हेतु 02 व रिज़र्व में 03-03 टीमों को रखा गया है। इस प्रकार 07 विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 532 गणना कार्मिक लगाये गये है। जबकि पोस्टल मतपत्रों की गणना 02 टेबल पर होगी। इस कार्य के लिए 02 रिज़र्व सहित 04 गणना टीमें गठित की गई हैं।

# तीन अभियुक्त को किया गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में अवैध शस्त्रों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 03.06.2024 को थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुराना थाना ग्राउण्ड थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद से प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार द्वारा एक अभियुक्त एजाज पुत्र इब्राहिम खाँ निवासी गली न0 22 कश्मीरी गेट थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद भीकनपुर तिराहा थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद से तथा एक अभियुक्त समीर पुत्र मौहम्मद जमीर निवासी नूर नगर टाँवर वाली गली फैसल पुत्र पोपा उर्फ एइतन के मकान में किराये का मकान थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद को तथा रैपुरा से नैपई जाने वाले रास्ते पर बडी लाईन के पास अर्धनिर्मित मकान के पीछे थाना रामगढ़ से एक अभियुक्त रियाज मौहम्मद उर्फ पप्पू पिस्टल पुत्र स्व0 मुंशी खाँ निवासी हबीबगंज रहमानिया स्कूल के पास जन्नू का किराये का मकान थाना रामगढ़ को गिरफ्तार किया गया है । जिनके कब्जे से 3 नाजायज 315 बोर तमंचा व 3 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये हैं।

# प्रभु की राह पर ही मिलेगी संसार से मुक्ति

**जैन अटामंदिर में आर्यिका श्री के सानिध्य में हो रही अपूर्व प्रभावना**

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** संसार से मुक्ति तभी मिलेगी जव आप उनके बताए मार्ग पर चलेंगे। सभी मौत के मेहमान हैं भगवान भागने से नहीं जागने से उनकी राह पर चलने उन्हें मानने से मिलते हैं। जिनधर्म प्रभाविका आर्यिका सृष्टिभूषण माताजी ने जैन अटा मंदिर में धर्मसभा में कहा कि जैसा आप बीज बोते हो वैसा फल मिलेगा। त्योहार आने पर आप घर की सफाई करते हैं इसी प्रकार आपको मन आत्मा की सफाई भी करना चाहिए। तभी भगवान कानिर्वाण मोक्ष कल्याण बनाना सार्थक होगा। राम, रावण, कृष्ण और कंस के नाम राशि एक थी किन्तु उनकी मति अलग होने के कारण उनकी गति वैसी प्राप्त हुई। हाथी सिंह मरीचि की पर्याय से सभी प्राणी तीर्थंकर बने हैं। आर्यिकाश्री ने कहा इस संसार समुद्र से तिरने पार होने के लिए सम्यक दर्शन सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र ही सहारा है और इस संसार में डूबने के लिए मिथ्या दर्शन, मिथ्या ज्ञान और मिथ्या चारित्र कारथ है। संसार में आप इसी कारण भ्रमण कर रहे हैं मानव पर्याय में भी तीन अवस्था बचपन जवानी और बुढपा आता है आपको धर्म के प्रति श्रद्धावान होने चाहिए श्रद्धा दर्शन ज्ञान और चारित्र के माध्यम से ही आप संसार से पार हो सकते हैं। धर्मसभा का शुभारम्भ आचार्य विद्यासागर महाराज एवं आचार्य श्री विद्याभूषण सन्मतिसागर महाराज के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलित कर श्रेष्ठीजनों ने किया।

# पेयजलापूर्ति ठप, वार्डवासियों ने डीएम को भेजा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नगर के वार्ड नंबर 17 के सिविल लाइंस द्वितीय में जल की आपूर्ति के ठप्प हो जाने से वहां की जनता को खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा। बता दे की गर्मियों के चलते क्षेत्र में पिछले महीने से जल आपूर्ति बाधित है। कई दिनों से क्षेत्र में जल आपूर्ति बिल्कुल बंद हो गई है। इसके फलस्वरूप क्षेत्रीय लोगों को पानी की एक एक बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। इस विषय में वार्ड नं 17 के सिविल लाइंस द्वितीय क्षेत्र वासियों ने जल आपूर्ति ठप्प होने पर चिंता जाहिर की और ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर अपनी अपनी सिकायत को ने जलापूर्ति सुचारू करने हेतु जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को एवं एक ज्ञापन झांसी डिवीजन जल संस्थान के कार्यालय में अधिशासी अभियंता को दिया। उपस्थित लोगों ने अधिकारियों को बताया प्रति वर्ष ग्रीष्म काल में हमेशा क्षेत्र के लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। संबंधित अधिकारियों द्वारा पहले से इस संकट से निपटने की तैयारी नही की जाती है और इससे लोगों को जल के अभाव में मुस्किल दौर से गुजरना पड़ता है। इस बार इस समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। ज्ञापन देते समय पार्षद कुन्दन पाल, प्रभु पारासर, शशि शर्मा, कपिल सराफ, उमेश झा, स्वप्निल बरया, ऊषा झा, हरी शर्मा, कुलदीप जैन, आयुष शर्मा, निकुंज तिवारी, जिनेन्द्र जैन, अनिल खजुरिया, सनत सराफ, अभय ठाकुर आदि मौजूद थे। इस पर अधिकारियों द्वारा आपूर्ति को ठीक करने का आशवासन दिया गया।

# नई बस्ती में इंटर कनेक्शन का कार्य पूर्ण

**आसपास के वार्डो की पेयजल आपूर्ति में होगा सुधारः एडीएम नमामि**

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव ने अगवत कराया है कि जनपद की पेयजल आपूर्ति के सुद्रणीकरण हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में सेक्टरवार टीम गठित करते हुए सेक्टर निरीक्षण में अधिकारियों ड्यूटी लगाई गई है तथा अधिशासी अभियंता जल संस्थान शिवराज एवं सहायक अभियंता धीरज कुमार जल निगम तथा आरती सिंह आपदा विशेषज्ञ को मॉनिटरिंग हेतु निर्देशित किया गया है। 26 सेक्टर में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर 118 खराब हैंड पंप की लिस्ट प्राप्त हुई थी जिस पर 79 हैंडपंप जल संस्थान द्वारा मरम्मत करवाई गई तथा शेष 39 हैंडपंप की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है एवं दिनांक 2 जून 2024 को सभी वार्डो में लगभग 47 टैंकर के माध्यम से जल आपूर्ति की व्यवस्था को पूर्ण कराया गया। 2 जून शाम के समय 5 बजे तक 47 टैंकर वार्ड नंबर 2 में, 7 टैंकर वार्ड नंबर 15 में, 8 टैंकर वार्ड नंबर 16 में, 4 टैंकर वार्ड नंबर 17 में, 12 टैंकर वार्ड नंबर 12 में, 4 टैंकर वार्ड नंबर 9 में, 4 टैंकर वार्ड नंबर 19 में, 4 टैंकर वार्ड नंबर 16 में, 3 टैंकर अन्य स्थानों पर पहुंचाये जा चुके हैं तथा रात्रि 8 बजे तक शेष टैंकर आवश्यकता अनुसार पेयजल की पूर्ति की जाएगी। इसके अलावा नई बस्ती में इंटर कनेक्शन का कार्य उत्तर प्रदेश जल निगम झांसी द्वारा पूर्ण कराया जा चुका है जिससे नई बस्ती, आजादपुर, गांधीनगर, नई बस्ती सिविल लाइन, देवगढ़ रोड लाइन आदि क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार होगा।



## धर्म ही जीवन में सुख का कारण : मनोहर लाल

**ललितपुर।** पं. टोडरमल स्मारक टस्ट जयपुर के तत्वावधान में आधत्मिक शिक्षण प्रशिक्षण शिविर में राज्यमंत्री मनोहरलाल ने पहुंचकर जिनवाणी को नमन किया और कहा धर्म ही जीवन में सुख का कारण है। हमें इसको जानना होगा तभी जीवन में सुख शान्ति आएगी। नगर के स्याद्वाद बाल संस्कार केन्द्र एवं वर्णी कान्वेंट स्कूल में इन दिनों दिगम्बर जैन स्वाध्याय मण्डल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फैडरेशन के तत्वावधान में विद्वानों का शिविर चल रहा है जिसमें विभिन्न प्रान्तों के शिविरार्थियों को विद्वान मार्गदर्शन कर धर्म का मर्म बता रहे हैं।

# दरगाह मेला परिक्षेत्र के लिए नामित किये गये मजिस्ट्रेट

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश पर सै. सालार मसऊद गाज़ी की दरगाह पर 30 मई से 30 जून 2024 तक चलने वाले वार्षिक जेठ मेला-2024 में शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में लगायी जाती है। मेला में कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने निम्नलिखित अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में निर्धारित स्थल पर लगायी जाती है। रेड जोन स्थल चौकी मजार शरीफ के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी व अधि. अभि. स.ड्रे.ख. प्रथम जय प्रकाश वर्मा, पुलिस चौकी टाडा बगिया के लिए अधि. अभियन्ता सरयू नहर खण्ड-4 संदीप कुमार, व सहा. अभि. स.न.ख-3 सौरभ सिंह, पुलिस चौकी ठाकुर बाग के लिए ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुनील कुमार, सहा. अभि. स.न.ख-3 अनुपम सिंह को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। इनके प्रभारी निरीक्षक पुलिस लाइन ब्रम्हा गौड़ होगें। ऐलो जोन पुलिस चौकी कदम रसूल के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी चित्तौरा शिव शरण सैनी पुलिस चौकी नुमाइश के लिए सहा.अभियन्ता सरयू नहर खण्ड-3 राणा प्रताप यादव व बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिल कुमार को मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। इसी प्रकार दरगाह परिसर में जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय/कन्ट्रोल रूम जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार, सहायक चकबन्दी अधिकारी कौशल कुमार, अधि. अभि. स.न.ख.-1 हर्ष कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा, जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर, सहायक अभि. स.ड्रे. ख. प्रथम योगेश कुमार सागर, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनोज कुमार उपाध्याय व बीडीओ रिसिया रणजीत को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। इनके प्रभारी निरीक्षक पुलिस लाइन मोहम्मद हंजल अंसारी होगें।

ग्रीन जोन पुलिस चौकी चुंगी नाका के लिए सहा. अभि. स.ड्रे.ख.-7 विवेक बरनवाल, रेलवे क्रासिंग, सहायक अभि. स.ड्रे. ख. प्रथम सुमित सचान, बीबी जौहरा, सहा. अभि. स.न.ख.-5 गोविन्द जी कल्लौल, पलरी बाग सहा. अभि. स.ड्रे.ख.-1 बजरंग बहादुर पाल, नूसी क्लीनिक सहा. अभि. स.न.ख.-1 सन्दीप चौहान, गुल्लावीर रेलवे क्रासिंग सहा. अभि. स.न.ख.-4 महेश राम, अनारकली सहा. अभि. स.न.ख. पलट नरायन व सहा. अभि. ग्रा.अभि.वि. नौमी लाल, सरबतही मस्जिद सहा. प्र.जि.उद्योग प्रोत्साहन जगदीश यादव, सुहेलदेव के लिए बीडीओ चित्तौरा राज किशोर, हठीला सहा.वि.अधि. चित्तौरा अशोक कुमार श्रीवास्तव व अधि. अभि. स.न.ख.-1 प्रशान्त गौतम को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। इनके प्रभारी निरीक्षक अपराध विनोद कुमार राव होगें।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार 04 जून, 2024



# नवीन गल्ला मंडी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

- मुख्य गेट को बनाया अभेद किला
- मुख्य गेट के 200 मीटर दूर तक चप्पे चप्पे में तैनात होगी पुलिस



**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** नवीन गल्ला मंडी में मंगलवार को होने वाली मतगणना के लिए मंडी प्रांगण में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बिना अनुमति के यहां परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा। इसके लिए गल्ला मंडी के मुख्य गेट पर जबरदस्त बैरिकेडिंग कराकर भीड़ को नियंत्रित करने के ठोस इंतजाम प्रशासन द्वारा किए गए हैं। हाईवे के दोनों तरफ 200 मीटर दूर तक बैरिकेडिंग कराकर पुलिस बल तैनात करने की तैयारी की गई है। मंगलवार को होने वाली मतगणना में इस बार सुरक्षा के प्रशासन ने बेहद पुख्ता इंतजाम कराये हैं। मीडिया सेंटर को अन्य चुनावों की तरह मतगणना स्थल के सामने से हटाकर पीछे की ओर मुख्य गेट के पास बनाया गया है। सदर एवं राठ विधानसभा सीटों के लिए मतगणना के लिए अलग-अलग इंतजाम कराए गए हैं। दोनों विधानसभा सीटों की गणना स्थल तक आने-जाने के लिए अलग-अलग रास्ते बनाकर जबरदस्त बैरिकेडिंग कराई गई है। इस बार मंडी के मुख्य गेट को पूरी तरह से कवर करके 200 मीटर दूर तक बैरिकेडिंग कराकर भारी पुलिस बल तैनात करने की तैयारी की गई है। सुरक्षा का ऐसा अभेद किला बनाया गया है कि यहां पर परिंदा भी पर नहीं मार सकता है।

# रिपोर्ट लिखने की जगह समझौते का पहाड़ा पढ़ा रही सुमेरपुर पुलिस

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के पचखुरा बुजुर्ग, निवासी एक व्यक्ति ने रात में घर में घुस कर मारपीट करने वालो के खिलाफ सुमेरपुर पुलिस को तहरीर दी किंतु रिपोर्ट दर्ज करना तो दूर ऊपर से उस पर समझौता करने दवाब बनाना शुरू कर दिया तो उसने एसपी की शरण में जाकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। मनोज पुत्र गोरेलाल सविता ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में अवगत कराया है कि 31मई की रात करीब-10 बजे पड़ोस के पारूल, राहुल पुत्रगण बाबू सविता, बाबू पुत्र गट्टी व गायत्री पत्नी बाबू को मकान में दरवाजा करने से रोका तो सभी लोग एकराय होकर घर में घुसकर आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे, शोर सुनकर उसकी भतीजी बचाने आयी तो उसके साथ भी गाली-गलौज कर अभद्रता की मारपीट में उसके हाँथ व पैर में गम्भीर चोटें आई हैं, थाना सुमेरपुर में तहरीर देने पर कोई कार्यवाही करना तो दूर उल्टे पुलिस राजीनामा करने का दबाव उसके ऊपर बना रही हैं, आरोपी दबंग है कई बार ऐसा कर चुके हैं अभी भी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, उसका परिवार भयभीत और दुखी है पीड़ित ने एसपी से डाक्टरी परीक्षण के साथ आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्जकर सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की है।

## खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लगने से गृहस्थी व नगदी हुई खाक

**हमीरपुर।** जनपद के जारिया थाना क्षेत्र के ग्राम इटैलियाबाजा में एक महिला द्वारा गैस से खाना बनाते समय अचानक आग लग गयी।आग की चपेट में आने से गृहस्वामी के 3 परिजन घायल हो गए तो वही मकान में आग लगने से घर मे रखी नगदी व गृहस्थी का सामान भी जलकर खाक हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जरिया थाना क्षेत्र के ग्राम इटैलिया निवासी बेटीबाई 62 वर्ष सोमवार के पूर्वाहन 7 बजे गैस से खाना पका रही थी कि अचानक गैस रिसाव के कारण सिलेंडर में आग लग गयी।देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और अपनी चपेट में समुचे मकान को ले लिया।आग को देख ग्रामीण इकत्रित हो गए और आग पर काबू पाने के लिए लोगो द्वारा कड़ी मशक्कत के उपरांत आग पर काबू पाया जा सका।

# मतगणना: भीषण गर्मी/लू के दृष्टिगत क्या करें, क्या न करें

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिला मजिस्ट्रेट /जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी व समस्त उप जिलाधिकारी/सहायक रिटर्निंग आफिसर जनपद सोनभद्र को निर्देशित किया है कि लोक सभा सामान्य-2024 के लिए 04 जून, 2024 को होने वाली मतगणना के लिए भीषण गर्मी/हीट वेब के दृष्टिगत ''क्या करें''/''क्या न करें'' की प्रति तैयार कराकर उपलब्ध करायी गयी है तथा उक्त सुझाओं का अनुपालन करते हुए मतगणना में लगे कार्मिकों हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में भीषण गर्मी/लू/हीट वेव के कारण आम जन को स्वास्थ्य जनित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, मतगणना दिवस पर सभी मतगणना कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें एवं अपने साथ तेज धूप से बचाव हेतु सर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा रखें। पैरों में आरामदायक जूते या चप्पल पहनें। पीने योग्य शीतल जल का प्रयोग करें, समय-समय पर आवश्यकतानुसार सादा जल, नींबू पानी या ओ0आर0एस0 घोल का प्रयोग कर अपने आपको तरो ताजा रखें।

# ठेकेदार पर आरआरसी निर्माण में घटिया गुणवत्ता के लगे आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**सरीला हमीरपुर।** विकासखंड सरीला के ग्राम पंचायत खेड़ा शिलाजीत निवासी शैलेंद्र मिश्रा ने मुख्यमंत्री पोर्टल सहित अन्य उच्च अधिकारियों को भेजे गए

शिकायती पत्र में बताया कि खेड़ा शिलाजीत ग्राम पंचायत में आर आरसी सेंटर का निर्माण कार्य हो रहा है जिसमें ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है

खेड़ा शिलाजीत निवासी शैलेंद्र मिश्रा ने शिकायती पत्र में बताया कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में घटिया ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद ठेकेदार द्वारा रात्रि के अंधेरे में निर्माणास्थल से घटिया सामग्री तो हटा ली गई लेकिन जितना निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उतने निर्माण में भी घटिया क्वालिटी की ईंटों और उत्पादों का प्रयोग किया गया था विभागीय अधिकारियों के संज्ञान में होने के बावजूद भी अभी तक घटिया निर्माण कराकर सरकारी धन का दुरुपयोग कर सरकार की मंशा के विपरीत काम करने वाले ठेकेदार के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है जिससे ठेकेदार के हौसले बुलंद है पीड़ित ने उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है जब इस मामले में ग्राम पंचायत अधिकारी खेड़ा शिलाजीत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी

# एसपी ने मतगणना में लगे पुलिस और केंद्रीय बल को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा मतगणना में लगे पुलिस बल व केन्दीय बल की गैलेक्सी गेस्ट हाऊस सुमेरपुर में ब्रीफिंग की गई तथा चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डाक्टर दीक्षा शर्मा द्वारा बताया गया कि ड्यूटी में तैनात सभी पुलिस बल और केंद्रीय बल के सभी जवान अनुशासित रहें, अच्छी वर्दी पहने, समय से ड्यूटी पर पहुंचे, पहचान पत्र साथ रखें एवं निष्पक्ष रहे निष्ठा एवं कुशलता से कार्य करें, ड्यूटी कार्ड सुरक्षित रखें। मतनणना स्थल आने वाले जनप्रतिनिधियों से कुशल व्यवहार रखें। मतगणना स्थल पर यदि कोई अराजकत्तव या व्यक्ति दुष्प्रचार या शान्तिपूर्ण मतगणना को प्रभावित करता है, तो इसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दे ताकि उस अराजकत्तव या व्यक्ति के विरुध्द कठोर वैधानिक कार्यवाही करते हुए मतगणना को निष्पक्ष, शांन्तिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराया जा सके। हमीरपुर पुलिस व प्रशासन शांतिपूर्ण, सकुशल व निष्पक्ष चुनाव कराए जाने हेतु प्रतिबद्ध है। एसपी द्वारा क्षेत्राधिकारी यातायात को निर्देश दिया गया कि मतगणना हेतु आने वाले व्यक्तियों या जनप्रतिनिधियों के वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ी करवाएं साथ ही प्रभारी निरीक्षक थाना सुमेरपुर को निर्देश दिए गए की मतगणना स्थल पर शुद्ध पेयजल व अन्य मूलभूत सुविधाएं हो जिससे किसी भी पुलिसकर्मी या व्यक्ति को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो सके।

# आर्य समाज पंधरी मे हुई वेद की अमृत वर्षा



**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत पंधरी मे अचार्य श्याम सिंह के निवास मे आर्य समाज के विद्वानो द्वारा आर्यसमाज का दो द्विवसीय विश्व कल्याण महायज्ञ वेद कथा की अमृत वर्षा द्वितीय दिवस की प्रथम वेला पर आज के यज्ञ के ब्रह्मा बृहमचारी आचार्य आनन्द पुरुषार्थी जी हौसंगाबाद के बृहमत्व में आज के मुख्य यजमान श्री रमेश सिंह सापत्निक द्वारा यज्ञ सम्पन्न हुआ। यज्ञ पश्चात फरीदाबाद हरियाणा से राष्ट्रीय भजनोपदेशक आचार्य प्रदीप शास्त्री द्वारा ऋषि भजन प्रस्तुत किया तथा गुरुकुल चोटी पूरा मुरादाबाद से आयी तीन विदूषियो द्वारा भजन प्रस्तुत किया तथा होशंगाबाद से अन्तर्राष्ट्रीय वेद प्रवक्ता बृहमचारी आचार्य आनन्द पुरुषार्थी आज के बृहमा द्वारा ओउ्म के तीन अच्छरों की व्याख्या की। इसमे लोटन प्रसाद आर्य , विवेक आर्य , दिनेश आर्य , रमेश सिंह , श्याम सिंह , उमेश आर्य , आशीष आर्य आदि लोग मौजूद रहे।

## मतगणना की पूर्व संध्या पर प्रेक्षक नें किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**हमीरपुर।** प्रेक्षक, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा नवीन गल्ला मंडी सुमेरपुर में जाकर स्ट्रांग रूम व मतगणना बैरिकेटिंग व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। स्ट्रांग रूम सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कता से ड्यूटी करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## दलित युवक को अकारण गाली गलौज कर पीटा

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के दो युवकों ने एक दलित युवक को रास्ते में रोककर अकारण गाली गलौज करके जमकर पीटा। इससे युवक को गंभीर चोटे लगी है। युवक ने मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के संत कबीर नगर निवासी नरेंद्र कुमार ने मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि कस्बा निवासी वीर बहादुर एवं सोनू निगम ने रास्ते में रोककर अकारण जाति सूचक गालिया देकर जमकर मारा पीटा जिससे उसे गंभीर चोटे लगी है।

# जनप्रतिनिधियों से करें कुशल व्यवहार अराजकतत्वों पर रखे पैनी नजर-एसपी



**अवधनामा संवाददाता**

- ईमानदारी व निष्पक्षता से पुलिस कर्मी निभाएं अपनी ड्यूटी

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के बस स्टैंड के समीप एक लॉज में आयोजित ब्रीफिंग में पुलिस अधीक्षक ने मतगणना में सुरक्षा के लिए तैनात किए गए पुलिस एवं प्रशासनिक अफसरों सहित पुलिस कर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ड्यूटी को ईमानदारी के साथ निभाते हुए अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखें।यदि कोई शांति व्यवस्था में किसी तरह का व्यवधान पैदा करें तो उसके खिलाफ त्वरित कार्यवाही की जाय।

सोमवार को कस्बे के बस स्टैंड के समीप एक लॉज के हाल में आयोजित प्रशासन व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्रीफ करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने कहा कि अनुशासित रहकर अच्छी वर्दी पहनकर समय से ड्यूटी पर पहुंचे। पहचान पत्र साथ रखें एवं निष्पक्ष रहकर निष्ठा एवं कुशलता से कार्य करें।

ड्यूटी कार्ड सुरक्षित रखें। मतनणना स्थल आने वाले जनप्रतिनिधियों से कुशल व्यवहार करेंगे। मतगणना स्थल पर यदि कोई अराजकतत्व या व्यक्ति दुष्प्रचार या शांतिपूर्ण मतगणना को प्रभावित करता है तो इसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दें। ताकि उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही करते हुए मतगणना को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराया जा सके।

# पूर्ण बहुमत के साथ दोनों सीट जीत रहे हैं हम कार्यकर्ता

- सरकार के दबाव में कुछ गलत कार्य न करें कर्मचारी
- पर्यवेक्षक अथवा अधिकारियों से मुलाकात कर स्पष्ट पूर्वक काउंटिंग करने की होगी वार्ता
- कार्यकर्ताओं को गुमराह करके कुछ गलत करने का कार्य करेंगे कर्मचारी तो एट का जवाब पत्थर से देंगे कार्यकर्ता



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एमएलसी आसतोष शिन्हा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज पूरे प्रदेश और देश में एक नई सरकार का गठन करने जा रही है तो इसलिए किसी भी तरह से किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो जिसके लिए मतगणना में उसको लेकर आज हम लोगों ने चंडीगढ़ में हुआ हेरा फेरी चंडीगढ़ में जिला प्रशासन डीएम के नेतृत्व में किया जा रहा था जब उसका विरोध किया गया वही गलती दुबारा ना हो जिसके लिए जिले के पदाधिकारियों के साथ सरकारी अधिकारियों पर विश्वास हमारा काम और हमारा विश्वास जनता पर हमारा विश्वास है और निर्वाचन आयोग पर हम विश्वास करते हैं तब समाजवादी पार्टी और साथ ही साथ हमारे पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं को हम लोग जागरुक और समझने के लिए वहां के जिला अधिकारी ने जैसा काम किया तो वैसा स्थिति यहां भी ना हो आज प्रदेश में अधिकारी भी दबाव में है और कहीं कोई अधिकारी दबाव में गलत काम ना करें और ऐसा ना करें कि सरकार के मानसा के अनुरूप जबरदस्ती कुछ गलत कर दिया और हमारे कार्यकर्ता एकदम सजक है और कल जो काउंटिंग होने जा रही है उसमें हमारे प्रत्याशी छोटेलाल खरवार और चुनाव था उसके प्रत्याशी विजय सिंह गोंड़ पुड बहुमत से चुनाव चितने जा रहे हैं।

**वही श्री शिन्हा ने बताया कि आज पूरे प्रदेश में व देश में** किसान के साथ नहीं हुआ उद्योगपतियों कर्ज माफ करने का सरकार ने किया आज आप देख रहे होंगे जिस तरह से उत्तर प्रदेश महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है और उसी क्रम में रावटसगंज और जो चुनाव हो रहा है लेकिन जिस तरह से देखा होगा में भाजपा प्रत्याशी जीतने के लिए अधिकारियों ने दुरुपयोग किया अपनी ताकत और सुप्रीम कोर्ट के जितने नेता हैं हमारे जिला अध्यक्ष हमारे पूर्व विधायक सारे लोग मिलकर आज जिल प्रशासन पर्यवेक्षक से मुलाकात करके निर्पष्ट पूर्वक मतगणना कराने को लेकर वार्ता की जाएगी अगर किसी प्रकार से सरकार के दबाव में कर्मचारी कुछ गलत करने का कार्य करेंगे तो हम एट का जवाब पत्थर से देने का कार्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर करेंगे इस मौके पर जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा रमेश चंद्र दुबे पूर्व जिलाध्यक्ष विजय यादव संजय यादव श्यामबिहारी यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष फूलवंती देवी,सुनील गोड़ गीता गौर , हिदायत उल्ला खान, अशोक पटेल अनिल यादव , सुनील राय,विनित सरोज, गुलाम यासीन आदि लोग मौजूद रहे।

## खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लगने से गृहस्थी व नगदी हुई खाक

**हमीरपुर।** जनपद के जारिया थाना क्षेत्र के ग्राम इटैलियाबाजा में एक महिला द्वारा गैस से खाना बनाते समय अचानक आग लग गयी।आग की चपेट में आने से गृहस्वामी के 3 परिजन घायल हो गए तो वही मकान में आग लगने से घर मे रखी नगदी व गृहस्थी का सामान भी जलकर खाक हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जरिया थाना क्षेत्र के ग्राम इटैलिया निवासी बेटीबाई 62 वर्ष सोमवार के पूर्वाहन 7 बजे गैस से खाना पका रही थी कि अचानक गैस रिसाव के कारण सिलेंडर में आग लग गयी।देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और अपनी चपेट में समुचे मकान को ले लिया। आग को देख ग्रामीण इकत्रित हो गए और आग पर काबू पाने के लिए लोगो द्वारा कड़ी मशक्कत के उपरांत आग पर काबू पाया जा सका।

# लोकसभा एवं विधानसभा उपचुनाव मतगणना को लेकर निर्देश जारी

- शक्तिनगर वाराणसी मुख्य मार्ग पर बड़े वाहनों की रहेगी नो एंट्री
- बीड़ी सुरती माचिस शास्त्र अन्य कागजों पर रहेगा प्रतिबंध



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 राबर्ट्सगंज-80 एवं विधानसभा-403 दुद्धी उपनिर्वाचन-2024 की मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मंगलवार को प्रातः 06:00 बजे से समाप्ति तक जारी ट्रैफिक एवं सामान्य एडवाईजरी। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने बताया कि मतगणना स्थल पर केवल उन्ही वाहनों व व्यक्तियों को प्रवेश करने की अनुमति दी जायेगी जिन्हे सक्षम अधिकारी द्वारा पास/परिचय पत्र निर्गत किया गया है। मतगणना स्थल/हाल के अन्दर बीड़ी, सिगरेट, माचिस, गुटखा, लाइटर, अस्त्र, शस्त्र, ब्रीफकेश, बैग, सेल्यूलर/ मोबाईल फोन, पेपर या अन्य इस प्रकार की सामाग्री ले जाने की अनुमति नही दी जायेगी। कोई भी चार पहिया या दो पहिया वाहन वाराणसी शक्तिनगर के मुख्य मार्ग के दोनो तरफ खड़ा नही किया जायेगा। राजकीय पालीटेक्निक लोढ़ी राबर्ट्सगंज के प्रवेश द्वार (पक्की सड़क) से केवल मतगणना कर्मी, अधिकारीगण, मतगणना में लगे पुलिस बल को ही प्रवेश दिया जायेगा। मतगणना में लगे अधिकारीगण, मतगणना कर्मी व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण के वाहनों की पार्किंग राजकीय पालिटेक्निक लोढ़ी के मुख्य गेट से 100 मीटर पूर्व ही रोड के बाये तरफ पहाड़ी पर की गयी है कोई भी अपना चार पहिया, दो पहिया वाहन लेकर गेट के अन्दर प्रवेश नही करेगा। मुख्य प्रवेश द्वार (कच्ची सड़क) से प्रत्याशियों एवं उनके पोलिंग एजेण्टों, मीडिया कर्मियों तथा उनके वाहनों को प्रवेश दिया जायेगा, जिन्हे सक्षम अधिकारी द्वारा पास/परिचय पत्र निर्गत किया गया है। विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के उम्मीदवारों उनके एजेंटो व मीडिया के लोगो के पार्किंग की व्यवस्था कच्ची सडक से अन्दर जाकर राजकीय पालिटेक्निक कालेज लोढ़ी के उत्तरी गेट की तरफ खाली स्थान में किया गया है। इसी गेट से राजनैतिक पार्टियों के प्रत्याशियों उनके एजेण्टों व मीडिया के लोगों को प्रवेश दिया जायेगा। पुलिस लाइन मोड़ से आर0टी0ओ0 कार्यालय तथा टोल प्लाजा तक हाईवे के दोनो तरफ नो पार्किंग जोन रहेगा जिसमें किसी भी प्रकार के वाहनो को खड़ा होने की अनुमति नही दी जायेगी। यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार बड़े वाहनों को हाथीनाला गुरमुरा के मध्य व मारकुण्डी घाटी के नीचे तथा सुकृत व हिन्दुआरी में रोका जायेगा। प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक बड़े वाहनों का प्रवेश (एम्बुलेंश व तेल टैंकर को छोड़कर) राबर्ट्सगंज शहर मे पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

# किसके सेहरे सजेंगे कौन होगा मायूस आज होगा भाग्य का फैसला

**अवधनामा ब्यूरो**




- एक टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, एक माइक्रो आब्जर्वर, एक गणना सहायक व एक चतुर्थ श्रेणी कार्मिक तैनात
- पोस्टल बैलट की गणना में लगे कार्मिकों का हुआ प्रशिक्षण

**सोनभद्र।** प्रेक्षकगण, जिला निर्वाचन अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी की मौजूदगी में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 व विधान सभा उप निर्वाचन,दुद्धी में लगे मतगणना कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न। वही प्रेक्षक जया लक्ष्मी, वेंक्टेश्वर सालीजमाला, जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की उपस्थिति में आज लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 व विधान सभा उप निर्वाचन,दुद्धी की मतगणना में लगे समस्त ई0वी0एम0 की गणना कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण राजकीय इंजीनियरिंग कालेज चुर्क में पोस्टल बैलट की गणना में लगे कार्मिकों का प्रशिक्षण राजकीय इंजीनियरिंग कालेज चुर्क में आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि 04 जून को राजकीय पालिटेक्निक कालेज लोढ़ी में प्रातः 8.00 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। उन्होंने सभी मतगणना कार्मिकों से कहा कि शुद्धता व निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए गणना कार्य करना है। 17 सी गणना भाग 2 को सही-सही भरेंगे और उम्मीदवार वार पड़े मतों का मिलान कुल पड़े मतों से कर लेंगे। उन्होंने कहाकि सभी गणना कार्मिक गणना तिथि को प्रातः 6.00 बजे तक राजकीय पालिटेक्निक कालेज लोढ़ी पहुँच जायेंगे। आपको किस गणना टेबल पर गणना करनी है, ये गणना तिथि को प्रातः गणना स्थल पर ही पता चलेगा। उन्होंने ने बताया कि सबसे पहले पोस्टल बैलट की गणना की जायेगी इसके पश्चात ई0वी0एम0 की गणना शुरू होगी, समस्त गणना कार्मिकों को शुद्धता व शीघ्रता को ध्यान में रखते हुए काउंटिंग करना है। कंट्रोल यूनिट के रिजल्ट बटन को दबाने के बाद कंडीडेट वार मतों को गणना प्रपत्रों पर सही - सही भरेंगे। उन्होंने बताया कि मतगणना निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम चरण होता है, इसलिए मतगणना का कार्य शांति पूर्ण व निष्पक्षता के साथ सम्पन्न करना है, प्रत्येक विधानसभा में 14-14 गणना टेबिल पर ई.वी.एम. से मतगणना का कार्य किया जाएगा, ई0वी0एम0 की काउंटिंग की एक टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, एक माइक्रो आब्जर्वर,एक गणना सहायक और एक चतुर्थ श्रेणी कार्मिक होगा, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने सी0यू0 की काउंटिंग की प्रक्रिया को बताया कि सी0यू0 के बटन को ऑन करेंगे और रिजल्ट बटन को दबाना है और कैंडिडेट वार मिले मत को 17 सी मतपत्र लेखा के भाग- 2 में अंकित करेंगे और इसकी दो प्रति तैयार करेंगे। मास्टर ट्रेनर श्री सुधांशु शेखर शर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के क्रम में प्रत्येक विधानसभा की रैंडमली किन्ही पाँच-पाँच बूथ के वी0वी0पैट0 की पर्चियों की गणना भी की जायेगी। इसकी गणना के लिये पिजन होल फ्रेमवर्क होगा, जिसमें प्रत्येक उम्मीदवार हेतु खाँचे निर्धारित हैं। उम्मीदवार वार पर्ची उसमें डालते जायेंगे। बाद में 25-25 का बण्डल बनाकर उसकी गणना की जायेगी। उन्होंने बताया कि आज ई0वी0एम0 की मतगणना हेतु 304 कार्मिकों को और पोस्टल बैलट की गणना हेतु 43 कार्मिकों को, विधान सभा दुद्धी उप निर्वाचन की गणना हेतु 76 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, जिला कृषि अधिकारी एच0आर0 मिश्र, समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, डी0सी0 मनरेगा रमेश यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन पाठक, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# एनसीएल के मेगा समर कैंप से निखर रहा बच्चों एवं युवाओं का हुनर

- खेल खेल में 6000 से अधिक बच्चों को दिया जा रहा विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/ सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा समर कैंप आरोहण 2024 के पाँचवें संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। महीने भर चलने वाले इस मेगा समर कैंप में बच्चे एवं युवाओं का उत्साह चरम सीमा पर है। समर कैंप में 6-18 आयु वर्ग के बच्चों एवं युवाओं के हुनर को 123 योग्य प्रशिक्षकों द्वारा निखारा जा रहा है। इस दौरान 6000 से अधिक प्रतिभागियों को विभिन्न विधाओं में निः शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एनसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों एवं इकाइयों में आरोहण 2024 का वृहद स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। कैंप के दौरान प्रतिभागियों हेतु पोषक आहार का भी प्रबंध किया गया है। समर कैंप में बैडमिंटन, एथलिटिक्स, टेबल टेनिस, कबड्डी, फुटबाल, क्रिकेट, नृत्य, संगीत (गायन एवं वादन), पेंटिंग, बास्केटबॉल, जूडो-कराटे, स्विमिंग, बॉक्सिंग, स्केटिंग व अन्य खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

आरोहण समर कैंप के दौरान सभी प्रतिभागी नए नए दोस्त बनाकर जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। यह समर कैंप बच्चों एवं युवाओं को गैजेट्स से दूर कर खेल कूद से जोड़ता है एवं उनके शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक है। कैंप में विभिन्न खेल कूद व अन्य गतिविधियों में भाग लेने से प्रतिभागियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनमें नई स्किल्स डिवेलप होती हैं। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष गर्मी की छुट्टियों में बच्चों व युवाओं में विभिन्न कलाओं एवं प्रतिभाओं के साथ साथ उनके शारीरिक व मानसिक विकास के उद्देश्य से आरोहण समर कैंप का आयोजन किया जाता है। एनसीएल ने विगत 18 मई, 2024 को 'आरोहण 2024' का शुभारंभ किया था।

# मतदान की तरह मतगणना भी शांतिपूर्ण होगी : डीजीपी

- यूपी में 81 जगहों पर होगी मतगणना
- मतगणना के सबसे अंदरूनी घेरे की सुरक्षा केंद्रीय सुरक्षा बलों द्वारा की जाएगी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम को लेकर होने वाली मतगणना की तैयारियों पर यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि मतगणना की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिस तरह से मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ वैसे ही मतगणना भी शांतिपूर्वक होगी।

प्रदेश में 81 जगहों पर मतगणना की जाएगी। कई जिलों में एक से अधिक मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। केंद्रीय चुनाव अयोग के निर्देशानुसार, सुरक्षाकर्मियो की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि मतगणना के सबसे अंदरूनी घेरे की सुरक्षा केंद्रीय सुरक्षा बलों द्वारा की जाएगी। मध्यम घेरे की सुरक्षा पीएसी द्वारा की जाएगी और बाहरी घेरे की सुरक्षा के लिए लोकल पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सात चरणों में मतदान हिंसामुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से हुआ है। यह प्रशासन के निष्पक्ष तरीके से भी काम करने का प्रमाण है।

डीजीपी ने कहा कि मतगणना के दौरान मतगणना केन्द्रों पर कुछ लोग बड़ी संख्या में पहुंचने की कोशिश करेंगे, इसके बारे में हमें पक्की खबर है। ऐसे में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशांत कुमार ने कहा, 'हमारे पास ऐसे लोगों के नाम भी हैं, जिन्हें उचित समय पर सामने लाया जाएगा।' उन्होंने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में कुछ लोगों ने समस्या उत्पन्न करने की कोशिश की थी।

डीजीपी ने बताया कि पुलिस हर पहलू पर नजर बनाए हुए है। स्थानीय खुफिया इकाइयां भी पूरी तरह सतर्क हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर रोक लगाने के लिए मॉनिटरिंग की जा रही है।

# कार्यकर्ता मुस्तैद रह कर मतो की गिनती पर रखे नजर : चौधरी

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की मतगणना की तैयारियों की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के साथ ही भाजपा अब मतगणना की तैयारियों की समीक्षा में जुट गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में इस संबंध में पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में हुई बैठक हुई। इसमें पार्टी कार्यकर्ताओं को मतगणना के दिन मुस्तैद रहकर मतों की गिनती पर पैनी नजर रखने को कहा गया है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष के अलावा महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक स्वतंत्र देव सिंह और सह संयोजक जेपीएस राठौर ने चुनाव प्रबंधन में जुड़े कार्यालय के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक की।

चारों नेताओं ने चुनाव में बेहतर काम करने के लिए प्रदेश मुख्यालय से लेकर बूथ स्तर तक के पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव प्रबंधन देखने वाले कार्यालय के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने इस चुनाव में एकजुटता दिखाई और जमकर मेहनत किया है। उनकी मेहनत की वजह से ही भाजपा हर सीट पर विपक्ष पर भारी पड़ा है।

# बस एक क्लिक पर बीएचयू के 89 साल पुराने शोध होंगे सामने

- शोधगंगा पोर्टल पर डिजिटलाइज्ड की गई थीसिस

अवधनामा ब्यूरो




**वाराणसी।** बस एक क्लिक और काशी हिंदू विश्वविद्यालय की 89 साल पुराने शोध की थीसिस स्क्रीन पर। बीएचयू में शोध कार्यों की थीसिस को तेजी से डिजिटलाइज्ड किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय की सेंट्रल लाइब्रेरी ने अब तक विभिन्न विभागों में कराए गए शोध की 8148 थीसिस डिजिटलाइज्ड कर दी है। खास बात यह है कि इनमें वर्ष 1935 से 36 की लगभग 89 साल पुरानी दो थीसिस भी शामिल हैं। ये थीसिस हस्तलिखित हैं। काशी हिंदू विश्वविद्यालय का सयाजी राव गायकवाड़ केंद्रीय पुस्तकालय विश्वविद्यालय में कराए गए अनुसंधानों की थीसिस को शोध गंगा के पोर्टल पर अपलोड कर रहा है। प्रतिदिन औसतन सात से आठ थीसिस को पठनीय बनाकर ऑनलाइन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय ने अब तक 7885 थीसिस अपलोड कर दी है। पोर्टल पर बीएचयू में लगभग नौ दशक पूर्व से शोध कार्य होने का प्रमाण मिलता है। शोध गंगा पोर्टल पर 1935 में मुकम्मल हुई थीसिस 'द विजय नगर पॉलिटी' अपलोड है। इसी तरह थीसिस 'मेटाफिजिक्स ऑफ इंडीविडुएशन' भी ऑनलाइन है, जिसे 1936 में पूरा किया गया था।

भारतीय विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों की थीसिस के भंडारण केंद्र के रूप में शोधगंगा पोर्टल पर थीसिस का डिजिटलाइजेशन अन्य स्कॉलर्स के फायदे का मार्गदर्शन लेने का बड़ा केंद्र है। लेकिन, बनारस के प्रमुख तीन विश्वविद्यालयों में संपूर्णानंद सबसे पीछे है। बीएचयू जहां 8148 थीसिस अब तक अपलोड कर जिले में प्रथम स्थान पर है।

वहीं, काशी विद्यापीठ ने अब तक 4972 थीसिस अपलोड की है। जबकि संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय ने सिर्फ तीन थीसिस अपलोड की है।

## अजमेरी गेट की ओर पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण प्रणाली शुरू




**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण प्रणाली संचालित की जा रही है। उत्तर रेलवे ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के अजमेरी गेट की ओर पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण प्रणाली शुरू की है। यह प्रणाली दिल्ली के इस सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशन पर यातायात की आवाजाही को नियंत्रित करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह प्रणाली यात्रियों को सुविधा प्रदान करेगी और यातायात की आवाजाही को सुचारू बनाएगी। यह अनुबंध रेलवे द्वारा दिया गया है। ठेकेदार द्वारा वसूले जाने वाले शुल्क अनुबंध की शर्तों के अनुसार हैं। अनुबंध के अनुसार 30 मिनट से अधिक समय तक पिक अप और ड्रॉप सुविधा की अनुमति नहीं दी जाएगी और ऐसा पाए जाने पर वाहनों को टो करके ले जाया जाएगा। इसके अलावा, यदि यात्री अधिक समय तक रुकना चाहते हैं और स्टेशन पर पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण प्रणाली से बचना चाहते हैं, तो एनडीएलएस स्टेशन पर सामान्य और प्रीमियम कार पार्किंग स्थल उपलब्ध हैं, और केवल पार्किंग शुल्क लिया जाता है।

# रिकॉर्ड बरकरार, नौतपा में नहीं हुई बारिश

## पिछले 144 साल में सर्वाधिक तापमान रहा



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी/लखनऊ।** सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही नौतपा की शुरुआत होती है। इसमें सूर्य के पृथ्वी के नजदीक रहने की वजह से तपिश भी बढ़ जाती है। पिछले साल की तुलना में इस साल नौतपा ने खूब तपाया। लोग गर्मी से बेचैन हो गए। नौतपा में पहले दिन से ही तापमान में बढ़ोतरी शुरू हुई और छठे दिन अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस पहुंचने से तापमान का नया रिकॉर्ड बन गया। यह मई महीने में पिछले 144 साल में सर्वाधिक तापमान रहा। अंतिम दिन दो जून यानी रविवार को अधिकतम तापमान 40.4 और न्यूनतम 26.0 डिग्री सेल्सियस रहा। इस कारण लोगों ने थोड़ी राहत महसूस की। पिछले महीने 25 मई से शुरू होकर नौतपा का असर इस साल दो जून तक रहा। नौतपा के पहले दिन 24 मई को अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस था जो कि नौतपा के पहले दिन 25 मई को बढ़कर 42.3 पहुंच गया। न्यूनतम भी 26.2 डिग्री सेल्सियस की जगह 29.5 रिकॉर्ड किया गया। पहले दिन तीखी धूप के कारण गंगा घाट से लेकर शहर की प्रमुख सड़कों, बस स्टेशन पर सन्नाटे जैसा दृश्य देखने को मिला। जैसे-जैसे नौतपा आगे बढ़ता गया, तापमान का ग्राफ भी बढ़ता गया। हालांकि नौ दिन के नौतपा के आखिरी तीन दिन बादलों की आवाजाही के साथ ही धूप का असर थोड़ा कम हो गया। इस वजह से तापमान में कमी देखने को मिली।

### गर्मी से रोहनिया के ऑटो चालक सहित तीन लोगों की मौत

**वाराणसी।** वाराणसी के चेतगंज, लालपुर पांडेयपुर और रोहनिया थाना क्षेत्र में रविवार को एक युवक, रिक्शा चालक और ऑटो चालक की मौत हो गई। तीनों की मौत की वजह प्रथमदृष्ट्या भीषण गर्मी बताई गई है। इलाकाई थानों की पुलिस ने तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। चेतगंज थाना क्षेत्र के पियरिया पोखरी का रहने वाला चंदन सिंह चौहान (26) शाम चार बजे के लगभग अपने घर के बाहर चबूतरे पर लेटा हुआ था। उसी दौरान उसकी मौत हो गई। चेतगंज थानाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि चंदन शराब पीने का आदी था। वह शराब के नशे में ही चबूतरे पर लेटा हुआ था। आशंका है कि हीट स्ट्रोक के कारण चंदन की मौत हुई है।

## हिन्दू महासभा कार्यकारिणी सहित सभी ईकाइयां भंग

**लखनऊ।** अखिल भारत हिन्दू महासभा, उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी सहित सभी जिला, नगर, मंडल, प्रकोष्ठ आदि ईकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दी गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने बताया कि पद लेकर बैठे निष्क्रिय पदाधिकारी जो संगठन को समय नहीं दे रहे हैं और अपने व्यक्तिगत कार्य में ही उलझे हैं। ऐसे पदाधिकारी से पार्टी का कार्य प्रभावित होता है लोकसभा चुनाव 2024 में काफी पदाधिकारी निष्क्रिय रहे। और जो पदाधिकारी पार्टी को समय नहीं दे पा रहे हैं ऐसे सभी पदाधिकारी को पार्टी से पद मुक्त करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन कर अगले माह 1 जुलाई को घोषणा की जाएगी।

# 'देश नकारात्मक ताकतों से आजाद होने जा रहा'

## भाजपा के झूठे राष्ट्रवाद ने देश को नुकसान पहुंचाया : अखिलेश

अवधनामा ब्यूरो



- कहा, भाजपा ने आर्थिक रूप से इलेक्टोरल बॉन्ड का ऐतिहासिक भ्रष्टाचार किया

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम घोषित होने से एक दिन पहले मीडिया को संबोधित करते हुए दावा किया कि 4 जून को देश नकारात्मक शक्तियों से आजाद होने जा रहा है। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल पर बयान दिया। मुद्दों के सहारे मोदी सरकार के कार्यकाल पर सवाल उठाए।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के झूठे राष्ट्रवाद ने देश को नुकसान पहुंचाया। सामाजिक रूप से देश का सौहार्द बिगाड़ा। भाईचारा खत्म किया। जाति से जाति और संप्रदाय से संप्रदायों को लड़वाया। संविधान द्वारा दिए गए आरक्षण को साजिशन खत्म करने की कोशिश की गई। बेरोजगारों से छल किया। पेपर लीक कराए। देश के लिए आगे बढ़कर लड़ने वालों के लिए अपने मंत्रियों से जानबूझकर अपशब्द कहलवाए। मणिपुर, हाथरस, महिला पहलवान, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासियों के खिलाफ अत्याचार और सबसे खराब व्यवहार किए जाने का रिकॉर्ड बनाया।

भाजपा ने आर्थिक रूप से इलेक्टोरल बॉन्ड का ऐतिहासिक भ्रष्टाचार किया। इसके जरिए पैसा कमाने के लिए मुनाफाखोरी को बढ़ावा दिया जिसने महंगाई को बढ़ाया। अपने फायदे के लिए भाजपा ने जनता पर महंगाई थोप दी। नोटबंदी से व्यापार चौपट कर दिया। भ्रष्ट जीएसटी से छोटे दुकानदार को मंदी का शिकार बना दिया। किसानों की जमीन हड़पनी चाही। काले कृषि कानून लाए। खाद की बोरी की चोरी की। लाभकारी मूल्य नहीं दिया। देश को अब तक की सबसे बड़ी बेरोजगारी में धकेल दिया। महंगाई से गरीब को और गरीब कर दिया। अमीरों के अरबों के लोन माफ कर दिए लेकिन किसानों का ऋण नहीं माफ किया। उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया। ब्याज की दरें घटाकर मध्यमवर्ग की बचत को बेकार कर दिया।

बैंकों में तरह-तरह के चार्ज से लोगों का धन दीमक की तरह खा गए। बैंक लॉकरों के नाम पर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। नैतिक रूप से चंदे का पैसा तक खा गए। केयर के आगे पीएम के नाम का इस्तेमाल कर बाद में हिसाब देने से मना कर दिया। अपराधियों को शामिल करने उनके कृत्यों पर पर्दा डालने जैसे मणिपुर में अपने संघी साथियों द्वारा बेटियों के साथ अमानवीय व्यवहार में और बीएचयू में अभद्रता कांड में, खीरी किसान हत्याकांड में, हाथरस की बेटी से दुष्कर्म, हत्या व कानपुर देहात कांड में जहां मां-बेटी को झोपड़ी में जिंदा जलाकर मार डाला ऐसे अनगिनत उदाहरण भाजपा सरकार के हैं।

शारीरिक रूप से देखें तो भाजपा ने लोगों के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ किया। भाजपा ने बिना जांचे परखे वैक्सीन लगवाई। कमीशन लेकर गलत दवाइयों को पास करके लोगों का जीवन खतरे में डाला। इसका सीधा असर जनता की सेहत पर पड़ेगा और लोगों की तंदुरुस्ती पर भी पड़ेगा।

# पीएनबी और इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के बीच एमओयू

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** देश के अग्रणी बैंकों में से एक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी), और इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड , जो कि बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को दीर्घकालिक वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 2006 में स्थापित भारत सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी ने पीएनबी के कॉरपोरेट कार्यालय द्वारका, नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस कदम के साथ, दोनों संस्थान संयुक्त रूप से बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के लिए सहयोग करेंगे, जिसमें पार्टियां भावी उधारकर्ताओं को कंसोर्टियम/बहु ऋण व्यवस्था के अंतर्गत समुचित सावधानी प्रक्रिया के उपरांत, मामले दर मामले के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान कर सकती हैं। इस अवसर पर आयोजित एक समारोह में श्री अतुल कुमार गोयल, एमडी एवं सीईओ, पीएनबी और डॉ. पद्मनाभन राजा जयशंकर, एमडी, आईआईएफसीएल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर पीएनबी के सभी कार्यपालक निदेशकगण सहित पीएनबी तथा आईआईएफसीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। यह एमओयू देश की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में ऋण देने के मामले में एक मील का पत्थर साबित होगा और उन्होंने इस प्रयास में दोनों पक्षों की ओर से पूर्ण भागीदारी का आश्वासन दिया।

# शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त: नवदीप

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 02 जून, 2024 तक कुल 55160.84 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 9128.78 लाख रुपये नकद धनराशि, 5776.58 लाख रुपये कीमत की शराब, 24238.29 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2889.47 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 10714.81 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2412.91 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

# मोदी सरकार का महंगाई से एक बार फिर सीधा रिश्ता उजागर

- टोल टैक्स में पांच प्रतिशत वृद्धि से सफर महंगा हुआ
- सरकार के फैसले से बच्चों की खुराक तक महंगी हुईः प्रमोद तिवारी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने टोल टैक्स और अमूल दूध के दामों में इजाफे को मोदी सरकार के चुनाव के बाद जनता के साथ छल और विश्वासघात करार दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का महंगाई से एक बार फिर सीधा रिश्ता उजागर हुआ है। चुनाव के ठीक बाद टोल टैक्स में पांच प्रतिशत वृद्धि से सफर महंगा हुआ और अमूल व मदर डेयरी दूध के दामों में दो रुपये प्रति लीटर के सरकार के फैसले से बच्चों की खुराक तक महंगी हुई। श्री तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज करते हुए कहा कि महंगाई के एम से भाजपा का जुड़वा रिश्ता है। श्री तिवारी ने कहा कि एम से महंगाई और एम से ही मोदी की पहचान देश की जनता को लगातार पीड़ा दे रही है। श्री तिवारी ने मतगणना को लेकर कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के चुनाव आयोग से पहले बैलेट पेपर की गिनती की मांग को निष्पक्ष चुनावी पारदर्शिता के लिए अपरिहार्य ठहराया। उन्होंने कहा कि 1961 में बने कानून के तहत अब तक सबसे पहले बैलेट पेपर की ही गिनती होती आयी है। मतगणना में पहले बैलेट पेपर और बाद में बैलेट की गिनती होती रही। अब पहले पोस्टल बैलेट और ईवीएम की गिनती की प्रक्रिया बनायी गयी। उन्होंने कहा कि आखिर इस बार पोस्टल बैलेट को पहले न गिने जाने का आधार क्या है। देश में चुनावी प्रक्रिया निष्पक्ष होनी ही नहीं बल्कि निष्पक्षता दिखनी भी चाहिए। कांग्रेस की जताई आशंका को लेकर सरकार के मंत्रियों की आयोग से इस पहलू पर मुलाकात चोर की दाढ़ी में तिनका प्रदर्शित करता है।

# इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगा: अजय राय

- इस मानसिक दबिश में विपक्षी एजेण्ट विचलित मन से खड़े हों
- सरकारी एग्जिट पोल पूरी तरह आंख में धूल झोंक अधिकारियों को धौंस में लेने के लिये

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी/लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगा। सरकार प्रायोजित एग्जिट पोल महाभारत की तरह चुनावी युद्ध के मतगणना का अंतिम सातवां द्वार छल से जीतने के मनोवैज्ञानिक दबाव की एक रणनीति मात्र है। इंडिया गठबंधन के मतगणना एजेण्ट एकाग्रता और तमन्यता से मतगणना के आखिरी क्षण तक स्वच्छ पारदर्शी गणना के लिए जूझेंगे और सरकार प्रायोजित एग्जिट पोल रणनीति को विफल कर इंडिया सरकार के लिए मिले जनादेश को साकार परिणाम तक पहुंचाएंगे। श्री राय सोमवार को वाराणसी में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। श्री राय ने कहा कि सरकारी एग्जिट पोल पूरी तरह आंख में धूल झोंक अधिकारियों को धौंस में लेने और विपक्ष व उसके मतगणना एजेण्टों पर मानसिक दबाव बना हताश मन के साथ मतगणना में खड़ा करने की रणनीति का हिस्सा है। चुनाव और मतगणना को लेकर सट्टा बाजार में भारी धन लगा है। इसलिए बाजार और सरकार की यह बेईमान इरादों की साझी रणनीति है जो एक तरह का मैच फिक्सिंग खेल है। चुनाव में 64 करोड़ लोगों ने वोट डाला और एग्जिट पोल सर्वे करने वाली एजेंसियां महज साढ़े तीन लाख कथित सैम्पल के आधार पर प्रोसेस कर आंखों में धूल झोंक रही हैं। मतदान खत्म होने से पहले एग्जिट पोल आंकड़े देश के सामने परोस दिये गये। परिणाम इस कदर बढ़-चढ़ कर बताए कि अधिकारी और विपक्षी यह मान मतगणना स्थल पर काम करें कि कुछ कम भी होगा तब भी भाजपा सरकार ही बननी है। इस मानसिक दबिश में विपक्षी एजेण्ट विचलित मन से खड़े हों और कुछ देर बाद हट जाएं और अधिकारियों पर दबाव बना मतगणना में धांधली हो सके। आखिरी वोट की गिनती तक खड़े रहें एजेण्ट श्री राय ने कहा कि मतगणना एजेण्ट हर हाल में आखिरी वोट गिने जाने तक खड़े रहकर काम करें। ईवीएम सामने आए तो उसकी सील की जांच और नम्बर का मिलान, कुल मतों का मिलान उस बूथ के फार्म 17-सी से करें। सभी उम्मीदवारों को मिले वोट अपनी स्लिप पर अंकित करें। हार-जीत की चिन्ता छोड़ अपना पूरा ध्यान मतगणना कराने पर आखिरी तक केन्द्रित रखें। चुनाव खत्म होते की बढ़ी महंगाई श्री राय ने कहा कि चुनाव होने के बाद भाजपा सरकार ने टोल टैक्स की दरों के साथ ही अमूल दूध के पैसे बढ़ा अपनी आमजन विरोधी मानसिकता दी है। चुनाव प्रक्रिया में मरे अधिकारी-कर्मचारियों को मिले अधिक से अधिक मुआवजा श्री राय ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में जो भी अधिकारी व कर्मचारियों की मृत्यु हुई, हमारी मांग है कि उनके परिजनों को अधिक से अधिक मुआवजा दिया जाए।

## वार रूम से मतगणना स्थल तक बेहतर संवाद के इंतजाम किये गये



**लखनऊ।** कांग्रेस ने मतगणना के लिए इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के साथ मिल कर तैयारी की है। इसके लिए वार रूम से मतगणना स्थल तक बेहतर संवाद के इंतजाम किये गये हैं। प्रदेश कार्यालय से लेकर प्रदेश और देश की राजधानी तक सभी एक-दूसरे से जुड़े रहेंगे। किसी भी विधिक आवश्यकता पडने़ पर विधिक टीम बनाई गयी है और हर स्तर पर वार रूम, लीगल दस्ता और हल्ला बोल व आंदोलन व घेराव का दस्ता हर वक्त पूरी तरह तैयार रहेगा। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने दी। डॉ. राय ने कहा कि यह देश के लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। इसलिए कोई भी हेराफेरी और बेईमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह चुनाव जनता ने खुद लड़ा है। इसलिए जनता हर स्तर पर खड़ी मिलेगी। कुछ भी गलत करने की इच्छा रखने वाले खबरदार रहें और संविधान और कानून के दायरे में ईमानदारी से काम करें। यह जनता का आदेश है। डॉ. राय ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

# मालीखाँ सराय से कोनेश्वर तक रोज़ लगता है भीषण जाम

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** थाना ठाकुरगंज के अंतर गत कालीचरण डिग्री कॉलेज और सिटी मोंटेसरी स्कूल के सामने रोड से कोनेश्वर तक अकसर भीषण जाम लगा रहता है। थाना ठाकुरगंज के अंतरगत कालीचरण डिग्री कॉलेज और सीटी मोंटेसरी स्कूल पर अकसर भीषण जाम के कारण वाहन घंटो जाम में फंसे रहते हैं इतना सब होने के बाद भी पुलिस यहाँ नदारत रहती है,इसका खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ता है, ऑफिसों से छूटने वाले तथा काम धंधे पर आने जाने वाले ही नहीं यहाँ जाम में मरीजों को लाने लेजाने वाली एम्बुलेंस भी घंटो जाम में फ़सी रहती है यहाँ से प्रति दिन गुज़रने वाले वाहन चालकों का कहना हैं रोड के किनारे खड़ी वाहनों तथा तथा रोड पर फल सब्ज़ी लगाने वाले ठेलों के कारण ही यहाँ पर अक्सर जाम लगता हैं,आने जाने वालों का कहना है यहाँ पर पुलिस डियूटी न होने के कारण माली खाँ सराय से कोनेश्वर चौराहे तक जाम फंसा रहता है, यही नहीं एंबुलेंस भी भीषण जाम में घंटो फंसे रहते हैं इतना सब होने के बाद भी पुलिस यहाँ डियूटी से नदारत रहती है, जिसका खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ता है।